1) आर्य-ब्राह्मणवादियों की दलील है कि संस्कृत साहीत्य के मुताबिक सुदयुम्मा (Sudyumma), तुर्वासा (Turvasa), द्रुहया (Drhuya) इ. इंडो-आर्यन राजाओं ने सरस्वती के किनारे अपने अपने तीन स्वतंत्र राज्य कायम किये थे। संकृत साहित्य में कई शहरों के नाम दिये गए है जो अबतक खोजे नही गए है। 2) ऋग्वेद भारत के भौगालिक गुणधर्मो का विस्तृत रुप से वर्णन करता है। भारत पर आर्यो व्दारा आक्रमण करने का सिधान्त इसका स्पष्टीकरण कैसे करेगा ? 3) इसे कैसे स्पष्ट किया जाएगा कि ब्राह्मण, क्षत्रिय वैश्य इ. शब्दों का प्रचलन इंडो-आर्यन राजा ययाति के समय से चल रहा था जब ईसापूर्व 1900 से पहले सरस्वती नदी बहती थी, लुप्त नही हुई थी। 4) आर्य-ब्राह्मणों की दलील है कि भारत के लोग अलाहाबाद जिले में प्रयाग के संगम को त्रिवेणी संगम कहते है जो कि गंगा, यमूना और सरस्वती के मिलने से बना है। सरस्वती नदी को भूमिगत नदी है जो वहां इन दो नदियों से मिलती है। यह सोच वास्तविकता पर आधारित है।

आर्य-ब्राह्मणवादियों की उपरोक्त दलीलें पूरी तरह से बेबुनियाद है क्योंकि जिस सरस्वती नदी के किनारे यह राज्य होने की बात कही गई है वह नदी भारत की नदी न होकर अफगानिस्तान की हरहवति नदी है। ब्राह्मणों ने अपने वेद, पुराण, रामायण महाभारत इ. सभी धर्मग्रंथों में सतत रुप से बदलती हुई हालातों के मुताबिक बदलाव करने का काम किया है। गुप्त साम्राज्य के दौरान उनमें भारी बदलाव किये गए। उन्होने अपने समर्थन में नये धर्मग्रंथ तैयार किये। इसलिये यह दावा कि भारत की भौगोलिक स्थिती का विस्तृत वर्णन ऋग्वेद में है यह दलील कोई माईने नही रखती।

बहुजनव्देषी तिलक खुद इस बात को स्पष्ट कर चुका है कि विस्थापित समुदाय जिस भी नई जगह पर जाकर बस जाते है वहां की जगहों, नदी-पर्वतों इ. को वे अपनी मातृभूमि की जगहों, नदी-पर्वतों का नाम देते है। अंग्रेजों ने अपनी मात्रभूमि की जगहों इ. के नाम अपने उपनिवेशीक प्रदेशों को दिये है। बर्मा (मॅनमार) में अयोध्या, मिथिला, इ. कई नाम है जो वहां बसे भारतीयों ने वहां की जगहों को दिये है। वारेना, हेतुमंत, रंघा तथा हरहवती झेंड अवेस्टा की वरुणा, सेतुमत, रसा और सरस्वती के समकक्ष है। स्वाभाविक है कि आर्यो ने अपने mythological नामों को याद रखा और ये नाम अपनी नई जगहों को दिये। अफगानिस्तान की हरहवति यानि सरस्वती का नाम भारत की नदी को दिया गया। अफगानिस्तान की हरयु यानि सरयु नदी का नाम भारत में उ.प्र. की नदी को दिया गया। अफगानिस्तान की गोमल यानि गोमती नदी का नाम उ.प्र. की नदी को दिया गया। इसलिये जिस सरस्वती नदी की बात की जा रही है वह नदी भारत की नदी है ही नही। {बहुजन-व्देषी} तिलक के मुताबिक आर्य जहां पहले बसे थे वहां की नदी पर्वतों के नाम भारत की नदी-पर्वतों तथा जगहों को दिये है। यही बात हप्ता हिन्दू (सप्त सिंध ु) के बारे में है। ब्राह्मण धर्म से ग्रसित लोग प्रयाग में त्रिवेणी संगम होने की झूठी बात पर इसलिये विश्वास करते है क्योंकि वे ब्राह्मण धर्म को मानने वाले है। ब्राह्मण धर्म की झूठी बातों की तरह इसे भी वे सच मानते है क्योंकि ब्राह्मणों ने उन्हे यह बात बताई है।

5) आर्य रथों के साथ दुर्गम प्रदेश लांघकर भारत कैसे आ सकते थे ? बर्बर

जंगलियों के पास रथ कहां से आये ? इसलिये आर्यो ने भारत पर आक्रमण नही किया।

इस दलील में भी कोई दम नही है क्योंकि आर्य रथ बनाना जानते थे और दुर्गम इलाकों को पार करने के लिये उन्होने घोडों का ही इस्तेमाल किया था। भारत में प्रवेश करने के बाद उन्होने इन शहरों से दूर अपने पडाव डाले। आर्यो का यहां की आबादी से किस तरह के संबंध कायम हुए इसका वर्णन पहले ही किया जा चुका है। भारत में दोबारा रथ तैयार करना जरा भी मुश्किल नही था क्योंकि रथ बनाने के लिये जरुरी तमाम कच्चा माल यहां मौजूद था। पूरी तैयारी और योजनाओं से सिंधु घाटी के शहरों में खास जगहों पर आग लगाई गई तो बाकि जगहों पर बांध तोडकर बाढ से तबाही लाई गई।

6) आर्य-ब्राह्मणों की दलिल है कि खेतीहर लोगों की आबादी हमेशा ज्यादा होती है जबकि घुमन्तु टोलियों की आबादी कम होती है। भारत के मूलनिवासियों की आबादी करोडों में है जबकि आर्यो की तादाद बेहद कम है तब इतनी बडी आबादी पर इतनी कम तादाद के आर्य कैसे आक्रमण कर सकते है ? आर्य अगर बर्बर जंगली और तकनीकी रुप से अक्षम थे तो यह बात आर्यो के खिलाफ जाती है। नाग-द्रविड उन्नत थे तो यह बात उनके हक में जानी चाहिये। इसलिये कोई आक्रमण ही नही हुआ।

आर्य-ब्राह्मणवादियों की उपरोक्त दलिल बेतुकी है क्योंकि किसी भी देश की सारी आबादी सीमा पर नही रहती। विस्थापित आर्यो की टोलियों में मुख्यतः पुरुष थे और वे लडाकु टोलियां थी। नागरी आबादी शांतिप्रिय परिवार होते है इसलिये गैर-सैनिक आबादी पर हथियारबंद छोटी सी टुकडी भी बडा विध्वंस मचा सकती है यह एक स्थापित सत्य है। यह सच्चाई भी बताई जा चुकी है है कि आर्यो ने फौरन हमला नही किया था बल्कि अपनी सुंदर महिलाओं के जरिये वे कई नाग-द्रविड राजाओं के बीच शिरकत कर अपनी हालत मजबूत कर चुके थे, और कईयों का समर्थन भी हासिल कर चुके थे। आर्यो ने ही सबसे पहले फूट डालो और राज करो, साम, दाम, दंड, भेद इ. नीतियों का विकास किया था। तमाम तैयारियों के बाद ही उन्होने आक्रमण किये थे।

7) मॅक्स म्युलर इसाई मिशनरियों के इशारों पर काम करने वाला अंग्रेजी साम्राज्य का एजन्ट था। उसने ब्राह्मण-धर्मग्रंथों का गलत भाषांतर किया ताकि ब्राह्मण-धर्म को कमतर जबकि ईसाई धर्म को बेहतर साबित कर ईसाईयत का प्रचार-प्रसार किया जा सके। वह अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति का बौध्दिक हथियार था।

उपरोक्त आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद है क्योंकि किसी भी आर्य-ब्राह्मणवादी ने आज तक नही बताया कि मॅक्स म्युलर ने ब्राह्मण-धर्मग्रंथ के किस हिस्से का गलत भाषांतर किया है। मॅक्स म्युलर को आक्सफोर्ड में संस्कृत विषय में प्रोफेसर का पद इसलिये नही दिया गया क्योंकि वे मिशनरी नही थे। वे गैरइसाई धर्मो के प्रति, खासकर ब्राह्मण-धर्म के प्रति बेहद उदार थे। मॅक्स म्युलर के लेक्चर्स को बीशप ने 'ईसा मसीह के पवित्र ध ार्मिक संदेश के खिलाफ तथा ईसाईयत के खिलाफ धर्मयुध्द करार दिया था।' वे मॅक्स म्युलर ही थे जिन्होने पश्चिमी देशों में ब्राह्मण धर्म के प्रति लोगों में रुची जगाई। मॅक्स म्युलर के लिये नफरत की असल वजह यह है कि इन धर्मग्रंथों का भाषांतर कर ब्राह्मण ों के वेद इ. धर्मग्रंथों की महानता के ढोंग का सारी दूनियां में पर्दाफाश किया। इससे ब्राह्मण धर्म के ग्रंथों में ब्राह्मण हित में बदलाव करना भी मुमकिन न रहा। वेद इ. ध ार्मग्रंथों को पढने के बाद लोग पितामह ज्योतिराव फूले की बात से सहमत हो जाते है कि वेदों के अज्ञान की एक मामूली वेश्या तक धज्जियां उधेड सकती है।

8) आर्य-ब्राह्मणों की दलील है कि अगर आर्य विदेशी थे तो विष्णु, राम, क्रृष्ण, शिव इ. काले-निले रंग से दर्शाये गए देवताओं की गोरे आर्य क्यों पूजा करते है ? इन्हे तो इनसे नफरत होनी चाहिये थी। ऐसा नही है इसलिये आर्य-ब्राह्मण भारत के मूलनिवासी है।

ब्राह्मणों की यह दलील खोखली है। अपने मतलब के लिये आर्य-ब्राह्मण हर किसी की सेवा करते रहे है। नाग-द्रविड जनता को अपने अधिन रखने के लिये आर्य-ब्राह्मण ों ने उनके देवताओं को अपनाकर उनके धर्म-पंथों पर कब्जा किया और मूल शिक्षा में आर्य-ब्राह्मण हितों के मुताबिक बदलाव किया। ब्राह्मणों ने मुस्लिम शासकों को खुश करने अल्लाहउपनिषद लिख डाली। ब्राह्मणों ने लाभ की खातिर मुस्लिमों से वैवाहिक संबंध कायम किये, अपना धर्मांतर तक किया। दक्षिण भारत के ब्राह्मण इसी वजह से काले है। अंग्रेजों की भारतीय राजाओं के खिलाफ जीत के लिये ब्राह्मण मंदिरों में यज्ञ करते थे।

8) आर्य-ब्राह्मणों का सवाल है कि तमिल लोग अपनी भाषा के विकास के लिये ऋषि अगस्त को श्रेय देते है जो कि आर्यो के खेमे का है। इस पहेली का क्या जवाब है ?

वास्तव में यह कोई पहेली ही नही है। अगस्त ऋषि आर्य नही थे। दिगर नाग-द्रविड देवताओं की तरह आर्य-ब्राह्मणों ने उन्हे भी अपने खेमे में दिखाने का काम किया है क्योंकि धर्मग्रंथ लिखने का एकाधिकार सिर्फ ब्राह्मणों का था और मूलनिवासियों के साहित्य को आर्य-ब्राह्मणों ने नष्ट कर दिया। अगर अगस्त आर्य है तो जिस तरह ब्राह्मण ों ने ब्राह्मण संत रामदास को शिवाजी का गुरु प्रचारित कर किया, अगस्त को द्रविडों पर आर्य-ब्राह्मणों ने अपने स्वार्थ के लिये जबदर्स्ती थोंप दिया। ऐसे असंख्य उदाहरण है।

9) आर्य-ब्राह्मणवादियों का कहना है कि आर्यो का विस्थापन उलटी दीशा में हुआ है यानि वे विदेशों से भारत की ओर नही आये बल्कि भारत से विदेशों में गए है। युरोप के सर्द मौसम में जाने के बाद उनका रंग गोरा हुआ है।

आर्य-ब्राह्मणों की उपरोक्त भद्दी दलील भारत के कम पढे लिखे लोगों को मूर्ख बनाने की कोशिश है। अफ्रिका के काले लोगों को कहीं भी रखा जाये तो वे गोरे नही बन सकते। अंदमान के काले अफ्रिकावंशी हजारों सालों से काले ही है जबकि सैंकडों वर्षो से उनके साथ रहने वाले पिले-मंगोलाईड लोग अफ्रिका वंशियों की तरह काले नही बने है। शरीर के रंग का निर्धारण अनुवंश करता है। वातावरण का त्वचा के रंग पर बहुत कम असर होता है। आर्यो व्दारा भारत से बाहर जाने की भद्दी दलील को दुनियां का कोई भी वैज्ञानिक मान्यता नही देता। ऐसी बचकानी दलीलों की ओर कोई ध्यान तक नही देता क्योंकि ये दलीले जवाब देने लायक ही नही है। अगर भारत से इंडो-युरोपियन भाषाएं बोलने वाले आर्य युरोप इ. देशों में गये तो युरोप के सभी लोग वांशिक बनावट में भारत के लोगों की तरह होने चाहिये लेकिन ऐसा नही है। यहां तक कि ईरान के लोग भी भारत के लोगों जैसे नही है। इंडो-युरोपियन भाषा बोलने वाले आर्य युरोप इ. देशों में गए तो उनपर मुंडा तथा दिगर द्रविडन भाषाओं का असर होना चाहिये लेकिन युरोपियन लोगों की बजाय सिर्फ इंडो आर्यन लोगों पर ही मुंडा इ. द्रविड भाषाओं का प्रभाव है इसलिये उनकी भाषा में मुंडा और द्रविड भाषा के शब्द आये है। ऐसा तभी हो सकता है जब आर्य भारत में प्रवेश करे और मुंडा तथा द्रविड भाषाओं के संपर्क में आये।

बिजेपी सरकार व्दारा प्रायोजित कुछ पुरातत्व शास्त्रीयों ने archeoastronomy जैसी शंशयास्पद पध्दति से आर्य भारत से बाहर जाने की बातों को साबित करने की नाकाम

कोशिश की है। इसे दुनिया में कोई भी वैज्ञानिक मान्यता नही देता। इन कथित पुरातत्व शास्त्रियों ने अपने कथित शोध को किसी भी वैज्ञानिक जर्नल में प्रकाशित करने तक की हिम्मत नही की। ब्राह्मणवादी पुरातत्व शास्त्रीयों का मकसद भारत के अशिक्षित हिन्दूओं को मूर्ख बनाना है। अगर इंडो-युरोपियन भाषाएं बोलने वाले आर्य भारत से विदेश गए तो भारत में संस्कृत इ. इंडो-आर्यन भाषाएं बोलने वाले लोग न के बराबर क्यों है ?

आर्य-ब्राह्मणों का दावा है कि संस्कृत सिंधु घाटी सभ्यता की भाषा थी। लेकिन यह दावा झूठा है क्योंकि सिंधु घाटी के मौजूदा लोगों में संस्कृत भाषा का इस्तेमाल करने वाले कोई नही है। द्रविडन तथा संस्कृत भाषा में कोई समानता नही है। संस्कृत तथा इंडो-इरानियन भाषाओं में भारी समानता है। अवेस्टन भाषा में द्रविड भाषाओं के शब्द नही है जबकि वेदिक आर्यो की संस्कृत में द्रविड भाषाओं के शब्द है। इससे स्पष्ट है कि आर्यो के विस्थापन की दीशा भारत से बाहर नही बल्कि भारत की ओर है।

वेदिक संस्कृत और अवेस्टन (पूरानी पर्शियन) में बहुत अधिक समानता है। अगर किसी को संस्कृत आती है तो वह अवेस्टा के धर्मग्रंथ आसानी से पढ सकता है। उसे मात्र s को h में बदलना होगा। वेदिक तथा अवेस्टा इन दोनों समूहों में अनगिनत समानताएं है। उस वक्त वेदिक तथा अवेस्टा समूहों में आर्य विभाजित नही हुए थे। संभवतः वेदों का वरुण पुराने पर्शियनों का अहुर मझदा था। यह संभव ही नही है कि संस्कृत ने इरानी लोगों को तो प्रभावित किया लेकिन हरप्पा सिंधु घाटी के लोगों को जरा भी प्रभावित नही किया जबकि इरानी सिंधु घाटी के लोगों से हजारों मील दूर थे। इससे यह स्पष्ट है कि आर्य-ब्राह्मण विदेशी-आक्रमणकारी थे।

वेदों में वर्णित आर्यो का पिछडापन सिंधु घाटी सभ्यता के बहुत पहले क जताने वे वेदों को ईसापूर्व 6000 साल पहले तक ले जाते है जो कि पाषाण युग है। लेकिन वेदीक संस्कृति पाषाण-युगीन संस्कृति नही है।(http://robertlindsay.wordpress.com/More Out of India Madness _ Beyond Highbrow - Robert Lindsay.htm)

10) आर्य-ब्राह्मणवादियों के मुताबिक ऋग्वेद में घोडों की 17 जोडी पसलियां होने की बात कही गई है जो भारत के घोडों के बारे ही सच है क्योंकि मध्य एशिया के घोडों में 18 जोडी पसलियां होती है। इसलिये आर्य भारत के मूलनिवासी है।

आर्य-ब्राह्मणवादियों की यह दलिल भी बेतुकी है जो अशिक्षित और अंधविश्वासी जनता के लिये है। उस वक्त भारत में घोडे थे ही नही। संपूर्ण दक्षिण एशिया के इतिहास में ईसापूर्व 1500 वर्ष पहले तक घोडे का उल्लेख ही नही है। रथ की खोज रशिया के उत्तरी कजाखीस्तान में ईसापूर्व 1500 वर्ष के लगभग हुई। घोडों को बाद में आयात किया गया। वेद इ. तमाम ब्राह्मण धर्म के ग्रंथों में ब्राह्मण हितों के मुताबिक बदलाव किये गए जो अंग्रेजों के काल तक होते रहे इसलिये ऋग्वेद में जो 17 जोडी पसलियों की बात की गई है वह शायद बहुत बाद में डाली गई है। बाद में डाली गई बातें पहले की है यह दावा करना धोखेबाजी है। वेदों में भारत के नदी-पर्वतों का वर्णन है इसलिये वे भारतीय नही हो जाते क्योंकि वेदों में विदेशी भूमि के नदियों, पर्वतों, पेड-पौधों और जानवरों का भी वर्णन है। भारत में बाद में लाये गये किसी घोडे की विशेषता ऋग्वेद में डाल देने से आर्य भारतीय नही हो जाते। झूठी और हास्यास्पद दलिलें देकर अपनी कमी को ढँकने की कोशिश करना आर्य-ब्राह्मणों की विशेषता है यह बात अश्वमेध यज्ञ के आगे दिये एक ब्राह्मणवादी के स्पष्टीकरण से साबित होती है :- अश्व का अर्थ घोडा अथवा राष्ट्र होता है; मेधा का मतलब त्याग, टॅक्स, तथा तीव्र बुध्दी होता है। इसलिये यज्ञ का

अर्थ ऐसा काम जो बिना किसी हिंसा के हो और सबके लिये अच्छा है ऐसा होता है। इसलिये अश्वमेध यज्ञ में घोडे की हत्या की जाती है यह कहना गलत है क्योंकि हत्या करना यज्ञ के खिलाफ है। इसलिये अश्वमेध यज्ञ का सही तार्किक स्पष्टीकरण 'राष्ट्र के अकलमंद लोगों का एक जगह (अच्छे काम के लिये) इकट्ठा होना है।' उपरोक्त ब्राह्मण ावादी दलील 'सजन रे झूठ मत बोलो' नामक टी.वी. सीरीयल के 'समधी जी' यानि कलाकार राजीव ठाकुर के प्रवचनों जैसी है जो 'मुन्नी बदनाम हुई डार्लीग तेरे लिये' इ. अनेक फिल्मी गानों में से गुढ आध्यात्मिक अर्थ निकालकर प्रवचन करता है। ब्राह्मण ावादियों की दलील पूरी तरह से झूठ है क्योंकि अश्वमेध यज्ञ का रामायण इ. ग्रंथों में भी विस्तृत वर्णन किया गया है कि कैसे राजा की मुख्य रानी मारे गए घोडे के साथ रात भर लैंगिक संभोग करती है।

11) आर्य-ब्राह्मणवादियों का सवाल है कि अगर इंडो-आर्यन लोगों की जन्मभूमि रशिया के घास के मैदान है तो ऋग्वेद में आर्यो की जन्मभूमि का उल्लेख क्यों नही है, क्यों ऋग्वेद आर्यो की अपनी जन्मभूमि से संबंधित कहानियां नही है ? इसलिये आर्यो की जन्मभूमि भारत ही है।

आर्य-ब्राह्मणों का उपरोक्त सवाल बेबुनियाद है क्योंकि {बहुजन-व्देषी} बाल गंगाधर तिलक के मुताबिक आर्यो की जन्मभूमि Paleolithic काल में उत्तरी ध्रुव के आर्क्टिक क्षेत्र में थी। बर्फिले तुफान इ. की वजह से जीने के हालात नामुमकिन होने पर ही आर्य वहां से युरोप तथा एशिया पहुंचे थे। ईरानियों के धर्मग्रंथ अवेस्टा में भी इन बातों का उल्लेख है। इसलिये वेदिक तथा ईरानी ही नही बल्कि ग्रीक तथा नार्स साहित्य में भी छह महिने के दिन और रातों का उल्लेख है क्योंकि वे सभी आर्क्टिक से विस्थापित हुए आर्य है। उषा वेदों में एक देवता है। उसकी प्रसंशा में ऋग्वेद में लगभग 20 ऋचाएं (hymns) है। उसका उल्लेख कभी एकवचनी तो कभी अनेकवचनी रुपों में 300 से ज्यादा बार है। अगर उषा चंद मिनटों के काल की होती तो आर्यो ने उसकी प्रसंशा में इतना कुछ नही कहा होता। ओल्ड टेस्टामेंट (यहूदी बायबल) में कहा गया है कि ईश्वर ने पहले दिन आकाश, धरती और प्रकाश (उषा) का निर्माण किया जबकि सूर्य को चौथे दिन बनाया। प्रकाश तीव्रता की अलग अलग छटाएं जो 24 घंटे या उससे काफी अधिक समय की होती थी, एक के बाद एक प्रकट होती थी इसलिये उन्हे अनेक उषाएं माना गया है। उषा का कालावधी इतना ज्यादा होता था कि क्षितीज पर प्रकाश होने तथा सुर्य के प्रकट होने के बीच कई कई {एशियाई} दिन बीत जाते थे (VII, 76, 3), या जैसे कि 11, 28, 9, ऋचाओं में बताया गया है एक के बाद एक कई उषाएं प्रकट होती थी तब कहीं सुर्य प्रकट होता था। उषाएं 30 की तादाद में महसूस की गई (I; 123, 8; VI, 59, 6; T.S., IV, 3, 11, 6)। ऋग्वेद में लिखा है कि कई उषाएं एकसाथ बडे प्रेम से नजर आती थी वे आपस में लडती नही थी (IV, 51, 7-9; VII, 76, 5; A.V. VII, 22, 2)। ये तीस उषाएं या एक उषा के 30 हिस्से एक चक्र की तरह अपने निश्चित क्रम से घुमते रहते थे (I, 123, 8, 9; III, 61, 3; T.S. IV, 3, 11, 6)। तिलक के मुताबिक यह सब गुणधर्म सिर्फ पृथ्वी के ध्रुव पर ही प्राप्त हो सकते है। इसलिये वेदिक देवता उषा ध्रुवीय देवता है।

अवेस्टन लोग खुद को आर्य कहते है तथा वेदिक आर्यो से अनगिनत समानताएं रखते है। वे इस बात को मानते है है कि ईरान उनकी मूल जन्मभूमि नही है। वे लगातार एक जगह से दूसरी जगह विस्थापित होते रहे है। अवेस्टा में ऐसी 16 जगहों के नाम गिनाये गए है। अवेस्टा में स्पष्ट रुप से कहा गया है कि आर्यो की जन्मभूमि आधुनिक

उझबेकिस्तान, तुर्कमेनिस्तान तथा उत्तरी अफगानिस्तान के क्षेत्र है।

12) आर्य-ब्राह्मण दलील देते है कि जब कोई एक समूदाय दूसरे समुदाय पर जीत हासिल करता है तो वे अपने साथ नई कल्पनाएं तथा नई सामाजिक रचना लाते है। अगर आर्यो ने सचमुच भारत पर हमला किया होता तब भारत में पूरी तरह से नया ध र्म, नये तरह की कलाएं, तथा सामाजिक रचना में विशेष बदलाव आये होते, लेकिन ऐसा कुछ नही हुआ है, इसलिये आर्य भारतीय है।

आर्य-ब्राह्मणों की उपरोक्त दलिल पूरी तरह से खोखली है क्योंकि अधिकतर आर्य टोलियाँ जानवरों के साथ चारागाहों में भटकने वाली जंगली टोलियाँ थी। जो आर्य एक जगह खेती करने लगे उनपर भी हमला कर दूसरी टोलियों ने उनके जानवर इ. छीन लिये और उन्हे गुलाम बनाकर बेचा। यह बात BMAC इ. संस्कृतियों के नष्ट हो जाने से स्पष्ट है। इसलिये कोई आर्य समुह एक जगह बसने की हिम्मत नही जुटा सका बल्कि हर आर्य टोली ने धुमन्तु लडाकू जीवनशैली अपना ली। इन टोलियों के पास न ही कोई कला थी और न ही कोई उन्नत संस्कृति जिसे ये किसी को दे सकते। आर्यो के पास कोई सभ्यता नही थी सिर्फ अ-सभ्यमा थी, वे सिर्फ विध्वंस और लूट करना जानते थे। इसलिये उन्होने सिर्फ विध्वंस ही दिया है। आर्यो ने कला, संस्कृति, शब्दभंडार, उच्च तकनीक इ. सभी कुछ हमेशा नाग-द्रविडों से लेकर उसे अपने नाम पर बताया है।

सिंधु घाटी की नाग-द्रविड श्रमण संस्कृति (Culture) !

{प्रस्तुत अध्याय के लिये सामग्री आगे बताये हुए स्त्रोतों से ली गई है :- Brahmanism, Buddhism, and Hinduism An Essay on their Origins and Interactions by Lal Mani Joshi Department of Religious Studies Punjabi University, Patiala, India Buddhist Publication Society Kandy • Sri Lanka The Wheel Publication No. 150/151; http://en.wikipedia.org/Shramana - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://reference.indianetzone.com//Social & Religious Life of Harappa Civilization.htm; http://www.ancient.eu.com/Religious Developments in Ancient India (Article) -- Ancient History Encyclopedia.htm; http://www.ancient.eu.com/Religious Developments in Ancient India (Article) -- Ancient History Encyclopedia.htm; http://en.wikipedia.org/Indus Valley Civilization - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://en.wikipedia.org/History of Hinduism - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://en.wikipedia.org/Ancient Dravidian culture - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://reference.indianetzone.com//Social & Religious Life of Harappa Civilization.htm; http://creative.sulekha.com//Evolution of Shramanic Jain Religion in Indic Civilisation _ Sulekha Creative.htm }

श्रमण संस्कृति ब्राह्मण-धर्म विरोधी संस्कृति थी !

प्राचिन शिव संस्कृति से ही मोहेंजोदारो हरप्पा की श्रमण संस्कृति विकसित हुई है। नाग द्रविड संस्कृती के आध्यात्मिक विचारकों को श्रमण कहा जाता था। श्रमण शब्द का अर्थ सतत प्रयत्नशील व्यक्ति है। श्रमण अपने पूरे मन से आध्यात्मिक ज्ञान-प्राप्ति के लिये प्रयत्नशील होते थे। श्रमण शब्द का स्पष्टीकरण 'परिव्रजका' यानि घर-बार छोडकर आध्यात्मिक ज्ञान के लिये चिंतन करने वालों के लिये किया गया है। श्रमण खुद के श्रम से जीवन के अर्थ, उद्देशों पर चिन्तन करते थे। आदिवासी आद्यपुरुष लिंगो का अर्थ ''गाकर सत्य कहनेवाला'' होता है। आदिवासियों की अति-प्राचिन समय से आध्यात्मीक चिन्तन में रुची थी। श्रमणों में अनेक मत थे इन मतों का बुध्द साहित्य में ''दित्ती'' के नाम से उल्लेख किया है। श्रमण संस्कृति के लोग अहिंसा पर अत्याधिक भरोसा करते थे। प्राचीन भारत की श्रमण परंपरा नाग-द्रविड आध्यात्मिक परंपरा है।

श्रमण परंपरा में एक छोर पर चार्वाक है जो ऐश की जींदगी जीने की वकालत करते है तो दूसरे छोर पर जैन मुनी है जो खुद को कठोर पीड़ा देने में विश्वास करते है। इसमें मक्काली घोष का दर्शन भी है जो इन्सान की नियति को यकीनी मानते है, जहां इन्सान एक जन्म से दूसरे जन्म लेते रहता है जबतक वह अपने अंतिम नियत अंजाम तक नही पहुंच जाता। श्रमण संस्कृति में योग तत्वज्ञान भी शामिल है। योग सांख्य तत्वज्ञान को मानता है कि अपने निजी कोशिशों से प्रकृति के बंधन से मुक्त हुआ जा सकता है। तंत्र इ. शाखाएं श्रमण संस्कृति से विकसित हुई है।

श्रमण मानते है कि दुनियाँ में बेशुमार दुख है जिससे मुक्त होने के लिये अपनी इच्छाओं पर नियंत्रण करना तथा एकांत का जीवन जीना जरुरी है। श्रमण अहिंसा का तथा कडे नियमों का पालन करते थे। वे कर्म और मोक्ष में विश्वास रखते थे। श्रमण संस्कृति में :- 1) ईश्वर या किसी निर्माता के अस्तित्व से इन्कार 2) जानवरों की बलि देने इ. प्रथाओं की विरोधी, 3) कर्म, पुर्नजन्म तथा व्यक्ति के मरने के बाद उसकी आत्मा व्दारा दूसरा जन्म लेने पर विश्वास 4) अहिंसा, गृहत्याग तथा कठोर जीवनशैली के माध्यम से मोक्ष प्राप्त होने पर भरोसा, 5) आत्मशुध्दी के लिये बलि देने या कर्मकांड करने की बातों को नकार देना, 6) जातिप्रथा को नकारना इ. बातें शामिल है।(http://en.wikipedia.org/Shramana - Wikipedia, the free encyclopedia.htm)

सबसे आरंभिक उपनिषदों को प्राचीन श्रामणों, यति, मुनी तथा मुंडका इ. की उपस्थिति का अहसास था। उनमें munis, yatis, vaikhnasas and vstyas शब्दों का सरसरी तौर पर उल्लेख मात्र है। भिख्खु, तपस्या, निर्वाण, प्रतित्यासम्तपदा (pratityasamutpda) इ. शब्द आरंभिक वेदीक साहित्य के लिये अजनबी थे। परिवर्जका (parivrjaka) शब्द भी ईसापूर्व 400 वर्ष तक ब्राह्मण साहित्य में अनजान शब्द था। ऋग्वेद (X. 163. 2–4) में लंबे बालों, दाढी-मूंछों वाले श्रमण मुनी का उल्लेख है जो ध्यान इ. कर कठोर जीवन व्यतित करता था। श्रमण मुनी या तो नंगे रहते थे या फिर कोई छोटा सा कपडा कमर से बांध लेते थे। वे अपनी ही धुन में मग्न रहते थे। अथर्ववेद (VIL 74.a) में भी एक देविक मुनी का जिक्र है। तैतिरिया अरण्यका (I.23.3; IV.9.29) को Vaikhnasas मुनि पुरुहनमान की जानकारी थी। उपनिषदों के निर्माण के पहले बुध्द को महाश्रामणा कहा जाता था।

श्रमणों ने आर्यो की बलीप्रथा तथा कर्मकांडों को पूरी तरह से नकार दिया था इसलिये वेदिक ब्राह्मणों ने श्रमण दर्शन को 'नास्तिक दर्शन' (heterodox philosophy) कहा।(http://en.wikipedia.org/Shramana - Wikipedia, the free encyclopedia.htm)

चार्वाक के मुताबिक वेदों में असत्य, स्व-विरोधाभास तथा एक ही बात को अलग अलग शब्दों से बताने (tautology) जैसे तीन बदनुमा दाग है ... वेद बेईमान लोगों व्दारा अर्थहीन बातों को जोश खरोश से बताना (dhurtapralapa) भर है।(Sarva-darsaasangraha, tr. E.B. Cowell and A.E. Gough, London, 1914, p.4.) वेदों में मूलनिवासियों को यज्ञविरोधी, धर्मविरोधी, योगी, सत्यधर्मीय, इ. कहा गया है। (Swapan K. Biswas,P. 113,114)

श्रमण परंपरा ब्राह्मणों की वर्ण या जाति व्यवस्था को पूरी तरह से नकारता है। श्रमण परंपरा का मानना है कि सभी समान मानवी अधिकार रखते है और सर्वोच्च मानसिक स्तर तथा भौतिक खुशहाली हासिल करने की क्षमता रखते है। श्रमण परंपरा आदमी तथा औरतों को समान मानवाधिकार प्रदान करती है। श्रमण परंपरा ईश्वर में विश्वास नही करती इसलिये कोई भी चढावा चढाने तथा मन्नतें मांगने का विरोध करती है। प्राणियों की बलि देने को एक क्रूर प्रथा मानती है।(http://anitashah.com/jainism.htm)

ब्राह्मणों के बौध्याना में श्रमण कपीला को असूर कहा गया है। लोगों से उसकी शिक्षा को न मानने को कहा गया है। इससे स्पष्ट है कि कपीला और उसकी सांख्य विचारधारा तथा सन्यास के रुप में चौथा आश्रम इ. मूल रुप से श्रमण परंपरा से है। ब्राह्मणों के बौध्याना में कपीला को इस बात के लिये कोसा गया है कि उसने सन्यास के रुप में चौथे आश्रम की व्यवस्था निर्माण की। कपीला का उल्लेख ऋग्वेद (X 27.16) में (dasnm ekam Kapilam samnam tam hinvanti kratave pryya) दस में से एक अंगिरस (angiras) के रुप में किया गया है। अंगिरस यति से संबंधित थे। बुध्द को भी कई बार अंगिरस कहा गया है। डॉ. झिम्मर के मुताबिक कपील वेदिक परंपरा से नही था। वह ईसापूर्व छटवी शताब्दी में हुआ था। सेंट पीटर्सबर्ग शब्दकोष में व्रत्या (vrtya) इस शब्द का अर्थ घर-बार छोड चुका आध्यात्मिक व्यक्ति जो आर्य नही है ऐसा बताया गया है। वेदिक पूजारियों की 'व्रत्या स्तोम' (vrtya stomas) विधि थी जिसे गैर आर्य को आर्य समूदाय में शामिल करने के लिये किया जाता था। केथ तथा मॅकडॉनेल (Keith and Macdonell) इस बात को स्वीकार करते है कि व्रत्या (vrtyas) लोगों के सिधान्त ब्राह्मणों के खिलाफ थे।

ब्राह्मण-धर्म का विरोधी मूलनिवासी नाग-द्रविडों का जैन धर्म !

जैन धर्म का दर्शन चौबीस जैन तीर्थकरों की शिक्षा तथा उनका जीवन है। इन तीर्थकरों में महावीर सबसे आखरी तीर्थकर है। जैन धर्म आत्मा के स्वतंत्र अस्तित्व को, कर्म सिधान्त को मानता है तथा ईश्वर के अस्तित्व को नकारता है। वह इस बात पर विश्वास करता है कि यह कायनात किसी ने नही बनाई बल्कि वह पहले से ही अस्तित्व में है और रहेगी। जैन धर्म कठोर अहिंसा पर, नैतिक शिक्षा पर जोर देता है। उसका मानना है कि सदाचार के जीवन से व्यक्ति की आत्मा मुक्त हो जाती है। जैन धर्म सत्य के विभिन्न अंग होने पर भरोसा करता है। इसलिये वह मानता है कि किसी के भी पास पूरा सच नही है। जैन मुनियों को श्रमण तथा जैन धर्म के मानने वालों को श्रावक कहा जाता है। मुनियों के आचार नियमों को श्रमण-धर्म कहा जाता है।(http://en.wikipedia.org/Shramana - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) अहिंसा की संकल्पना जैन धर्म की नैतिक शिक्षा का केन्द्रबिंदु है। जैन धर्म की मान्यता है कि व्यक्ति के अच्छे बुरे कर्म के मुताबिक ही उनका पूर्नजन्म किसी भी प्राणी, पक्षि, जलचर, सरीसृप या इन्सान के रुप में होता है। जैन कठिन अहिंसा का पालन करते है क्योंकि कोई भी जीव उनका

पूर्नजन्मित पूरखा हो सकता है। जैन धर्म में अहिंसा परम धर्म है। (Evolution of the Shramanic Jainism, Religions in the Indic Civilisation By Bal Patil)

डॉ. गुसेवा (Dr. Guseva) का दो टूक कहना है कि कम से कम आठ बातें जैन ध र्म को वेदिक धर्म और ब्राह्मणवाद से अलग करती है :- 1) जैन धर्म वेदों को नकारता है 2) इस बात का विरोध कि ईश्वर पूजा करने की मुख्य चीज है। 3) वेदों की खूनी बलि विधियां तथा अन्य कर्मकांडों को नकारता है। 4) किसी तरह की जाति-व्यवस्था को नही मानता। 5) हर प्राणी के जीवन की रक्षा करने में विश्वास है। 6) अपनी इच्छाओं पर कठोर नियंत्रण कर कठीन जीवन जीने को प्रेरित करता है। 7) स्त्रियों को धार्मिक साहित्य पढने, धार्मिक विधियों की अगुवाई करने या साध्वी बनने पर कोई रोक नही है। 8) जैन धर्म इस कायनात को बनाने वाली किसी ताकत या ईश्वर पर भरोसा नही करता। जैन धर्म का मानना है कि यह कायनात आरंभ से है और हमेशा कायम रहेगी। जैन ध र्म का मानना है कि हर व्यक्ति जैन धर्म के सिधान्तों पर अमल कर बिना किसी देवता की मदद से मुक्ति हासिल कर सकता है। तीर्थकरों के सम्मान में मार्गदाता के रुप में मूर्तिपूजा तथा फुल चढाना जैन धर्म की विशेषता है। यह माना जाता है कि इससे वे जैन धर्म के उसूलों के प्रति सजग रहेंगे।(Jainism by Colette Caillat, Dr. A.N. Upadhye, Bal Patil , Macmillan, 1974) जिना की मूर्तियां तथा चित्र जैन धर्म के देवताओं के चित्र या मूर्तियों से ज्यादा तादाद में है। जिना हमेशा बैठी अथवा खडी अवस्था में ध्यानस्थ रहते है। जबकि बुध्द को अलग अलग मुद्राओं में जैसे कि अभय मुद्रा, वरद मुद्रा में दिखाया गया है जिसका मतलब उन्हे दुनियां के लोगों की फिक्र है। डॉ. हरमन जॅकोबी (Dr. Hermann Jacobi) को विश्वास है कि जैन धर्म बेहद पूराना है।

श्रमण परंपरा का शैववाद ! (Sramanic Shaivism)

ब्राह्मणों के पुराणों में दी गई जानकारी के मुताबिक लोग शैवीजम को जानते है। शैवीजम बहुत प्राचीन है जबकि पुराण बहुत बाद में लिखे गए है। इसलिये पुराणों की जानकारी प्रामाणिक नही है। रिखाब (संकृत में ऋषभ) यह जैन संस्कृति की सबसे पहली श्रमण परंपरा थी। रिखाब तथा शिव में कई समानताएं है। श्रमण संस्कृति सामाजिक समानता पर आधारित है। शैविजम भी सामाजिक समानता का कट्टर समर्थक है। श्रमण परंपरा में घरबार त्याग कर कठोर जीवनशैली का पालन करना अनिवार्य है। यही बात शैवीजम में भी है। श्रमन परंपरा में कई मुनि नग्न रहते थे। कई जैन श्रमण अत्यंत प्राचीन काल से इस परंपरा का पालन कर रहे है। श्रमण परंपरा के अजिविक (Ajivik) पंथ में भी नंगे रहने की परंपरा का पालन किया जाता था। जैनों तथा शैव पंथ में यह परंपरा आज तक जारी है। जैन धर्म में लगभग 1500 नग्न मूनि है जिन्हे दिगंबर पंथी माना जाता है। शैव पंथ के हजारों नागा साधू भी नंगे ही रहते है। खुद शिव भी नग्न योगी के नाम से जाने जाते है। शिव को भी दिगंबर कहा जाता है। जैन धार्मिक साहित्य तथा पुराणों के मुताबिक रिखाब नग्न श्रमण थे। जैन तथा शैव पंथी दोनों ही सिंधु घाटी में मिली नग्न मुनियों की मुद्राओं को अपने पंथ का बताते है। जैन साहित्य में शिव रिखाब का दूसरा नाम है। जैन तथा शैव पंथ दोनों में ही शिव व रिखाब को आदिनाथ कहा जाता है। जैन धर्म के मुताबिक रिखाब का निर्वाण स्थल तिब्बत का कैलाश पर्वत है। शैव पंथ के मुताबिक भी शिव का निवासस्थान कैलाश पर्वत है। शिव तथा रिखाब ज्ञान में पदमासन की मुद्रा में मूतियों है। इन मूतियों में दोनों की आँखें आधी खुली हुई है,

जो एक योगीक मुद्रा है। शिव तथा रिखाब की प्राचीन मूर्तियों में दोनों के ही बाल बढे हुए है। दोनों को ही जटाधारी के नाम से बुलाया जाता है। रिखाब और शिव दोनों का ही चिन्ह सांड है। रिखाब तथा शिव दोनों की ही पूजा में नारियल को तोडना तथा भेंट करना प्रतिबंधित है। दोनों को ही चावल चढाये जाते है। शिव को भोलानाथ, आशुतोष देव, केदार नाथ इ. नामों से पुकारा जाता है। महावीर को छोडकर जैन धर्म के तमाम तीर्थकर नाथ है। आदिनाथ को नाथ पंथ का निर्माता माना जाता है। नाथ पंथ आज भी भारत में मौजूद है।(http://hubpages.com//The Origin of Shiv and Shaivism.htm) शिव के अनुयायियों को गण कहते है। मुनियों का समूह जिसका निर्माण ऋषभ ने किया था उन्हे भी गण कहा जाता है तथा गण के प्रमुख मुनि को गणधारा (Ganadhara) कहा जाता है। गण तथा गणधारा की परंपरा आखरी तीर्थकर महावीर तक बिना खंडित हुए चली आयी है।(Jainism by Colette Caillat, Dr. A.N. Upadhye, Bal Patil , Macmillan, 1974)

पी.आर. देशमुख के मुताबिक पहले जैन तीर्थकर सिंधु घाटी सभ्यता के थे। (Evolution of the Shramanic Jainism, Religions in the Indic Civilisation By Bal Patil) सिंधु घाटी की पुरुष देवता पशुपति महादेव (proto-Siva) थे जो सिंधु घाटी की मुद्राओं में ध्यानस्थ है। उनके तिन चेहरे तथा सीर पर सिंगों का मुकुट है। आजूबाजु हाथी, बाघ, राईनो तथा भैस है। {भैस यह सिंघु घाटी की नाग-द्रविड सभ्यता का प्रतिक है।} पशुपति मुद्रा से स्पष्ट है कि लोग शिव की पूजा करते थे। वहां शिव की प्रतिमा तथा हाथी है। सिंधु घाटी की मुद्राओं में दिखाये गए प्राणी समुदायों, लोगों अथवा भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते है। बाघ शायद हिमालय क्षेत्र का, हाथी मध्य तथा पूर्वी भारत का, सांड तथा भैस दक्षिण भारत का तथा राईनोसेरोस सिंघु नदी के पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता है।

श्रमण योग परंपरा !

मोहेंजोदाडो, हरप्पा में अनेक मुद्राओं में ध्यानस्त व्यक्ति है। डॉ. रामा प्रसाद चंदा के अनुसार ऐसी प्रतिमाएं भारत के अलावा कहीं भी नही है। जैन तथा बौध्द पूर्व श्रामण ों में ही ध्यान इ॰ का प्रचलन था। (Swapan K. Biswas,P. 113,114) बुध्दिस्ट स्कॉलर कौसम्बी के मुताबिक त्रिपीठक में निंग्रंथ-जिनाओं का जिक्र है। निंग्रंथ (Nirgrantha) परंपरा बुध्द के बहुत पहले से थी। निंग्रंथ जैन समुदाय का प्राचीन नाम है। हेनरीच झिम्मर (Heinrich Zimmer) के मुताबिक जैनमत सभी द्रविडन दर्शन तथा धर्मो से पूराना है। उन्होने साबित किया है कि आर्यो के भारत आने के पहले से जैन मुनि योग का अभ्यास करते थे।(http://creative.sulekha.com//Evolution of Shramanic Jain Religion in Indic Civilisation _ Sulekha Creative.htm) सिंधु घाटी में प्राप्त पशुपति मुद्रा में योगी शिव एक बहुतायत में पाई गई मुद्रा है। पुरातत्ववेत्ताओं को एक संगमरमर की मूर्ति मिली है जिसमें योगी की आंखे नाक की नोक पर केन्द्रित है। यह योग की तंद्रावस्था है। रामप्रसाद चंदा जिनकी निगरानी में सिंधू घाटी सभ्यता का उत्खनन हुआ वे कहते है कि बैठे हुए मुनि न सिर्फ योगमुद्रा में है बल्कि खडी योगमुद्रा में भी है जिसे कायोत्सर्ग (Kayotsarga) स्थिति के नाम से जाना जाता है। यह जैन परंपरा की खासियत है। आदि पुराण (Book XV III) में कायोत्सर्ग (Kayotsarga) का वर्णन ऋषभ व्दारा आत्म प्रताडना (penance) कहा गया है। कायोत्सर्ग (Kayotsarga) स्थिति, सांड के चिन्ह, सांप के चिन्ह वाले लोग इ. से स्पष्ट है कि सिंधू घाटी सभ्यता में नाग-द्रविड जैन धर्म

के श्रमणों की परंपरा कायम थी।

योग श्रमण संकृति का घटक है न कि वेदीक संस्कृति का। आरंभिक योग निरिश्वरवादी तथा खुद की इच्छाओं पर नियंत्रण करने के नियमों से संबंधित था। जो जैन धर्म की शिक्षा` मुताबिक है। श्रमण संस्कृति के यति तथा योगी ध्यान अथवा योग का अभ्यास करते थे। शिव का दूसरा नाम योगेश्वर है। योग परंपरा 300 इसवी तक वेदों की विरोध ी, निरिश्वरवादी, व्दीत्ववादी (dualistic) तथा खुद की इच्छाओं पर नियंत्रण करने के नियमों से संबंधित (ascetic) रही है।

मूलनिवासी श्रामणों की देखा देखी आर्य-ब्राह्मणों ने सृष्टी की उत्पती, ईश्वर, जन्म, मृत्यु इ॰ में रुची लेनी शुरु की। परिणाम स्वरुप ये लोग ''ब्राह्मण-श्रामण'' कहलाये गये। इनके काल्पनिक अनुभवों को अरण्यकाज के नाम से जाना जाता है। ईसापुर्व 800-500 के दौरान ब्राह्मण श्रामणों ने ईश्वर, धर्म, सृष्टी, आत्मा इ॰ के संबंध में जो विचार व्यक्त किये उन्हे उपनिषद कहा गया है। उपनिषदों के विचार संक्षेप में निम्न प्रकार से है :- सृष्टी को जिस रुप मे हम देख रहे है वह हमारे संवेदनाओं तथा विचारों की निर्मिती है इसलिये हमें दिखाई देने वाली सृष्टी माया है तथा हमारा ज्ञान अविद्या है। हम सब एक ही परमात्मा का अविभाज्य अंग है, लेकिन हमारे संवेदन की त्रुटियों, मर्यादाओं तथा बुध्दी की अविद्या के कारण हमें सभी व्यक्ती, वस्तुयें अलग अलग अनुभव होती है। इसलिये (1) सृष्टी के रहस्य को बुध्दी के माध्यम से जानने की कोशिश व्यर्थ है। ईश्वर सृष्टी का निर्माता या पालनहार नही है। न ही ईश्वर किसी को उसके कर्मो के लिये पुरस्कार देनेवाला या दंडित करने वाला है। ईश्वर मात्र एक ऐसी चिज है जिस पर व्यक्ति एकाग्रता हासिल करने के लिये अपना ध्यान केन्द्रित कर सके। (2) ईश्वर इ॰ इसी मायावी दुनिया की बात है तथा उनका वास्तविक सत्य से कोई नाता नही है। (3) सालों तक कठोर उपवास, गुरु का आज्ञापालन इ॰ करके ध्यान से प्राप्त होने वाली अनुभुती ही सत्य है। (4) साधना या योग में किसी एक वस्तु पर अपना ध्यान केन्द्रित करके अपने मन को शरीर की सारी भौतिक इच्छाओं के अवरोधों से मुक्त करके अंततः समाधी की अवस्था में परमात्मा से एकरुप होकर उसे अनुभव होता है कि वह परमात्मा है। (5) आत्मा का खुद की परमात्मा के रुप मे पहचान करना ही मोक्ष की अवस्था है। मोक्ष के साथ ही वह जन्म मृत्यु के चक्र से हमेशा के लिये मुक्त हो जाता है। ब्राम्हणों ने चालाकी से परमात्मा इस शब्द का पर्यायवाची शब्द ''ब्राह्मण'' बनाकर उपनिषद के विचार प्रस्तुत किये है।

श्रामणों की योग दर्शन शाखा को मानने वालों का यह झूठा विश्वास है कि इस तरह अवरोधों से मुक्त आत्मा अत्यंत शक्तीशाली तथा चमत्कारी होती है। एक जगह से हजारो मील दूर पहुँचना, उडना, दिवारों के आरपार गुजरना इ॰ कई अलौकिक करिश्में कर सकती है। (p.541-551, Will Durant) हकिकत तो यह है की ध्यान की अवस्था में आत्मा, परमात्मा इ॰ ''काल्पनिक अनुभुतियों'' से योग, उपनिषदों को मानने वाले ब्राम्हण-श्रामणों में तरह तरह के भ्रम-विभ्रम और मानसिक विकृतियाँ निर्माण हुयी है।

डॉ. अम्बेडकर के मुताबिक कई {गलत} दृष्टीकोनों में यह सोच भी है कि बुध्द धर्म का सार समाधी या विपस्यना या विशेष ज्ञान प्राप्ती है। {ब्राह्मण-धर्म की} समाध ी ऋणात्मक है क्योंकि वह अस्थायी तौर पर दिमाग से अवरोधों को हटाती है। इसमें मश्तिष्क को कोई प्रशिक्षण नही मिलता। {बौध्द धम्म की} सम्यकसमाधी धनात्मक है क्योंकि वह हमें अच्छे कामों तथा सोच पर विचार करने और गलत कामों तथा गलत

विचारों को दूर करने में मदद देती है। (Dr. B.R. Ambedkar, Vol. 11, p. 225, 127)

बुध्द ने बहुजनों के दुखों को दूर करने के लिये सम्यक समाधी में तर्कपूर्ण ढंग से चिंतन मनन कर दुखों के उगम का (लालसा, आसक्ति और आलस) तथा उन्हे दूर करने के उपायों (प्रज्ञा, शील, करुणा और अष्टांग मार्ग) की खोज की है। बौध्द धम्म की सम्यक समाधी की शुरुआत हमेशा ही किसी न किसी समस्या को सुलझाने के लिये होती है। बुध्द ने युध्द के दुखद परिणामों को दूर करने समस्या के संभावित आधार को खोजने के लिये चिंतन मनन करना, उठे प्रश्नों पर औरों से चर्चा करके चिंतन मनन कर उनका तार्किक विश्लेषण करना, अनसुलझे सवालों को लेकर सभी जरुरी साहित्य पढकर दोबारा तार्किक चिंतन-मनन कर हल तक पहुंचना ही बुध्द की सम्यक समाधी है। बुध्द की सम्यक समाधी सृजनात्मक बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के उद्देश्यो को पूरा करने में मददगार तर्कपूर्ण चिंतन प्रक्रिया है। अपने सांसों को आते जाते देखने की व्यर्थ आत्मघाति क्रिया नही है। डॉ. अम्बेडकर ने 22 प्रतीज्ञाओं में से एक प्रतिज्ञा मै प्रज्ञा शील, करुणा इन बौध्द धम्म के तीन तत्वों के मुताबिक अपना जीवनयापन करुंगा। ऐसी है न कि प्रज्ञा शील समाधी। डॉ. अम्बेडकर ने समाधी की जगह करुणा शब्द का इस्तेमाल जानबूझकर किया है ताकि लोग विपस्यना इ. ब्राह्मणवादी ध्यान-पध्दति के शिकार न हो जाये।

लैंगिक-तंत्रयान वेदिक ब्राह्मणों की पध्दति है !

लैंगिक-तंत्रयान मूलतः वेदिक आर्यो की पध्दति है। वेदों में अश्वमेध यज्ञ करने, यज्ञ के दौरान खूलेआम लैंगिक संबंध कायम करने इ. बातों का प्रचलन था। आर्य स्त्री-पुरुष जानवरों के साथ लैगिक संबंध कायम करते थे। यहूदी भी आर्यो की ही शाखा है।

नीचे की ओर कोण वाले त्रिकोण को स्त्री योनि का प्रतिक माना जाता है और उसे शक्ति कहा जाता है। यहूदी शक्ति को शेकिना कहते है। जबकि उपर की ओर कोण वाले त्रिकोण को पूरुष लिंग का प्रतिक माना जाता है और उसे आग और शक्ता कहा जाता है। इन दोनों त्रिकोनों को मिलाकर छहकोणीय तारा बनता है जिसका इस्तेमाल तांत्रिकों व्दारा तांत्रिक ताकतों को जगाने के लिये किया जाता है।(Walker 1983, p.401-402) छह तारे का चिन्ह इजरायल के राष्ट्रध्वज पर है। लैंगिक तंत्रपूजा ब्राह्मणों तथा यहूदियों की देन है क्योंकि ब्राह्मण तथा यहूदी दोनों में ही अपनी महिलाओं के माध्यम से नाग-द्रविडों के राज-परिवारों में शिरकत करने की परंपरा है। आर्य-ब्राह्मणों ने अपने अथर्ववेद की घिनौनी तंत्रविद्या को मूलनिवासी नाग-द्रविडों की बताया है।

यज्ञ में भुने हुए माँस के साथ आर्य सोमा शराब पीते थे। यज्ञ के बाद जुँआ खेला जाता था और इसके साथ साथ ही सबके सामने खुले आम स्त्री पुरुष आपस में संभोग किया करते थे।(Dr,B.R. Ambedkar , Vol. 4 , P. 294, vol. 3, P. 174-175) राजवाडे के अनुसार यज्ञ का अर्थ एक जगह इकट्ठे होकर यभनक्रिया अथवा जनन क्रिया करना होता है। लोहयुग के पूर्व के आर्य रात को आग जलाकर इकट्ठा होकर मदिरा के नशे में उन्मत्त होकर यौनक्रिडायें करते थे। कोई भी पुरुष किसी भी स्त्री से संभोग कर सकता था, यही उस वक्त का धर्म माना जाता था। वे यौन संबंधी समस्याओं की चर्चा करते थे तथा वही गर्भधान करते थे इन सब बातों को ही यज्ञ कहा जाता था। (व्यंकटेश आत्राम, p. 153-154) सभी यज्ञ इस कल्पना पर आधारित है कि इस दौरान लैंगिक संबंध

(Maithunikarana) बनाने से आध्यात्मिक खुशी भी हासिल होती है। आर्थर अवॅलॉन (Arthur Avalon) ने शक्ति और शक्ता नामक तंत्रयान के ग्रंथ के हवाले से कहा है कि लैंगिक संबंध को अग्निहोत्रा यानि ठीक करने वाली अग्नि कहा गया है। यज्ञ के समय किये जाने वाले संभोग को पवित्र और अलौकिक माना गया है। इडा (औरत) कहती है कि अगर तुम यज्ञ के समय मेरे साथ संभोग करोगे तब मेरे जरिये जो भी कामनाएं तुम व्यक्त करोगे देवताओं व्दारा वे सब पूरी की जाएगी।(http://sacred-sex.org//Maithuna in Tantra Shastra and Veda.htm) चंदोग्या उपनिषद के अनुसार ऋषियों का नियम था कि संभोग की इच्छा करने वाली स्त्री के साथ यज्ञ स्थल पर सभी लोगों की उपस्थिती में खुले आम उस स्त्री से संभोग करते थे। इस नियम को धार्मिक मान्यता थी। पहले इस को 'वामदेव व्रत' के नाम से जाना जाता था। वामदेव व्रत 'वाम मार्ग' के नाम से जाना जाने लगा। (Dr B.R. Ambedkar, Vol. 4 , P. 298-299 ,300, 301)

अश्वमेध यज्ञ का एक रुप आयरीश लोगों की राज्याभिषेक प्रथा में है। इसमें राजसिंहासन पर आरुढ़ होने के पहले राजा को विधि पूर्वक एक घोडी के साथ संभोग करना होता है। इसके बाद उस घोडी की बलि देकर उसे पकाकर समारोह पूर्वक खाया जाता है। इस प्रथा का उदगम वेदों में है। वेदों के सरन्यु (Saranyu) व विवस्वात (Vivasvat) घोडों के रुप में संभोग कर अश्विनों को जन्म देते है। उपरोक्त धार्मिक विधि उसी का प्रतिक है। तैतिरिया संहिता (V:5:9) तथा अपस्तंभ श्राउता सुत्रा (Apastamba Shrauta Sutra, 21:17:18, etc.) में कुछ विशेष वेदिक विधियों में एक ब्राह्मण पूजारी मंदिर में छुपाई गई पम्चाली (pumchali, hierodule) के साथ मंदिर के गर्भगृह (altar) में संभोग करता है। यह प्रथा सुमेर तथा बॅबिलॉन की प्रथा जैसी प्रथा है जिसमें नये साल के उत्सव (Akitu) में राजा पवित्र वेश्या के साथ सीढीयों जैसे पीरॅमिड (stepped pyramid) के चबुतरे (ziggurat) पर संभोग करता है।(http://www.atlan.org//The Horse Sacrifice.htm)

ग्रीक दर्शनशास्त्री हेराक्लिटस ने ईसापूर्व छटवी शताब्दी में लैंगिकता से भरपूर बॅचॅन्टस् (Bacchants) विधियों के लिये मॅजियों को जिम्मेदार ठहराया है। मॅजि इस समारोह में लैंगिकता के देवता डीओनिसस (Dionysus) की प्रसंशा में लिंग से संबंधित श्लोक गाते है। वे गुप्तता से ऐसे समारोह आयोजित करते है और उसे गंदे तरह से मनाते है। उसे झोरोस्टर इन मॅजियों की कठोर शब्दों में भर्सना करते है। झोरोस्टर के धर्मग्रंथ यसना के मुताबिक झोरोस्टर ने यम के बैल बलिप्रथा की भर्सना की है जिसमें मादक पेय होमा पी कर लोग लैंगिक गतिविधियां करते थे।(http://www.thedyinggod.com/The Chaldean Magi A Library of Ancient Sources _ The Dying God.htm)

डॉ. डी. बी. स्पुनर (Dr. D. B. Spooner) के अनुसार शक्ति तंत्र-विद्या का उगम पर्शिया यानि ईरान में हुवा है। (चक्रवर्ती, p.47) तंत्रविद्या, जादुटोना मुख्यतः आर्य ब्राह्मण ों में थे। श्री चक्रवर्ती के अनुसार तांत्रिक कर्मकांड अथर्ववेद में है। वे सबसे पूराने माने गये ऋग्वेद में तथा अन्य वैदिक साहित्य में भी पाये जाते है। तंत्रविद्या का पुरस्कार करने वाले कई लेखकों ने तंत्रविद्या की हर विधि को वेदों में होने का दावा किया है। उनका मानना है कि तंत्रविद्या का उगम अथर्ववेद के सौभाग्यकांड से हुवा है। चक्रवर्ती के अनुसार यह मानना ही पडता है कि तंत्रविद्या के विकास की आधारशिला वेदों तथा वैदीक साहित्य में मौजूद है। अर्थहीन तथा विचित्र लगने वाले ''फट'' जैसे शब्द ऋग्वेद में बहुतायत में मौजूद है। धार्मिक कर्मकांडों से जुडी इन्द्रिय विलासिता भी वेदों में है।

सर्वमेध यज्ञ में मानव तथा सभी प्राणियों की बलि दी जाती थी। स्त्री देवताओं की पूजा (शक्ति-पंथ) भी वेदों में है। (चक्रवर्ती, p.10-13) आर्यो में स्त्री-पुरुष के जननेंद्रीयों को पूजने की प्रथा थी। अथर्व वेद के अनुसार ऐसा समुदाय उनके धर्म का ही धटक होकर उसे स्काम्भा के नाम से जाना जाता था। (Dr Babasaheb Ambedkar , Vol. 4 , P. 294-295) ब्राह्मणों ने तंत्रविद्या को पांचवे वेद के रुप मे स्वीकार करके तंत्रविद्या का विकास किया है। तंत्रविद्या में मदीरा, माँस, मछली, मुद्रा (गर्म भुने हुये अनाज के दाने), तथा मैथुन (संभोग) इन पांच ''म'' का पालन करना होता है। तांत्रिकों की नजर में वेदों का कोई महत्व नही था। उनकी नजर में वेद उस मामुली स्त्री की तरह है जो सभी को उपलब्ध है। तंत्र विद्या इज्जतदार स्त्री की तरह है। ब्राम्हणों ने तंत्रविद्या की कभी आलोचना नही की उल्टे तंत्रविद्या को पांचवे वेद के रुप में स्वीकार किया। मनुस्मृति के जाने माने समिक्षक (Commentator) कुलका भट का कहना है कि श्रृति दो प्रकार की है, एक वैदिक और दूसरी तांत्रिक। (Dr. Babasaheb Ambedkar Writing and Speeches, Vol. 4, P. 115) एम. एस. भट के अनुसार ऋगविधान में ऋग्वेद के मंत्रोच्चार इ॰ कर्मकांडों व्दारा जादुई परिणाम कैसे प्राप्त किये जा सकते है इसका वर्णन ऋगविध ान में दिया गया है। उनके अनुसार ऋगविधान ईसापूर्व 500-400 में लिखे गये। (भट, p.120) ब्राह्मणों ने अथर्व-वेद की तंत्रविद्या को पहले महादेव तथा बाद में बुध्द के नाम से प्रचारित किया। ब्राह्मणों के मुताबिक शिव ने पार्वती को तंत्रविद्या समझायी जिसकी तंत्रक्रियाओं को विष्णु की मान्यता थी। कुछ अध्यायों में शिव-पार्वती को और कुछ में नारद को तंत्रविद्या समझाते हुए बताया गया है। (चक्रवर्ती, p.25) जबकि संभु-पार्वती सबसे आखरी संभु है और उसके पूर्व के संभुओं में तंत्रविद्या का उल्लेख ही नही मिलता क्योंकि मूलनिवासी गोंड इ॰ आदिवासियों में मात्र निसर्ग और पूरखों की पूजा की प्रथा है। मूलनिवासी नाग-द्रविडों के साहित्य में तंत्रविद्या से संबंधित कोई ग्रंथ नही है। आर्य ब्राह्मणों ने ही निश्चित योजना के तहत अपने अथर्ववेद, ऋग्वेद की तंत्रविद्या को अपने व्यवसायिक स्वार्थ तथा कूटनीतिक हथियार के रुप में तंत्रविद्या का मूलनिवासियों में प्रचार-प्रसार किया है। बुध्द के धम्म को विकृत बनाने के लिये वेदों की तंत्रविद्या को बुध्द के नाम पर प्रचारित किया।

शैविजम की मातृ-पितृ शक्ति ब्राह्मणों के तंत्रयान से एकदम विपरित है !

दक्षिण भारत के गांवों में माता की पूजा आम है। मातृ-देवता के प्रति विश्वास अत्यंत प्राचीन द्रविड विश्वास है। सिंधु घाटी में प्राप्त कई मुद्राओं से यह स्पष्ट है कि हरप्पा के लोग देवी की पूजा में भी विश्वास रखते थे। बर्तनों पर मातृ-देवता की असंख्य आकृतियां है। वहां सीर पर सिंगो के मुकुट धारी मातृ-देवता की मूर्ति मिली है जिसके आगे सिंग का मुकुटधारी देवता घुटनों के बल बैठा है। चबुतरे पर जानवर भी है।

जगदीश नारायण तिवारी तथा दिलिप चक्रवर्ती के मुताबिक आरंभिक सिंधु संस्कृति में मातृकाएं पूजी जाती थी। ऐसे सिक्के मिले है जिन पर सात देवियां यानि सप्त मातृकाएं (seven divine mothers) है। महाभारत में उनका वर्णन काले रंग की, अजनबी भाषा बोलने वाली, सीमावर्ति क्षेत्र में स्कंद तथा उसके पिता शिव इ. गैर आर्य देवताओं के साथ रहने वाली ऐसा किया गया है। भट्टाचार्य के मुताबिक मातृसिधान्त सिंधु घाटी सभ्यता का महत्वपूर्ण अंग था। मातृशक्ति की संकल्पना नाग-द्रविड धर्म का अविभाज्य हिस्सा था।(http://en.wikipedia.org/Matrikas - Wikipedia, the free encyclopedia. htm)

सिंधु घाटी के लोग मातृ-देवता की पूजा करते थे जो उत्पादकता (fertility) का प्रतिक है। शिवलिंग से मिलते जुलते चिन्ह हरप्पा के अवशेषों से प्राप्त हुए है।(http://www.ancient.eu.com/Religious Developments in Ancient India (Article) -- Ancient History Encyclopedia.htm) सिंधु घाटी में असंख्य पुरुष और स्त्री लिंग की आकृतियां प्राप्त हुई जिनको शायद पूजा जाता था।(http://www.historytuition.com/Religion in the Indus Valley Civilization.htm) सिंधु घाटी में एक पूर्व शिव (proto-Shiva) जानवरों से घिरे पशुपति की ध्यानस्थ बैठी आकृति मिली है जिसका लिंग उत्तेजना की मुद्रा में (ithyphallic) सीधा खडा है जिससे ध्यानस्थ योगी के अंडकोष स्पष्ट नजर आते है। इस मुद्रा (M420) को सर जॉन मार्शल (Sir John Marshall) तथा उसके साथियों व्दारा हासिल किया गया है। इस तांत्रिक योग की मुद्रा से लैंगिक शक्ति को आध्यात्मिक शक्ति में बदला जाता है।(http://www.ancient.eu.com/Religious Developments in Ancient India (Article) -- Ancient History Encyclopedia.htm)

ब्राह्मण-ग्रंथों में शिव का उल्लेख अलग अलग कालखंडों में किया गया है। ब्राम्हण देवता विष्णु के कई अवतारों के कालखंडों में भी शिव का उल्लेख है। इस से स्पष्ट है कि शिव यह संस्कृति तथा पदवी दोनों का प्रतिक रहा है। मुजीब के अनुसार मोहेंजोदारो तथा हरप्पा में मातृशक्ती (Mother God) तथा शिव के प्राचिन स्वरुप की पूजा होती थी। (p.42,48, M.Mujeeb, 1960) शिव संस्कृती के संरक्षक नंदी जमात के गण होते थे।

मान॰ शीतल मरकाम के अनुसार आदिवासियों की अत्यंत प्राचिन ''शिव'' संस्कृति और सामाजिक व्यवस्था थी। शिव संस्कृति गणतंत्रीय व्यवस्था थी। आदिवासी-धर्म के आद्यपुरुष पारिकुपार लिंगो ने सल्ला गांगरा (मातृशक्ति और पितृ शक्ति) पूजा कायम की। मूलनिवासियों को सम और विषम गोत्रों में विवाह करने की व्यवस्था दी। परिकुपार लिंगो ने आदिवासियों के बीच शिव की जनतांत्रिक गण प्रणाली को मजबूत करने का काम किया। शिव संस्कृति के गणप्रमुख राजा ''शंभु'' (शंभुशेक) यह पदवी धारण करते थे। शंभु पदवी धारण करने वाले गण-प्रमुख हजारों हुये है। पचमेढी गणराज्य में ही 88 शंभु हुये। मान॰ चंद्रलेखा कंगाली के अनुसार सभी संभु अपनी पत्नी के नामों से जाने जाते है। सबसे पहले संभु ने मेलकोट की कन्या मुलादाई से विवाह किया इसलिये उसे संभु-मुला कहते है। संभुओं में संभु-मुला, संभु-गोंदा, संभु-मुरा, संभु-सय्या, संभु-रमला, संभु-बीरों, संभु-रय्या, संभु-अनेदी, संभु-ठम्मा, संभु-गवरा, संभु-बेला, संभु-तुलसा, संभु-उमा, संभु-सती, संभु-आमा, संभु-गीरजा, संभु-सनी, संभु-पार्वती इ॰ अनेक संभु हुये है। (चंद्रलेखा कंगाली, p.33) ऋग्वेद में वर्णित ''शंबर'' यह गोंड गणों के आद्य अधिपती तथा मूल सेनापति, कैलासपति ''संभु'' है। (व्यंकटेश आत्राम, p.20) संभु-पार्वती अंतिम संभु है।

ब्राह्मणों का वेदिक धर्म श्रमण परंपरा का दूश्मन रहा है !

मॅकडॉनेल तथा केथ के मुताबिक वेदिक काल में श्रमण मुनियों को आर्य भली भांति जानते थे और उनसे नफरत करते थे। ब्राह्मणों के साहित्य में इंद्र को यतियों यानि श्रमणों का दुश्मन करार दिया गया है। सतपथ ब्राह्मणा (IX.5.2.15) में मुनियों का उल्लेख किया गया है। पंकविमसा ब्राह्मणा (XIV.4,7) में एक 'मुनि-मरण' (ascetic's death) नामक जगह का उल्लेख है जहां वैखनसा मुनियों की हत्याएं इंद्र के लोगों ने की थी। इंद्र व्दारा यतियों को मार डालने का उल्लेख है। ऋग्वेद (VIII.3.9) के मुताबिक इन्द्र यतियों-मुनियों के प्रति बडा हिंसक था। तैतरिया संहीता (II 4.9.2; VI.2, 7, 5) तथा अन्य

ग्रंथों में इंद्र ने यतियों को मार कर भेडियों इ. जंगली जानवरों के आगे फेंक दिया। श्रमण मुनियों के लिये वैखनासा शब्द का भी इस्तेमाल किया गया है। वैखनासा को मुनि कहा जाता था यह बात पंकविमसा ब्राह्मणा (XIV.4.7) से स्पष्ट है जो मुनियों के हत्याकांड के बारे में बताता है। यजुर्वेद (वजसानेयी संहीता, XXX.8) में पुरुषमेध यज्ञ में व्रत्या (vrtya) की बलि चढाये जाने का उल्लेख है। स्पष्ट है कि व्रत्या आर्य नही थे। (Brahmanism, Buddhism, and Hinduism.. by Lal Mani Joshi)

जैन और बौध्द धम्म सिंधु घाटी सभ्यता के मुख्य धर्म थे !

क्रिस्टोफर की चॅपेल (Christopher Key Chappel) के मुताबिक सिंधु घाटी सभ्यता में तीन या चार चेहरे वाले ध्यानस्थ लोगों की मुद्राएं मिली है। जैन प्रतिक चिन्हों में हमेशा तीर्थकरों को चार चेहरों वाले दर्शाया गया है जिसका मतलब उनका अस्तित्व चारों दीशाओं में है। काफी तादाद में सांड की आकृती सिंधु घाटी की वस्तूओं में मिली है। लॅनाय (Lannoy), थॉमस मॅकइविले (Thomas McEvilley), तथा पदमनाभ जैनी के मुताबिक भारी तादाद में सांड की आकृतियां मिलना जैन धर्म के ऋषभ से उनका संबंध दर्शाता है। ऋषभ का साथी जानवर भी सांड है।(http://en.wikipedia.org/Indus Valley Civilization - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) सिंधु घाटी के मोहेंजोदारो और हरप्पा में मिले स्वस्तिक चिन्ह भी जैन धर्म में आम है। स्वस्तिक चिन्ह का अर्थ खुशहाली है। यह चिन्ह उन आठ पवित्र चिन्हों में से एक है जो Ayagapatas यानि प्राचीन जैन शिल्पों पर पाये जाते है। इन आठ पवित्र चिन्हों को अष्टमंगल कहा जाता है। सिंधु घाटी में जो नग्न खडे लोगों की तस्वीरें मिली है वे प्राचीन जैन शिल्पों से मिलती है।(Evolution of the Shramanic Jainism, Religions in the Indic Civilisation By Bal Patil)

सिंधु घाटी सभ्यता में ध्यानस्थ अपने सिर पर जो पहनते है वह बुध्दिस्ट चिन्ह त्रिरत्न जैसा है। यह चिन्ह ब्रहुत और सांची की कलाकृतियों में भी है। एक आकृति में ध्यानस्थ जटाधारी का कपडा बायें कंधे पर है, दायां कंधा और हाथ खुला रखा गया है जो बुध्दिस्ट भिख्खु की पध्दति है। शायद यह अत्यंत आरंभिक श्रमण भिख्खु का प्रकार है। नागों की आकृतियां भी है। नाग बौध्द परंपरा से संबंधित है।

बौध्द साहित्य में सीध्दार्थ गौतम बुध्द के पहले 28 बुध्द होने की बात कही गयी है तथा उनके नाम दिये गये है। ब्राम्हण लेखकों ने जानबुझकर इन बुध्द पुरुषों को सीध्दार्थ गौतम बुध्द के पूर्व-जन्मों के रुप में प्रस्तुत किया है। जैन धर्मग्रंथों में कुल 24 तिर्थकर है। (Swapan K. Biswas,P.35,39,42) बौध्द और जैन श्रमणों की भाषा व संस्कृति में बहुत अधिक समानता होने से जैन तिर्थकरों को भी पूर्व बुध्द माना गया है। भागचंद्र जैन के अनुसार पूर्व बुध्दों के नाम और उनकी संख्या पर जैन मत का प्रभाव पडा। मिसाल के लिये दूसरे तिर्थकर अजित का नाम पक्केकाबुध्द (paccekabudha) को दिया है जो 91 कल्प पहले रहता था। कस्यप बुध्द के काल के वेपुल्ला-पवत्ता (Vepulla-pavvata) को सातवे तिर्थकर सुपस्सा (पाली में) अथवा सुपर्सवा का नाम दिया गया। उस काल में राजगृह के लोगों को सुप्पीया (Suppiya) अथवा सुपस्सा के अनुयायी माना जाता था। छठवे तिर्थकर पदमा अथवा पदुमा (Padma or Paduma) का नाम आठवे बुध्द का है। भागचंद्र जैन ने बौध्द और जैनों के बीच की समानताओं के उदाहरण पेश किये है। (भागचंद्र जैन भास्कर, पेज 23) मौर्य काल में बौध्द धम्म ब्राह्मणों के कर्मकांडों, बलि प्रथा का सबसे बडा विरोधी था। उसने ब्राह्मणवाद को लगभग खत्म कर दिया था। उस

समय सिंधु घाटी के राज्य अपने विकास के चरम दौर में थे। सिंधु घाटी के उत्खनन से यह पता चलता है कि हर शहर में एक बौध्द स्तुप था। सिंधु घाटी में धम्मचक्र भी बडी तादाद में हासिल हुए है। एक शहर में सीर विहीन बुध्द की मूर्ति भी पायी गई। ऐसी मुद्राएं मिली है जिसमें पिपल के पेड की पूजा की जा रही है। संपूर्ण सिंधु घाटी बौध्द राज्य बन चुका था।(http://rupeenews.com/Why did Buddhism disappear from South Asia Brahmin atrocities that destroyed Buddhism in the Subcontinent _ Rupee News.htm)

बौध्द धम्म के प्रभाव से उपनिषदों में बलि इ॰ कर्मकांड का विरोध तथा ब्राम्हण पूजारियों की आलोचना है। उपनिषदों ने वेदों को अपने से हीन और वेदों का विरोधी माना है। ब्राह्मण जो पहले उपनिषदों के विरोधी थे अंततः बदरायन के जरिये उपनिषदों का वेदों के अनुकुल स्पष्टीकरण करके ''वेदान्त'' यह नाम देकर ब्राह्मणवादी धर्म-ग्रंथों के रुप में मान्यता दे दी। जबकी वेदान्त उपनिषदों को नही बल्कि कुछ अरण्यकाओं को कहा जाता था।(Dr. Babasaheb Ambedkar, Vol. 4, P. 63) वेद और ब्राह्मणाज का समावेश कर्मकांड में तथा अरण्यकाज और उपनिषदों का समावेश ज्ञानकांड में होता है।

वैदिक साहित्य का मनमाने ढंग से विकास होने से उनमें सूसुत्रता लाने के उद्देश्य से ''मीमांसाओं'' का निर्माण किया गया। जेमीनी ने कर्मकांड तथा बदरायन ने ज्ञानकांड की मीमांसा लिखी है। इनकी मीमांसा को ब्राम्हण प्रमाण मानते है। जेमीनी के सुत्रों को ''मीमांसा सुत्र'' तथा बदरायन के सुत्रों को वेदान्तसुत्र (वेदोंका सारांश) के नाम से जाना गया है। (P. 247, Dr. Babasaheb Ambedkar Writing and Speeches Vol. 3,) वेदान्त सुत्र (ज्ञानकांड) को लिखने का काम बुध्दीजम के उदय के बाद ही हुवा है क्योंकि इनमें अप्रत्यक्ष रुप से बुध्दीजम का संबंध प्रदर्शित होता है। इनका मनु ने उल्लेख किया है इसलिये यह स्पष्ट है कि वेदान्तसुत्र मनु के पहले लिखे गये है। प्रोफेसर केथ (Keith) के अनुसार वेदान्त सुत्रों को लिखने का काम इसवी सन 200 के लगभग हुवा है। प्रोफेसर जॅकोबी के अनुसार वेदान्त सुत्र लिखने का काम 200 से 450 इसवी तक किया गया है। (P. 249, Dr. Babasaheb Ambedkar Writing and Speeches Vol. 3)

भारत में नाग-द्रविडों के श्रमण परंपरा के साम्राज्य !

नाग-द्रविड भारत के मूलनिवासी है !

आर्य विदेशी आक्रमणकारी है जबकि नाग-द्रविड भारत के मूलनिवासी है। नाग बहुत प्राचीन समुदाय है। दास और नाग एक ही समुदाय है। दास यह नागों को दिया हुआ दूसरा नाम है। दास यह शब्द मूल इंडो-इरानियन शब्द 'दहाका' का संस्कृत में रुपांतरण है। दहाका नाग सम्राट का नाम था। 1) ऋग्वेद में नागों का उल्लेख है। 2) नाग विकसित सभ्यता के लोग थे। भारत के अधिकांश हिस्से पर उनका राज था। 3)

आंध्रदेश तथा उसके पडौसी प्रांत भी आरंभिक क्रिश्चन इरा में नाग साम्राज्य के मातहत थे। सम्राट सातवाहन तथा उसके उत्तराधिकारी चुतु कुलु सातकर्णीयों में नाग रक्त था। 4) द्रविड तथा नाग यह एक ही समुदाय के दो विभिन्न नाम है। 5) द्रविड यह शब्द तमिल शब्द का संस्कृत में हुआ अपभ्रंश है। तमिल शब्द संस्कृत में पहले दमिल तथा बाद में द्रविड बना। द्रविड भाषा का नाम है। 6) आर्यो के आने से पहले नाग लोगों की भाषा तमिल या द्रविड भाषा समूचे भारत भर कश्मीर से लेकर केप कॅमोरीन (Cape Camorin) तक में बोली जाती थी।(Dr. Ambedkar, "The Untouchables", pp. 56, 58, 59, 63, 66, 75)

हरप्पा के भी पहले अत्यंत प्राचिन काल में नाग संस्कृती का विस्तार ईरान तक था। नाग राजा अत्यंत शक्तीशाली और साहसी होते थे। उनके सिंहासन के पिछे नाग का फन होता था। इसी से यह कहावत बनी है कि जिसके सिर पर नाग का फन होता है वह अत्यंत पराक्रमी होता है उसे कोई परास्त नही कर सकता। नागों के एकछत्र वर्चस्व के कारण ही कहा गया है की सारी पृथ्वी नाग के फन पर टिकी है। बच्चों के सिर पर आर्शिर्वाद के रुप में हथेली रखने का अर्थ नागवंशीय सम्राट की तरह पराक्रमी होने की कामना दर्शाना है।

वैदिक आर्यो ने शांति प्रिय श्रमणों के क्षेत्रों पर अधिकार किया था जबकी बाकी मूलनिवासी नाग-द्रविडों के राज्य सही सलामत थे और आर्यो की हिंसा का जवाब प्रतिहिंसा से देने में माहिर थे। आदिवासी नाग शक्ति का आर्यो से कठोर संघर्ष हुवा। आर्य जहाँ भी गये नागों ने आक्रमणकारी आर्यो पर बदले की कार्यवाईयां जारी रखी।

मान॰ शीतल मरकाम के अनुसार वैदिक विदेशी आर्य ब्राह्मणों ने आदिवासियों पर अपनी पुरोहिती प्रस्थापित करने की कोशीश की। इसलिये परिकुपारलिंगो ने पशु के बजाय ब्राह्मणों की बलि ''सल्लागांगरा'' शक्ति को चढाने का आदेश दिया। तबसे आदिवासी ''सल्ला गांगरा'' को ब्राह्मणों की बलि चढाते रहे है। मूलनिवासी नाग अपने पर हुये हमले का प्रतिशोध लेकर ही दम लेते थे। इसलिये ब्राह्मणों ने नागों के बारे जो कहावतें बनायी वे आज तक कायम है। आज भी यह विश्वास पाया जाता है कि नाग को छेडना ही नही चाहिये। उसे छेड दिया तो जीन्दा नही छोडना चाहिये अन्यथा वह अपना प्रतिशोध हर हाल में पूरा करता है। यह कहावत आर्य ब्राह्मणों ने साँपों के लिये नही बल्कि मूलनिवासी द्रविड-नागों के बारे में बनाई थी। जब भी ब्राह्मणों ने दक्षिण में बढना चाहा तब तब नागों के हाथों पराजय का सामना करना पडा और तरह तरह की मुसीबतें झेलनी पडी। इसी वजह से ब्राह्मण दक्षिण दीशा को अपवित्र तथा हानिकारक मानते है।

नागों के बढते प्रभाव के कारण ब्राह्मणों ने मजबुरन कई परिवर्तन किये जैसे ऋषियों, देवों की अनैतिकता का अनुकरण सामान्य लोगों ने नही करना चाहिये; दिर्घतमा ने बहूपति विवाह बन्द कराये, नियोग के नियमों को नैतिकता के अनुरुप बनाया। बाप–बेटी, भाई–बहन, माँ–बेटा, दादा–पोती इ॰ के विवाहों, लैंगीक संबंधो पर रोक लगायी गई। गुरु की बीबी से लैंगीक संबंध को घोर पाप माना गया। जुँयें पर नियंत्रण लगाया गया। (Dr. Babasaheb Ambedkar, Vol. 4, P. 304-306) कलियुग आम जनता के बेहतरी तथा

ब्राम्हणों की शोषण-व्यवस्था के लिये नुकसानदेह था। मनु के अनुसार धर्म की रक्षा करने में असमर्थ राजा कली है। आर्य ब्राह्मणों के राजा ब्राह्मणधर्म की रक्षा करने में असमर्थ थे क्योंकि नागों का राजनीतिक रुप से जबर्दस्त पुनरुत्थान हो रहा था। नाग समुदाय ने तक्षिला पर अपना अधिकार प्रस्थापित किया। नागों ने हस्तिनापुर पर आक्रमण करके पांडवों के पोते परिक्षीत दुसरे को मार डाला। परिक्षित के पुत्र तिसरे जनमेजय से भी नागों का युध्द हुवा लेकिन वह नागों को परास्त नही कर पाया। जनमेजय का काल 1150 इसापूर्व माना गया है। नागों के लगातार आक्रमणों के कारण तथा गंगा की प्रलयकारी बाढ के कारण कुरु हस्तिनापुर छोडकर अलाहाबाद के पास कौसान्द्री में चले गये। नागों ने काशी में अपने बलाढय साम्राज्यों की स्थापना की। काशी के राजा वैदिक धर्मप्रथाओं के विरोधी होने का उल्लेख शतपथ ब्राम्हणा में आया है। नागवंशीय पार्श्वनाथ का काल महावीर के 200 साल पहले का यानि इसापुर्व 9 वी शताब्दी का माना गया है। (एच. एल कोसारे, p.87-89) नाग-संस्कृति में स्त्रियाँ राज्य की प्रमुख होती थी।

इसापुर्व सातवे शतक तक लगभग सभी वैदीक आर्य राजाओं के साम्राज्यों का पतन होकर वे नष्ट हो चुके थे। प्राचिन काल में भारत ने जो गौरव हासिल किया उसका सारा श्रेय भारत के मूलनिवासी द्रविड-नागों को ही जाता है। मूलनिवासी नाग लोग ही वह लोग है जिन्होने दुनिया में भारत को महान और गौरवशाली बनाया है।

भारत के इतिहास की महत्वपूर्ण घटना यानी मगध साम्राज्य का उदय होना है। इसापूर्व सातवी शताब्दी में राज्यक्रांती होकर काशी के नागवंशीय राजा शिशुनाग (शीशुनाक) को मगध के सिंहासन पर बिठाया गया। सीसुनाग (642 B.C.) को मगध राज्य के संस्थापक के रुप में जाना जाता है। शिशुनाग के पश्चात बुध्द के समकालिन बिंबीसार नागवंश के राजा हुये। नाग वंश के पाँचवे राजा बिंबीसार के शासन में वह विशाल साम्राज्य में बदल गया। उन्होने बौध्द धर्म अपनाया था।

बुध्द (इसापुर्व 563-483) के जन्म के पहले भारत कई छोटे बडे सोलह साम्राज्यों में विभाजित था। ये साम्राज्य थे अंग, मगध, काशी, कोसल, व्रिजी, माला, चेदी, वातसा, कुरु, पांचाल, मत्स्य, सौरसेना, अस्मका, अवंती, गांधार, तथा कम्बोज। डॉ. अम्बेदकर के अनुसार इन संघों, गणों में या तो प्रजातंत्र था या फिर कुछ महत्वपुर्ण परिवार मिलकर राज्य को चलाते थे। सिध्दार्थ गौतम के जन्म के समय राजा बनने की बारी उनके पिता शुध्दोधन की थी। (Dr. Ambedkar, vol. 11 , p. 1) बुध्द जिस शाक्य कुल के थे उनकी भूमि गणभूमि थी। भूमि शाक्य गणों की सामुहिक भूमि मानी जाती थी इसलिये राजा होने के बावजुद भी उसे खेती के काम मे मदत करनी पडती थी। (एच. एल कोसारे, p.134])

श्री वर्णेकर तथा जगदिश कश्यप के अनुसार गौतम बुध्द मोरीय वंश के थे।(व्यंकटेश आत्राम, p.56) जे. एफ. हेविट के अनुसार गौतम बुध्द की माँ माया कपिलवस्तु के पूर्व का प्रदेश ''कोईया'' इस कोलारियाँ गांव की निवासी थी। कोई, कोया, कोईया, कोईतुर इनका अर्थ गोंड समाज होता है। इसलिये गौतम बुध्द की माता माया गोंड समाज की थी। गोंडो में साल वृक्ष को अपना कुलदेवता मानकर पूजा जाता है। गोंड स्त्री के प्रसुती में अडचण पैदा होने पर उसे साल वृक्ष का पानी पिलाया जाता है। माया व्दारा सालवृक्ष की डाल पकडकर गौतम बुध्द को जन्म देने की बात से भी उनके गोंड होने का संकेत मिलता है। गोंड समुदाय ही प्राचिन काल से ही पिपल वृक्ष को अत्यंत महत्व देता है। गोंडों के शहर मोहेंजोदारो हरप्पा में भी पिपल पत्तें के चित्र, मुद्रा इ॰ प्राप्त हुये है। गोंड चिंतक पिपल के नीचे साधना करते है। बुध्द को भी पिपल वृक्ष के नीचे ही ज्ञान-अंर्तदृष्टी

(insight) प्राप्त हुयी। शिल्प चाहे व्दार के हो या गुम्बदनुमा वे पिपल के पत्ते की कमान जैसे होना बौध्द धर्म की विशेषता है। बुजुर्ग, श्रध्देय पुरुषों के शरिर के अवशेषों पर बने शिल्प को चैत्य कहते है। बौध्द धर्म में पिपल की तरह चैत्यों के महत्व का मूल भी गोंडी संस्कृती से आया है। हंसमुख सांकलिया के अनुसार गोंड राजा रावण ने चैत्यों का निर्माण किया। व्यंकटेश आत्राम ने पाली साहित्य का हवाला देकर गौतम बुध्द को गोंड मोरिया समुदाय का सिध्द किया है। (व्यंकटेश आत्राम, p.69-88)

गोंड समाज में जीवित व्यक्ती वेण अवस्था तथा मृत व्यक्ति पेन अवस्था में माना जाता है। वेनगोदा (वैनगंगा), पेनगोदा (पैनगंगा) और पेन्कढोडा नदियाँ आदिवासी गोंड सभ्यता की प्रतिक है। मान॰ लटारी कवडु मडावी के अनुसार आदिवासियों में शिव, महादेव, मोठादेव, बडादेव, बुढापेन, फडापेन, बडापेन, पेरसापेन इ॰ पेन की पूजा होती है। पेन का संबंध गणों से है। बुढापेन, फडापेन यह आदिवासियों का आद्य गणपुरुष है। आदिवासी शेर के गले के बाल (आयाळ), लोहे की सलाख, घुंघरु इ॰ वस्तूओं को महुये अथवा साल वृक्ष पर रखते है। साल में एक बार उनकी पूजा करते है। आदिवासी संस्कृति में महुये तथा साल वृक्ष को अत्यंत महत्व है। लटारी मडावी के अनुसार पेड-पौध ों के नामपर आदिवासी परिवारों के नाम है : - सलामे (साल वृक्ष), तुमडाम (टेंबुर का पेड), कवरती (करवंद का पेड), आहके (ककडी), अटराम (धव वृक्ष) इरपाची (महुआ वृक्ष), गेडाम (वृक्ष का तना), रा (ताड) घोडाम (कढी-पत्तेका पेड) जुग्गाम (जुगई पेडों कि झाडी), कुसराम (कुसर घास), कटराम (कटहल वृक्ष), लवाटी (लवाटी घास), मरसकोले (कुल्हाडी का दंडा), पुंगाम (फुल), पुसाळी (मुंब का पेड), सलाम (साल वृक्ष), सित्ताम (सीताफल का पेड), सुरपाम (ताड वृक्ष का पत्ता), ताडाम (ताड वृक्ष), तुमडाम (तुमडी टेंबुर), तुलाबी (तुलसी, तेलसी (तुलसी), ताराम (तुरास-सर्प), उईके (साजावृक्ष), उर्याम (उंचा अशोका वृक्ष), येवनाती (येन का पेड), मरकाम (आम का पेड), पोयाम (पोय का पेड), वेलादी (वाल का पौधा), कुमडा (कुमडा), उसीप्रकार पक्षी-प्राणीयों के आधार पर बने नाम है :- कोडाम (कोंदा या बैल), कुलसंगे (हिरण), कोडवते (बैल), कुरपाची (कुर-कांबडी), केवा, कोवे, कावाची (लाल बंदर), मलगाम (मोर), मिनगाम (मछली), नेताम (कुत्ता), पिट्टो (गोरैया), पेन्दाम, पेन्दोर (सुअर), सयाम (सारसकृ, वाडीवा (कठफोडा), येरमे, येडमी (भैंस), कोल्हीया 7 देवे (लोमडी), अल्लाम (चुहा), कोडापे (बैल), सिराम (बिल्ली), तोतला (तोता), ताराम (तरास-सर्प), वरखडे (जंगली बील्ली) (बहुजन नायक, नागपुर दि. 22 एप्रेल 2001) गोंडवाना मुक्ति सैनिक दल के सरसेनापती मान॰ शितल मरकाम के अनुसार आदिवासियों को उपरोक्त वृक्षों ओर पशु-पक्षियों के संरक्षण की जीम्मेदारी होने के कारण ही उनके ये पारिवारिक नाम पडे है। जैसे मरकाम इनका नाम आम का पेड दर्शाता है। मरकाम समुह को आम खाना मना है। वे आम की लकडी का भी उपयोग नही कर सकते। गण-व्यवस्था के अंतर्गत जीस गण को जीस चिज की रक्षा या पैदावार का काम दिया गया था वे उस चिज का उपभोग नही कर सकते थे। यह आदिवासियों की गण-व्यवस्था की कर्तव्य-निष्ठा को दर्शाती है।

बुध्द के काल में नागों की मातृसत्ता पध्दती कितनी सशक्त थी इसका अन्दाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की ब्राम्हण भी अपने नाम माँ के नामपर ही रखने लगे थे जैसे बुध्द का शिष्य रुपसारी का पुत्र सारिपुत्त ब्राम्हण, मोगली का पुत्र मोगलिपुत्त इ॰।

कई आर्य-ब्राह्मणों ने खुद को श्रमण विचारों का जतलाकर श्रमण मत में भ्रम निर्माण करने की पुरजोर कोशिश की है। ऐसे ब्राम्हणों और उनके मतों को बुध्द साहित्य में

''ब्राह्मण-श्रमण'' तथा मिथ्यादित्ती कहा गया है। बुध्द ने ऐसे 62 मतों को मिथ्यादित्ती यानी गलत-मत करार दिया है। ब्राह्मणों को श्रमणों के भेस में मूलनिवासियों की टोह लेकर उनकी जासूसी करना आसान था। ब्राम्हणों को यह डर बना रहता था कि मूलनिवासी उनपर आक्रमण न कर दे। इसलिये शायद आर्य अपनी हथेली को नाग के फन की तरह उँचा करके जाहिर करते थे कि वे शक्तिशाली नाग जाति के मित्र है। ताकि नाग जाति उन्हे अपना शत्रु समझ कर हमला न कर दे। उस काल में हथेली को नाग की तरह फैलाने का मतलब खुद को आदिवासी द्रविड-नाग जाति का समर्थक दर्शाना था यही तर्कसंगत है। बाद में इसे ब्राह्मणवादियों ने आशिर्वाद के रुप में प्रचारित किया।

ईसापूर्व सातवी शताब्दी में बुध्द के पहले महाभारत की तमाम क्षत्रिय वांशीक साम्राज्य तबाह, बर्बाद और नष्ट हो चुके थे। नागों ने तक्षिला, पातालपुरी, उद्यानपुरी, पदमावति, भोगपुरी, नागपुर, अंग या चांपा, क्षेत्रों में तथा लिच्छवी, माला, मोरीया इ. अपने गणराज्य राज्य कायम किये थे। ब्राह्मणों के साहित्य में लिच्छवी, माला, मोरिया इ. व्रत्या लोगों के यानि मूलनिवासी नाग-द्रविडों के साम्राज्यों का उल्लेख है। उनकी सांस्कृतिक तथा व्यवहारिक भाषा प्राकृत थी। वे ब्राह्मणों का सम्मान नही करते थे, बल्कि वे अरहंतों का सम्मान करते थे और चैत्यों की पूजा करते थे।(http://histhink.wordpress.com/ Adivasis Were Buddhist Naagas K. Jamanadas _ HISTHINK!.htm) ईसापूर्व 1000 वर्ष पहले की कलाकृतियों में भी नाग समुदाय के आदमी-औरतों को उनके सीर अथवा कमर पर फन वाले नागों को दिखाया गया है। ईसापूर्व 500 वर्ष पहले नाग द्रविडों के 16 गणराज्य थे जिन्हे महा जनपद कहा जाता था। इन गणतंत्रों का विस्तार संपूर्ण गंगा के क्षेत्र, अफगानिस्तान, बंगाल तथा महाराष्ट्र तक था। आर्यो के आने के पहले भारत नाग-भूमि था। उसकी संस्कृति नाग संस्कृति थी। जब नागवंश के राजा अज्ञातशत्रु मगध में राज करते थे उस वक्त ईसापूर्व 623 में बुध्द का जन्म हुआ। बुध्द खुद भी नागवंशी थे। कश्मीर में नाग लोग बसे थे जो बाद में बौध्द बने।(Kashmir Problem Has Origin In Fall Of Buddhism Dr. K. Jamanadas, /Kashmir Problem Has Origin In Fall Of Buddhism.htm)

फर्ग्युसन के मुताबिक सर्प पूजा तुरानियन लोगों की विशेषता है। सर्प-पूजा वेद तथा बायबल के तत्वों से पूरी तरह से विपरित है। भारतीय परिपेक्ष में तुरानियन से उनका तात्पर्य नाग-द्रविड लोग है। वेदों की तरह झेंड अवेस्टा में भी जिक्र है कि आर्य कभी भी कहीं भी सर्प पूजक नही रहे है। फर्ग्युसन के मुताबिक प्राचीन समय से ही कश्मीर सर्पपूजा का केन्द्र रहा है। चीनी प्रवासी ह्यूएन त्सांग के मुताबिक काबुल से कश्मीर तक सर्पपूजा होती थी। नाग लोग बाद में बुध्दीस्ट बने। अबुल फजल की आईने अकबरी के मुताबिक कश्मीर में सन 1556-1605 के दौरान 45 शिव के मंदिर, 65 विष्णु के मंदिर, 3 ब्रह्मा के मंदिर, 22 दुर्गा के मंदिर थे जबकि नाग के मंदिरों की तादाद 700 थी।(Fergusson, p. 47; http://histhink.wordpress.com/Adivasis Were Buddhist Naagas K. Jamanadas _ HISTHINK!.htm) कश्मीर में कई जगहों के नामों के बाद नाग यह शब्द लगाया जाता है जैसे कि अनंतनाग, शेषनाग, नीलनाग, नागाबाल, कोकरानाग, सुखनाग इ.।

वृक्षों को नाग देवता के नाम से पूजा जाता रहा है। वेदों में वृक्षपूजा का कहीं भी उल्लेख नही है। दिध्घ निकाय में किसी भी वृक्ष देवता का नाम नही है क्योंकि वृक्ष को सर्प देवता माना जाता था। वृक्षों की खोह में सांप पाया जाता है। कहा जाता है कि वे अपनी इच्छा से कोई भी रुप धारण कर सकते है। रीस डेविस के मुताबिक बौध्द धम्म

के विकास के वक्त सर्पपूजा का उत्तरी भारत में महत्वपूर्ण स्थान रहा है।(Rhys Davids, "Buddhist India", p. 232) मार्शल, मॅके (Mackay), पिगॉट (Piggot) तथा व्हिलर के मुताबित भारत के प्राचीन धार्मिक विश्वासों तथा परंपराओं का मूलाधार सिंधु घाटी सभ्यता में है। मसलन हिरण, बाघ, हाथी, सांड, तथा राइनोसेरोस तथा सांप इ. महत्वपूर्ण जीव जो मोहेन्जोदारो और हरप्पा की कला वस्तुओं में दिखाई देते है उनका बौध्द कला में महत्वपूर्ण स्थान है। पवित्र माने गए वृक्ष जैसे कि Ficus religiosa तथा पिपल वृक्ष का धार्मिक महत्व है। बौध्दों में यह बोधी वृक्ष का प्रतिक है।

त्रिशुल में बीच की नोंक बडी होती है क्योंकि उसका इस्तेमाल हथियार के तौर पर किया जाता है। इसलिये त्रिशुल का दंडा लाठी की तरह लंबा होता है। लेकिन बौध्द चिन्ह त्रिरत्न जो बुध्द, धम्म तथा संघ है में गोलाकार होता है। बीच की नोक छोटी होती है। इस चिन्ह में कोई हँडल नही होता। यह चिन्ह बुध्द मूर्ति या बुध्द तस्वीर की छाती पर भी अंकित होता है। इस चिन्ह को ब्राह्मणों ने विष्णु की तस्वीरों में लगाना शुरु किया।

डॉ. अम्बेडकर ने सन् 1956 में लाखों दलितों को बौध्द धम्म की दीक्षा नागपुर में दी क्योंकि नागपुर नागों की भूमि है। नाग हमेशा से ही बौध्द धम्म के है। बौध्द भिख्खु को सम्मान से 'नाग' संबोधित किया जाता था।(http://histhink.wordpress.com/Adivasis Were Buddhist Naagas K. Jamanadas _ HISTHINK!.htm) बुध्द खुद नागवंशी थे। ब्राह्मण उन्हे व्रत्या क्षत्रिय कहते थे। नालंदा नाम नालंदा नाम के नाग पर पडा है। तक्षक इतिहास में प्रसिध्द नागवंश है।

नागों में सामाजिक समानता को महत्पूर्ण स्थान था। बाशाम (Basham) के मुताबिक प्राचीन तमिल साहित्य में कहीं भी जाति शब्द का उल्लेख नही है। इससे स्पष्ट है कि सातवहन के राज में कोई जाति-व्यवस्था नही थी। संगम साहित्य का काल तीसरी शताब्दी है। दक्षिण भारत में कई छोटे-बडे राज्यों ने एक आकर अपना संघराज्य (federal republic) कायम किया था। नाग लोगों के इस गणतांत्रिक संघराज्य को फनीमंडल या नागमंडल कहा जाता था।(Kosare, p. 179, 251; http://histhink.wordpress.com/Adivasis Were Buddhist Naagas K. Jamanadas _ HISTHINK!.htm) सम्राट शिशुनाग के बाद नंद वंश ने मगध पर राज्य किया। नंद वंश में नौ नंद उत्तराधिकारी है। उनका वंश नाग वंश था। ब्राह्मण उन्हे नीच जाति का कहकर उनसे नफरत करते थे। महा पदमा और नंदा ये दो नाम ही हमें ज्ञात है। यह नाम सांप के भी नाम है। सम्राट अशोक तथा उनके उत्तराधिकारी भी नाग वंश के थे।(Fergusson, p. 64; (http://histhink.wordpress.com/ Adivasis Were Buddhist Naagas K. Jamanadas _ HISTHINK!.htm)

जैन सम्राट अजातशत्रु (c.492 BC – c. 460 BC)

अजातशत्रु राजा बिंबीसार के पुत्र थे। उन्होने मगध साम्राज्य पर लगभग ईसापूर्व 492 से 460 तक राज किया। वे महावीर तथा बुध्द के समकालीन थे। मथुरा म्युजियम के शीलालेख में अजातशत्रु को वैदेहीपुत्र अजातशत्रु कुनिका कहा गया है। अजातशत्रु

की कथाएं बौध्द त्रिपीठकों तथा जैन अगमों (Agamas) में है। जैन परंपरा के मुताबिक अजातशत्रु राजा बिंबीसार व रानी चेलना के पुत्र थे। बौध्द परंपरा में उनको राजा बिंबीसार व रानी कोसला देवी का पुत्र कहा गया है। दोनों परंपराओं में इन रानियों को वैदेही कहा गया है। दिध्धनिकाय के मुताबिक रानी कोसलादेवी महाकोसल राजा की बेटी तथा प्रसेनजीत की बहन थी। महाकोसल राजा व्दारा कासी शहर बिंबीसार को शादी में भेंट के रुप में दिया गया था। अजातशत्रु देवदत्त का अनुयायी था। अजातशत्रु ने देवदत्त के कहने पर अपने पिता बिंबिसार को जेल की कोठरी में कैद किया। देवदत्त को तबतक चैन नही मिला जबतक बिंबिसार जो बुध्द का अनुयायी था उसे मार नही डाला गया। बिंबिसार की मौत के बाद राजा प्रसेनजीत ने कासी शहर को वापस अपने कब्जे में किया। अजातशत्रु तथा प्रसेनजीत में युध्द हुआ। शांति समझौते के मुताबिक प्रसेनजीत ने अपनी बेटी वजीरा से उसकी शादी कर दी। अजातशत्रु को उससे उदयभद्र नाम से बेटा हुआ।

अजातशत्रु ने वैशाली, कासी तथा कोसल जीतने के बाद अपने राज्य के पडौसी 36 गणतंत्रों को अपने कब्जे में किया। अजातशत्रु के राज्य में बिहार, चंदीगढ़, हरियाण ा, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश तथा लगभग एक चौथाई मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ, झारखंड का कुछ भाग, प. बंगाल और नेपाल का समावेश होता था।

अजातशत्रु की बर्बर हत्या उसी के बेटे उदयभद्र ने ईसापूर्व लगभग 461 में की। यह प्रमाण है कि अज्ञातशत्रु जैन धर्म को मानने वाला था।(http://en.wikipedia.org/Ajatasatru - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) आर्कलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया ने एक उत्खनन में इंटों से बनाये गए एक बौध्द स्तुप की खोज की। ऐसा माना जाता है कि इस स्तुप का निर्माण अजातशत्रु ने बुध्द के अवशेष पर किया था। (Bihar Times 29 May 2000)

जैन सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य

चंद्रगुप्त मौर्य के सत्ता में आने की कहानी स्पष्ट नही है। (http://en.wikipedia.org/Maurya Empire - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) चंद्रगुप्त मौर्य के वंश के बारे में बहुत कम जानकारी उपलब्ध है। कुछ लोगों का मानना है कि वे नंद राजा के दासी से उत्पन्न पुत्र थे तो दिगर लोगों का मानना है कि वे मोरों को साधने वाले समुदाय से ताल्लुक रखते थे।(http://indiafirsthand.com//Story of Alexander the Great and Chandragupta Maurya _ India First-Hand.htm) कुछ लोगों का मानना है कि चंद्रगुप्त मौर्य अलेक्झांडर के क्षत्रप थे। अलेक्झांडर तक्षिला शहर पर कब्जा करने के बाद अपने एक क्षत्रप ससीगुप्त के हवाले कर वापस चला गया। ससीगुप्त को ग्रीक में ससीकोट्टोस के नाम से जाना गया है। ससी और चंद्र दोनों समानार्थी शब्द है।(http://indiafirsthand.com//Story of Alexander the Great and Chandragupta Maurya _ India First-Hand.htm)

मान. व्यंकटेश आत्राम के मुताबिक चंद्रगुप्त के पिता मोरीय जमात के प्रमुख थे। वे युध्द में मारे गये। मरा, मुरा, मोरी, मोरीया इ॰ शब्द वृक्ष निर्देशक है। ''मोरीय गण'' का अर्थ ''वृक्ष गण'' होता है। मान॰ पि. आर. देशमुख के अनुसार मुरा यह ''मारीया

गोंड'' या ''मुरीया गोंड'' जमात है जो वर्तमान गोरखपुर-क्षेत्र में थे। ''मोरीय'' जमात तथाकथित ''मुरा'' नामक स्त्री के पहले से अस्तित्व में थी इसलिए इस स्त्री से मौर्य वंश के उगम होने का सवाल ही पैदा नही होता।(व्यंकटेश आत्राम, p.56, 57)

चंद्र गुप्त मौर्य ने लगभग ईसापूर्व 322 में अलेक्झांडर ने उत्तर-पश्चीमी भारत के जीते हुए सभी क्षेत्र दोबारा अपने कब्जे में कर लिये। उन्होने ग्रीक तथा ईरान से अच्छे संबंध बनाये रखे। सिलेउसिड (Seleucid) राजा सीलेउसस प्रथम (Seleucus I) के साथ उन्होने शांति समझौता कर उनसे वैवाहीक संबंध कायम किया। चंद्रगुप्त मौर्य के दरबार में ग्रिक इतिहासकार मेगास्थेनेस (Megasthenes) थे। सम्राट चंद्रगुप्त ने जैन ध र्म को स्वीकार किया था तथा वृध्दावस्था में अपने अपने बेटे बींदूसार को राजगद्दी पर बिठाकर खुद जैन धर्म की शिक्षा के मुताबिक श्रमण मुनी बन गए थे।

अजिविक पंथी सम्राट बिंदुसार

बिंदुसार चंद्रगुप्त मौर्य के बेटे थे। उनकी मां का नाम दुर्धरा था। 22 साल की उम्र में उन्हे राज्य की बागडौर दी गई। अजिविक पंथ की स्थापना मक्काली घोषाल ने की थी। इस पंथ का मानना था कि दुनियां में सब कुछ पूर्वनिर्धारित है। यानि जैसा जो कुछ हो रहा है उसे अपनी नियति मान कर कबूल कर लो। बिंदुसार ने अमित्रघाथा (Amitraghatha) यानि दुश्मनों का विनाशक उपाधी धारण कर अजिविक पंथ कबुल किया। जैन या बौध्द धम्म इसलिये कबुल नही किया क्योंकि ये धर्म अहिंसक थे और उसकी साम्राज्य विस्तार की महत्वाकांक्षा के अनुरुप नही थे। उनके राज्य में भारत के उत्तरी, पूर्वी, मध्य भाग थे। साथ ही अफगानीस्तान और बलुचीस्थान के भी कुछ हिस्से थे। राज्य का विस्तार दक्षिण के कर्नाटक तक था। बिंदुसार ने मित्र देश चोला, पांडया तथा चेरा के राज्यों पर कब्जा नही किया। इन दक्षिणी राज्यों के अलावा कलिंग यानि आध ुनिक ओरिसा भी बिंदुसार के राज्य का हिस्सा नही था। उसका राज्य भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश मिलाकर भी बने राज्य से बडा था। उनका कार्यकाल इसापूर्व 298 से 272 वर्ष का रहा है। उनके दरबार में ग्रीक राजदूत Deimachus (Strabo 1–70) थे। उसके दो बेटे सुसीमा और अशोक क्रमशः तक्षिला और उजैन के वाईसरॉय थे। उसके शासन में तक्षिला में दो बार बगावत हुई। पहली बगावत का कारण बडे बेटे सुसीमा का कुप्रसाशन था। दूसरी बगावत की वजह नामालुम है जिसे बिंदुसार अपने जीवनकाल में नही दबा सका। बिंदुसार की मौत (ईसापूर्व 272) के बाद इस विद्रोह को अशोक ने दबा दिया।(http://en.wikipedia.org/Maurya Empire - Wikipedia, the free encyclopedia. htm; http://en.wikipedia.org/Bindusara - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http:// nirmukta.com//The Great Nastik Revolt _ Nirmukta.htm; http://en.wikipedia.org/ Maurya Empire - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://www.indianetzone. com/Bindusara, King of Maurya Kingdom.htm)

महान बौध्द सम्राट अशोक

[Information on Ashoka is synthesized from the articles given in following web pages :- http://www.india-intro.com/Emperor Ashoka The Great.htm; (http://in.answers.yahoo.com/Emperor Ashoka - Ashoka the Great - Do you know this great emperor an Ideal ruler - Yahoo! Answers India.htm; http://en.wikipedia.org/Edicts of Ashoka - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; (http://www.porchlight.ca/EMPEROR ASHOKA.htm; EMPEROR ASOKA : MESSENGER OF PEACE & CULTURAL REVOLUTION IN INDIA By Sona Kanti Barua; http://www.about.com/Ashoka the Great Biography.htm; http://en.wikipedia.org/Ashoka - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; KING ASHOKA His Edicts and His Times.htm; http://timesofindia.indiatimes.com/'Trade, not invasion brought Islam to India' - Times Of India.htm; The Edicts of King Asoka An English rendering By Ven. S. Dhammika]

अशोक का अर्थ जिसे कोई शोक या गम नही है। अशोक के पिता सम्राट बिंदुसार तथा माता शुभद्रांगी थी जो तेलंगाना के चांपा की बेटी थी। अपने युवाकाल से ही अशोक को युध्द का प्रशिक्षण हासिल हुआ। वह बहुत ही कुशल योध्दा तथा कुशल शिकारी भी था। प्रचलीत किस्से के मुताबिक एक बार अशोक ने मात्र लाठी की मदद से एक शेर को खत्म कर दिया था। युवा अवस्था में ही उसने अपने पिता के राज्य के विद्रोहों को दबा दिया था। उसकी ख्याती क्रूर योध्दा की थी।(http://www.india-intro.com/Emperor Ashoka The Great.htm)

अपनी किताब 'द आक्सफोर्ड हिस्ट्री ऑफ इंडिया' में विन्सेन्ट स्मिथ (Vincent Smith) लिखते है कि सिलोन के बौध्द भिख्खुओं व्दारा अशोक के बारे में लिखा कि उन्होने राजगद्दी पर काबिज होने के लिये अपने 99 भाईयों की हत्या कर दी। यह कहानी बेतुकी और मनगढंत है क्योंकि इसका मकसद यह जताना है कि बौध्द धम्म में आने से पहले अशोक कितना ज्यादा क्रूर था। विन्सेन्ट स्मिथ के मुताबिक सम्राट अशोक ने अपने भाईयों का ठिक से खयाल रखा है इस बात का सबूत खुद सम्राट अशोक के शिलालेखों से मिलता है। लाहीरी के मुताबिक बिंदुसार की मौत के बाद अशोक को राजगद्दी हासिल करने में चार साल लग गए इसलिये उनके राजगद्दी के लिये कुछ विरोध अवश्य ही हुआ था।(http://timesofindia.indiatimes.com/'Trade, not invasion brought Islam to India' - Times Of India.htm)

चार्लस ड्रेकमेयर (Charles Drekmeier) के मुताबिक बुध्दिस्ट कथाओं में धर्मांतरण के पहले अशोक को 'चंड-अशोक' यानि क्रूर अशोक कहने के पीछे का इकलौता मकसद यही है कि यह जताया जाये कि बौध्द धम्म कबुल करने के बाद अशोक में कितना बडा परिवर्तन हुआ है। इसलिये धर्मांतरण के पहले अशोक को अतिरंजित रुप से बहुत ज्यादा क्रूर जबकि धर्मांतरण के बाद बहुत ज्यादा धार्मिक जताया गया है।(http://en.wikipedia.org/Ashoka - Wikipedia, the free encyclopedia.htm)

अशोक की कलिंग में काउरवाकी नाम की मछुआरन से मुलाकात हुई। अशोक ने उसे अपनी दूसरी या तीसरी बिवी बनाया।(http://www.culturalindia.net/Ashoka - Ashoka the Great, Emperor Asoka, Ashoka Biography, Ashoka Life History.htm)

सम्राट अशोक ने मौर्य साम्राज्य पर 37 साल तक यानि ईसापूर्व 268 से लेकर ईसापूर्व 232 तक अपनी मृत्यु तक राज किया। उनका साम्राज्य पश्चिम में पाकिस्तान तथा अफगानीस्तान का बडा हिस्सा शामिल था। उत्तर दीशा में हिमालय पर्वत उनके साम्राज्य की नैसर्गिक सीमारेखा थी। पूरब में उनका साम्राज्य आसाम तक था। सम्राट अशोक ने कलिंग को भी अपने साम्राज्य में शामिल किया।(http://en.wikipedia.org/History of India - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) कलिंग में राजाओं की पार्लिमेंटरी लोकशाही कायम थी। कलिंग ऐसा राज्य था जिसे अपने सार्वभौमित्व, स्वतंत्रता और गणतंत्र व्यवस्था पर फक्र था। अशोक के 13 वे शिलालेख से पता चलता है कि इस युध्द में 1 लाख से ज्यादा सिपाही मारे गए। प्रतिरोध में लडने वाले लोग आम लोग भी भारी तादाद में मारे गए। देढ लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए। जब अशोक अपनी जीत के बाद कलिंग का मुआईना कर रहा था तो उसे हर तरफ लाशें नजर आयी जिसपर उनके परिजन मातम मना रहे थे। इस दृष्य ने उनके मन को दहला दिया। वह सोचने लगा कि यह कौनसी जीत है। अगर यह जीत है तो फिर हार क्या है ? यह न्याय है या अन्याय है ? मैने यह क्या कर दिया ? लाशों पर मंडरा रहे गीदड, कौवे इ. क्या मेरी जीत के प्रतिक है या हार के ? कर्लीग युध्द में हुए जनसंहार को देखकर उनका मन पश्चाताप से भर उठा। उन्होने बौध्द धम्म कबुल कर लिया और खुद को लोगों की सेवा में अर्पित कर दिया।(http://www.india-intro.com/Emperor Ashoka The Great. htm; http://storieswithasoul.wordpress.com/Maurya Empire – Emperor Ashoka the Great _ storieswithasoul.htm) ईसापूर्व 260 को उन्होने बौध्द धम्म को राजधर्म का दर्जा दिया। बौध्द धम्म के सदाचार के मूल सिधान्त पूरे मन से अपनाए। ईसापूर्व 250 में उन्होने विदेशों में धम्म का प्रचार और प्रसार किया।(http://www.india-intro.com/ Emperor Ashoka The Great.htm)

सम्राट अशोक मौर्यवंशी यानी गोन्ड ही थे यह बात अशोक चक्र से साबित होती है। गोंडों में जीवित व्यक्ति को वेण तथा मृत बुजुर्गो को पेन कहा जाता है। गोंडों के विश्वास के अनुसार चार कुल गटों में कुल 22 देवताएं तथा आद्य स्त्री-पुरुष जंगो-लिंगों मिलाकर 24 गोंड आद्य देवताएं (पेन) है जिनमे 12 पुरुष तथा 12 स्त्रियों का समावेश है। अशोक-चक्र के 24 आरे इन्ही आद्य बुजुर्गो के प्रतिक है। उसी प्रकार 24 आद्य-बुध्दों की उनसे एकरुपता होने का आभास होता है। अशोक-स्तंभ पर पाया गया मत्स्य गोंडी विश्वास के अनुसार ''जंगो'' है। अशोक-चक्र के बाजु में स्थित दौडता घोडा, दौडता नंदी, हाथी, इ॰ सभी गोंडों में विद्यमान विश्वास, मान्यताओं के ही प्रतिक है। गोंडी भाषा में घोडे को कोडा तथा घोडादेव को कोडापेन कहते है। ताडोबा जंगल (चंद्रपुर) में आज भी तादोबा और कोदोबा की स्मृति यात्रा के रुप में कायम है। गोंडो में कोडापा गोत्र होकर उनका कुलचिन्ह घोडा होता है।(व्यंकटेश आत्राम, p.58-59) सम्राट अशोक मारा गोंड (मोरीया) वंश के होने के कारण अशोक व्दारा चौमुद्रांकित सिंहमूर्ति सोडुम, सोनाम, सुडराम, सिडाम, चिडाम इ॰ सिंह अर्थ के चारदेवे (Four brother phratry) व उनके कुलचिन्ह सिंह को ही अशोक ने अंकित किया है। गोंडों के आदिम विश्वास निम्नलिखित

गीत में व्यक्त होता है :- '' पारेन्डन पारेन्ड रंगलुंग कळीकुन। रावुड रायताड तिरिइंता चाकुम।। नालुंग सगाना कोयवाना अल्पुम। भुईराइंताडे सांगोता पिर्तम।।'' यानि चार गोत्र संचों के 22 देवता और जंगो-लिगो ये आद्यदैवत मिलकर चौबीस वंशोत्पादक देवता अविरत श्रृष्टी-चक्र चला रहे है। जिससे भारत (गोंडवंश) पृथ्वी जैसा चक्रांकित होकर फैला है। (व्यंकटेश आत्राम, p.63,65,66)

सम्राट अशोक ने अपने साम्राज्य को चार हिस्सों में विभाजित किया था। जिसकी राजधानी पाटलिपुत्र थी। अशोक के शिलालेखों के मुताबिक साम्राज्य के यह चार भाग पूर्व में तोसाली, पश्चिम में उज्जैन, दक्षिण में सुवर्णगीरी, तथा उत्तर में तक्षिला थे। इनके प्रमुख राजकुमार थे जो सम्राट अशोक के प्रतिनिधि के तौर पर काम देखते थे। उनके सहयोग के लिये मंत्रिपरिषद होती थी। सम्राट अशोक ने भले ही आक्रमण को त्याग दिया था लेकिन उन्होने अपनी विशाल सेना कायम रखी थी ताकि साम्राज्य की रक्षा की जा सके और अपने सामाज्य में तथा पश्चिम व दक्षिण एशिया में शांति बनाकर रखी जा सके। मेगास्थेनिस के मुताबिक सम्राट अशोक की पैदल सेना में छह लाख सिपाही थे। तीस हजार घुडसवार सैनिक थे और नौ हजार युध्द के हाथी थे। उन्होने राज्य की जानकारी रखने के लिये गुप्तचरों का विशाल जाल भी कायम किया हुआ था।

सम्राट अशोक ने अपने से बेहद छोटे पडौसी राज्यों के साथ भी शांति समझौते कायम किये जबकि वह उन्हे आसानी से अपने राज्य में फौरन शामिल कर सकता था। अशोक ने सभी समुदायों के हितों की सुरक्षा करने तथा सभी धार्मिक मतों के प्रति उदार रवैया अपनाने की नीति अपनाई।(http://hubpages.com/Ashok A Short Biography of Ashoka the Great of India.htm) लेकिन जो बातें नैतिकता के या आम लोगों के हितों के खिलाफ है ऐसी धार्मिक परंपराओं को प्रतिबंधित करने में बिल्कुल हिचक नही दिखाई।

अंतर्गत शांति और एकता कायम करने तथा रास्तों का संजाल बिछाने से आंतरिक व्यापार ने जोर पकड लिया। इंडो-ग्रिक मित्रता संधी से अंर्तराष्ट्रीय व्यापार का विस्तार हुआ। खैबर पास विदेशी व्यापार का महत्वपूर्ण मार्ग था। ग्रीक इ. हेलेनिक राज्य, पश्चिम एशिया के देश, मलय पेनिनसुला के दक्षिण एशिया के देशों से परस्पर व्यापार था। भारत रेशिम के कपडे, मसाले, उत्तेजक अन्न इ. का निर्यात करता था। युरोप तथा पश्चिम एशिया के साथ तकनीक और विज्ञान का आदान प्रदान था। व्यापार, टॅक्स, पैदावार का संकलन इ. को आसान बनाने से आर्थिक गतिविधियाँ तेज हुई। बौध्द धम्म के उसूलों से कानून का राज्य कायम करने, अंतर्गत संघर्षो को लगभग खत्म करने, अपराधों की तादाद बेहद कम करने तथा समाज में समृध्दी लाने में आश्चर्यजनक रुप से मदद मिली। जाति-व्यवस्था को नकार दिया गया तथा समानता का प्रचार और प्रसार किया गया।(http://en.wikipedia.org/Maurya Empire - Wikipedia, the free encyclopedia.htm)

सम्राट अशोक के शिला तथा स्तभों पर लिखे राजादेश !

शिलाओं पर लिखे सम्राट अशोक के राजआदेश (Edicts) अशोक स्तंभ के रुप में जाने जाने वाले स्तंभों पर लिखे है। इनकी कुल तादाद 33 है। उनके आदेश दिगर शिलाओं पर भी लिखे गये है। ये आदेश ईसापूर्व 269 से ईसापूर्व 231 तक के है। ये शिलालेख आधुनिक बंगला देश, भारत, नेपाल तथा पाकिस्तान में है। इन धार्मिक आदेशों में बताया गया है कि बुध्द के सदाचार के सिधान्तों का प्रचार-प्रसार मध्य पूर्व के देशों तक दूर दूर तक हुआ है तथा बौध्दधम्म से संबंधित शिल्पों का निर्माण किया गया है।

अशोक के आदेशों को दो भागों में रखा जा सकता है 1) स्तंभादेश तथा 2) शिलादेश। शिलादेशों को दो भागों में 1) मुख्य शिलादेश (major rock edicts) तथा 2) गौण शिलादेश (minor rock edicts) के रुप में उनकी आयु के आधार पर वर्गीकृत किया गया है। गौण शिलादेश आरंभिक शिलादेश है। उसके बाद मुख्य शिलादेश तथा अंत में स्तंभादेशों का निर्माण हुआ। गौण शिलादेशों में दस को ''minor rock edict I'' कहते है। इनमें बौध्द धम्म के सदाचार के नियमों का पालन करने के लिये लोगों को प्रेरित किया गया है। अंतिम 7 गौण शिलादेशोंको ''minor rock edict II'' कहा गया है जिसमें लोगों को अपने माता-पिता, बुजूर्गो तथा शिक्षकों के प्रति आज्ञाकारी होने इ. के लिये प्रेरित किया गया है। एक गौण शिलादेश कलकत्ता की एशियाटीक सोसायटी में रखा गया है जिसमें बौध्दों को बुध्द धम्म के मूल सिधान्त पढने के लिये प्रेरित किया गया है।

छह आधारभूत (basic) स्तंभालेख रेत के पत्थर पर लिखे गए है। इन में नैतिकता के नियमों का प्रचार-प्रसार किया गया है। दया, सहिष्णुता, तथा लोगों की भलाई के लिये अशोक के मन की चिंता को व्यक्त किया गया है।(http://en.wikipedia.org/Ashokan Edicts in Delhi - Wikipedia, the free encyclopedia.htm)

मूल रुप से अशोक के स्तंभालेखों की तादाद बहुत ज्यादा होगी लेकिन अपने लेखों के साथ दस ही बच पाये है। उनकी उंचाई चालीस से पचास फीट उंची तथा प्रत्येक स्तंभ का वजन पचास टन तक है। सभी स्तंभों को वाराणसी के दक्षिण में चुनार में बनाया गया। बाद में उन्हे सैंकडों मील दूर अलग अलग जगहों पर खडा किया गया। हर स्तंभ पर दहाडते शेर की, सांड की, या घोडे की प्रतिमा होती थी। ये स्तंभ प्राचीन कला और तकनीक का बेहतरीन नमुना है। स्तंभ तथा उपर बने जानवरों को चीकना लेप चढाया गया है जो सदियों से कायम है।(KING ASHOKA His Edicts and His Times.htm)

कहा जाता है कि अचाईमेनियन (Achaemenian) सम्राट डेरियस (Darius) ने अशोक को धार्मिक आदेश शिलालेखों के रुप में बनाने का सुझाव दिया। सम्राट अशोक ने इस कल्पना को विस्तारित करते हुए स्तंभादेश भी बनाये। शिलालेख तो दुनिया के कई हिस्सों में पाये जाते है लेकिन स्तंभादेश सिर्फ सम्राट अशोक की विशेषता है। सभी शिलादेश और स्तंभादेश स्थानीय भाषाओं में है। कोई भी शिलादेश संस्कृत में नही है। अधिकतर शिलालेख प्राकृत भाषाओं में ब्राह्मी लिपि में है। उत्तर-पश्चिमी भारत में शिलादेश खरोष्ठी लिपि में है। कंधहार तथा अफगानिस्तान में प्राप्त कुछ शिलादेश ग्रीक तथा आर्मेनियन भाषा में है। हरप्पा के बाद पहली लिखी इबारत सम्राट अशोक के ही शिलादेश है। ब्राह्मी लिपि को समझने का काम जेम्स प्रिन्सेप (James Prinsep) ने किया है।

शिलादेशों पर नैतिक सामाजिक सदाचार के नियमों पर चलने के लिये लोगों को प्रेरित किया गया है। किसी भी धर्म का नाम नही है। कुछ शिलादेशों में बौध्द धम्म के नाम का उल्लेख है लेकिन बौध्द धम्म के दर्शन की बजाय सर्वमान्य सदाचार के नियम बताये गए है। अशोक ने अपने निजी संदेश भी अंकित किये है।

अशोक अपने किये हुए अच्छे कामों का उल्लेख करते है। इसमें आत्म बढाई की भावना नही है। इसमें उनकी प्रामाणिकता और लोगों के प्रति फिक्र उजागर होती है। अशोक अपने शिलादेशों में बताते है कि लोग उनके लिये बेटों की तरह है। उनकी भलाई ही उनका मुख्य मकसद और चिंता का विषय है। शिलादेशों को अशोक ने अपने सीधे स्पष्ट शब्दों में जनभाषाओं में लिखवाया है।

सम्राट अशोक व्दारा बौध्द धम्म का विदेशों में प्रचार-प्रसार !

सम्राट अशोक के काल में ही बौध्द धम्म के प्रसार-प्रचार का काम भारत के बाहर हुआ। सम्राट अशोक के शिलादेशों तथा स्तंभादेशों (the Edicts of Ashoka) के मुताबिक विभिन्न देशों में सम्राट अशोक के प्रतिनिधि और प्रचारक बौध्द धम्म का प्रचार-प्रसार करने हेतु भेजे गए। इन देशों में श्रीलंका, ग्रीक राज्य, तथा मेडिटेरॅनियन देश शामिल है।(http://www.lucky-buddha.com//History of Buddhism.htm) सम्राट अशोक ने बौध्द धम्म को अंर्तराष्ट्रीय धम्म बनाने में बहुत बडी भूमिका अदा की है। महिन्द्र तथा संघमित्रा यह सम्राट अशोक की पहली बिवी से उज्जैन में पैदा जुडवा बेटा-बेटी थे। सम्राट अशोक ने उन पर विदेशों में बौध्द धम्म के प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी सौंपी। महिन्द्र तथा संघमित्रा ने ताम्रपर्णी यानि श्रीलंका में जाकर बौध्द धम्म का प्रचार-प्रसार किया।(http://www.india-intro.com/Emperor Ashoka The Great.htm) सम्राट अशोक ने कई प्रमुख भिख्खुओं को कश्मीर, अफगानीस्तान, सीरिया, पर्शिया,इजिप्त, ग्रीस, इटली, तुर्की, नेपाल, भुतान, चीन, मंगोलिया, कंबोडिया, लाओस, सुवर्णभूमि यानि बर्मा, थायलंड, विएतनाम, महाराट्टा यानि महाराष्ट्र, दक्षिण भारत इ. जगह भेजा। अशोक ने बौध्दों तथा गैरबौध्दों को धार्मिक संवाद के लिये आमंत्रित किया।(http://en.wikipedia.org/Ashoka - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) श्रीलंका के राजा तिस्सा बौध्द सिधान्तों से इतने प्रभावित हुए कि उन्होने न सिर्फ बौध्द धम्म को अपनाया बल्कि उसे राजधर्म का दर्जा दिया। सम्राट अशोक ने बौध्द मोनेस्टरिज, शालाएं तथा बौध्द साहित्य के प्रचार-प्रसार के लिये विशेष विभाग कायम किया। बौध्द धम्म को सायबेरिया तक में प्रसिध्द किया। भारत के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में ग्रीक लोग अशोक के राज्य की जनता थे। अशोक के शिलादेशों के मुताबिक ग्रीक लोगों ने बौध्द धम्म को अपनाया था। शिलादेश (Rock Edict Nb13) के मुताबिक सम्राट के राज्य में ग्रीक, कंबोज, नाभक, नभपामकीट, भोज, आंध्र, पिटिनिक, तथा पलिडा सभी जगहों में लोग देवप्रिय सम्राट के धम्म की सूचनाओं का पालन कर रहे है।(http://en.wikipedia.org/Maurya Empire - Wikipedia, the free encyclopedia.htm)

ग्रीक तथा आर्मेनियन भाषा में लिखे सम्राट अशोक के कंदहार में पाये गए शिलादेश काबुल म्युजियम में है। क्लिमेंन्ट ऑफ अलेक्झांड्रिया के मुताबिक ग्रीस यानि हेलेनिक विश्व में और खास कर अलेक्झांड्रिया में बौध्द समुदाय थे। उसी प्रकार ईसाईयों के पहले ही मोनेस्टीक आर्डर ऑफ Therapeutae यानि थेरावाद मौजूद था। दार्शनिक Hegesias of Cyrene सम्राट अशोक के धर्मप्रचारकों के विचारों से प्रभावित थे। Ptolemaic काल में बौध्द कब्रों के पत्थर (Buddhist gravestones) भी प्राप्त हुये है जिनपर धम्मचक्र अंकित

था। कई स्कॉलर्स का मानना है कि अलेक्झांड्रिया में ये वही बौध्दों के स्थान है जो बाद में ईसाईयत के केन्द्र बने। दूसरी शताब्दी में ईसाई रुढ़ीवादी क्लिमेंट ऑफ अलेक्झांड्रिया के मुताबिक ग्रीक विचारों पर बौध्द मत का प्रभाव पडा है। डोनाल्ड ए. मेकेन्झी (Donald A. Mackenzie) के मुताबिक दूसरी शताब्दी में बौध्द और ड्रईड दोनों ही ईसापूर्व ब्रिटेन में देखे जाते थे।(http://www.lucky-buddha.com/History of Buddhism.htm) प्रि कोलंबियन अमेरिका में भी बौध्दों का व्यापक प्रभाव था। प्रो. एफ. डब्लु. पुतनाम ने होंडुरस के जंगल में एक शिल्प देखा जो बुध्द जैसा था। अमेरिकन हापर्स मॅगझीन के जुलाई 1901 के अंक में यह बात सप्रमाण साबित की गई कि प्राचीन काल में अलास्का से पांच बौध्द भिख्खु मेक्सिको गये थे।(http://www.veda.harekrsna.cz/connections/Americas.htm) ईसा मसीह के दो सौ साल पहले अलेक्झांड्रिया में कई सन्यासियों ने सिलोन में हो रहे बुध्दिस्ट समारोह में बौध्द भीख्खु के रुप में शरीक होने का प्रयोग किया जो कामयाब हुआ। उन्हे सिलोन में सम्मानित किया गया। बुध्द की शिक्षा ईसा के दो सौ साल पहले अलेक्झांड्रीया में पहूंच चुकी थी। (Paramesh Chaudhury p. 216)

सम्राट अशोक के बाद मौर्य राजवंश !

सम्राट अशोक की मौत के बाद मौर्य साम्राज्य का धीमी गति से क्षय हुआ। सम्राट अशोक के पहले उत्तराधिकारी कुणाल बने। हालांकि कुणाल अंधे थे उन्होने आठ वर्ष तक राज किया। वे राज्य के असली शासक नही थे बल्कि राज्य के प्रमुख थे।

बौध्द सम्राट दशरथ (252–224 BCE) का शासनकाल ईसापूर्व 232 से 224 माना जाता है। दशरथ के काल में साम्राज्य के कुछ हिस्से आजाद बने। सातवहन सहित दक्षिण भारत के कई राज्य मौर्य साम्राज्य के अधिन थे। इन राज्यों का उल्लेख सम्राट अशोक ने अपने शिलादेशों में किया है। ये राज्य उनके साम्राज्य की परिधी का क्षेत्र थे और शासन के मामले में काफी स्वतंत्रता का आनंद लेते थे। सम्राट दशरथ इन दूरस्त राज्यों पर अपना नियंत्रण नही रख पाये। ये क्षेत्र जल्द ही उनसे आजाद हो गए। कलिंग की महामेघवाहन वांशीक साम्राज्य भी सम्राट अशोक की मौत के बाद अलग हो गया। दशरथ ने अपने दादा सम्राट अशोक की धार्मिक और सामाजिक नीतियों का पालन करते हुए राज किया। दशरथ मौर्य वंश के ऐसे आखरी सम्राट है जिन्होने अपने शिलादेश बनवाये है। दशरथ ने नागार्जुनी पर्वत की तीन गुफाएं अजिवक पंथ के लोगों को सौंप दी। इन गुफाओं की तिन इबारतों में उनका उल्लेख 'देवनामप्रिय दशरथ' ऐसा किया गया है। यह गुफायें उन्हे उनकी ताजपोशी के उपलक्ष में समर्पित की गई थी। सम्राट दशरथ की ईसापूर्व 224 में मौत हुई। इसके बाद संप्रति ने राजगद्दी संभाली। बुध्दीस्ट तथा जैन स्त्रोतों के मुताबिक वह कुणाल का बेटा यानि वह दशरथ का भाई था। दशरथ और संप्रति के बेहद करिबी रक्त संबंध थे लेकिन उनके पारिवारिक संबंध स्पष्ट नही है। जिस समय संप्रति ने राजगद्दी संभाली अशोक का राज्य दो हिस्सों में बांटा गया था। संप्रति ने पूर्वी क्षेत्र को जबकि उसके भाई दशरथ ने पश्चिम क्षेत्र नियंत्रित किया था। हालांकि स्मिथ के मुताबिक अशोक के राज्य का दो भागों में बँटवारा किये जाने के स्पष्ट प्रमाण नही है। संप्रति जैन धर्म का अनुयायी था। संप्रति ने अपने समुचे राज्य में जैन मंदिर कायम किये। कहा जाता है कि उन्होने अपने समुचे राज्य में 125,000 derasars का निर्माण किया। उनमें से कई आज भी अहमदाबाद, वीरमगाम, उज्जैन, तथा पालिताना में है। संप्रति ने जैन धर्म के प्रचार और प्रसार के लिये अपने दूत तथा

जैन धर्म के धार्मिक प्रचारक ग्रीस, पर्शिया तथा मध्य एशिया भेजे। लेकिन इस संबंध में कोई खोज नही की गई है। चंद्रगुप्त मौर्य तथा संप्रति ने जैन धर्म का प्रचार प्रसार दक्षिण भारत में किया। उनके शासन काल में लाखों जैन मंदिर तथा स्तुप बनाये गए।

मौर्य राजवंश का आखरी सम्राट ब्रहदथ था। वह बौध्द धम्म का कद्दर अनुयायी था। उसकी हत्या उसी के ब्राह्मण सेनाप्रमुख पुष्यमित्र शुंग ने की। पुष्यमित्र शुंग ने राजगद्दी संभालते ही श्रमण परंपरा के बौध्द धम्म, जैन धर्म तथा अजिवक पंथ के उन्मूलन का अभियान छेड दिया। हरप्रसाद शास्त्री के मुताबिक पुष्यमित्र शुंग का विद्रोह मौर्य वंश के सम्राटों व्दारा श्रमण परंपरा के धर्म-पंथों को बढावा देने तथा 1) वेदिक ब्राह्मणों की बलिप्रथा तथा कर्मकांडों के विरोध की प्रतिक्रिया थी। 2) सम्राट अशोक ने ब्राह्मणों को झूठे लोगों के रुप में बेनकाब किया। स्पष्ट है कि अशोक के ब्राह्मणों के साथ संबंध ठिक नही थे। पुष्यमित्र शुंग व्दारा सत्ता ग्रहण करने को ब्राह्मणों की श्रमण धर्मो पर जीत साबित होती है। (http://en.wikipedia.org/wiki/Maurya_Empire Written by Nathan Relke (Spring 2010); http://en.wikipedia.org/Dasaratha Maurya - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://hubpages.com/The Religion of Mauryan Emperors. htm; http://en.wikipedia.org/Maurya Empire - Wikipedia, the free encyclopedia.htm)

ग्रीक-बुध्दीस्ट शासन !

ग्रेसो बुध्दिजम (Greco-Buddhism / Graeco-Buddhism) बुध्दीस्ट तथा हेलेनिक संस्कृति के मिलाप से पैदा संस्कृति है। यह मिश्र संस्कृति ईसापूर्व 4 थी शताब्दी तथा बाद में ईसवी पांचवी शताब्दी में खास तौर से अफगानीस्तान, पाकिस्तान तथा भारत के उत्तरपूर्व के सीमावर्ति क्षेत्रों में विकसित हुई। जब अलेक्झांडर ने बॅक्ट्रीया तथा गांधार के क्षेत्रों पर हमला किया तब ये क्षेत्र पहले से ही बौध्द तथा जैन प्रभाव में थे। अलेक्झांडर ने आक्सस तथा बॅक्ट्रीया में कई शहर तथा ग्रीक वसाहतें बसायी। ग्रीक वसाहतें खैबर पास, गांधार तथा पंजाब तक बसी जिसकी वजह से भारतीय तथा ग्रीक लोगों के बीच सांस्कृतिक तथा व्यापारिक आदान-प्रदान हुआ। कई ग्रीक दार्शनीक जैसे कि पायऱ्हो (Pyrrho), अनॅक्झार्चस (Anaxarchus) तथा ओनेसीक्रिटस् (Onesicritus) का चुनाव अलेक्झांडर ने खुद किया था ताकि वे मुहिम के दौरान उसके साथ रहे। वे भारत में 18 माह तक रहे। उन्होने नग्न मुनियों से संवाद कायम किया। पायऱ्हो ने ग्रीक जाकर पायऱ्होवाद (Skepticism) कायम किया। ग्रीक जीवनचरित्रकार डायओजेनेस लॅरटीअस (Diogenes Laertius) के मुताबिक पायऱ्हो के दुनिया से अलगाव की वजह भारत के मुनियों का उन पर प्रभाव था। ओनेसीक्रिटस् (Onesicritus) भी भारत के दर्शन से प्रभावित थे।

ग्रीक समुदाय इस्लामाबाद तथा दक्षिण अफगानीस्तान के ग्रेडोसिया इ. में बसे थे। अशोक के समय में ग्रीक लोगों की तादाद काफी थी।(http://en.wikipedia.org/Edicts of Ashoka - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) जब पुष्यमित्र शुंग ने मौर्य साम्राज्य का इसापूर्व 180 में तख्ता पलट दिया तब ग्रेसो-बॅक्ट्रीयन्स राजाओं ने भारत के प्रदेशों में अपना राज्य कायम किया और बौध्द धर्म को विकसित होने का पूरा अवसर मिला।(http://en.wikipedia.org/Greco-Buddhism - Wikipedia, the free encyclopedia.htm)

1) ग्रेसो-बॅक्ट्रीयन राजा डेमेट्रअस प्रथम (King Demetrius I) :- ने ईसापूर्व में भारत पर पाटलिपुत्र तक हमला किया तथा उत्तरी भारत में अपना राज्य कायम किया जो इसवी पहली शताब्दी तक कायम था। ग्रेसो-बॅक्ट्रीयन शासन में बौध्द धम्म का पूरा

पूरा विकास हुआ। वास्तव में उन्होने पुष्यमित्र शुंग के बौध्द धम्म के खिलाफ चलाये जाने वाले अभियानों से बौध्द धम्म की रक्षा के लिये ही भारत में आक्रमण किया था।

2) राजा मेनांदर :- वे प्रसिध्द इंडो-ग्रीक राजा थे। उन्होने लगभग इसापूर्व 160–135 के दौरान राज किया। उन्होने महायान बौध्द धम्म के प्रचार-प्रसार में बहुत महत्वपूर्ण योगदान दिया। राजा मेनांदर तथा भिख्खु नागसेन के बीच ईसापूर्व 160 वर्ष को हुए प्रश्न-उत्तर संवाद को मिलिंद प्रश्न नाम की किताब में सुरक्षित किया गया है। राजा मेनांदर के सिक्कों पर ग्रीक भाषा में उन्हे {बौध्द धम्म की} ''रक्षा करने वाला राजा'' कहा गया है। कई सिक्कों पर आठ स्पोक वाला धम्म चक्र है। मेनांदर की मौत के बाद उनकी अस्थियों को राज्य के विभिन्न स्तुपों में रखा गया।(Plutarch, Praec. reip. ger. 28, 6) अशोक तथा कनिष्क के बाद मेनांदर का बौध्द धम्म के विकास में बहुत महत्व है।

प्टोलेमी (Ptolemy) के मुताबिक ग्रेसो बॅक्ट्रियनों ने उत्तरी भारत में ग्रीक शहर कायम किये थे। राजा मेनांदर ने सागाला (Sagala) नामक राजधानी कायम की जो पंजाब का आधुनिक सियालकोट है। वह बौध्द धम्म का एक सांस्कृतिक केन्द्र था। (Milinda Panha, Chap. I) डेमेट्रिअस (Demetrius) ने तक्षिला के निकट बडा शहर बसाया था जिसका पूर्ननिर्माण मेनांदर ने किया था। तक्षिला के निकट आर्कालॉजिकल स्थल सीरकॅप (Sirkap) में खुदाई की गई जहां बौध्द स्तुप तथा ग्रीक मंदिर साथ साथ बने थे। (http://en.wikipedia.org/Greco-Buddhism - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) मेनांदर के बाद कई इंडो-ग्रिक राजा हुए जैसे कि झाइलोस प्रथम (Zoilos I), स्ट्राटो प्रथम (Strato I), हेलिओक्लस व्दितीय (Heliokles II), थिओफिलोस (Theophilos), पिओकोलाओस (Peukolaos), मेनांदर व्दितीय (Menander II), तथा आर्चेबायस (Archebios) इ. के सिक्कों पर 'महाराजसा धर्मिका' यानि धर्म का राजा ऐसा प्राकृत भाषा में खरोष्ठी लिपि में लिखा है। मेनांदर के उत्तराधिकारियों ने अपने सिक्कों पर खरोष्ठी लिपि में ''धम्म का अनुयायी'' लिखवाया तथा खुद को सिक्कों में वितर्क मुद्रा में दर्शाया। मेनांदर प्रथम का एक सिक्का ब्रिटिश म्युजियम में रखा है। इस सिक्के पर आठ स्पोक वाला धम्म चक्र अंकित है। बुध्दीस्ट सोने का सिक्का उत्तरी अफगानिस्तान के पुरातत्वीय स्थल टीलीया टेपे (Tillia tepe) की चौथी कब्र में मिला है। वह पहली इसवी शताब्दी का है। सिक्के के पीछे शेर तथा नंदीपद है। एक नग्न व्यक्ति धम्मचक्र घुमा रहा है। खरोष्ठी में इस मिथक को 'वह जिसने कानून के चक्र को सक्रिय किया' ऐसा होता है। इंडो-ग्रिक सिक्कों में हाथी का चिन्ह बौध्द धम्म के साथ संबंधित हो सकता है।

ग्रीक शासक बेहतर सिक्के भारत लाये। उन्होने परस्पर अंर्तराष्ट्रीय व्यापार कायम किया। उनकी खगोलशास्त्र, भवन निर्मिति, तथा कला सारे भारत में प्रचारित हुई। बुध्द की कलात्मक मूर्तियां तथा तस्वीरे बनाई गई।(http://www.fsmitha.com/Collapse of the Maurya Empire.htm) बौध्द धार्मिक विचार इसवी पहली शताब्दी से मध्य एशिया, उत्तर-पूर्व एशिया में प्रसारित थे जहां से वे चीन, कोरीया, जापान तथा विएतनाम पहुंचे।

बौध्द सातवाहन साम्राज्य

[Information about Satavahana Empire is synthesized from following web page articles : http://en.wikipedia.org/Satavahana dynasty - Wikipedia, the free

encyclopedia.htm; http://www.lotussculpture.com//History Pala Empire, Pala Dynasty, Pala Dynasty in India 8th 12th century.htm; http://en.wikipedia.org/History of Mumbai under indigenous empires - Wikipedia, the free encyclopedia.htm;]

सातवहन साम्राज्य आंध्र प्रदेश के अमरावती, महाराष्ट्र के जुनार (पूणे) तथा प्रतिष्ठान (पैठन) से संबंधित था। इसापूर्व 230 से आगे सातवहन का साम्राज्य भारत के काफी बडे हिस्से पर काबिज था। सम्राट अशोक के शिलादेशों में सातवहन के राज्य को अशोक साम्राज्य के अधिन बताया गया था। सातवहन सम्राट अशोक के अधिन थे। उसी दौरान उनके बीच बौध्द धम्म का प्रचार-प्रसार हुआ था। इसलिये सातवहन बौध्द मत के थे। सातवहन ने सम्राट अशोक की मौत के कुछ ही साल बाद खुद को आजाद घोषित कर दिया। सातवहन को श्रेय जाता है कि मौर्य साम्राज्य के क्षय के बाद उन्होने विदेशी हमलों से बचाकर देश में अमन कायम किया। मेगास्थेनेस के मुताबिक सातवहन के पास एक लाख पैदल सेना, एक हजार हाथी तथा पूरी तरह से सुरक्षित बनाये गये 30 नगर थे। उन्होने पहले ब्राह्मण शुंगों से तथा बाद में ब्राह्मण कण्वों से मुकाबला कर अपने साम्राज्य को स्थापित किया। सातकर्णी ने उत्तर भारत के शुंग राजवंश को पराजित किया और उनसे मालवा छीन लिया। उन्होने भारत को सको, यवनों, पहलवों इ. के हमलों से बचाया। पश्चिमी क्षत्रपों के साथ उनका संघर्ष काफी लंबा चला। सातवहन राजवंश के महान शासकों में गौतमीपुत्र सातकर्णी, तथा श्री यजना सातकर्णी विदेशी पश्चिमी क्षत्रपों को परास्त करने में कामयाब रहे। फौज के अलावा नेवी तथा व्यापारिक गतिविधियों ने दक्षिण-पूर्व एशिया में उनके उपनिवेश कायम किये। इन देशों में महायान बौध्द धम्म का प्रचार-प्रसार हुआ। सातवहन की अमरावती शैली की शिल्पकला तथा संस्कृति का प्रचार-प्रसार दक्षिण-पूर्व एशिया में हुआ। सातवहन पहले शासक थे जिन्होने सिक्कों पर अपनी तस्वीर अंकित की। सातवहन के सिक्कों में प्राकृत भाषा का इस्तेमाल किया जाता था। सिक्कों के पिछे तेलगु भाषा का भी इस्तेमाल किया गया है। ये सिक्के आंध्र प्रदेश के गोदावरी, कोटीलिंगाला, करीमनगर, क्रिष्णा, अमरावती, गुंटूर इ. क्षेत्रों में इस्तेमाल होते थे। कुछ सिक्के तमिल ब्राह्मी में है। सिक्कों में हाथी, शेर, घोडे, चैत्य, स्तुप, तथा उज्जैन चिन्ह इ. चिन्ह थे। सिक्कों पर सातवहन राजवंश को सातवहन तथा सातकर्णी कहा गया है।

सातवहन सम्राटों ने बौध्द धम्म का प्रचार-प्रसार किया। आंध्र में अमरावती क्षेत्र में बौध्द धर्म पूरी तरह से स्थापित था। सातवहन एलोरा की गुफाओं से लेकर अमरावती तक में बौध्द स्थलों के संरक्षण और विकास करने में प्रसिध्द थे। सातवहन शासक बुध्दि दस्ट कला तथा शिल्पकृतियों के लिये मशहूर थे। उन्होने क्रिष्णा नदी घाटी में विशाल स्तुपों का निर्माण किया। इसमें आंध्र प्रदेश के अमरावती के स्तुप भी शामिल है। स्तुपों को संगमरमर के पत्थरों से सजाया गया था। उनपर बुध्द के जीवन की घटनाओं को बडे ही कलात्मक ढंग से अंकित किया गया था। सातवहनों ने सांची के बौध्द स्तुप का विकास करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। स्तुप के प्रवेशव्दार तथा संबंधित निर्माण जो इसापूर्व 70 के बाद किया गया वह उनके व्दारा संपन्न हुआ। एक शिलालेख के मुताबिक दक्षिण प्रवेशव्दार को सातवहन सम्राट के कारागिरों ने बनाया। महाराष्ट्र के कोल्हापुर के उत्खनन में सातवहन काल के अवशेष मिले है जिनपर बौध्द धम्म के चिन्ह है। आज की मुंबई सात व्दीपों का समुह था। ये व्दीप मछुआरों की देवता मुंबादेवी के नाम से जाने जाते थे। ईसापूर्व तीसरी शताब्दी में मुंबई व्दीपसमूह मौर्य साम्राज्य के अंतर्गत थे। बौध्द

भिख्खुओं ने, स्कॉलर्स तथा कलाकारों ने कान्हेरी तथा महाकाली गुफाओं में कलाकृतियां निर्माण की तथा शिलालेख लिखे। ईसापूर्व दूसरी शताब्दी के अंत तक कुल बुध्दीस्ट गुफा विहारों की तादाद 109 थी। मौर्य साम्राज्य के लगभग ईसापूर्व 185 में पतन के बाद मुंबई के व्दीप सातवहन के साम्राज्य का हिस्सा बने। सोपारा का बंदरगाह एक महत्वपूर्ण व्यापारिक केन्द्र था। इसवी 250 में सातवहन साम्राज्य के खत्म होने के बाद पश्चिम महाराष्ट्र के अभीरों ने तथा विदर्भ के वाकाटकों ने मुंबई पर अधिकार किया। अभीरों ने ईसवी 417 तक 187 सालों तक राज किया। पांचवी शताब्दी इसवी में मुंबई कालाचुरियों के हाथों में आई। इसके बाद मौर्यो के अधिकार में आई। जोगेश्वरी गुफाओं को मौर्य काल में इसवी 520 से 550 के दौरान बनाया गया। मौर्य उपस्थिती तब खत्म हुई जब चालुक्यों ने पुलाकेसी व्दीतीय के नेतृत्व में सन् 610 में मुंबई पर आक्रमण किया।

जैन सम्राट खारावेला

[Information about Kharavela Empire is synthesized from following web pages : http://en.wikipedia.org/Hathigumpha inscription - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://en.wikipedia.org/Kharavela - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://en.wikipedia.org/Udayagiri and Khandagiri Caves - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; Pusyamitra Sunga From Thedesipub http://www.wiki-site.com/Pusyamitra Sunga - Thedesipub.htm; http://en.wikipedia.org/History of India - Wikipedia, the free encyclopedia.htm]

खाराबेला (खारावेला) कर्लींग यानि आज के ओरीसा के महामेघवाहन राजवंश का तीसरा महान सम्राट था। खारावेला जैन धर्म का अनुयायी था जिसने जैन धर्म का प्रचार प्रसार किया। खारावेला के बारे जानकारी हातिगुंफा गुफा की 17 लाईनों वाले शिलालेख से मिलती है। शिलालेख की इबारत ईसापूर्व 150 वर्ष पूरानी कलिंग की ब्राह्मी लिपि है। हातिगुंफा गुफाएं ओरिसा में भुवनेश्वर के निकट उदयगीरी पर्वत में बनी है। इन शिलालेखों के मुताबिक खारावेला चेदी समूह के और राजा वासू के वंशज थे। खारावेला ने कलिंग की विशाल सेना खडी की। समुद्र मार्ग से सिंहला (श्रीलंका), बर्मा (मॅनमार), सियाम (थायलंड), विएतनाम, कंबोजा (कंबोडिया), बोर्निओ, बाली, समुद्रा (सुमात्रा) तथा जाबाव्दीपा (जावा) इ. देशों से खारावेला के व्यापारिक संबंध थे। खारावेला ने मगध, अंग, सातवाहन इ. राज्यों के खिलाफ कामयाब सैनिक अभियान चलाये। उनको दक्षिण के राज्यों के संगठन को तोडने का श्रेय है। उन्होने पश्चिमी ताकतों को उखाड फेंका तथा बॅक्ट्रीया के इंडो-ग्रीक राजा डीमेट्रिअस को पराजित किया। इस जीत को जश्न में बदलने के लिये खारावेला ने कलिंगनगरी में विशाल महल बनाया। इस महल के निर्माण में 38 लाख सुवर्णमुद्राएं खर्च की गई। डीमेट्रिअस पर खारावेला की विजय के बाद मगध राजगृह के पहले शुंग राजा पुष्यमित्र शुंग ने खारावेला के अधिन रहना कबुल किया। इसके संबंध लिखे शिलालेख जो प्राकृत भाषा में देवनागरी लिपि में लिखा है कि सम्राट ने आक्रमण कर मगध तथा पाटलीपुत्र को पूरी तरह से पराजित कर दिया। उन्होने शुंग की राजधानी को पराजित कर ब्रहस्पतिमित्र यानि पुष्यमित्र शुंग को अपने कदमों पर झुकने के लिये मजबूर किया।

इस इबारत की खोज ए. स्टिर्लिंग (A. Stirling) ने 1820 में की जबकि उसके अर्थ को समझने का काम जेम्स प्रिन्सेप (James Prinsep) ने किया। ब्राह्मण पुष्यमित्र शुंग ने महावीर की जीना मूर्ति को भी कलिंग को वापस कर दिया। इस तरह उन्होने कलिंग के गौरव को पूर्नस्थापित कर दिया। उन्होने कलिंग को एक बहुत बडा साम्राज्य बना दिया। खारावेला के शासन काल में कलिंग का चेदी राजवंश अपने चरम गौरव पर पहुंचा।

खारावेला से संबंधित गौण शिलालेख ब्राह्मी लिपि तथा प्राकृत भाषा में है। हाथीगुंफा शिलालेख के मुताबिक खारावेला के शासन के काल को ईसापूर्व पहली शताब्दी के दूसरे आधे भाग (second half) में दर्शाया गया है। फीलहाल ठिक ठिक समय तय करना मुश्किल है। खारावेला के मेधवाहन राजवंश का क्रम मेघवाहन, सेताराजा, खारावेला, कुदेपासीरी, बादुखा, महासादा तथा सादा के उत्तराधिकारी इस प्रकार है।

बौध्द सम्राट कनिष्क !

[Information on Kushan Empire is synthesized from articles in following web pages :- http://en.wikipedia.org/Greco-Buddhism - Wikipedia, the free encyclopedia. htm; http://www.crystalinks.com/History of India - Crystalinks.htm; http://www. cemml.colostate.edu/Afghanistan The Kushan Empire.htm; http://in.answers.yahoo. com/Why was emperor kanishka considered as "king of kings" , what's the reason - Yahoo! Answers India.htm; http://www.proud2bindian.in//The Kushan Empire and Kanishka.htm#.UVHGCDebXg0; www.keele.ac.uk/The History of Pakistan: The Kushans pak_history@yahoo.com; http://www.encyclopedia.com/Kushan King Kanishka Facts, information, pictures _ Encyclopedia.com articles about Kushan King Kanishka.htm; http://en.wikipedia.org/Kushan Empire - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://www.historytuition.com//Kushan Dynasty, History of Kushanas, Post Mauryan India.htm; www.historyfiles.co.u/Kingdoms of South Asia - Kushan Empire.htm; http://en.wikipedia.org/Kanishka - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://en.wikipedia.org/Greco-Buddhism - Wikipedia, the free encyclopedia.htm]

कुशान कौन थे ?

कुशान साम्राज्य की शुरुआत मध्य एशिया के इंडो-युरोपियन टोलियों के संघ युएह-ची (Yueh-chi) के शासन के रुप में हुई। कई स्कॉलर कुशानों का संबंध चीन के तारीम बेसिन (Tarim Basin) के तोचरियन (Tocharians) लोगों से जोडते है। तोचरियन कॉकेशियन लोग है जिनके सुनहरे या लाल बालों वाली ममियां प्राप्त हुई है। कुशान यह शब्द चीन के गुईशांग (Guishang) प्रांत के नाम से बना है। ईसवी 20 या 30 में कुशान लोगों को हुणों के पूर्वज क्सीओग्नु (Xiongnu) नामक अतिहिंसक लोगों ने कुशानों को पश्चिम की ओर भागने पर मजबूर कर दिया। कुशान लोग अफगानिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान तथा उजबेकिस्तान के सीमावर्ति क्षेत्र बॅक्ट्रीया आये। कुशान समुह ने इन

टोचरियन समूहों का एक यूउझी समूह तैयार किया था। जिन पांच चीनी जनजाति समूहों ने मिलकर यूउझी (Yuezhi) समूह का निर्माण किया वे चीन में क्झीउ-मी (Xiu-mì), गुईशुआंग (Guishuang, Kushan), शुआंगमी (Shuangmi), क्सीडून (Xidun) तथा डूमी (Du-mì) समूह है। कुजुला काडफाईसेस या काडफाईसेस प्रथम (Kujula Kadphises or Kadphises I) इस समूह का नेता बना। बॅक्ट्रिया में उन्होने इंडो-ग्रीक राजा मेनांदर की मौत के ठिक बाद सीथियनों को पराजित कर बॅक्ट्रिया से ग्रीक साम्राज्य को खत्म कर तोखारिस्तान राज्य कायम किया। उन्होने अपने राज्य को गांधार तक बढा लिया। बाद में वे इंदस नदी तक पहुंच गए। उनकी सीमा चीन के गुईशुआंग (Guishuang) राज्य की सीमा तक पहुंच गई।

सब से पहला कुशान शासक हेराईओस (Heraios) माना जाता है। अपने सिक्कों पर वह खुद को 'क्रूर-शासक' कहता था। उसके सिक्कों में ग्रीक बनावट थी। अपने सिक्कों पर वे ग्रीक भाषा के मिथकों का तथा पाली मिथकों का खरोष्ठी लिपि में उपयोग कनिष्क के शासन के कुछ वर्षो तक करते थे। इसके बाद उन्होने सम्मीलित रुप से कुशान मिथकों का इस्तेमाल ग्रीक लिपि में करना शुरु किया। कनिष्क सबसे प्रसिध्द कुशान शासक था। उसके शिलालेख आज तक सुरक्षित है।

कुशान साम्राज्य का विस्तार :- कुशान साम्राज्य का पहला शासक कुजुला काडफाइसेस, उसके बाद उसका बेटा विमा काडफाइसेस व्दितीय तथा उसके बाद कनिष्क हुए है। कुशान साम्राज्य का लगातार विस्तार होते गया। कुशान साम्राज्य की मध्य एशिया में सीमा चीन तक थी। उसकी सीमा तारीम बेसिन यानि अपनी मातृभूमि तक पहुंच चुकी थी। अफगानीस्तान, कश्मीर, पंजाब, उत्तर प्रदेश, बिहार, तथा खोटान से लेकर कोंकण तक उसका साम्राज्य फैला था। उसके साम्राज्य का विस्तार अराल समुद्र से लेकर बंगाल की खाडी तक था। उसकी राजधानी पाकिस्तान की प्रुशापुर यानि पेशावर थी। कनिष्क ने अपने नाम के साथ शाह, शहेनशाह कैसर तथा देवपुत्र इ. विशेषण लगाये थे। ग्रीक भाषा में लिखे सिक्कों में उसे राजाओं का राजा कहा गया था।

कुशान साम्राज्य के व्यापार तथा राजनीतिक संबंध :- रोमन-मध्य पूर्व-चीनी व्यापार मार्ग पर उसका नियंत्रण था। मध्य एशिया पर नियंत्रण होने की वजह से उसके नियंत्रण में मुख्य व्यापारिक मार्ग तथा बंदरगाह भी थे। रोमन लोग अपना सोना तथा चीनी लोग अपना रेशीम आपस में बदलने के लिये मध्यस्त के तौर पर कुशान साम्राज्य का उपयोग करने पर मजबूर थे। कनिष्क व्यापारियों से अच्छी खासी कमीशन लेकर उन्हे इन मार्गो से जाने देता था। कुशान साम्राज्य की अर्थव्यवस्था विदेशी व्यापार की वजह से फलफूल रही थी। कुशान राज्य में व्यापारी समूह पैदा हो गए जिससे नगरों का विकास हुआ।

कुशान राज्य की सीमाएं प्रसिध्द सभ्यताओं के साथ मिलती थी। ट्राजान (Trajan) तथा हाड्रियन (Hadrian) के काल (ईसवी 98-138) में रोमन साम्राज्य की सीमा पाकिस्तान में कुशान साम्राज्य से मिलती थी। कुशान साम्राज्य की सीमा चीनी सीमा से भी मिलती थी। कुशान साम्राज्य को विभिन्न सभ्यताओं के संपर्क से विभिन्न क्षेत्रों में तकनिकी ज्ञान तथा कला व सांस्कृतिक क्षेत्रों में फायदा पहुंचा। कुशानों ने ग्रीक अक्षरों में कुछ बदलाव कर उनका इस्तेमाल शुरु किया। ग्रीक तकनीक से अपने सिक्के ढाले। सिक्कों पर पाली भाषा भी खरोष्ठी लिपि में लिखी जाती थी। कुशान साम्राज्य की वजह से महायान बौध्द धम्म चीन इ. देशों में और ज्यादा विस्तारित हुआ। कुशान शासकों ने चीन, रोम, सासानियन पर्शिया, इ. देशों में अपने राजदूतों का आदान-प्रदान किया।

कुशान सम्राटों ने महायान बौध्द धम्म का प्रचार-प्रसार किया :- शायद वेदिक धर्म की जाति-वर्ण व्यवस्था में कुशानों का स्थान नीचला माना जाता। इसलिये प्रचलित बौध्द धम्म को अपनाने से उन्हे व्यापक जनसमर्थन तथा सम्मानपूर्ण सामाजिक स्थान मिला। सबूत यह भी दर्शाते है कि वह पर्शियन देवता मिथ्रा की पूजा भी करता था। कुशान सिक्कों में हेलिओस (Helios) तथा हेरॅक्लस से लेकर बुध्द, अहूरा मझदा, मिथ्रा, तथा अतार (Atar) नामक आग के देवता की तस्वीरें पाई गई है। कनिष्क के विश्वास में इजिप्शीयन झोरोस्टर धर्म तथा बौध्द संस्कृति का मिश्रण था। कनिष्क ने महायान बौध्द धम्म मध्य एशिया तथा चीन में फैलाया। कनिष्क ने चौथी बौध्द संगती लगभग ईसवी 100 में जालंधर अथवा कश्मीर में आयोजित की। कुची, खोटन तथा कश्मीर बौध्द अध्ययन के केन्द्र बने।

कनिष्क विव्दानों को आश्रय देने में विख्यात था। इसलिये उसके दरबार में कला, साहित्य तथा विज्ञान के विव्दान मौजूद रहते थे। अश्वघोष नामक बौध्द संस्कृत कवि को कनिष्क ने आश्रय दिया हुआ था। चरक जो औषधी विज्ञान का विव्दान तथा लेखक था कनिष्क के दरबार का राज चिकित्सक था। नागार्जुन, अश्वघोष तथा वासुमित्र कनिष्क के आश्रित थे। कनिष्क के बारे में जानकारी मुख्य रुप से चीनी शिलालेखों तथा दस्तावेजों से हासिल होती है। भारत में उसके संबंध में कोई दस्तावेज मौजूद नही है।

कुशान साम्राज्य का अंत :- मुख्य कुशान राजवंश के शासक निम्न प्रकार से है। 1) हेराइओस (Heraios, c. 1 – 30) पहला कुशान शासक था। 2) कुजुला काडफाइसेस (c. 30 – c. 80), 3) विमा टाक्टो (c. 80 – c. 95), 4) विमा काडफाइसेस (c. 95 – c. 127), 5) कनिष्क प्रथम (127 – c. 140), 6) वसीस्का (c. 140 – c. 160), 7) हुविश्का (c. 160 – c. 190), 8) वासुदेव प्रथम (c. 190 – to at least 230), 9) कनिष्क व्दितीय (c. 230 – 240), 10) वशिश्का (c. 240 – 250), 11) कनिष्क तृतिय (c. 250 – 275), 12) वासुदेव व्दितिय (c. 275 – 310), 13) वासुदेव तृतिय 14) वासुदेव चतुर्थ 15) काबुल का वासुदेव, 16) छु (Chhu, c. 310? – 325?) 17) शाका प्रथम (c. 325 – 345), 18) किपुनाडा (c. 345 – 375) वासुदेव प्रथम की मौत के बाद से ही कुशान साम्राज्य का विघटन हुआ।

पर्शिया के सासानीड राजाओं ने कमजोर कुशान राजाओं को अपने अधिन कर लिया। गंगा के मैदानी क्षेत्रों के लगभग 270 प्रदेशों ने खुद को आजाद घोषित किया। इन छोटे राज्यों पर बाद में ब्राह्मणवादी गुप्ता शासकों ने कब्जा किया। बचे खुचे हिस्से पर किडारा ने कब्जा किया। कुशान राज्य के अवशेषों को पूरी तरह से हुनों तथा मुस्लिम शासकों ने खत्म किया। ब्राह्मणवादी गुप्त साम्राज्य पाकिस्तान को अपने साम्राज्य में मिलाने में नाकामयाब साबित हुआ था। गुप्त साम्राज्य के दौरान पाकिस्तान कुशानों तथा सासानियनों की हुकुमत में था। गुप्त साम्राज्य में कश्मीर भी कभी शामिल नही था।

बौध्द सम्राट हर्षवर्धन !

[Information about Empire of Harshavardhan is synthesized from following web pages : http://theguptaage.blogspot.in/The Gupta Age November 2009.htm; http://en.wikipedia.org/Harsha - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://www.

indianmirror.com/Vardhan Dynasty, Vardhan Dynasty in India, Harshavardhan dynasty, Rulers of Vardhan Dynasty.htm; Time check: Ancient India: Harshavardhana: a gifted ruler By Mubarak Ali April 10th, 2010 ; KING HARSA by Stacey Platt (March 2009); http://hubpages.com//King Harshavardhana.htm; http://hmindia.blogspot.in/History and Mythology ACK-095 Harsha - The Great Ruler of Thaneshwar.htm]

वर्धन राजवंश का पहला राजा प्रभाकर वर्धन था। उसकी राजधानी थानेसर थी। सन् 605 में प्रभाकर वर्धन की मौत के बाद उसके बडे बेटे राज्य वर्धन ने राजगद्दी संभाली। हर्षवर्धन राज्यवर्धन का छोटा भाई था। उनकी राज्यश्री नाम की बहन थी। उसका विवाह मौखारी के राजा गृहवर्मन के साथ हुआ था। मालवा के राजा देवगुप्ता ने गृहवर्धन पर हमला कर उसे मार डाला और राज्यश्री को कैद किया। राज्यवर्धन ने देवगुप्ता पर हमला कर उसे परास्त किया। तभी पूर्व बंगाल के गौडा के राजा शसांक ने मगध में राज्यवर्धन के मित्र के रुप में प्रवेश किया। लेकिन वह मालवा राजा देवगुप्त से मिला था। शशांक ने छल से राज्यवर्धन की हत्या कर दी। अपने भाई की हत्या की खबर सुनते ही हर्षवर्धन ने शशांक पर आक्रमण किया और देवगुप्त को युध्द में मार डाला। हर्षवर्धन ने राजगद्दी मात्र सोलहवे साल में संभाली। उसने खुद को पूरी तरह से काबिल साबित किया। हर्षवर्धन ने कनौज को राजधानी बनाई। हर्षवर्धन ने शशांक को परास्त किया। लेकिन उसे मारने में नाकामयाब रहा। शसांक का राज्य हर्षवर्धन के अधिान था। शशांक ने विद्रोह किया जिसमें उसकी मौत हुई। उसके राज्य को हर्षवर्धन ने तथा उसके मित्र भाष्कर ने आपस में बाँट लिया। हर्षवर्धन का राज्य पंजाब, राजस्तान, गुजरात, बंगाल, ओरीसा, नर्मदा नदी के उत्तर में संपूर्ण गंगा के मैदान थे। हर्षवर्धन ने अपने साम्राज्य को दक्षिण में भी बढाना चाहा लेकिन उत्तरी कर्नाटक के वाटापी के चालुक्य राजा पुलकेसी व्दीतीय के हाथों पराजित होने के बाद उनके बीच शांति समझौता हुआ। तय हुआ की हर्षवर्धन के राज्य की दक्षिणी सीमारेखा नर्मदा नदी होगी। अपने साम्राज्य का इतना विस्तार करने के बाद उसने शांतिपूर्ण जीवनपध्दति अपनाई। इसी वक्त हर्षवर्धन ने बौध्द धम्म अपनाया। सन् 641 में ह्युएन सांग की भारत भेंट के वक्त हर्षवर्धन अपने साम्राज्य के उत्कर्ष की चरम सीमा पर था। हर्षवर्धन ने चीन के साथ सबसे पहले राजनीतिक संबंध कायम किये। इसका उल्लेख राजगीर के शिलालेखों में है। आठ साल के दौरान 3 मिशन चीन से भारत और 3 भारत से चीन भेजे गए थे। हर्षवर्धन एक महान सम्राट था जिसने उत्तर भारत पर 40 साल तक यानि ईसवी 606 से 647 तक राज किया।

सम्राट हर्षवर्धन व्दारा बौध्द धम्म का प्रचार और प्रसार :- सम्राट हर्षवर्धन के भाई प्रभाकर हिनयान बौध्द धम्म के थे। बाणा के मुताबिक हर्षवर्धन महायान बौध्द धर्म का अनुयायी था। सम्राट हर्षवर्धन की बहन राज्यश्री भी बौध्द धम्म की अनुयायी थी।

हर्षवर्धन की राजधानी कनौज में 400 बौध्द मोनेस्ट्रीज तथा 200 मंदिर थे। हर्षवधिन ने बौध्द उसूलों का पालन करते हुए जानवरों के कत्लेआम पर पाबंदी आयद की थी। हर्षवर्धन हर चार साल के बाद अपने राज्य के खजाने में जमा होने वाली रकम को अपने राज्य की प्रजा तथा जनोपयोगी कार्यो में खर्च करता था। हर्षवर्धन ने नालंदा विश्वविद्यालय की सुरक्षा के लिये संपूर्ण विश्वविद्यालय के क्षेत्र में विशाल दीवार खडी की थी। वह नालंदा विश्वविद्यालय का संरक्षक था।

चीनी प्रवासी ह्युएन सांग के मुताबिक हर्षवर्धन ने बडी तादाद में बौध्द स्तुपों का निर्माण किया। हर्षवर्धन ने इन्सानों तथा जानवरों के लिये मुफ्त अस्पताल खोले। उन्होने मुसाफिरों के लिये धर्मशालाएं खोली जहां गरीबों को मुफ्त में खाना खाने तथा रहने की सुविधा थी।

हर्षवर्धन अपने राज्य के विभिन्न हिस्सों में सतत दौरे करता था ताकि उनकी समस्याओं का निराकरण कर सके। अपने शासन का अगला आधा हिस्सा उसने लगभग कँम्पों में ही बिताया। हर्षवर्धन साहित्य में रुची रखता था तथा अपने व्यस्त कार्यक्रमों के बावजूद उसने कई नाटक जैसे कि रत्नावली, प्रीयदर्शिका, तथा नागानंदा इ. लिखे। इनमें से पहले दो हास्य रचनाएं तथा तीसरा नाटक गंभीर धार्मिक विषय को लेकर है। हर्षवर्धन के दरबार में दार्शनिक, कवि, नाटककार, तथा चीत्रकारों को आश्रय दिया हुआ था। बाणा हर्षचरीत तथा कादंबरी का लेखक तथा राजकवि था।

हर्षवर्धन के राज्य का अंत :- हर्षवर्धन अविवाहित था इसलिये हर्षवर्धन की मौत के बाद वारीस के अभाव में हर्षवर्धन के साम्राज्य का विघटन हुआ। हर्षवर्धन की मौत सन् 647 को हुई। तिब्बती किताब 'The White Annals' के मुताबिक चीनी सम्राट ने हर्षवध र्न से मिलने 30 घुडसवारों का प्रतिनिधि मंडल भेजा। भारत पहुंचने पर उन्होने देखा कि हर्षवर्धन की मौत हो चुकी है। उसके मंत्री अर्जुन ने राजगद्दी पर कब्जा जमाया है और बौध्दों को प्रताडित कर रहा है। अर्जुन ने इस प्रतिनिधि मंडल पर भी हमला किया। वे भागकर तिब्बत पहुंचे। तिब्बती राजा ने चीनी सम्राट की बेइज्जती का बदला लेने की ठानी। इसी प्रतिनिधिमंडल को भारी सेना के साथ भारत भेजा। इस सेना ने अर्जुन को परास्त कर अर्जुन तथा उसके परिवार को कैद कर लिया। वे उन्हे चीन ले गए।

पाल राजवंश के बौध्द सम्राट !

[Information about Empire of Pala Dynasty is synthesized from following sources : http://en.wikipedia.org/Pala Empire - Wikipedia, the free encyclopedia. htm; http://histhink.wordpress.com/Adivasis Were Buddhist Naagas K. Jamanadas _ HISTHINK!.htm; http://www.lotussculpture.com//History Pala Empire, Pala Dynasty, Pala Dynasty in India 8th 12th century.htm; http://www.indianmirror.com/ Pala Dynasty, Pala Empire, Pala empire in India, Pala School of Sculptures.htm; http://en.wikipedia.org//Kamboja Pala dynasty - Wikipedia, the free encyclopedia. htm]

पाल साम्राज्य का कालखंड सन् 750–1174 वर्ष का है। पाल राजवंश के बौध्द राजाओं ने बंगाल से भारत के एक बडे भाग पर राज किया। पाल सम्राट महायान तथा तंत्रयान बौध्दधम्म को मानते थे। पाल का अर्थ पालने वाला होता है। पाल राजवंश का सबसे पहला शासक गोपाल हुआ है। जनतांत्रिक ढंग से हुए चुनाव में उसे अपना राजा घोषित किया गया था। यह वाकया महाजनपदों के बाद का दक्षिण एशिया का पहला वाकया है जब किसी राजा का इन्तेखाब जनता ने किया हो। गोपाल ने ईसवी सन् 750 से 770 तक राज किया। उन्होने संपूर्ण बंगाल में अपने राज्य का विस्तार कर

उसे मजबूत बनाया। पाल साम्राज्य धर्मपाल तथा देवपाल के काल में अपने उत्कर्ष की चरम सीमा पर पहुंचा। धर्मपाल ने पाल साम्राज्य को उत्तरी भारतीय उपमहाव्दीप में विस्तारित किया। उनके उत्तराधिकारी देवपाल ने पाल साम्राज्य को दक्षिण एशिया तथा उसके बाहर तक पहुंचाया। जावा, सुमात्रा तथा मलाया के शैलेन्द्र का साम्राज्य पाल साम्राज्य के उपनिवेश थे। धर्मपाल ने अपने साम्राज्य की सीमा अब्बासाईड साम्राज्य की सीमा से भीडा दी। खलिफा हारुन अल रशीद से कूटनीतिक संबंध कायम किये। हारुन अल रशीद के सिक्के महास्थानगढ़ में पाये गए। उनका साम्राज्य आसाम, ओरीसा, कंबोज यानि आधुनिक अफगानिस्तान, तथा दख्खण तक फैला था। पाल साम्राज्य को बंगाल का सुवर्ण युग कहा जाता है। पाल साम्राज्य का दक्षिण-पूर्व एशिया में व्यापारिक संबंध था। पाल साम्रज्य का संपर्क दूरस्थ जगहों से आक्रमण तथा व्यापार के माध्यम से हुआ था।

पाल साम्राज्य के तांबे के तख्ते पर लिखे हुए ताम्रलेख साहित्य की दृष्टी से बेहद मुल्यवान थे। इन लेखों को गौडिया पध्दति (Style) कहा जाता था।

पाल ताम्रपत्रों में लिखा है कि पाल की पैदल सेना में सैनिक कंबोज, खासा, हुण, मालवा, गुजरात तथा कर्नाटा से नियुक्त किये जाते थे। कंबोज सैनिक पाल साम्राज्य के महत्वपूर्ण सैनिक थे। कंबोज सेना ने आपस में अपने समुह बनाये थे। वे अपने कमांडर की आज्ञा का पालन करने के लिये प्रतिबध्द थे। पाल साम्राज्य के पास विशाल सेना थी जिसको धर्मपाल तथा देवपाल के काल में मिथक के मुताबिक 'नव लक्ष सैन्य' कहा जाता था। हुदुद अल आलम नामक पर्शियन साहित्य (सन् 982–983) के मुताबिक ध र्मपाल के पास तीन लाख पैदल सैनिक थे। पाल सम्राटों के पास पर्याप्त सैन्य बल तथा साहस था जिससे वे उत्तर भारत को प्रतिहारों तथा राष्ट्रकुटों के हमले से बचा सके।

पाल साम्राज्य ने तिब्बत के साथ धार्मिक तथा कूटनीतिक संबंध कायम किये। हाल की खोजों से पता चला है कि पंजाब के पर्वतों पर पाल साम्राज्य का प्रभाव था। वहा इस परंपरा का कडाई से पालन किया जाता है कि कुछ राज्यों के सत्ताधारी परिवार गौर बंगाल राजा के वंशज होने चाहिये। ये राज्य सुकेत (Suket), केओन्थाल (Keonthal), कश्तवार (Kashtwar), तथा मंडी (Mandi) है।

पाल साम्राज्य ब्राह्मणों के प्रभाव से पूरी तरह से मुक्त था। बल्लाला-कारिता (Ballala-Carita) के मुताबिक पाल राजवंश पीछडी जातियों के क्षत्रिय थे। इसी बात को इतिहासकार तारानाथ ने अपनी किताब 'हिस्ट्री ऑफ बुध्दीजम इन इंडिया' में दोहराया है। घनाराम चक्रवर्ति ने अपनी धर्ममंगला (Dharmamangala) नामक किताब में यही कहा है। ये दोनों किताबें सोलहवी शताब्दी की है। ब्राह्मण सुत्र गोपाला को शुद्र करार देते है। मंजुश्री मुलाकल्प (Manjus'ree Mulakalpa) के मुताबिक गोपाल शुद्र था। अरेबिक दस्तावेजों के मुताबिक पाल सम्राट राजवंश से नही थे।

पाल सम्राटों व्दारा बौध्द धम्म का प्रसार-प्रचार :- सम्राट हर्षवर्धन के बाद बौध्द ध र्म के सामने अस्तित्व का संकट निर्माण हुआ। तब पाल सम्राटों ने महायान बौध्द धम्म को राजाश्रय प्रदान किया। पाल सम्राटों ने महायान बौध्द धम्म को तिब्बत, भुतान, तथा मॅनमार में प्रसारित किया। बंगला देश में सोमापुरा बौध्द विहार समुचे भारतीय उपमहाव्दीप का सबसे बडा बौध्द विहार है। इसका निर्माण धर्मपाल ने किया था। यह मोनेस्ट्री 21 एकर के क्षेत्र में बनी है। इसके 177 छोटे कमरे तथा बहुत अधिक स्तुप है। इसमें बौध्द मंदिर तथा सहायक इमारतें थी। इस बौध्द विहार को 1985 में युनेस्को ने वर्ल्ड हेरिटेज स्थल का दर्जा देकर उसे 'दुनियां की आंखों की खुशी' करार दिया गया है।

पाल साम्राज्य का अंत :- पाल साम्राज्य ने लगभग 400 सालों तक राज किया और इस काल में बंगाल अपने गौरव की चरम अवस्था तक पहुंचा। देवपाल की मौत के बाद पाल राजवंश के उत्कर्ष की गति रुक गई तथा कई स्वतंत्र राज्यों का उदय हुआ। महिपाल प्रथम ने पाल साम्राज्य के विघटन को रोकने की पूरी कोशिश की। उन्होने समुचे बंगाल में अपना नियंत्रण कायम किया और साम्राज्य का विस्तार किया। उसने राजेन्द्र चोल तथा चालुक्य के आक्रमणों को भी विफल कर दिया। महिलपाल प्रथम के बाद पाल साम्राज्य का लगातार क्षय हुआ। पाल राजवंश के आखरी सम्राट रामपाल ने हालत में कुछ सुधार किया। उसने विरेन्द्र की बगावत को कुचल दिया। अपने साम्राज्य को कमारपुरा, ओरीसा तथा उत्तरी भारत में विस्तारित किया। लेकिन 12 वी शताब्दी में सेन राजवंश के हमलों से तथा बख्तियार खिलजी के हमलों से यह साम्राज्य लगभग नष्ट हो गया।

मूलनिवासी श्रमण धर्मो की जनहितकारी गौरवशाली परंपरा !

[Information for this chapter is synthesized from following source materials : wps.ablongman.co/Religious Rivalries and India's Golden Age.htm; http://www.foreignaffairs.com/The Buddhism That Was India _ Foreign Affairs.htm; http://nirmukta.com/The Great Nastik Revolt _ Nirmukta.htm; Brahmanism, Buddhism, and Hinduism An Essay on their Origins and Interactions by Lal Mani JoshiDepartment of Religious Studies Punjabi University, Patiala, India Buddhist Publication Society Kandy • Sri Lanka The Wheel Publication No. 150/151; Aspects of Buddhism in Indian History By L. M. Joshi, Ph.D. Reader in Buddhist Studies Punjabi University, Patiala Buddhist Publication Society Kandy , Sri lanka; http://www.milligazette.com/Hinduism and Talibanism, The Milli Gazette, Vol. 2 No. 8.htm; http://www.dharmawheel.net/Dharma Wheel • View topic - Decline of Buddhism in India.htm; http://www.historytuition.com//Contribution of Buddhism, Buddhism in ancient india, Ancient India Religions.htm; Brahmanism, Buddhism, and Hinduism An Essay on their Origins and Interactions by Lal Mani JoshiDepartment of Religious Studies Punjabi University, Patiala, India Buddhist Publication Society Kandy • Sri Lanka The Wheel Publication No. 150/151; http://rupeenews.com/Why did Buddhism disappear from South Asia Brahmin atrocities that destroyed Buddhism in the Subcontinent _ Rupee News.htm; Facets of the relation ship between Buddhism and Hinduism]

मूलनिवासी श्रमण धर्मो ने जनता के कल्याण को सबकुछ माना !

बौध्द धम्म के मूल सिधान्तों में अहिंसा, ईमानदारी, करुणा, सहनशिलता, सभी मानवों के बीच समानता इ. नियम बिना किसी भेदभाव के सभी पर एक जैसे लागू होते है।

बौध्द धम्म में वर्ण या जाति-व्यवस्था के लिये कोई स्थान नही है। सभी ने जीवन के महत्व को समझकर जानवरों की बलि नही चढानी चाहिये। यज्ञ में चावल घी इ. खाद्य पदार्थो को जलाया जाना बौध्द धम्म को मंजूर नही है। बुध्द ने न सिर्फ लोगों को अपनी लालसाओं को समझकर उनपर योग्य नियंत्रण कायम कर सही सुख की लोगों को पहचान कराई बल्कि औरतों और मर्दो को समान मानवाधिकार और समान सामाजिक दर्जा दिया। उन्होने स्त्रियों तथा पुरुषों को समान धार्मिक अधिकार प्रदान किये। अपने दर्शन को लिंग भेद, जाति, धर्म, प्रांत या देश का भेद किये बिना सभी को समझाया। बुध्द के विचार पूरी मानवता के लिये थे। वे पूरी दुनियां के लोगों के लिये थे। इतिहास में पहली बार बौध्द धम्म ने अपने दर्शन को उन सबके लिये खुला किया जो भी उसे जानना समझना चाहते है। उन्होने अपने धम्म का लक्ष्य 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' घोषित किया जो ब्राह्मण धर्म के लिये मुमकिन ही नही था। ब्राह्मणों ने अपने धर्मग्रंथों की गैर-ब्राह्मणों को हवा तक नही लगने दी। उपनिषदों ने भी यही किया क्योंकि उपनिषद शब्द का अर्थ ही अपने शिक्षक के समिप रहकर रहस्य की बातें समझना है। इसलिये उपनिषद सभी के लिये नही थे। ब्राह्मण धर्म का मानना है कि धर्म का अध्ययन करने का हक सिर्फ ब्राह्मणों का है। ब्राह्मणों ने गैरब्राह्मणों को ज्ञान अर्जित करने से मना कर दिया इसलिये बौध्द धर्मग्रंथों में वेदीक ब्राह्मण धर्म की कठोर शब्दों में भर्सना की गई है। (Aspects of Buddhism in Indian History By L. M. Joshi, Ph.D. Reader in Buddhist Studies Punjabi University, Patiala Buddhist Publication Society Kandy , Sri lanka)

ब्राह्मण-धर्म का मतलब हर वर्ण के लोग ईमानदारी से अपने अपने वर्ण के लिये मनुस्मृति व्दारा निर्धारित कामों को करते रहे। क्षत्रिय का काम दुश्मन के प्रदेश पर हमला कर उनकी गायों की चोरी करना, उनके घरों को जलाना, उनकी संपत्ति पर कब्जा करना है। इसी बात को कृष्ण के मुँह से भगवत गीता (BG: 1:15) में अर्जून के लिये 'धनंजय' यानि धन को जीतने वाला तथा पारानथापा (Paranthapa) शत्रुओं को प्रताडित करने वाला (BG: 2:3) कहलवाया गया। अर्जून कृष्ण को मधुसुदन यानि मधु को नष्ट करने वाला तथा अरीसुदन (BG: 2:4) यानि दुश्मनों को मार डालने वाला कहता है। क्षत्रिय को अपने क्षत्रिय धर्म का पालन करते वक्त अपने मन में कोई दया, करुणा और प्रेम की भावना नही रखनी है। शत्रु चाहे गुरु, चाचा, दादा, चचेरा भाई चाहे जो हो उनकी हत्या करनी चाहिये। कोई अपराध-बोध अथवा पाप किये जाने की भावना (BG: 18:17) नही होनी चाहिये। वह ऐसा करने से इन्कार करता है तो वह अपने क्षत्रिय धर्म को त्याग रहा है। ऐसे क्षत्रिय को नामर्द, कायर, और गैरतहीन (BG: 2-3) समझा जाता है। वह इस दुनिया में इज्जत के काबिल नही है। मरने के बाद वह नर्क में जायेगा।(BG: 2:33) ब्राह्मणों का धर्म यज्ञ का संचालन करना, वेदमंत्रों का उच्चारण करना, जानवरों की बलि चढाकर उनके मांस को काटना इ. है। इंडो-आर्य टोलियों के प्रमुख तथा शिक्षक आपस में लडते रहे है। एक-दूसरे के जानवरों तथा संपत्ति पर कब्जा कर यज्ञ में जानवरों की बलि चढाकर सोमरस पी कर जश्न मनाते रहे है। आर्यो में नैतिकता तथा आध्यात्मिक उद्देश्य का पूरा अभाव था। आर्यो में नैतिकता की खोज एक व्यर्थ कोशिश है। सिलवेन लेवी (Sylvain Levi) के मुताबिक ब्राह्मणों की धार्मिक विचारधारा से ज्यादा क्रूर तथा ज्यादा भौतिक धार्मिक विचारधारा की कल्पना करना असंभव है .... ब्राह्मणों की धार्मिक व्यवस्था में नैतिकता के लिये कोई जगह नही है। डब्लु क्रूके (W. Crooke) के मुताबिक इंद्र का नशा करना, स्त्रियों पर बलात्कार करना, प्रजापति व्दारा अपनी बेटी से लैंगिक संबंध कायम करना इ. उनके काम मौजूदा नैतिक विश्वासों के खिलाफ है।

एच. जैकोबी (H. Jacobi) के मुताबिक ब्राह्मणों के ब्राह्मणा नामक ग्रंथ पूरी तरह से बलि-प्रथा से संबंधित है। इंडो-आर्यन संस्कृति का आरंभ और अंत यज्ञ में दी जाने वाली जानवरों की बलि है। यज्ञ ही इंडो-आर्यन लोगों की विचारधारा का मूल मकसद है। बलि प्रथा का सिधान्त वेदिक संस्कृति का दिल और प्राण है। बौध्द धम्म ने ब्राह्मण संस्कृति के दिल और प्राण पर आघात किया :- 1) बौध्द धम्म ने ब्राह्मणों के यज्ञ, उसमें दी जाने वाली जानवरों की बलि तथा दिगर कर्मकांडों की भर्सना की है। 2) बौध्द धम्म ने ब्राह्मणों की वर्ण और जाति व्यवस्था की भर्सना की है। 3) बौध्द धम्म ने ब्राह्मणों के वर्णश्रम के विशेष दर्जे को तथा उनकी सुविधाएं नकार दी है। 4) ब्राह्मणों के तमाम अंध ाविश्वासों को नकार दिया है। बौध्द धम्म के मुताबिक ब्राह्मणवाद में लोगों की भलाई के लिये कुछ भी नही है।

सतपथ ब्राह्मणा (22-6, 3-4-14) के मुताबिक संपुर्ण कायनात ईश्वर के नियंत्रण में है। ईश्वर मंत्रों से नियंत्रित है। मंत्र ब्राह्मणों के पास है इसलिये ब्राह्मण इस धरती के ईश्वर है। ब्राह्मणों ने अपने मंत्रों तथा शाप का डर लोगों के दिमाग में इस कदर बिठा दिया कि लोग ब्राह्मणों की हर मनमानी सहन करने पर मजबूर थे। बौध्द धम्म ने तार्किक सोच को बढावा दिया। बौध्द धम्म ने लोगों को तार्किक चिंतन कर ब्राह्मणों व्दारा पैदा किये प्रत्येक झूठे डर को बेनकाब कर लोगों को इससे मुक्त किया। बुध्द ने आम लोगों को ऐसा सीदा-सादा धम्म दिया जो व्यर्थ के कर्मकांडों, जानवरों की बली को, तथा पूजारी वर्ग के वर्चस्व को पूरी तरह से नकारता है। बौध्द धम्म ने अपनी सामाजिक उपयोगिता से आम लोगों को बहुत अधिक प्रभावित किया।

बौध्द 'संघ' भिख्खुओं का समूह मात्र नही है। भिख्खुओं का समुदाय बौध्द संघ का एक हिस्सा मात्र है। संघ में उन सभी का समावेश होता है जो बुध्द के सिधान्तों पर विश्वास करते है। इसलिये बौध्द संघ में बुध्द के सिधान्तों में विश्वास रखने वाले वाले पुरुष, औरतें, भिख्खु तथा गृहस्थ सभी का समावेश होता है। बौध्द शब्दावली में संघ का अर्थ भिख्खु, भिख्खुणी, उपासक, उपासिकाएं ये सभी बौध्द संघ का हिस्सा है। पाली सुत्तों में कई प्रवचन आम गृहस्थों व्दारा पालन किये जाने वाले सिधान्तों तथा रीतियों का वर्णन है। मज्जिमा निकाय के एक भाग को गृहपतिवग्गा (gahapativagga) कहा गया है। रोज जो मंगलसुत्त पढा जाता है वह एक सामाजिक आध्यात्मिक उत्थान दर्शन का सार है। थेरावादी बौध्द धम्म का सामाजिक पहलु अम्बाम्महासुत्ता (Ambammhasutta), सिगलोवदासुत्ता (Siglovdasutta), कांडारकासुत्ता (Kandarakasutta), अम्महकांगरासुत्ता (Ammhakangarasutta), उपालीसुत्ता (UPalisutta), न्हामिकासुत्ता तथा महाकम्माविभंगासुत्ता (Mahkammavibhangasutta) में देखा जा सकता है। बौध्द धम्म की सामाजिक नैतिकता के पहुलुओं को सम्राट अशोक के शिलादेशों में देखा जा सकता है। बौध्द भिख्खु समाज से तथा उसके दुखों से विमुक्त कतई नही रह सकते थे। धम्म-विनय सिर्फ उन्ही लोगों के लिये नही था जो घरबार छोड भिख्खु बन गए है। बुध्द पूरी मानवता के शिक्षक थे न कि सिर्फ भिख्खुओं के। करुणा एक सामाजिक भावना-संवेग है। उनका मकसद बहुजन हिताय बहुजन सुखाय था। इसलिये बौध्द भिख्खु समाज के शिक्षकों के रुप में कार्यरत नजर आते थे। वे लोगों को उनके जीवन की समस्याओं को सुलझाने में सही मार्गदर्शन करते थे। भिख्खुओं को औषधी-विज्ञान तथा विभिन्न कलाओं की भी जानकारी होती थी। वे लोगों की मदद करते थे। धम्म की शिक्षा आम लोगों की भाषा में होती थी। बौध्द ध ाम्म ने सामाजिक समानता की पैरवी की। औरतों तथा शुद्रों को समान अधिकार दिये।

बौध्द धम्म का इकलौता लक्ष्य बहुजन हिताय, बहुजन सुखाय है इसलिये वह आम लोगों के मानसिक, भौतिक तथा आध्यात्मिक विकास के लिये प्रयत्नरत रहा है। जैसे ही बौध्द धर्म का प्रचार प्रसार हुआ कृषिक्षेत्र, कलाक्षेत्र का विकास होकर शहरी संस्कृति का विकास हुआ। उत्पादन में बढौतरी होकर अंर्तराष्ट्रीय व्यापार का विकास हुआ। इसके विपरित वेदिक ब्राह्मणों का उत्पादन में कभी योगदान नही रहा है। वे सिर्फ लोगों से दान मांगकर दूसरों की कमाई पर परजीवीयों की तरह पलते रहे है। जिनके दान पर ये पलते रहे उन्ही को इन्होने हीन और खुद को श्रेष्ठ करार दिया। वेदिक ब्राह्मण संस्कृति मुफ्तखोरों को श्रेष्ठ तथा मेहनतकशों को हीन करार देती है। वेदिक ब्राह्मण ों को गैरब्राह्मणों के पास धन तथा समृध्दी का होना काँटों की तरह खटकते रहा है। मनुस्मृति में कहा गया है कि शुद्र को संपत्ति इकट्ठा करने का कोई अधिकार नही है। अगर वह संपत्ति अर्जित करता है तो ब्राह्मण जो उसका मालक है बिना किसी हिचक के उसे अपने कब्जे में कर सकता है। ऋग्वेद एक कदम आगे जाकर कहता है कि जो लोग ब्राह्मणों को दान नही देते उन्हे जान से मारने का ब्राह्मणों को हक है। यानि दूसरों ने ब्राह्मणों की सुख-सुविधा के लिये परिश्रम कर खुद अपनी कमाई संपत्ति से वंचित रहना चाहिये। वेदिक ब्राह्मण-धर्म मेहनतकशों का घोर हितशत्रु है। जबकि बौध्द धम्म ने मेहनतकशों को श्रेष्ठ करार दिया है।

बौध्द धम्म ने लोगों को अपनी लालसाओं को जान-समझ कर ऐसी बातों के पीछे भागने से रोका है जो अंततः मन का सुख चैन नष्ट कर देती है, आपस के प्रेम को खत्म कर देती है, व्यर्थ की लालसाएं शोषण और दमन को बढावा देती है। बौध्द धम्म ने सच्चे सुख की पहचान करा कर लोगों को अष्ठांग मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित किया। उन्हे हर तरह के ज्ञान को हासिल करने के लिये प्रेरित किया। अलौकिकता को नकारकर तर्कपूर्ण सोच के माध्यम से मन को अंधविश्वासों से मुक्त कराया। इस तरह बौध्द ध ाम्म ने लोगों के मानसिक विकास को चरम अवस्था तक पहुंचा दिया। इसके विपरित वेदिक ब्राह्मण-धर्म ने लोगों को कर्मकांडों तथा तमाम अंधविश्वासों की गंदगी में डूबोकर उनका तार्किक मानसिक विकास बाधित कर मनमाने तरिकों से उनका शोषण किया है।

बुध्द ने जनतांत्रिक राज्य को सबसे मजबूत और सुरक्षित राज्य कहा था। उन्होने मगध के राजनयीक वस्सक्रा को लोकतांत्रिक राज्य के सात गुणधर्म बताये थे। बौध्द ध ाम्म के राजतंत्र जनतांत्रिक नियमों पर आधारित थे। विभिन्न गण मिलकर अपने राजा का चयन करते थे। बौध्द धम्म की शिक्षा के मुताबिक राज्यशासन लोककल्याण के लिये समर्पित होता था। राज्य में सदाचार, नैतिकता, व्यक्ति की स्वतंत्रता तथा न्यायपूर्ण व्यवस्था को बेहद महत्व था। बौध्द धम्म का प्राचीन भारत की राज्य-व्यवस्था पर कितना भारी प्रभाव था इसे इस बात से समझा जा सकता है कि भिख्खु संघों का कामकाज पूरी तरह से जनतांत्रिक पध्दति से संचालित होता था।

बौध्द सिधान्तों का गहरा प्रभाव राजाओं, रानियों, उनके मंत्रियों तथा आम जनता में देखा जा सकता था। गणतंत्र की बुनियाद बेहद मजबुत थी। प्राचीन भारत में हर जाति समुदायों की पंचायतें होती थी जो चुने गए पंचों के नेतृत्व में सर्वसम्मति से अपनी समस्याएं सुलझाने के लिये योग्य निर्णय लेती थी। भारत में बौध्द जनतंत्र की बुनियाद इतनी ज्यादा मजबूत है कि आज भी यह व्यवस्था गांवों, कस्बों में देखी जाती है। आध ुनिक भारत में ग्राम-पंचायतों का निर्माण बौध्द परंपरा की उपज है। राज्य के उत्पन्न होने का बौध्द धम्म का सिधान्त अग्गानासुत्त (Aggannasutta) में दिया गया है।

ब्राह्मणवादी समुद्रगुप्त इ. गुप्त राजाओं ने चौथी शताब्दी में बुध्दिस्ट जनतांत्रिक राज्यों को तानाशाही राज्यों में बदलने का काम किया। इसके बावजूद चुनाव व्दारा राजाओं के चुने जाने की परंपरा भारत के कई हिस्सों में इसवी 12 वी शताब्दी तक देखी जा सकती थी। बंगाल के पाल राजवंश के राजा गोपाल का चुनाव लोगों के व्दारा किया गया था।

बौध्द धम्म के उसूल पूंजीवाद की लूट-खसोट, तानाशाहों के खास विभ्रम और नफरत इ. से मुक्त लोकतांत्रिक व्यवस्था है। सम्राट अशोक वे पहले शासक थे जिन्होने बौध्द सिधान्तों को लोगों बीच पूरी संजीदगी से अमल किया। सम्राट अशोक के शिलादेश दुनियां को एक अर्थपूर्ण, जनोपयोगी, लोकतांत्रिक मुल्यों तथा आध्यात्मिक दर्शन पर आधारित राजनीतिक व्यवस्था कायम करने को प्रेरित करते है।

बौध्द धम्म लोगों को जोडने की सबसे बडी ताकत था। बौध्द सम्राटों ने भारत के दूर दूर के देशों से मैत्री संबंध कायम किये। ज्ञान तथा संस्कृति का आदान प्रदान किया। दूसरे देशों की खासियतों को भारत ने अपना लिया। जो भी जनता के हित के लिये उपयोगी था उसे खुले मन से कबुल किया। इसी खुले नजरिये की वजह से बौध्द धम्म दूर देशों में फैलता चला गया। एल. एम. जोशी के मुताबिक बौध्द धम्म के समानता, स्वतंत्रता और बंधुत्व के घोष वाक्य से ही भारत आये विदेशियों को भारतीय समाज में समाहित किया गया। ऐसा ब्राह्मणवाद की वर्णव्यवस्था तथा असमानता की सीख के चलते होना कतई मुमकिन नही था। बौध्द धम्म के सामाजिक सदभाव के सिधान्तों से ही विदेशी आक्रमणकारी जैसे कि ग्रीक, शक, पहलवी, कुशान, तथा हुन भारत आये और यहीं पर रच बस गए और भारतीय समाज में समाहित हो गए। बौध्द धम्म का यह सामाजिक एकता और राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण योगदान है। यह ब्राह्मण धर्म की वर्ण-व्यवस्था में कतई मुमकिन नही था।(L.M.Joshi:1973:52) भारत में कभी हिन्दू-मुस्लिम जातीय संघर्ष ही पैदा नही होता अगर मुस्लिम आक्रमण के वक्त भारत में बौध्द धम्म कायम होता। भारत में मुस्लिम जनता दिगर जातियों के साथ एकरुप न होने की वजह ब्राह्मण-धर्म की असमानता और जाति-व्यवस्था की धार्मिक शिक्षा और पंरपरा है।(http://www.experiencefestival.com//Buddhism in Bangladesh - History - Encyclopedia II _ Global Oneness.htm) बुध्द के सामाजिक समानता तथा सदभाव का पैगाम लोगों के दिलों दिमाग में बडी गहराई से उतरा है। बौध्द धम्म के उन्मुलन के बाद भी गैरब्राह्मण संतों की शिक्षा में मौजूद रहा। बहुजन संतों ने ब्राह्मणवाद के खिलाफ बगावत की। उन्होने ब्राह्मणों की वर्ण-व्यवस्था को नकार दिया। जन्म पर आधारित जाति तथा वर्ण की श्रेष्ठता को नकार दिया। उन्होने ब्राह्मणों के कर्मकांडों को नकार दिया। उनके विचार बौध्द मत से प्रभावित थे।

कल्याणकारी बुध्दिस्ट राज्य की रुपरेखा !

बौध्द धम्म लोगों को नैतिकतापूर्ण जीवन जीने, औरों की भलाई के काम करने को प्रेरित करता है। बौध्द धम्म राजाओं तथा सभी स्तर के शासकों को लोगों की भलाई के लिये समर्पित होने को कहता है। बौध्द धर्म आम अवाम की भलाई चाहता है जबकि वेदीक ब्राह्मण धर्म की मान्यता है कि सारी दुनियां ब्राह्मणों के उपभोग के लिये बनी है। कल्याणकारी बुध्दिस्ट राज्य की संकल्पना की अभिव्यक्ति बौध्द राजाओं के कार्यो से पता चलती है। सम्राट अशोक को अपने राज्यशासन में बुध्दिस्ट राज्य की संकल्पना को साकार करने का बेहतर मौका हासिल हुआ है।

उनके कामों की जानकारी उनके शिलादेशों (Edicts) से मिलती है। ये शिलादेश सम्राट अशोक के संपूर्ण साम्राज्य भर में पाये गए।

करुणा-भाव बौध्द-राज्य मूलाधार है !

लोगों के दुखों के प्रति संवेदनशिल होना बौध्द राज्य का मूलाधार है। इसी प्रेरण ा से शासक अहिंसा, न्याय तथा आम लोगों की भलाई के काम कर सकता है। करुणा उत्पन्न होने की वजह से ही सम्राट अशोक के मन में कलींग युध्द में हुए भीषण जनसंहार के प्रति भारी पश्चाताप था। सम्राट अशोक ने अपने शिलादेशों में कलींग युध्द में हुई हिंसा और जनसंहार की हानी पर पश्चाताप व्यक्त किया। सम्राट अशोक के शिलादेश के मुताबिक :- देवप्रिय सम्राट प्रियदर्शी ने राजगद्दी संभालने के आठ वर्ष बाद कलिंग पर कब्जा किया। देढ लाख लोग इसमें विस्थापित हुए। एक लाख लोग मारे गये, तथा कई लोग दूसरे कारणों से मौत के शिकार हुए। कलींग पर विजय हासिल करने के बाद देवप्रिय धम्म की ओर, धम्म की सीख की ओर तीव्रता से आकर्षित हुए है। देवप्रिय को कलिंग विजय पर गहरा पश्चाताप है।(Rock Edict Nb13 (S. Dhammika))

सभी राज्यों से मित्रता के संबंध !

सम्राट अशोक के शिलादेशों में उन्होने काबिज किये हुए प्रदेशों का तथा मित्र राष्ट्रों का उल्लेख है। सम्राट अशोक की सैन्य ताकत इतनी अधिक थी कि वह सभी पडौसी राज्यों को आसानी से जीत सकते थे। ऐसा करने की बजाय सम्राट अशोक ने चोला, पांडया, केरलपुत्र, अलेक्झांडर के बाद के राज्य (eleucid Empire and the Greco-Bactrian kingdom established by Diodotus I), ताम्रपर्णी (श्रीलंका), तथा सुवण र्भूमि (बर्मा) इ. को अपना मित्र राष्ट्र बनाया। सम्राट अशोक अपने शिलादेशों में कहते है कि पडौसी राज्यों को उनसे डरने की कतई जरुरत नही है। वे लोगों के दिल धम्म की दलीलों से जीतेंगे न कि हिंसा से। सम्राट अशोक कलींग युध्द पर पश्चाताप व्यक्त करते हुए इन देशों को भरोसा दिलाते है कि उनका साम्राज्य विस्तार का कोई इरादा नही है। सम्राट अशोक ने अपने साम्राज्य को बाहरी आक्रमणों से सुरक्षित रखने के लिये तथा शांति बनाये रखने के लिये अपनी विशाल सेना कायम रखी। इसलिये कभी किसी की हिम्मत नही हुई कि कोई उनपर आक्रमण करें। सम्राट अशोक ने न सिर्फ पडौसी राज्यों से मित्रता कायम की बल्कि एशिया तथा युरोप के बाकी देशों से मित्रता तथा व्यापार के संबंध कायम किये। उन्होने इन देशों में अपने बौध्द धर्म के प्रचारक भेजे ताकि धार्मिक विचारों का आदान-प्रदान किया जा सके। सम्राट अशोक ग्रीक हेलेनिक दुनिया से पूरी तरह से वाकिफ थे। उनके शिलादेशों में मित्रों के तौर पर इनका उल्लेख है।(http://storieswithasoul.wordpress.com/Maurya Empire – Emperor Ashoka the Great _ storieswithasoul.htm)

बौध्द सम्राटों ने समाजिक समानता को प्रोत्साहित किया !

ब्राह्मणों को सम्राट अशोक के काल में राजनीतिक, सामाजिक तथा धार्मिक क्षेत्रों में जबर्दस्त शिकश्त का सामना करना पडा। सम्राट अशोक ने सभी लोगों को एक समान करार दिया और ब्राह्मणों के समकक्ष लाकर खडा किया। सम्राट अशोक ने शुद्रों तथा दलित

जातियों को अपने शासन में उच्च पद दिये।(Original Buddhism And Brahminic Interference Dr. K. Jamanadas, "Shalimar", Main Road, Chandrapur (Maharashtra), 442 402 E-mail: kjdas@rediffmail.com) तामिल भाषी प्रांतों के राजवंश किसान कुलों से थे। पांडया का उगम मारार नामक जनजाति से हुआ था। चोल राजा तिराय्यीरार जनजाति से तथा चेरा वानावार नामक जनजाति से थे। बौध्द धम्म का प्रभाव लोगों के मन में इतना अधिक था कि इसवी पहली शताब्दी तक भी भारत ब्राह्मणों की जाति व्यवस्था से मुक्त था।(Cambridge hist. of India, p. 540)

बौध्द शासन-व्यवस्था धर्मपिरपेक्ष जनतांत्रिक व्यवस्था है !

बौध्द धम्म की धर्मनिरपेक्षता का मतलब राज्य का धर्मविहीन होना नही है। इसका अर्थ यह है कि राज्य तमाम धर्मो के नैतिक और जनोपयोगी, लोककल्याणकारी बातों तथा उसूलों को बिना किसी पक्षपात के बढावा देगा। इसे सम्राट अशोक के शिलादेशों से स्पष्ट रुप से समझा जा सकता है। सम्राट अशोक ने अपने शिलालेखों में बौध्द ध म्म के नैतिकता, सदाचार और लोककल्याण की बातों के लिये लोगों को प्रेरित करते वक्त धम्म का नाम लिये बिना सिर्फ उसूलों की बातें की है ताकि हर धर्म के लोग बिना किसी हिचक के उनपर अमल कर सके। सम्राट अशोक ने हर किसी जाति-समुह को चाहे फिर उसका धर्म कोई भी क्यों ना हो कभी भेदभाव नही किया। सभी को समान रुप से देखा गया।

यहां यह स्पष्ट करना जरुरी है कि जो बातें नैतिकता, सदाचार और लोककल्याण के खिलाफ है वे बातें चाहे किसी भी धर्म ने क्यों ना बताई गई हो सम्राट अशोक ने उन बातों पर सख्ती से पाबंदी आयद की है। उन्होने जाति और वर्ण-व्यवस्था को नकार दिया। उन्होने जानवरों की यज्ञ में बलि देना, जानवरों का शिकार करना इ. पर पाबंदी आयद की, कुप्रथाओं तथा खर्चीली परंपराओं को त्यागने, व्यर्थ का खर्चा न करने के लिये लोगों को प्रेरित किया। सम्राट अशोक ने कई हजार पाखंडी भिख्खुओं को बौध्द धम्म से बाहर का रास्ता दिखाया था। धर्म निरपेक्षता का मतलब धर्म की हर उलूल-जुलुल, जनविरोधी, शोषणपरस्त, अलोकतांत्रिक और असमानता का पोषण करने वाली बातों को मानना नही है। सम्राट अशोक की नजर में धम्म का अर्थ नैतिकता, समाज के उत्थान के प्रति संवेदनशिलता, धार्मिक सहीष्णुता, साम्राज्य विस्तार के युध्दों का त्याग इ. है। सम्राट अशोक के राज्य में जैन-धर्म, झोरोस्टर का धर्म, ग्रीक बहुदेवतावाद, इ. धर्मो का पालन किया जाता था। सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक 'सभी धर्म हर जगह उपस्थित रहे क्योंकि सभी आत्म-नियंत्रण और मन की शुध्दता चाहते है। (Rock Edict Nb7 (S. Dhammika)) धर्मो के बीच का संवाद एक अच्छी बात है। हमने सभी धर्मो के सिधान्त सूनने और समझने चाहिये तथा उनका आदर करना चाहिये। देवप्रिय सम्राट प्रियदर्शी की इच्छा है कि सभी लोग दूसरे धर्मो के अच्छे सिधान्तों से खुद को अवगत करें। (Rock Edict Nb12 (S. Dhammika)) उपरोक्त शिलादेश से स्पष्ट है कि सम्राट अशोक सिर्फ विभिन्न धर्मो के अच्छे पहलुओं पर ही जोर देते थे। ब्राह्मणों के वेदिक ध र्म में खोजकर भी कोई अच्छी बात नही मिल सकती इस बात को स्पष्ट करना जरुरी है। सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक 'पहले किसी भी शासक ने धम्म महामत्रा (Dhamma Mahamatras) यानि धार्मिक विभाग का मंत्रालय कायम नही किया था। लेकिन मैने राजगद्दी संभालने के 13 साल बाद ऐसे अधिकारी नियुक्त किये है। अब वे सभी ध र्मो के बीच धम्म को कायम करने, धम्म को बढावा देने, तथा सभी लोगों की भलाई

और सुखों के लिये काम करते है। वे ग्रीक, कंबोज, गांधार, राष्ट्रक, पितिनिक, पश्चिमी सीमावर्ति क्षेत्र तथा दिगर लोगों के बीच काम करते है। वे सेना के सिपाहियों के बीच, प्रमुखों के बीच, ब्राह्मणों के बीच, गृहस्थों के बीच, गरीबों के बीच, वयस्कों के बीच तथा जो धम्म को समर्पित है उन सभी लोगों के बीच उनकी भलाई के लिये काम करते है। ताकि लोग दूखों तथा तकलीफों से मुक्त रहे।(Rock Edict Nb5 (S. Dhammika))

सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक धम्म महमत्रा नामक अधिकारी कैदियों के साथ अच्छा बर्ताव करने, उन्हे जंजीरों से मुक्त रखने, अगर यह महसूस किया जाता कि उसपर ही उसका पूरा परिवार भरण-पोषण के लिये निर्भर है, या जो बहुत बूढा है तो ऐसे कैदी को मुक्त करने की सीफारीश करते थे। ये अधिकारी सभी लोगों के बीच काम करते थे और इस बात की जानकारी रखते थे कि कौन कितना धम्म के प्रति समर्पित है। धम्म के प्रति कौन कितना उदार है।(Rock Edict V)

सम्राट अशोक के राज्य की जिम्मेदारी सभी धर्मो की हिफाजत करना, धर्मो के बीच सदभाव बनाये रखना थी। सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक लोगों का आपस में भाईचारे और प्रेम से रहना धार्मिक उत्सव मनाने तथा कर्मकांड करने से अच्छा था। सम्राट अशोक ने लोगों को दयाभाव रखने, खुद के कामों तथा विचारों का आत्म-परिक्षण करने, इमानदारी बरतने, मन गलत विचारों से मुक्त रखने, भलाई के प्रति आभारी होने, उत्साही बनने, प्रामाणिकता तथा आत्म-संयम बरतने तथा धम्म के सिध ान्तों से प्रेम करने के लिये प्रेरित किया। प्राचीन भारत के सभी राजाओं तथा हुक्मरानों को सम्राट अशोक की राज्यव्यवस्था के आदर्शो का पालन करने के लिये प्रेरित किया जाता था।(The Edicts of King Asoka An English rendering By Ven. S. Dhammika) पाल सम्राटों ने भी खुद को धार्मिक सहिष्णुता के लिये समर्पित किया था ताकि सभी ध र्मो के लोग आपस में प्रेम से रह सके।

आम लोगों के लिये सम्राट अशोक की आश्चर्यजनक उपलब्धता !

सम्राट अशोक लोगों को किसी भी समय आसानी से उपलब्ध थे। सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक वे लोगों से प्रत्यक्ष मिलना पसंद करते है। इसलिये वे अपने राज्य में सतत दौरे पर रहते थे। उन्होने अपने अधिकारियों को आदेश दिया था कि वे भी जनता को हमेशा आसानी से उपलब्ध रहे। सम्राट अशोक के शिलादेश के मुताबिक :- देवप्रिय सम्राट प्रियदर्शी कहते है कि इसके पहले राज्य के कामकाज की रिपोर्ट राजाओं को किसी भी समय नही दी जा सकती थी। लेकिन मैने आदेश जारी किये है कि किसी भी समय चाहे मै खाना खा रहा हुं, अपने शयन कक्ष में हुं, अपने रथ पर हुं, पालखी में हुं, बगीचे में हु, चाहे जहां भी हुं खबरचीयों ने लोगों के मामलों में फौरन सूचना देनी चाहिये ताकि मै उसपर फौरन कार्रवाई कर सकुं। दान के संबंध में या जाहिर घोषण ाओं के संबंध में मैने जो भी मौखिक आदेश दिये है उसके संबंध में या मंत्रालय का जरुरी काम आने पर या किसी बात पर काउंसिल में असहमति पैदा होने पर या विवाद होने पर इसकी सूचना मुझे फौरन दी जाये। मुझे काम से कभी थकान नही होती। मै सभी की भलाई को अपना कर्तव्य मानता हुं। इसके लिये खुद को हमेशा उपलब्ध रखना जरुरी है। लोगों की भलाई से बडा कोई काम नही है। मै लोगों की भलाई के लिये जो कुछ भी करता हुं मै सभी लोगों के प्रति अपना फर्ज अदा कर रहा हुं ताकि उनका जीवन खुशहाल हो। इस धम्मादेश को शिलाओं पर लिखा गया है ताकि मेरे बेटे तथा पोते इसके मुताबिक चल सके। चाहे यह काम कितना भी कठिन क्यों ना हो वे बिना

थके इसे करते रहे।(Rock Edict VI)

स्थानीय भाषाओं में राजकाज !

बौध्द शासकों ने आम लोगों की स्थानीय भाषाओं में राजकाज किया। उन्होने स्थानीय भाषाओं के विकास के लिये तथा स्थानीय भाषाओं में साहित्य निर्माण में मदद दी। भारत के इतिहास की सबसे पहली इबारतें बौध्द इबारतें है। अशोक की धम्मलिपि ब्राह्मी तथा उससे निर्मित लिपियों की जननी है। पालि जनभाषा का विकास तथा उसके साहित्य के विस्तार की वजह बौध्द धम्म है। बौध्द धम्म की परंपराओं में प्राकृत भाषा का बडा योगदान है। सम्राट अशोक के शिलालेखों में प्राकृत भाषा के प्रकार का इस्तेमाल किया गया है। सम्राट अशोक ने अपने शिलालेखों में स्थानीय भाषाओं का इस्तेमाल किया है। बुध्द का भिख्खुओं को आदेश था कि वे लोगों को उनकी भाषाओं में धम्म समझाये। बौध्द धम्म को अपनी जनभाषा में समझे। बुध्द के आदेशों का कडाई से पालन किया जाता था।

पाल सम्राटों की भाषा आरंभिक बंगाली (Proto-Bengal Language) भाषा थी। पाल सम्राटों के शासन के दौरान ही आरंभिक बंगला भाषा का विकास हुआ था। चर्यपद (Charyapada) नामक बौध्द साहित्य भी आरंभिक बंगला भाषा में ही लिखे गए थे। इस भाषा का राजभाषा के रुप में तिब्बत, मॅनमार जावा तथा सुमात्रा में उपयोग किया जाता था। पाल साम्राज्य के दौरान ज्ञान के सभी क्षेत्रों में साहित्य का निर्माण किया गया। दर्शनशास्त्र में गौडपद व्दारा अगम शास्त्र बनाया गया। श्रीधर भट्ट व्दारा न्याय कुंडली, भट्ट भवदेव व्दारा कर्मनुष्ठान पध्दति, औषधीविज्ञान में चिकित्सा संग्रह, भानुमति, शब्दचंद्रिका, चक्रपाणी दत्त व्दारा द्रव्यगुणसंग्रह, शब्द प्रदीप, सुरेश्वर व्दारा लौहपध्दति, वंगसेन व्दारा चिकित्सा सारसंग्रह, गदाधर वैद्य व्दारा सुश्रत, दयाभागा, जिमुतवाहन व्दारा व्यवहार मांत्रिक तथा कलाविवेक इ. लिखे गए। अतिशा ने 200 से अधिक किताबों का संकलन किया।

न्याय तथा दंड-व्यवस्था !

सम्राट अशोक ने न्याय-व्यवस्था में उचित सुधार किया ताकि लोगों को फौरन, बिना किसी तकलीफ के न्याय मिल सके। अशोक बहुत महत्व देते थे कि लोगों को निपक्ष रुप से न्याय मिले। जिन्हे मौत की सजा दी गई है उन्हे यह सुविधा थी कि वे सजा के खिलाफ अपील तैयार कर सके। उचित कारण होने पर वे उनकी सजा माफ कर देते थे। सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक :- यह मेरी इच्छा है कि न्याय देने में सभी के लिये समान कानून हो तथा सभी के साथ एक जैसा रवैया अपनाया जाये। मै यहा तक कहता हुं कि जिन्हे मौत की सजा दी गई है उनकी सजा को तीन दिनों के लिये मुल्तवी रखा जाये ताकि कैदी के रिश्तेदार उसकी जान बक्श देने के लिये अपील तैयार कर सके। अगर कैदी के लिये अपील करने वाला कोई भी रिश्तेदार नही है तो कैदी लोगों को दान इ. कर पुण्य कमाये, उपवास इ. करें।(Pilar Edict Nb4 (S. Dhammika)) अशोक का कैदियों के प्रति दृष्टीकोण दयापूर्ण था। उन्होने कैदियों को यातनाएं देने, उनकी आँखे निकालने, मृत्यु दंड इ. पर प्रतिबंध आयद किया। बुजुर्ग कैदियों को, तथा जिनपर परिवार पूरी तरह से निर्भर है इ. को माफी दी। उन्होने कैदियों को साल में एक बार कैद से बाहर रहने की व्यवस्था की। सम्राट अशोक के शिलादेश के मुताबिक :- पिछले 26 सालों के शासन में 25 अवसरों पर कैदियों को माफी दी गई। (Pillar Edict V)

रोगियों के उपचार की सुविधाएं !

सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक उन्होने बीमार इन्सानों तथा जानवरों के इलाज के लिये न सिर्फ अपने साम्राज्य में बल्कि अपने पडौसी राज्यों तक में दवाखाने खोले। सम्राट अशोक के शासन में विज्ञान, तकनीक, औषधि-विज्ञान और शल्य-चिकित्सा में बेहद उन्नती हुई। गीरनार तथा सौराष्ट्र में प्राप्त सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक 'देवप्रिय दयालू सम्राट ने चोल, सेरा, पांडया, ताम्रपर्णी (श्रीलंका) तथा ग्रीक राजा एन्टीओचस (Antiochus) के राज्य के बीमार इन्सानों तथा जानवरों के उपचार के लिये दवाखाने इ. की व्यवस्था की।' कई बौध्द भिख्खु जो बौध्द मोनेस्टरी में रहते थे वे लोगों को मोनेस्ट्री के स्कूलों में मुफ्त शिक्षा देने के अलावा कुशल चिकित्सक थे और लोगों का मुफ्त इलाज भी करते थे।(Buddhism in South India by Pandit Hisselle Dhammaratana Mahthera Buddhist Publication Society Kandy • Sri Lanka) सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक 'देवप्रिय सम्राट प्रियदर्शी ने अपने राज्य में हर तरफ अस्पताल खोले है। उन्होने राज्य के बाहर चोला, पांडया, सातियापुत्रास (Satiyaputras), केरलरपुत्रास (Keralaputras), ताम्रपर्णी तथा ग्रीक राजा एन्टीओचस (Antiochos) के राज्य में भी अस्पताल खोले। देवप्रिय प्रियदर्शी सम्राट ने इन्सानों तथा जानवरों के उपचार के लिये दवाखाने खोले। सम्राट अशोक के मुताबिक इन्सानों तथा जानवरों के उपचार के लिये औषधी वनस्पति जहां उपलब्ध नही है, मैने उन वनस्पतियों का विदेशों से आयात किया है और राज्य में उन वनस्पतियों को उगाया है। रास्तों के किनारों पर मैने लोगों की सुविधा के लिये कुंए खोदे है और फलदार वृक्ष लगाये है।(Rock Edict Nb2 (S. Dhammika)) सम्राट अशोक ने पक्षियों के इलाज तक के लिये अस्पताल खोले।

बौध्द शासन-व्यवस्था में अन्य जन-सुविधाओं का निर्माण !

सम्राट अशोक ने अपने समूचे राज्य में रास्तों का संजाल बिछाया ताकि लोगों को सफर में दिक्कत पेश ना आये। उन्होने रास्तों के दोनों और फलों के छायादार पेड लगाये ताकि इनके नीचे लोग विश्राम कर सके। उन्होने रास्तों पर हर आठ कोस के अंतरों पर कुएं खुदवाये ताकि लोगों तथा उनके जानवरों को पानी के लिये तरसना ना पडे। उन्होने नगरों में धर्मशालाएं बनाई ताकि गरीब मुसाफीर वहां मुफ्त में ठहर सके। सम्राट अशोक ने बगीचे और तालाब बनवाये। सम्राट अशोक ने आमों के उपवन लगाये। सम्राट अशोक के शिलादेशों मुताबिक उन्होने ऐसा इसलिये किया है ताकि लोग धम्म के उसूलों के प्रति आकर्षित हो। (Pilar Edict Nb7 (S. Dhammika)) यानि उन्होने यह सब खुद को श्रेय देने के लिये नही बल्कि धम्म के उसूलों का पालन करने के मकसद से किया था। सम्राट अशोक ने आम लोगों में उच्च व्यवसायिक मकसद जगाने की पूरजोर कोशिशें की ताकि समाज का हर तबका आगे बढ सके। उन्होंने लोगों की शिक्षा के लिये शिक्षा केन्द्रों को कायम किया। व्यापारियों तथा किसानों के विकास के लिये बेहतर सिंचाई व्यवस्था कायम की। सम्राट अशोक के आदर्शो को सामने रखते हुए पाल साम्राज्य के सम्राटों ने भी जनकल्याण और सामाजिक सुधार को सबसे पहली प्राथमिकता पर रखा। उन्होने भी जगह जगह कुंए, तालाब बनवाये तथा नगरों की रचना की। उनके कामों की वजह से आज भी बंगाल के गांवों में 'महिपाल के गीत' के नाम से पाल राजाओं की प्रसंशा के गीत गाये जाते है।

बौध्द शासन सदाचार के पालन के लिये समर्पित है !

सम्राट अशोक अपने कल्याणकारी कामों से धम्म-अशोका के नाम से प्रसिध्द हुए। उनके शिलालेखों में लोगों को नैतिकता तथा अहिंसा को सदाचार के जीवन-दर्शन यानि अष्टांग मार्ग पर चलने के लिये प्रेरित किया गया। ताकि वे सच्ची खुशी हासिल कर सके और वे समाजोपयोगी बने। सम्राट अशोक के शासन में चोरी जैसी घटनाएं सुनी तक नही जाती थी। सम्राट अशोक के शिलालेखों के मुताबिक उनके प्रयत्नों से लोग बडी तादाद में धम्म के रास्ते पर चल पडे है। सम्राट अशोक ने लोगों को अपने मां-बाप, शिक्षकों, बुजुर्गो, मित्रों यहांतक कि अपने नौकरों तक का आदर करने की शिक्षा दी। सम्राट अशोक ने बताया हुआ धम्म नैतिकता का पालन करने और समाज उपयोगी अच्छे काम करने, लोगों का सम्मान करने, मन में करुणा विकसित करने, जरुरतमंदों की मदद करने, छल-कपट से दूर, उदार तथा शुध्द मन का होने पर जोर दिया है। अशोक के कंधहार में प्राप्त शिलालेख के मुताबिक जो अपनी भावनाओं पर नियंत्रण नही कर सकते थे धम्म के रास्ते पर चलने के बाद उन्हे खुद पर नियंत्रण करना आ गया। वे अब अपने माता-पिता, बुजुर्गो, शिक्षकों तथा सभी के साथ नम्रता से पेश आते है। अब वे ज्यादा अच्छा और सुखी जीवन जी रहे है।(Pilar Edict Nb2, Rock Pilar Nb7 (S. Dharmika)) सम्राट अशोक के धम्म का मकसद शासन की ताकत तथा धन का उपयोग लोगों का भौतिक तथा नैतिक रुप से विकास करना है।

सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक 'देवप्रिय प्रियदर्शी सम्राट कहते है कि जब कोई बीमार होता है, जब किसी के बेटे या बेटी की शादी होती है, परिवार में बच्चे का जन्म, सफर तथा दिगर अवसरों पर लोग असभ्य तथा उपयोगहीन समारोहों या कर्मकांडों का आयोजन करते है। इन कर्मकांडों से कोई फायदा नही है। जबकि धम्म की राह पर {अष्ठांगमार्ग पर} चलने में लोगों को अच्छे फल मिलते है।(Rock Edict IX) देवप्रिय सम्राट प्रियदर्शी कहते है कि लोगों को हम यह कहते हुए देखते है कि उन्होने यह अच्छा काम किया है। लेकिन उनकी नजर अपने गलत कामों पर नही जाती। वे यह कहते दिखाई नही देते कि मैने यह गलत काम किया है। खुद के दोषों को देखने समझने की प्रवृत्ति का होना कठिन है। इस पर सभी ने गौर करना चाहिये क्योंकि इसी प्रवृत्ति की वजह से लोग दुष्ट काम, हिंसा, गुस्सा, घमंड तथा इर्षा इ. के शिकार होते है। हमें इन बातों से खुद को तबाह-बर्बाद नही होने देना है। इस बात पर विचार करना है कि क्या यह बात हमें सचमुच सुखी कर सकती है ?(Pillar Edict III)

बौध्द धम्म विचारों को लादने में नही बल्कि समझाने में विश्वास करता है !

सम्राट अशोक ने यह घोषित किया कि उन्होने युध्द घोष को बंद कर धम्म घोष से अपने साम्राज्य के लोगों के दिलों को जीता है। सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक 'देवप्रीय प्रियदर्शी सम्राट कहते है कि धम्म के जरिये लोगों की भलाई का काम 1) धम्म संबंधी नियम बनाकर तथा 2) लोगों को धम्म के नियमों का पालन करने के लिये उनका मन परिवर्तन इन दो उपायों से किया गया। धम्म के नियम बनोने का बहुत कम असर हुआ। लेकिन जब धम्म के नियम समझाकर दिलों को बदला गया तो नियमों के पालन करने में बहुत बडा असर दिखाई दिया। धम्म के नियमों में कहा गया है कि विभिन्न जानवरों की रक्षा की जाये। इसके साथ ही कई धम्म संबंधी नियम बनाये गए। लेकिन लोगों के मन परिवर्तन कर के ही इनपर व्यापक रुप से अमल हुआ। (Pillar Edict VII)

बलिप्रथा तथा जानवरों की हत्या पर पाबंदी !

सम्राट अशोक ने वेदिक ब्राह्मणों के यज्ञों में बलि के नाम पर बडे पैमाने पर किये जाने वाले जानवरों के कत्लेआम पर पाबंदी आयद कर दी। सम्राट के शिलालेख के मुताबिक किसी भी जीव की मेरे राज्य में बलि नही चढाई जायेगी।(Here (in my domain) no living beings are to be slaughtered or offered in sacrifice. Rock Edict Nb1 (S. Dhammika)) कंदहार में प्राप्त सम्राट अशोक के शिलादेश के मुताबिक सम्राट अशोक ने जानवरों का शिकार करना बंद कर दिया है। उसी प्रकार शिकारियों व्दारा शिकार करने पर पाबंदी लगाई है। मछुआरे भी मछलियाँ पकडने से परहेज कर रहे है। सम्राट अशोक दुनियां के पहले ऐसे सम्राट है जिन्होने जंगली जानवरों तक को सुरक्षा दी है। सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक 'राजगद्दी पर बैठे हुए मुझे 26 साल हो चुके है। मैने कई जानवरों को सुरक्षित जानवर घोषित किया है। इनमें तोते, मैना, अरूणा, जंगली बत्थक, रुडी गीस (ruddy geese), नंदीमुख (nandimukhas), गेलाट (gelatas), चमगादड, रानी चीटीयां, कछुए, बिना रीढ़ की मछली, वेडारेयाक (vedareyaka), गंगापुपुटक (gangapuputaka), पोरक्युपाईन (porcupines), गीलहरीयां, हिरण, बैल या सांड, ओकापिंड (okapinda), जंगली गधे, जंगली कबुतर, पालतु कबुतर तथा ऐसे सभी चार पैरों वाले जानवर जो न ही उपयोगी है और न ही खाने योग्य है। बच्चेवाली बकरी, बच्चेवाली भेड, इ. जो अपने बच्चों को दूध पिलाती है संरक्षित जानवर है। छह महीने से कम उम्र के उनके बछडे भी संरक्षित जानवर है। मूर्गो के सीर के तुर्रे को काटा न जाये न ही उसे बांध कर रखा जाये। ऐसे जंगल या झाडियां जिनमें जानवर आश्रय लेते है जलाये न जाये। एक जानवर दूसरे जानवर को खिलाया न जाये। (Edict on Fifth Pillar)

भले ही जानवरों को संरक्षित किया गया था लेकिन बाकी के जानवरों को जो छह माह से उपर के है मांसाहारी भोजन के मकसद से काटा जा सकता था। लेकिन लोगों को ऐसा कम से कम करने के लिये समझाया गया। सम्राट अशोक के शिलालेख के मुताबिक हमारे सम्राट बहुत कम जानवरों की हत्या करते है। पांचवे शिलालेख के मुताबिक भोजन के लिये मारे जाने वाले जानवरों की तादाद कम रखी जाये। उन्होने जानवरों के साथ क्रूरता का बर्ताव करने उनका खच्चीकरण करने का भी विरोध किया है।

सम्राट अशोक के शिलादेश क्रमांक 1 के मुताबिक किसी भी जानवर की बलि नही दी जाएगी। पहाडों पर जानवरों के मांस की दावतें नही मनाई जाएगी। उन्होने शाही रसोई में रोज एक मोर को काटने की प्रथा पर भी पाबंदी आयद की। मांसाहार पर पाबंदी नही थी लेकिन बहुसंख्य आबादी ने खुद होकर शाकाहारी भोजन को अपनाया। बीमार और कमजोर भिख्खुओं तथा लोगों के लिये मछली तथा मांस का भोजन करने की सीफारीश की गई। अलीगढ़ मुस्लिम युनिवर्सिटी के पूर्व प्रोफेसर इरफान हबीब के मुताबिक बौध्द भिख्खु माँसाहार कर सकते थे। बौध्द धम्म में इस संबंध में सिर्फ यह प्रतिबंध है कि भिख्खु की दावत के लिये कोई प्राणी को न काटा जाये। बौध्द सुत्रों में इस बात का जिक्र है कि अगर कोई उन्हे मांस पेश करता है तो वे उसे पकाकर खा सकते है। लाहीरी के मुताबिक बौध्द भिख्खु मांसाहार करते थे यह बात श्रीलंका में अनुराधापूरा के अभयगीरी बौध्द विहार तथा सिगिरिया बौध्द विहार में जानवरों की छोटी छोटी हड्डियां उत्खनन में मिली है इससे साबित होती है। सम्राट अशोक के शिलादेशों के मुताबिक कुछ खास दिनों में जानवरों को काटे जाने पर पाबंदी थी।(Pillar Edict V)

बौध्द शासन में पर्यावरण का संरक्षण !

मौर्य साम्राज्य पहला साम्राज्य है जिसने सारे भारत को एक किया तथा पर्यावरण की रक्षा के लिये तथा नैसर्गिक संसाधनों के इस्तेमाल को लेकर निश्चित नीति लागू की। इन संसाधनों की रक्षा के लिये उन्होने अधिकारी नियुक्त किये। सम्राट अशोक ने प्राणियों के शिकार पर पाबंदी आयद की। उन्होने जंगल जलाने पर पाबंदी आयद की तथा उपयोगी व औषधी वनस्पतियों को संरक्षित किया।

बौध्द व जैन धर्म ने विभिन्न कलाओं तथा निर्माणों को बढावा दिया !

गांधार की बौध्द कला :- आरंभ में बुध्द की तस्वीर या मूर्ति नही बनाई जाती थी क्योंकि बुध्द ने अपने सिधान्तों को ही सर्वोपरी माना है। उन्होने धर्म का उत्तराधिकारी नियुक्त करने तक से मना कर दिया। उन्होने खुद को मार्गदाता कहा न की मोक्षदाता। इसलिये प्रतिक चिन्हों में खाली सिंहासन, बोधी वृक्ष, बुध्द के पदचिन्ह, तथा धम्मचक्र माने जाते थे। महायान बौध्द धर्म ने बुध्द को इन्सान की बजाय अलौकिक ताकतों से युक्त करार देकर उनकी तस्वीरें, मूर्तियां इ. बनाना शुरु किया। बुध्द की मूर्तियां ग्रीक-रोमन पध्दति से बनाई गई। यह कलापध्दति गांधार कला पध्दति कहलाई गई जो ग्रीक, रोमन तथा भारतीय कला का संमिश्रण थी। कुशान साम्राज्य में कमर पर बांधने वाले पट्टों तथा कपडों पर भी बुध्द की आकृति होती थी। गांधार कला तथा संस्कृति का पश्चिम के देशों पर बडा गहरा प्रभाव पडा है।

बौध्द धम्म ने वास्तुकला, मूर्तिकला तथा चित्रकला को बहुत अधिक प्रोत्साहन दिया। बौध्द विहार, स्तुप, चैत्य इ. बेमिसाल कलाकृतियाँ है। सांची, बाहरुट, बौध्द गया, नालंदा, अमरावती, तक्षिला, इ. जगहों पर बने बौध्द स्थलों की कला बेमिसाल है। अजंता, कार्ले, भजा, एलोरा इ. गुफाओं में मौजूद चित्रकारी तथा मूर्तिकारी भी देखने लायक है। अजंता की चित्रकारी में बुध्द के जीवन के विभिन्न प्रसंग दिखाये गए है। ये सारी कलाकृतियां विश्व-प्रसिध्द है। इन कलाकृतियों का निर्माण बौध्द भिख्खुओं ने उस समय किया जब बौध्द भिख्खु ब्राह्मणवादी राजाओं की प्रताडना से बचने के लिये इन दुर्गम गुफाओं में शरण लिये हुए थे। बौध्द धम्म के व्दारा ही भारतीय कला, साहित्य, दर्शन तथा नैतिक मानदंडों का प्रचार प्रसार व्यापक रुप से एशिया के विभिन्न हिस्सों में इसवी पहली शताब्दी में हुआ। नालंदा युनिवर्सिटी के मालदा शिलालेखों के मुताबिक युनिवर्सिटी के भिख्खु मूर्तिकला तथा दिगर कलाओं में बहुत पारंगत होते थे। सबसे प्राचीन और सबसे बेहतर कलाकृतियां बौध्द कलाकृतियां थी। मूर्तिकला की विषयवस्तु के लिये बौध्द धम्म एक आदर्श स्त्रोत था। बौध्द कलाकृतियों की अपनी अलग विशेषता (style) है। अकेले सांची में 827 शिलालेख है। इन शिलालेखों में दानदाताओं में दौ सौ से ज्यादा नाम भिख्खुओं तथा भिख्खुनियों के तथा बाकी नाम आम बौध्दों के है। यही बात दिगर बौध्द स्थलों पर लागू होती है। चीनी प्रवासी ह्युएन त्सांग के मुताबिक कई बौध्द भिख्खुओं ने बौध्द मॉनेस्टरिज का निर्माण किया और उसमें कलात्मक मूर्तिकारी और चित्रकारी की। यक्टिवन विहार के जयसेन एक उपासक थे। वे बौध्द दर्शन के एक शिक्षक भी थे। उन्होने कई बौध्द सुत्त लिखे। सबसे प्राचीन ऐतिहासिक इमारतों के अवशेषों में इंटों से बनाये गए बौध्द मानेस्टरिज है। इन्सान व्दारा पत्थरों को काट कर बनाये गये सबसे प्राचीन हॉल (halls) बौध्द विहार तथा जिवक श्रमणों के विहार है जिन्हे बौध्द राजाओं के आदेश पर खोदकर बनाया गया था। सबसे प्राचीन तथा सबसे खुबसुरत स्तंभों का

निर्माण जिनके उपर सिंह इ. जानवरों की मूर्ति लगाई गई है सम्राट अशोक ने बनाई बौध्द कलाकृतियां है। इन स्तंभों का चमकदार लेप कई शताब्दियों से सुरक्षित है। इन्हे अशोक की लाट भी कहा जाता है। भारत की प्राचीन भाषाओं की जानकारी (palaeography) तथा उनका आकलन (epigraphy) असंख्य तादाद में मिले बौध्द शिलालेखों से ही मुमकिन हो सका है। भारत भर में जो 1200 पत्थर से बनी गुफाएं, मोनॅस्ट्रीज, आश्रयस्थल, मंदिर इ. स्थल मिले है उनमें से 100 जैन धर्म के, 200 ब्राह्मण धर्म के तथा बाकी सारे बौध्द स्थल है। ब्राह्मण धर्म के अधीकांश स्थल मूल रुप से बौध्द स्थल है। उन स्थलों पर जबरन कब्जा कर उन्हे ब्राह्मण धर्म के स्थल बताये गये। प्राचीन भारत के सांस्कृतिक तथा सभ्यता के विभिन्न क्षेत्रों में जैसे कि कला, साहित्य, भाषा, नैतिक दर्शन, रहस्यवाद, दर्शनशास्त्र, ज्ञान संबंधी शास्त्र (epistemology), तर्कशास्त्र, मनोविज्ञान तथा सामाजिक चिंतन बौध्द धम्म की देन है जो बहुत महान, बहुत गहरी, और विविध प्रकार की है।

कुशानों सम्राटों व्दारा बौध्द-स्तुपों इ. का निर्माण :- सम्राट कनिष्क विशाल कलात्मक इमारतों के निर्माण में बहुत अग्रणी थे। उन्होने बौध्द मॉनेस्ट्री के निर्माण के लिये ग्रीक इंजिनियरों तथा कलाकारों की मदद ली। उन्होने पेशावर पाकिस्तान में विशाल बौध्द स्तूप का निर्माण किया। चीनी प्रवासी ह्युएन त्सांग (Xuan Zang) के मुताबिक इस विशाल स्तुप की उंचाई 600 to 700 चीनी फीट यानि आज की 591–689 फीट थी। उनपर मौल्यवान जवाहरात इ. लगाये गए थे। यह इमारत निश्चित रुप से प्राचीन भारत के लिये एक अजूबा थी। इस स्तुप में बुध्द की तीन अस्थियां रखी गई थी। इस स्तुप का उल्लेख चीन के डनह्युएंग के स्क्रोल्स (scrolls) में भी पाया गया है। इसके तीन दशक बाद चीनी प्रवासी फाहियान (Fa-hien) ने इस स्तुप को देखने के बाद यह यह निष्कर्ष निकाला कि यह अपनी तरह का इकलौता सबसे बडा स्तुप है। ए. फाउचर (A. Foucher) ने उत्खनन के लिये इस क्षेत्र का दोबारा निर्धारण सन् 1901 में किया। लेकिन सन् 1908–1911 के दौरान पूरातत्व वैज्ञानिक डेविड ब्रेनेरर्ड स्पुनर (David Brainerd Spooner) तथा एच. हारग्रीव्हस् ने अपने उत्खनन में पाया कि इस स्तुप के डायेमिटर (diameter) 286 फीट था। इसका मुख्य स्तुप 54 वर्ग मीटर में था। तथा इसके हर दीशा में अध ॅगोलाकार 15 मीटर का भाग बाहर निकला था। मुख्य स्तुप के इर्दगीर्द कई छोटे स्तुप बने थे। इस स्तुप का आधार पांच स्तरों का था। दूसरे सेक्शन में 13 मंजीला इमारत थी जिसका लकडा नक्काशीदार था। उसमें लोहे के स्तंभ लगे थे जिनपर तांबे का मुलम्मा चढाया गया था। प्रस्तुत विवरण चीनी प्रवासियों व्दारा किये गए विवरणों से पूरी तरह से मेल खाता है। सोने का मुलम्मा चढाई हुई कास्य की पेटी (casket) में सम्राट कनिष्क का नाम खरोष्टी लिपि में लिखा गया था। बाकी इबारत को लगभग सौ वर्ष बाद हॅरी फाल्क ने सन् 2002 में समझा। इससे यह दोबारा स्थापित हुआ कि इस विशाल स्तुप का निर्माण सम्राट कनिष्क ने ही किया है। इस पेटी यानि (casket) के ढक्कन पर बुध्द कमल की आकृति के आसन पर बैठे है। उनकी पूजा ब्रह्मा तथा इंद्र कर रहे है। पेटी के बाकी हिस्सों में सम्राट कनिष्क को, ईरान के सुर्य तथा चंद्र देवताओं को भी बताया गया है। पेटी के दूसरे हिस्से में बुध्द की आकृतियां है जिनकी पूजा राजपरिवार के लोग कर रहे है। एक पंख लगे बच्चे के हाथ में फूलों का हार है जो इस दृष्य को घेर कर है। ये कलाकृतियां ग्रीक पध्दति से बनी है। इस पेटी के निर्माण का श्रेय कुशान सम्राट हविष्क को दिया जाता है। यह पेटी पेशावर म्युजियम में रखी गई है। इसकी प्रतिकृति ब्रिटीश म्युजियम में है। बुध्द की अफगानिस्तान के बामियान तथा हेड्डा में बनी विशाल

बौध्द प्रतिमायें इसी काल में बनी है।

पेशावर में एक और विशाल स्तुप का पता चला है। सन 2012 की फरवरी में Hans Loeschner ने युनिवर्सिटी ऑफ कॅलिफोर्निया बर्कले में ऑसमंड बोपिराच्ची (Osmund Bopearachchi) से विचार विमर्श किया। बोपिराच्ची ने बताया कि 1) हाल में आयी बडी बाढ से स्तुप के हिस्से दिखाई दिये। 2) यह स्थल पेशावर के केन्द्रस्थल में आता है तथा 3) यह अवशेष कनिष्क के स्तुप हो सकते है।(SINO-PLATONIC PAPERS Number 227 July, 2012The Stkpa of the Kushan Emperor Kanishka the Great, with Comments on the Azes Era and Kushan Chronology by Hans Loeschner)

सम्राट कनिष्क ने इमारतें बनाई और शिल्पकला का विकास किया। पेशावर में बना विशाल टॉवर बुध्द की अस्थियों पर बना है। यह टावर लकडी से बना है और 400 फुट उंचा है। भर्टीडा का किला मुबारक भी कनिष्क ने बनवाया था। कनिष्क ने सम्राट अशोक की तरह स्तभ बनाये उनपर सिंह की मूर्ति स्थापित की। शायद सम्राट कनिष्क खुद को दूसरा अशोक मानता था, या अशोक उनका आदर्श था। कनिष्क के राजतिलक के वक्त भारत में पहली बार सोने के सिक्के ढाले गए। कुशान सम्राट हविश्क ने तीसरी शताब्दी में नक्काशीदार सिक्के जारी किये जो बुध्द गया में समर्पित किये गए। कुशान सम्राटों व्दारा जारी किये गये सोने के सिक्के उत्कृष्ट कलाकारी का नमुना थे। इसके अलावा इन सिक्कों में सोने की मात्रा ब्राह्मणवादी गुप्त राजाओं ने जारी किये सिक्कों से कहीं ज्यादा थी। यानि कुशान साम्राज्य बहुत खुशहाल था। ब्राह्मणवादी गुप्त राजाओं के सोने के सिक्कों का अशुध्द होना उनकी आर्थिक दुर्दशा को स्पष्ट करता है।

पाल सम्राटों के साम्राज्य में कला तथा संस्कृति का विकास :- पाल राजवंश के सम्राट बौध्द कलाओं, साहित्य तथा अध्ययन में जबर्दस्त रुची रखते थे। पाल साम्राज्य की खुबी उनकी बेहतरीन कला और शिल्पकारी थी। पाल साम्राज्य ने 'पाल शिल्पकला' नामक अपनी विशेष शिल्प पध्दति का विकास किया। उनके शासनकाल में कला, संस्कृति, साहित्य तथा चित्रकारी का खुब विकास हुआ। विक्रमशिल बौध्द विहार तथा युनिवर्सिटी, औदांतपुरी विहार तथा युनिवर्सिटी, जगद्दला विहार तथा युनिवर्सिटी की विशाल संरचना बेमिसाल पाल कला का नमुना है। बख्तियार खिलजी ने इन विशाल इमारतों को बडी दीवारों से सुरक्षित बनाये गए किले मानकर उन्हे ध्वस्त किया था। पाल इमारत निर्माण कला का उपयोग संपूर्ण दक्षिण-पूर्व एशिया, चीन, जापान, तथा तिब्बत इ. में किया गया। बंगाल को स्वाभाविक तौर पर ''पूरब की रानी'' के तौर पर ख्याति हुई। डॉ. स्टेला (Dr. Stella Kramrisch) के मुताबिक बिहार तथा बंगाल की कला ने नेपाल, बर्मा, सिलोन, तथा जावा पर बडा गहरा असर डाला। धीमन तथा विट्टपाल नामक दो प्रसिध्द पाल शिल्पकार थे। सोमपुरा महाविहार के बारे में जे. सी. फ्रेंच का कहना है कि यह बडे दुख की बात है कि एक ओर जहां इजिप्त के पिरॅमिडों के अध्ययन के लिये कई मिलियन डॉलर हर साल खर्चा किये गये लेकिन हमने सोमपुरा महाविहार के उत्खनन के लिये उसका सिर्फ एक प्रतिशत ही खर्च किया है। कौन जानता है कि वहां कितनी आश्चर्यजनक बातें छुपी हुई है। (The Art of the Pala Empire of Bengal," p. 4)

जैन सम्राट खारावेला व्दारा बनाई गई गुफाएं :- भारतीय उपमहाव्दीप में जैन धर्म के प्रचार प्रसार में खारावेला का महत्वपूर्ण योगदान है। ओरीसा राज्य में भुवनेश्वर के निकट स्थित उदयगीरी तथा खंडागीरी गुफाएं कुछ प्राकृतिक तथा कुछ कृत्रिम रुप से बनाई गई गुफाएं है। उनमें अच्छे से सजाई हुई कई गुफाएं है। यह माना जाता है कि

इन गुफाओं में शिल्पकला का काम जैन मुनियों ने खारावेला के शासनकाल में किया है। उदयगीरी का मतलब सुर्योदय पहाडी होता है। इसमें 18 गुफाएं है। जबकि खंडागीरी में 15 गुफाएं है। इन गुफाओं को शिलालेखों में लेणी कहा गया है। इन गुफासमूहों में सबसे महत्वपूर्ण उदयगीरी में रानीगुंफा है जो दो मंजीला मोनेस्ट्री है। बी. एम. बरुआ ने हाथीगुंफा लेखों को पढने के बाद घोषित किया कि खारावेला तथा अन्यों ने उदयगीरी के कुमारी पहाडी में 117 गुफाएं खोदी थी। मार्शल ने इन दोनों पहाडियों पर 35 गुफाएं खोजी। उदयगीरी हाथीगुंफा में गुफा क्रमांक 14 तथा गणेशगुंफा गुफा क्रमांक 10 अपनी बेहतरीन शिल्प कलाकृतियों के लिये मशहूर है। रानी का नौर यानि रानी महल गुफा क्रमांक 1 भी कलाकृतियों का बेमिसाल उदाहरण है। अनंत गुफा गुफा क्रमांक 3 में औरतों, हाथियों, शारीरिक कर्तब दिखाने वालों की तथा अपनी चोंच में फल लिये हुए बदकों के शिल्प है। हाथिगुंफा में सम्राट खारावेला की इबारतें है। ये इबारतें सम्राट अशोक की इबारतों के सामने धाउली (Dhauli) में है। इसके अलावा भी कुछ गौण शिलालेख है।

बौध्द साम्राज्य में बिना किसी भेदभाव के सबको समान शिक्षा !

बौध्द तथा जैन धर्म की बुनियाद सभी के लिये समानता के व्यवहार पर आधारित है। प्राचीन भारत के बुध्दिस्ट मोनॅस्टीक विद्यालय तथा युनिवर्सिटीज सभी के लिये अपने दरवाजे खुले रखती थी चाहे फिर वे किसी भी लिंग, वर्ण, जाति, धर्म, प्रांत या देश के हो। इसलिये इन बौध्द शिक्षा संस्थानों को भारी ख्याति मिली और दूर दूर के देशों से छात्र इन विश्वविद्यालयों में पढने के लिये आये। ब्राह्मणवाद के लिये ऐसा करना कतई मुमकिन नही था क्योंकि वे ब्राह्मणों के अलावा किसी को शिक्षा लेने के अधिकार को नही मंजूर करते। ब्राह्मण-धर्म में हर वर्ण अपने वर्ण के मुताबिक काम करने पर मजबूर है। इसलिये शिक्षा संस्थानों का सबसे पहले निर्माण बौध्दों ने ही किया है। इसके पहले कोई शिक्षा संस्थान नही थे। बौध्द धम्म न सिर्फ भिख्खुओं को शिक्षित करने में विश्वास करता है बल्कि हर नागरिक को शिक्षित करना अपना पवित्र कर्तव्य समझता है। बिना शिक्षा के बौध्द धम्म का 'बहुजन हिताय बहुजन सुखाय' के घोष वाक्य का कोई अर्थ नही रहता। इसलिये बौध्द विहारों में भिख्खु लोगों को न सिर्फ बौध्द दर्शन समझाते थे बल्कि कई तरह के समाजोपयोगी हुनर और कला कौशल्य भी सिखाते थे। बौध्द धम्म की भिक्षुणियों को थेरी कहा जाता था। उनकी धार्मिक कविताओं को थेरीगाथा कहा गया है।

प्राचीन भारत के बौध्द विश्वविद्यालय !

[Information about Buddhist Universities of Ancient India is synthesized from following sources : NALANDA: lIustrious International Buddhist University 5th century CE to 12 century CE; NALANDA AND OTHER BUDDHIST UNIVERSITIES IN ANCIENT INDIA BY. SATYA SREE; http://yabaluri.org/Nalanda and Other Buddhist Universities.htm; http://en.wikipedia.org/Nalanda - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; Universities in Ancient India D. G. APTE Printed at the M.S. University of Baroda Press (Sadhana Press), Raopura, Baroda; http:// www.buddhist-tourism.com/Vikramshila Bihar,Buddhism in Vikramshila,Buddhist Heritage of Vikramshila,Buddhist Site of Vikramshila India.htm; http://en.wikipedia. org/Taxila - Wikipedia, the free encyclopedia.htm]

बौध्द भारत में बौध्द शिक्षा संस्थान 1) नालंदा, 2) वल्लभी विश्वविद्यालय 3)

व्रिक्रमशिला, 4) औदांतापुरी, 5) जगदल्ला, 6) सोमापुरा तथा 7) तक्षिला विश्वविख्यात रहे है।

1) नालंदा बौध्द विश्वविद्यालय :- नालंदा बौध्द विश्वविद्यालय को भारत की सबसे पहली महान युनिवर्सिटी के तौर पर मान्यता है। बुध्द नालंदा में रुके थे। बुध्द के समय में भी नालंदा एक समृध्द नगर था। बुध्द के समय से ही नालंदा में भिख्खुओं के व्दारा लोगों को धार्मिक तथा दिगर शिक्षा दी जाती थी। बुध्द के बाद यहां एक बौध्द विहार कायम किया गया। सम्राट अशोक ने नालंदा में बौध्द विहार का विकास और विस्तार किया था जहां बौध्द दर्शन के अलावा दिगर शैक्षणिक कार्य भी किये जाते थे। इसके बाद हर बौध्द सम्राट ने उसके विकास में अपना योगदान दिया। इस बौध्द विश्वविद्यालय का चरम विकास पाल बौध्द सम्राटों के काल में हुआ। पाल सम्राटों ने नालंदा तथा विक्रमशिला इ. सभी बौध्द युनिवर्सिटीयों का विकास किया। सम्राट देवपाल ने जावा के राजा बालपुत्रदेवा के अनुरोध पर जावा के विव्दानों के लिये बने मठ के खर्चे को पूरा करने के लिये पांच गांव नालंदा विश्वविद्यालय को भेंट किये। नालंदा इ. युनिवर्सिटी के धार्मिक प्रचारकों के माध्यम से बौध्द धम्म अंततः तिब्बत में स्थापित हो सका था। नालंदा विश्वविद्यालय ईसवी 500 से 13 वी शताब्दियों तक कार्य करता रहा।

नालंदा विश्वविद्यालय का कुल क्षेत्र 30 एकर था। ह्युएन त्सांग तथा दिगर प्रसिध्द चीनी प्रवासियों ने 7 वी शताब्दी के आरंभ में नालंदा विश्वविद्यालय को भेंट दी। वास्तव में ह्युएन त्सांग सात वर्षो तक नालंदा विश्वविद्यालय का छात्र रहा। नालंदा एक अंर्तराष्ट्रीय युनिवर्सिटी थी। इसमें श्रीलंका, तिब्बत, नेपाल, चीन, मंगोलिया, तुर्किस्तान, जापान, कोरिया, इंडोनेशिया, मध्य एशिया, विएतनाम, सुमात्रा, जावा, पर्शिया, ग्रीस तथा टर्की इ. देशों से छात्र आते थे। कहा जाता है कि इसा मसीह ने कई वर्ष नालंदा विश्वविद्यालय में बिताये। इस संबंध में विस्तृत जानकारी इंटरनेट पर www.Utube.com पर Where was Jesus for 18 years? By Yogeeshsharam शीर्ष से देखी जा सकती है। इस वेब पेज के मुताबिक तिब्बत में इसके लिखित दस्तावेज मौजूद है।

नालंदा दुनिया का सबसे पहला आवासीय विश्वविद्यालय था। नालंदा विश्वविद्यालय में कई हजार कुशल विव्दान बौध्द भिख्खु रहते थे जिनमें कई विदेशों से थे। फा हाईन (Fa Hien) के मुताबिक सारीपुत्र चैत्य तथा सम्राट अशोक व्दारा निर्माण की गई मॉनेस्ट्री दिगर जगहों में से एक महत्वपूर्ण स्थल है। ई-त्सींग (I-Tsing) के मुताबिक 8 विशाल हॉल तथा 300 बडे कमरे तथा एक विशाल पुस्तकालय था। नालंदा विश्वविद्यालय में कई विशाल इमारतें थी जिनमें लेक्चर हॉल (halls), ध्यान के लिये हॉल, विशाल पुस्तकालय, मोनेस्ट्रीज, छात्रावास, चैत्य, तालाब तथा पार्क थे। तालाब तथा तालों में कमल के फुल खिले रहते थे। विश्वविद्यालय के लॉन बहुत खुबसुरत थे। आम के बगीचे बनाये गये थे। खुबसुरत फूलों की कॅरियां तथा आने जाने के लिये खुबसुरत रास्ते बने थे। नालंदा विश्वविद्यालय में असंख्य धार्मिक स्थल थे जहां के शिल्प अपनी खुबसुरती में बेमिसाल थे। ह्युएन त्सांग के मुताबिक नालंदा विश्वविद्यालय कला का एक सर्वोत्तम नमुना था।

मुख्य पुस्तकालय की नौ मंजीली तीन ईमारतें थी। इनके नाम 1) रत्नसागर, 2) रत्नोदधी, तथा 3) रत्नरंजक था। नालंदा मोनेस्ट्री के पुस्तकालय में कई लाख हस्तलिखित किताबें तथा दस्तावेज रखे गए थे। शिलालेख की इबारत से पता चलता है कि इन तीनों इमारतों को संयुक्त रुप से धर्मगंज कहा जाता था। पुस्तकालय प्रमुख का काम छात्रों को किताबों के बारे में मार्गदर्शन करना भी था। सातवी शताब्दी के रिकार्ड के मुताबिक

नालंदा विश्वविद्यालय में दस हजार छात्र पढते थे। शिक्षकों की तादाद दो हजार थी। काम करने वाले कर्मचारियों की तादाद देढ हजार थी।

नालंदा के अभ्यासक्रम में धार्मिक शिक्षा में बौध्द धम्म के सभी पंथ, भारत के तमाम आध्यात्मिक दर्शन पढाये जाते थे। गैर धार्मिक विषयों में चिकित्साशास्त्र, औषधी विज्ञान, भूगोल, गणीत, तर्कशास्त्र, खगोशशास्त्र, भाषा तथा व्याकरण पढाये जाते थे। कला-कौशल्यों में धागा तैयार करना, कपडे बुनना, लकडी की वस्तुएं बनाना, तरह तरह के बर्तन बनाना, धातुओं से कलात्मक वस्तुएं बनाना, चित्रकारी, शिल्पकला इ. कौशल्य सिखाये जाते थे। हालांकि नालंदा में बौध्द धम्म पर ज्यादा जोर दिया जाता था लेकिन खुली बहस को हमेशा बढावा दिया जाता था। छात्र कोई भी विषय ले सकते थे लेकिन बौध्द दर्शन के विषय अनिवार्य थे। महायान बौध्द धम्म पर ज्यादा जोर दिया जाता था। व्हउई ली (Hwui-Li) के मुताबिक महायान बौध्द धम्म पर जोर देने से नालंदा विश्वविद्यालय को थेरावादी बौध्दों व्दारा आलोचना की नजर से देखा जाता था। नालंदा विश्वविद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षा दी जाती थी। सिर्फ उन्ही छात्रों को प्रवेश दिया जाता था जो विश्वविद्यालय के प्रवेश व्दार पर ली जाने वाली मौखिक प्रवेश परीक्षाओं में कामयाब होते थे। बौध्द सिधान्तों के मुताबिक प्रवेश के लिये लिंग, जाति, धर्म, प्रांत, देश इ. की कोई रुकावट नही थी। कोई भी प्रवेश पा सकता था। ह्युएन त्सांग के मुताबिक 20 फीसदी विदेशी छात्र इन प्रवेश परीक्षाओं में कामयाब होते थे। भारत से सिर्फ 30 फीसदी छात्र कामयाब होते थे।

प्रत्येक शिक्षक के अधिन 30 छात्र होते थे। शिक्षा का तरिका मुख्यतः चर्चाएं होता था जिनमें छात्र तथा शिक्षक शामिल होते थे। अनुशासन का कडाई से पालन किया जाता था। सभी छात्रों के लिये नैतिकता के उच्च आदर्शो का पालन करना अनिवार्य था। अपने कई शताब्दियों के काल में अनुशासन को लेकर किसी विरोध की या उसे तोडे जाने का कोई उल्लेख नही है। नालंदा के पूर्व छात्रों का विश्वविद्यालय में तथा बाहरी जगत में बेहद सम्मान था। नालंदा विश्वविद्यालय के बौध्द भिख्खुओं व्दारा लिखी गई रचनाओं का भाषांतर चीन तथा तिब्बत में किया गया। भारत के बाहर बौध्द धम्म को प्रसारित करने में इन बौध्द भिख्खुओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

2) वल्लभी बौध्द विश्वविद्यालय :- मैत्रका बौध्द राजा सौराष्ट्र तथा पश्चिमी भारत पर राज करते थे। उनकी राजधानी वल्लभी थी। बुध्द ने वल्लभी में भेंट दी थी। सम्राट अशोक ने उन सभी जगहों पर विहार और स्तुप कायम किये जहां भी बुध्द के कदम पडे थे। सम्राट अशोक ने वल्लभी में भी स्तुपों का निर्माण किया था। वल्लभी विश्वविद्यालय पश्चिम महाराष्ट्र के सौराष्ट्र प्रांत में स्थित था। मैत्रका बौध्द राजाओं ने वल्लभी विश्वविद्यालय के विकास में बडी उदारता से धन खर्च किया। उन्होने वल्लभी विश्वविद्यालय के लिये हर तरह से प्रोत्साहन दिया। इसके अलावा राज्य के धनी लोग तथा आम जनता भी इस विश्वविद्यालय को अपनी क्षमता के मुताबिक मदद देते थी। सातवी शताब्दी में नालंदा विश्वविद्यालय की तरह ही वल्लभी विश्वविद्यालय की प्रसिध्दी थी। नालंदा विश्वविद्यालय महायान बौध्द धर्म का केन्द्र था जबकि वल्लभी विश्वविद्यालय ने थेरावादी बौध्द धम्म के केन्द्र के रुप में ख्याति अर्जित की। ह्युएन त्सांग ने वल्लभी विश्वविद्यालय को भी भेंट दी थी। वहां 100 मोनेस्ट्रीज थी तथा उनमें लगभग 6000 बौध्द भिख्खु रहते थे। अधिकांश सम्मितिया (Sammitiya) पंथ के थे। वे महायान पंथ के अभिधम्म में विश्वास नही करते थे। उनके मुताबिक अभिधम्म बुध्द की शिक्षा नही है।

वे अंर्तभव सिधान्त को मानते थे तथा पुग्गलवाद (Puggalavada) परंपरा के थे जो अभिध ाम्म को नकारती है। अभिधम्म बुध्द के सुत्तों से मेल नही खाती और विरोधाभासी है। ई-त्सिंग के मुताबिक नालंदा विश्वविद्यालय की तरह ही वल्लभी विश्वविद्यालय में भी विदेशों से छात्र पढने आते थे। वल्लभी विश्वविद्यालय में विशाल पुस्तकालय था। इस पुस्तकालय का खर्च राजा व्दारा कायम किये गए फंड से चलता था। वल्लभी विश्वविद्यालय में पढाये जाने वाले विषयों में विभिन्न धर्म-पंथों का तुलनात्मक अध्ययन, राजनीतिशास्त्र, कानून, कृषि-विज्ञान, अर्थशास्त्र इ. विषयों को पढाया जाता था। वल्लभी युनिवर्सिटी ईसवी **470** से 1200 तक अपने पूरे समृध्दी में थी। एक लंबे समय तक वह नालंदा विश्वविद्यालय की शिक्षा क्षेत्र में प्रतिस्पर्धी युनिवर्सिटी बनी रही। बंदरगाह के करीब होने से उसे अंर्तराष्ट्रीय संपर्क का फायदा मिला। वल्लभी विश्वविज्ञालय की प्रसिध्दी संपूण र्ा उत्तरी भारत में इस कदर थी कि कथासरीतसागर के मुताबिक लोग अपने बच्चों को नालंदा के बजाय वल्लभी विश्वविद्यालय में भेजना पसंद करते थे। वल्लभी के शिक्षकों व्दारा प्रमाणित सिधान्तों को विव्दानों के बीच बहुत महत्व था। मैत्रका राजाओं पर सन् 775 में अरबों ने आक्रमण करने से वल्लभी युनिवर्सिटी को कुछ समय तक तकलीफें सहन करनी पडी। इसके बावजूद वल्लभी युनिवर्सिटी अपना काम करते रही। लेकिन मैत्रका राजाओं के पतन के बाद तथा दिगर मददगार राजाओं के न होने के बाद 12 वी शताब्दी के बाद यह विश्वविद्यालय खत्म हुआ।

3) विक्रमशिला युनिवर्सिटी :- विक्रमशिला युनिवर्सिटी मगध के उत्तर में गंगा नदी के किनारे अंटीचाक (Antichak) गांव, कहालगांव में भागलपुर जिले में स्थित थी। विक्रमशिला युनिवर्सिटी नालंदा युनिवर्सिटी की सह युनिवर्सिटी मानी जाती है। इसका निर्माण कंपाला नामक बौध्द भिख्खु ने सम्राट धर्मपाल (770-810) के संरक्षण में किया था। सम्राट धर्मपाल ने इस विश्वविद्यालय के विकास के लिये उदारता से धन खर्च किया ताकि वहां रहने वाले छात्रों तथा शिक्षकों को भोजन इ. की सुविधा हो सके। सम्राट ने युनिवर्सिटी के खर्चे के लिये बडी तादाद में जमीन दी हुई थी। विक्रमशिला विश्वविद्यालय की इमारतें पाल सम्राटों व्दारा बहुत ही योजनापूर्वक ढंग से बनाई थी जो भव्यता और कला का बेमिसाल नमुना थी। विक्रमशिला विश्वविद्यालय में छह विशाल इमारतें तथा 108 विहार थे। इन सबकी रचना इस प्रकार से की गई थी कि मानों कमल के फुल से उनकी पंखडियां बाहर निकली हो। केन्द्र में महाबोधी बौध्द विहार था जिसके छह व्दार विश्वविद्यालय की छह इमारतों की ओर खुलते थे। इस सभी छह इमारतों में विशाल हॉल तथा छात्रों की कक्षाएं थी। युनिवर्सिटी के केन्द्र में विद्यागृह नाम का मुख्य लेक्चर हॉल था। हर इमारत के छह दरवाजे थे जिसके पास एक मोनेस्ट्री बनी थी। हर मोनेस्ट्री में 150 शिक्षक रहते थे। लगभग 108 शिक्षकों को प्रशासनीक काम सौंपे गये थे। इन सभी इमारतों को बहुत ही मजबूत दीवार से घेरा गया था। विक्रमशिला विश्वविद्यालय का अभ्यासक्रम नालंदा विश्वविद्यालय के अभ्यासक्रम जैसा था। तांत्रिक बौध्द धम्म को वरीयता दी जाती थी। सभी पाल राजाओं की मदद से वह नालंदा विश्वविद्यालय के समकक्ष बन गई। तिब्बत के प्रसिध्द बौध्द भिख्खु अतिशा (981-1054) जिन्होने तिब्बत के बौध्द धम्म में कई परिवर्तन किये वह विक्रमशिला मोनेस्टरी के प्रमुख थे।

डॉ. एस. सी. विद्याभिषण ने कन्निंघम के साथ मिलकर विक्रमशिला युनिवर्सिटी के स्थल को भागलपुर जिले के सुल्तानगंज में बडागांव के निकट सिलाओ गांव में खोजा है। इस स्थल के अवशेष 4 कीलोमीटर के क्षेत्र में फैले है। यहां एक तिब्बती निवासस्थल

(dormitory) के अवशेष साठ वर्ग फीट चौडे क्षेत्र में पाये गए है। इसके पास एक ध्यान केन्द्र बना है। 300 फुट चौडे चबुतरे पर बना 60 फुट चौडा स्तुप खस्ता हालत में पाया गया। इस पुरातत्वीय स्थल का उत्खनन अभी भी बाकी है।

4) औदांतपुरी बौध्द युनिवर्सिटी :- औदांतपुरी बौध्द युनिवर्सिटी को भारत की दूसरी पूरानी युनिवर्सिटी माना जाता है। यह मगध में नालंदा से छह मील दूर स्थित है। पाल सम्राट गोपाल (660-705) ने इस युनिवर्सिटी को कायम करने में बडी मदद की है। तिब्बत के सुत्रों के मुताबिक औदांतपूरी युनिवर्सिटी में बारह हजार छात्र पढते थे।

5) सोमपुरा बौध्द युनिवर्सिटी :- सोमापूरा आधुनिक बंगला देश में स्थित थी। सम्राट देवपाल ने (810-850) सोमपुरा में धर्मपाल महाविहार कायम किया था। इस महाविहार के अवशेष 1 वर्ग मील क्षेत्र में है। इससे संबंधित तमाम इमारतों को एक मजबूत दीवार के साथ घेरा गया था। इसमें 177 कमरे थे। इसके अलावा कई कलाकृतियों तथा चित्रकारियों से सजी विशेष इमारतें बनी थी। एक बडे भोजन हॉल तथा सामान्य रसोईघर के अवशेष प्राप्त हुये है। सम्राट धर्मपाल के व्दारा निर्माण किया गया सोमपुरा नामक महाबौध्द विहार संपूर्ण भारतीय महाव्दीप में सबसे बडा है।

6) जगद्दला बौध्द युनिवर्सिटी :- इस युनिवर्सिटी की स्थापना सम्राट रामपाल (1077-1129) ने की थी। जगद्दला युनिवर्सिटी पाल राजाओं ने किया हुआ सबसे बडा निर्माण कार्य था। यह तांत्रिक बौध्द धम्म के अध्ययन तथा प्रचार-प्रसार का केन्द्र भी था। वह नालंदा विश्वविद्यालय के तरिकों तथा परंपराओं के मुताबिक कार्य करता था। तिब्बती साहित्य के मुताबिक जगद्दला में कई किताबों का तिब्बती भाषा में अनुवाद किया गया था।

7) तक्षिला बौध्द युनिवर्सिटी :- तक्षिला प्राचीन काल से ही अध्ययन का केन्द्र था। प्रत्येक शिक्षक अपने छात्रों का अपने तरिके से चुनाव कर उनका अध्ययन कराता था। उनके उपर राजा या अन्य किसी का नियंत्रण नही होता था। वे अध्ययन की कालावधी, अध्ययन की विषयवस्तु, छात्रों के लिये नियम इ. सभी मामले खुद तय करते थे। जैसे ही छात्र किसी विषय में दक्ष हो जाता था उसकी पढाई उसी वक्त खत्म मानी जाती थी। उनकी कोई परीक्षा नही ली जाती थी। उन्हे कोई डिग्री नही दी जाती थी। तक्षिला युनिवर्सिटी के शिक्षकों को जरुरी आर्थिक सहायता समाज के धनी तथा अन्य लोग करते थे। मगध सम्राट बिंबीसार के राजदरबार के चिकित्सक जीवक जिन्होने एक बार बुध्द का इलाज किया था ने तक्षिला में ही अध्ययन किया था। सम्राट अशोक के काल में तक्षिला बौध्द अध्ययन केन्द्र बना। अशोक ने 1600 कीलोमीटर लंबे राष्ट्रीय मार्ग बनाकर पाटलीपुत्र को तक्षिला से जोडकर व्यापार को बढावा दिया।

तक्षिला पर कई तरह के प्रभाव पैदा हुये। इसापूर्व छटवी शताब्दि तक तक्षिला को विभिन्न राजाओं ने अपने कब्जे में किया। ईसापूर्व दूसरी शताब्दी में तक्षिला को इंडो-बॅक्ट्रियन ग्रीक राजाओं ने अपने नियंत्रण में किया। उन्होने शायद नये अभ्यासक्रम को शामिल किया। यह तय करना मुश्किल है कि इस समय वहां का अभ्यासक्रम क्या था। यह तय है कि वहां ग्रीक भाषा भी पढाई जाती थी। इसापूर्व पहली शताब्दी में इस क्षेत्र पर सिथीयनों ने हमला किया। पहली ईसवी शताब्दी में कुशानों ने हमला किया। कनिष्क के काल में यह महायान बौध्द धम्म का केन्द्र बना। प्रसिध्द चिकित्सक चरक ने तक्षिला में अध्ययन किया था। इसके बाद उसने तक्षिला में पढाने का काम भी किया। कहा जाता है कि महायान बौध्द धम्म ने तक्षिला में ही आकार ग्रहण किया था। पांचवी शताब्दी में इस क्षेत्र पर हुनों का आक्रमण हुआ। इसी शताब्दी में तक्षिला युनिवर्सिटी

तबाह हो गई। पांचवी शताब्दी के मध्य में वह बंद हो गई।

बौध्द विश्वविद्यालयों के स्त्रोत तथा प्रबंधन :- युनिवर्सिटी के प्रमुख यानि कुलपति का पद एक भिख्खु को दिया जाता था जिसका चुनाव बौध्द संघों के संघ (federation) व्दारा किया जाता था। शैक्षणिक तथा प्रसासनीक कार्यो के लिये दो अलग अलग कमिटियां होती थी। नालंदा युनिवर्सिटी की मोहर धम्मचक्र थी जिसकी बेहद प्रतिष्ठा थी। विश्वविद्यालय के किसी भी शिक्षक (भिख्खु) को सोना-चांदी या नगदी को स्वीकार करने की इजाजत नही थी। इसका उल्लंघन एक गंभीर अपराध माना जाता था। बुध्द ने अपने जीवनकाल में ही भिख्खु संघ के लिये उपहार स्वीकार करने की इजाजत दी थी इसलिये भिख्खु संघ बुध्द के काल में ही बहुत अमिर बन गए थे। बुध्द के वक्त भिख्खु संघ को बगीचे, उपवन, तालाब, इमारतें, मैदान, बौध्द विहार इ. की भेंट दी जाती थी।

नालंदा का खर्च राजा व्दारा भेंट किये गए सात गांवों से प्राप्त करों की बदौलत चलता था। बौध्द तथा दिगर राजाओं से भी आर्थिक सहायता हासिल होती थी। सम्राट हर्षवर्धन के काल में 200 गांवों को उसे दान में दिया गया था। विश्वविद्यालयों की अपनी जमीन थी जिस पर खेती तथा पशुपालन किया जाता था। इससे जरुरी राशन उपलब्ध होता था। नालंदा की कई इमारतों को बनाने का काम विभिन्न देशों के राजाओं ने भी किया है। मसलन सुमात्रा के राजा श्रीविजय ने नालंदा की एक इमारत बनाई थी। जावा, सुमात्रा, तिब्बत के अलावा कई देशों के राजा इन बौध्द विश्वविद्यालयों की मदद करते थे। बौध्द विश्वविद्यालयों के अंर्तराष्ट्रीय स्वरुप तथा उसमें मौजूद भारी तादाद में विदेशी छात्रों की मौजूदगी से ही ब्राह्मणवादी गुप्त तथा दिगर ब्राह्मणवादी राजाओं की बौध्द विश्वविद्यालयों पर हमला करने की हिम्मत नही हुई। उल्टे वे भी इन विश्वविद्यालयों को मदद देने पर मजबूर थे। कुमारा गुप्ता (415-455) ने नालंदा में एक मोनेस्ट्री कायम की थी। राजा बुध्द गुप्ता (455-467), जतागथा गुप्ता (467-500), बालादित्य (500-525) तथा विजरा (525) इ. राजाओं ने नालंदा विश्वविद्यालय के विकास में सहयोग दिया। पाल सम्राट इन बौध्द विश्वविद्यालयों के सबसे बडे रखवाले थे।

पाल सम्राटों के तहत बौध्द विश्वविद्यालयों का संघ :- विक्रमशिला युनिवर्सिटी, औदांतपुरी युनिवर्सिटी, जगद्दला युनिवर्सिटी तथा सोमापुरा युनिवर्सिटी का निर्माण पाल सम्राटों ने किया था। उनके रखरखाव में उनकी प्रत्यक्ष भूमिका थी। इसलिये नालंदा सहित इन तमाम युनिवर्सिटीयों का राज्य के नियंत्रण में एक संघ बनाया गया। इनके बीच सामंजस्य कायम करने के लिये एक यंत्रणा कायम की गई। इन विश्वविद्यालयों के शिक्षक इ. एक विश्वविद्यालय से दूसरे विश्वविद्यालय में पढाने तथा प्रबंधन कार्य करते थे।

ब्राह्मण तथा ईसाई पूजारियों व्दारा ज्ञान तथा विरोधी साहित्य का विध्वंस !

ब्राह्मणों ने गैरब्राह्मणों पर शिक्षा लेने पर पूरी पाबंदी आयद कर उन्हे ज्ञान से पूरी तरह से वंचित कर उनके जीवन को नर्क बनाने में कोई कसर बाकी नही छोडी। इसलिये नालंदा तथा दिगर बौध्द विश्वविद्यालयों को ब्राह्मणों के व्देष का सामना करना पडा। ब्राह्मण गुप्त शासन के काल में बहुत ज्यादा ताकतवर हो गए थे। नालंदा के विशाल पुस्तकालयों को जलाने की ब्राह्मणों ने कई कोशिशें की।

जहां तक आम मुस्लिम शासकों की बात है हकीकत यह है कि भारत में अरब, तुर्क, अफगान इ. विदेशियों ने शासन किया लेकिन उन्होने किसी बौध्द मोनेस्ट्री को ध्वस्त नही किया। बिहार का महाबोधी महाविहार आज भी अपनी जगह पर खडा है।

अजंता, एलोरा, सारनाथ, साँची इ. जगहों के स्तुप आज भी अपनी जगहों पर कायम है। बौध्द विश्वविद्यालयों को ध्वस्त करने का काम ब्राह्मणों के षडयंत्रों की वजह से अंजाम दिया गया है। ब्राह्मणों के साथ हुये गुप्त समझौते के तहत बख्तीयार खिलजी ने (सन 1199) ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में निहथ्थे बौध्द भिक्षुओं का कत्लेआम मचाया। बौध्द विहारों, स्तुपों, चैत्यों व पुस्तकालयों को चुनचुनकर नष्ट किया। ''तबाकत ए नासरी'' के अनुसार मुगलों ने ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में नालंदा विश्वविद्यालय, उसके ग्रंथालय तथा बौध्द विहार, स्तुप इ॰ को ध्वस्त किया। बख्तीयार खिलजी ने औदांदापुरी विश्वविद्यालय को नष्ट करके उसके पुस्तकालय को जला दिया। निहथ्थे बौध्द भिख्खुओं का कत्लेआम मचाया। इसके बावजूद किसी तरह नालंदा विश्वविद्यालय का नौ मंजीला रत्नबोधी का विशाल पुस्तकालय इस विध्वंस से बच गया तो ब्राम्हणों ने एक यज्ञ करके उसकी चिंगारियों से पुस्तकालय में आग लगाकर इस पुस्तकालय को नष्ट कर दिया। डॉ. अम्बेदकर के अनुसार नालंदा, विक्रमशिला, जगद्दला, ओदांतापुरी इ॰ के बौध्द विश्वविद्यालयों को पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। हजारों बौध्द भिख्खु अपनी जान बचाने के लिये नेपाल, तिब्बत इ॰ जगहों में भाग गये। (Dr. B. R. Ambedkar, P. 232, Vol. 3) शारमास्वामीन नामक तिब्बती प्रवासी बख्तियार खिलजी ने 12 वी शताब्दी में आक्रमण करने के तीन दशक बाद बिहार आया था। उसके मुताबिक नालंदा के विशाल पुस्तकालय को ब्राह्मण पूजारियों ने बख्तियार खिलजी के आक्रमण से`पैदा हुई हडबडी के दौरान जलाया था। ब्राह्मणों ने नालंदा के बौध्द विहार में यज्ञ का आयोजन किया तथा यज्ञ की आग में जलती लकडियों से पुस्तकालय जला दिया। (Prakash, 213; http://rupeenews.com/Why did Buddhism disappear from South Asia Brahmin atrocities that destroyed Buddhism in the Subcontinent _ Rupee News.htm)

प्रसिध्द पर्शियन इतिहासकार मिर्जा ए सीराज अपनी किताब 'तबाकात ए नासीरी' (Tabaquat-I-Nasiri) में लिखते है कि नालंदा के विशाल पुस्तकालयों में 90 लाख महत्वपूर्ण हस्तलिखित किताबें तथा दिगर दस्तावेज थे। ये किताबें तथा दस्तावेज सैंकडो वर्षो की मेहनत से किया गया संग्रह था। ब्राह्मणों ने जब नालंदा के पुस्तकालयों को आग लगाई तो यह आग लगातार छह माह तक जलती रही। इससे उठने वाले धुंए के बादल नालंदा में छाये रहे। कुछ बौध्द भिख्खु चंद किताबों के साथ तिब्बत, नेपाल, चीन इ. देशों में भागने में कामयाब हो गए। पुरातत्व के उत्खनन बताते है कि जला हुआ खाना तथा अनाज स्पष्ट करता है कि भिख्खु भोजन की प्रतिक्षा में बैठे थे तभी आग लगाई गई थी। मिर्जा ए सीराज के मुताबिक हजारों बौध्द भिख्खु जिंदा जल गए। तिब्बती ग्रंथ पागसाम-जॉन-झॅन्ग (pagsam-jon-zang) के मुताबिक ब्राह्मणों ने नालंदा के पुस्तकालय को जला दिया।

गोपीनाथ राव (East & West Vol. 35) के मुताबिक अलबेरुनी ने उललेख किया है कि 11 वी शताब्दी में लोकायत, चार्वक दर्शन इ. गैर ब्राह्मण साहित्य को नष्ट किया गया।(http://karthiknavayan.wordpress.com/How the Buddhists and Jains were Persecuted in Ancient India. _ ???????? ??????.htm) कोलाथेरी संकरा मेनन के मुताबिक संपूर्ण केरल में ब्राह्मणों ने बौध्द साहित्यों की होलियां जलाई।

गैर-ब्राह्मण साहित्य का किया गया विनाश इतना मुकम्मल और पूरा पूरा था कि जब आधुनिक इतिहासकारों ने बौध्द साहित्य की खोज शुरु की तो उन्हे भारत में कहीं कोई बौध्द साहित्य नही मिला। उन्हे भारत के बाहर के देशों में उपलब्ध बौध्द साहित्य

से काम चलाना पडा।(Swami Dharmatirtha, p. 108) राहुल सांस्कृत्यायन के मुताबिक पश्चिमी देशों के शोधकर्ताओं को भारत भर में कोई बौध्द साहित्य नही मिला। उन्हे केरल में मात्र मंजुश्री मूल कल्प नामक किताब मिली।(Rahul Sankrutyayan, "Buddhacharya") विक्रमशिला विश्वविद्यालय के विध्वंस में सेन राजवंश का भी सहयोग था। इस महान विश्वविद्यालय के अवशेष बातेश्वर स्थान (पाथेर घट्टा) तथा अंटीचाक गांव में है जिनका उत्खनन आज तक जारी है।

ब्राह्मणों तथा ईसाई पूजारियों का धर्म शोषण-व्यवस्थाओं का रक्षक रहा है। इसलिये बौध्द भारत में जहां शिक्षा अपने चरम उत्कर्ष पर थी वहीं रोम में इसाई पूजारियों की सत्ता आते ही ज्ञान की रोशनी बुझाकर अज्ञान का अंधेरा और अत्याचार फैलाया गया ताकि पूजारियों की ताकत को कोई चुनौति न दे सके। इस दौरान ग्रीक और रोमन लोगों ने जो भी प्रगति की थी वह जैसे थम गई। स्कूल तथा दर्शन के केन्द्र बंद कर दिये गए। अलेक्झांड्रीयां की प्रसिध्द लायब्ररी को पूजारियों के नेतृत्व में ईसाई भीड़ ने जला डाला। इजिप्त के अलेक्झांड्रिया के पुस्तकालय को दूनिया के सात अजूबों में से एक माना जाता था। वहां के मुख्य पुस्तकालय में लगभग पांच लाख किताबें थी। हीपॅटीया (Hypatia) नामक दार्शनीक तथा शिक्षक को चर्च मे घसीटकर लाया गया और उसके शरीर का माँस उधेडा गया। ऐसे अत्याचारों, ज्ञान के अंधकार तथा गरीबी में युरोप लगभग एक हजार साल तक डूबा रहा। गैरइसाईयों को प्रताडित कर मार डालना, औरतों को चुडैल करार देकर जला देना, ईसाई संकल्पनाओं से असहमत वैज्ञानिकों को मार डालना या प्रताडित करना ईसाई पूजारीराज का काला इतिहास रहा है।

युरोप का काला युग वास्तव में ईसाई पूजारियों के लिये सुनहरा युग था क्योंकि इसी युग में पूजारियों ने ताकत के बल पर लोगों को जबरन ईसाई धर्म में शामिल किया। सॉक्रेटस्, प्लॅटो, ॲरिसटॉटल, सेनेका (Seneca), प्लिनी (Pliny) इ. जो भी महान दार्शनिक तथा बुध्दिजीवी युरोप में हुए वे सभी ईसाई पूजारियों के पहले हुए थे। ईसाई पूजारियों की धार्मिक असहिष्णुता अपने चरम पर थी। ईसाई पूजारियों के काले युग में ऐसा कोई भी विव्दान नही उभरने दिया गया। मुस्लिमों ने रोमन साम्राज्य के कई हिस्सों पर कब्जा कर स्पेन, पोर्तुगाल, तथा फ्रांस के कुछ हिस्सों में अपना राज कायम किया। उन्होने ग्रीक तथा रोमन लोगों को भारत से अपने संपर्क में जो ज्ञान हासिल हुआ था उससे अवगत कराया। विश्वविद्यालय कायम करने की कल्पना मुस्लिमों ने बौध दों से ली है। इसी की बदौलत मार्टीन लुथर ने कॅथलिक चर्च के खिलाफ बगावत का झंडा बुलंद किया तथा उदारवादी प्रोटेस्टंट ईसाई चर्च का निर्माण हुआ। इसके बाद ही ईसाई पूजारीवाद को कुछ हद तक नियंत्रित कर ज्ञान को बढाना मुमकिन हुआ।(http://www.budsas.org/The six Buddhist universities of ancient India.htm)

मूलनिवासी श्रमण धर्मो का
शोषणपरस्त ब्राह्मण-धर्म में रुपांतरण !

[Information for Revival of Brahminism is synthesized from following source material : http://rupeenews.com//Why Buddhism thrived in Asia but died in India _ Rupee News.htm; Buddhism in South India by Pandit Hisselle Dhammaratana Mahthera Buddhist Publication Society Kandy Sri Lanka]

बौध्द धम्म ब्राह्मण-धर्म का सबसे बडा खतरा !

मानव इतिहास में हुए सबसे कठोर संघर्षो में एक संघर्ष बुध्दिजम और ब्राह्मणवाद के बीच भारत के नियंत्रण को लेकर हुआ संघर्ष है जो बहुत लंबे समय तक चलता रहा। ब्राह्मणवादी ताकतों ने इस संघर्ष को छुपाने हर तरह की तिकडमें की है।

आरंभिक ब्राह्मण साहित्य में कपीला तथा बुध्द को असूर करार दिया गया है। अैतरेय ब्राह्मणा के मुताबिक श्रमणों ने तथा बौध्द भिख्खुओं ने ब्राह्मणों के वेदों तथा उपनिषदों का तीव्र विरोध किया। गौतम बुध्द के मुताबिक ब्राह्मणों का यह दावा कि वे तीन वेदों में पारंगत है विचित्र, हास्यास्पद तथा खोखली बातें है।(Dighanikaya, London, 1967, vol.I, p.240, Tevijjasutta 15) **ब्राह्मणवादी विवेकानंद के मुताबिक बुध्द जहां भी गया बुध्द ने हिन्दूओं की {ब्राह्मण-धर्म की} हर पूरानी बात को मिट्टी में मिला दिया। ... यही काम जैनों ने भी किया जो ईश्वर की संकल्पना का मजाक उडाते थे।**

बुध्द ने वेदों को मूर्खतापूर्ण बकवास, बिना पानी का रेगीस्तान तथा वेदों की तीन गुना विव्दता को रास्ताविहीन जंगल तथा संपूर्ण विध्वंस करार दिया है। (ibid., p.248, Tevijjasutta) **बुध्द ने ब्राह्मण वेदिक व्यवस्था के अज्ञान तथा त्रृटियों को उजागर किया। ब्राह्मणों को पाखंडी, धोखेबाज** (charlatans), **शब्दों की बाजीगरी करने वाले इ. कहकर नकार दिया। बुध्द की इस कठोर आलोचना से ब्राह्मण तिलमिलाकर थे। बुध्द को उनकी दुश्मनी सहन करनी पडी। फाहीयान तथा ह्युएन त्सांग के मुताबिक बुध्द को सीधे सीधे धमकाया गया। उनकी हत्या करने की कई कोशिशें हुई। यह आश्चर्य है कि बुध्द ब्राह्मणों के हमलों से सकुशल बचते रहे।**(Buddhism in South India by Pandit Hisselle Dhammaratana Mahthera Buddhist Publication Society Kandy • Sri Lanka) **डॉ. तुलसीदास के अनुसार बुध्द को उनके जीवनकाल में मारने का प्रयास किया गया। बुध्द के दो प्रथम शिष्यों में से एक भिक्षु मौदगल्यायन की ब्राह्मणों ने हत्या कर दी।** (भारत अश्वघोष, मई-जून, 1998) **बुध्द काल में आर्य-ब्राह्मण गौतम बुध्द को ''भो गौतम'' यानि ''अरे गौतम'' कहकर अपमानित करते थे। भिक्षु-संघ में** 75% **भिक्षु ब्राह्मण थे।**(गोडबोले, वामनराव, p.173) **बुध्द स्वँय यह जानते थे कि बहुतांश व्यक्ति इसलिये भिख्खु बनते है क्योंकि भिख्खु बनने से उन्हे दुनिया में सम्मान मिलता है, श्रम तथा जिम्मेदारियों से बचकर आराम से रहने की सुविधा मिलती है। बुध्द जानते थे कि उनके साथी भिक्षु अपनी ब्राह्मणवादी मान्यताओं को प्रचारित करते थे।** (Rhys Davis, p.206,103,107,146)

बौध्द धर्म-ग्रंथों का हर पृष्ट वेदों से लडाई है। ब्राह्मण भिख्खु अच्छी तरह से जानते थे कि उनके विचारों और कृती से बुध्द असहमत है लेकिन उन्होने बुध्द की बातों पर कोई ध्यान नही दिया, बुध्द की शिक्षाओं में वे परिवर्तन करते रहे। बुध्द ने अपने एक शिष्य मंतिथा से कहा कि मंथिता तुमने मेरे संदेश को पट्टीका पर सही तरह से अंकित नही किया है। सही अर्थ बताकर कहा कि इसे अभी इसी समय दुरुस्त करो। मंतिथा ने कहा कि वह ऐसा करेगा लेकिन प्रत्यक्ष में उसने ऐसा कभी भी नही किया। भिख्खुओं का इसी तरह का आचरण था। इसलिए बुध्द निराश और व्यथित होकर अपने प्रिय

शिष्य आनंद के साथ श्रावस्थी से निकल पडे और वृध्द होने के बावजूद स्वँय ही अपनी शिक्षा को आम जनता में प्रचारित किया जिसका व्यापक प्रभाव हुआ। ब्राह्मणों व्दारा लिखे बौध्द साहित्य में गलत लिखा है कि बुध्द सैंकडो भिख्खुओं के साथ श्रावस्थी से गये। आज के बुध्द-साहित्य में बुध्द की शिक्षा को बेहद विकृत किया गया है। (Rhys Davis, p. 210,223-228)

ब्राह्मणों तथा मूलनिवासी नाग-द्रविड श्रामणों के बीच का वैचारिक संघर्ष सम्राट अशोक के काल में भी तीव्र था। सम्राट अशोक अपने शिलादेशों में दोहराते है कि ब्राह्मण ों तथा श्रामणों ने आपस में संघर्ष नही करना चाहिये बल्कि सहिष्णुता का पालन करना चाहिये। पातंजली (cir. 150 BCE) ब्राह्मणों तथा श्रामणों को परस्पर-विरोधी विचारधारा की वजह से संघर्षरत दूश्मन करार देता है। (Brahmanism, Buddhism, and Hinduism An Essay on their Origins and Interactions by Lal Mani Joshi Department of Religious Studies Punjabi University, Patiala, India Buddhist Publication Society Kandy • Sri Lanka The Wheel Publication No. 150/151)

सम्राट अशोक बौध्द धम्म के मूल सिध्दान्तों की रक्षा करना चाहते थे !

सम्राट अशोक ने शिलादेशों में कर्मकांडों की व्यर्थता को स्पष्ट किया और वेदिक ब्राह्मण धर्म के यज्ञों में बडे पैमाने पर जानवरों की बलि देने पर पाबंदी आयद की थी। उन्होने खुद को एक उपासक घोषित किया। जहां बुध्द ने भेंट दी या बुध्द रुके उन जगहों में उन्होने अपने स्तंभादेश खडे किये। ऐसा दूसरे धर्म-स्थलों के बारे में नही किया। उन्होने धम्म शब्द का इस्तेमाल किया जो सिर्फ बौध्द धम्म के लिये प्रयुक्त होता है। (http://en.wikipedia.org/Ashoka - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://www.porchlight.ca/EMPEROR ASHOKA.htm) सम्राट अशोक ने लोगों तथा बौध्द भिख्खुओं को बुध्द के साहित्य का अध्ययन करने के लिये प्रेरित किया। सम्राट अशोक के शिलालेख के मुताबिक : प्रियदर्शी मगध के सम्राट संघ को प्रणाम करते है और उन्हे बेहतर स्वास्थ्य की कामना करते हुए यह कहना चाहते है कि मेरा बुध्द, धम्म और संघ के प्रति गहरा विश्वास है। बुध्द ने जो कुछ भी शिक्षा दी है वह उत्तम शिक्षा है। मै चाहता हुं कि धम्म प्रवचन के खास अंश जैसे कि अष्ठांग मार्ग, भावी खतरों के बारे में बुध्द की चेतावनियां (the Fears to Come), मौन मुनि के बारे में कविता, शुध्द जीवन के संबंध में बुध्द के उपदेश, उपासिकाओं के सवाल, बुध्द ने राहुल को झूठे संभाषण के संबंध में दिये गये उपदेश को भिख्खुओं, भिक्षुणियों तथा गृहस्थ औरतों तथा मर्दो ने सतत रुप से सूनना और याद करना चाहिये। (Minor Rock Edict Nb3 (S. Dhammika))

राजाओं तथा धनिकों के कुलदेवताओं की पूजा ब्राह्मणों व्दारा की जाती थी। रानी तथा गृहणियों की मदद से वे अपना असर बढाकर बौध्द धर्म के उसूलों को नष्ट करने में लगे रहे। सम्राट अशोक के काल में कुलदेवताओं के पूजा की भर्सना की गई। उन्होने इन कुलदेवताओं की मूर्तियाँ बाहर करवाई। यह ब्राह्मणों पर एक बडा आघात था। इससे उनकी रोजी और धूर्त प्रचार पर आघात हुआ। वे बदला लेने पर उतारु हो गए। उन्होने राजसत्ता पर कब्जा करने की हर संभव कोशिशें की। जहां राजयंत्रणा पर प्रत्यक्ष नियंत्रण संभव नही था वहां उन्होने अपने पसंद के व्यक्ति को कठपूतली बनाकर राज किया। (Dr. Ambedkar : Writing and Speeches Vol. 18-III, p.209-11)

सम्राट अशोक ने तिसरी बौध्द संगति ईसापूर्व लगभग 250 वर्ष पहले पाटलिपुत्र के

अशोकरमा में खुद के संरक्षण में आयोजित की। इस संगति के आयोजन का मकसद भिख्खु संघ में घुसपैठियें नकली, भ्रष्ट और बुध्द विरोधी मत रखने वाले बौध्द भिख्खुओं की पहचान कर उन्हे भिख्खु संघ से बाहर करना था। इस संगति की अध्यक्षता मोगलिपुत्त तिस्सा ने की। साठ हजार बौध्द भिख्खुओं में से सिर्फ एक हजार भिख्खुओं का चयन किया गया। गलत विचारों वाले भिख्खुओं को भिख्खु संघ में प्रवेश प्रवेश नकार दिया गया। सम्राट अशोक ने खुद इन भिख्खुओं से बुध्द की शिक्षा को लेकर सवाल किये। जिनके विचार बुध्द के विचारों से विसंगत पाये गए उन्हे फौरन भिख्खु संघ से निष्काषित कर दिया गया। सम्राट अशोक ने बडी तादाद में नकली और भ्रष्ट भिख्खुओं को भिख्खु संघ से बाहर कर दिया। इस बौध्द संगति के बाद सम्राट अशोक ने बौध्द धम्म में प्रशिक्षित सही दृष्टीकोण वाले बौध्द भिख्खुओं को बौध्द धम्म का प्रचार-प्रसार करने के लिये देश तथा विदेशों में रवाना किया।(http://en.wikipedia.org/Third Buddhist council - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) सारनाथ के एक शिलादेश में सम्राट अशोक ने बौध्द समाज में विभाजन करने की कोशिशों का विरोध किया है। शिलादेश के मुताबिक 'कोई भी भिख्खु संघ को विभाजित करने की कोशिश ना करें'।(http://en.wikipedia.org/Ashoka - Wikipedia, the free encyclopedia.htm) सम्राट अशोक ने मूल भिख्खु संघ से साठ हजार नकली बौध्द भिख्खुओं को निकाल बाहर किया जो पाली जनभाषा का उपयोग नही करते थे और बुध्द की मूल शिक्षा से कोसों दूर थे।

सम्राट अशोक ने बौध्द धम्म के निष्पक्ष प्रचार के लिए खुद की निगरानी में नियुक्तियाँ की थी, जिनमें ब्राह्मणों को नही लिया गया था। (प्रदीप कुमार मौर्य, p.129) सम्राट अशोक के शासन में ब्राह्मणों की एक न चली और बौध्द धर्म संपुर्ण एशिया, इजिप्त अफ्रिका तथा युरोप तक फैला। बुडापेस्ट का नाम बूध्द-पथ था। मक्का के पास बुध्दकाना नामक स्थान है।(Gopal Gurung, In quest of Mangol Identity, P.O. Box 2828 Kathmandu) सम्राट अशोक व्दारा वेदीक ब्राह्मण-धर्म में दी जाने वाली जानवरों की बलि पर रोक लगाना ब्राह्मणों पर बडा आघात था क्योंकि वेदीक बलि परंपरा ही उनकी कमाई का मुख्य जरिया था। ब्राह्मणों को स्पष्ट हो गया कि बौध्द सिधान्तों के चलते उनकी कमाई मुमकिन नही है। ब्राह्मण-धर्म और बौध्द-धम्म का एक साथ रहना नामुकिन है।

घुसपैठ और भ्रष्ट्राचार से ब्राह्मणों व्दारा बौध्द धम्म का विध्वंस !

मूल भिख्खु संघ पाली भाषा का इस्तेमाल करता था जो संपूर्ण उत्तरी तथा मध्य भारत की भाषा थी। मूल भिख्खु संघ को स्थाविरवादी कहा जाता था। उनका मुख्यालय अवंती (आधुनिक उज्जैन) था। सम्राट अशोक के बेटे महेन्द्र अवंति त्रिपीठक को सिलोन ले गये थे। उसकी भाषा अशोक के गीरनार स्थित शिलादेश जैसी है। ब्राह्मण अंदर से सम्राट अशोक से बेहद नफरत करते थे। जब वे सम्राट अशोक का कुछ नही बिगाड सके तो उन्होने भीतराघात की नीति अपनाई। सम्राट अशोक ने ब्राह्मणों की कपटनीति का अवमुल्यांकन किया था। इसलिये सम्राट अशोक व्दारा आयोजित तिसरी बौध्द संगति की अध्यक्षता ब्राह्मण मोगलिपुत्त तिस्सा कर रहा था। इस संगति में संपूर्ण त्रिपीठक को अंतिम रुप दिया गया। प्रथम तथा व्दितीय संगतियों के दौरान बौध्द धम्म के मूल ग्रंथ ध म्म तथा विनय के नाम से जाने जाते थे। मोगलिपुत्त तिस्सा ने महाकश्यप तथा सारीपुत्त के साहित्य को विस्तृत कर उसे अभिधम्म पीठक का रुप दिया। इस अभिधम्म पीठक की सात किताबें थी। इसमें मोगलिपुत्त तिस्सा की खुदकी किताब 'कथा वत्थु' (Katha vatthu)

शामिल थी। इस अभिधम्म में बिना किसी लोक उपयोगिता के दार्शनिक तथा अलौकिक दर्शन को शामिल किया गया। धम्म को जटील बनाकर आम लोगों की आकलन क्षमता से बाहर कर दिया गया। तिस्सा ने अभिधम्म को पीठकों की श्रेणी में रखकर उसके महत्व को जानबूझकर बढा दिया जबकि यह बुध्द की शिक्षा से कोसो दूर थी। वह तिस्सा ही था जिसने पीठकों की शब्दावली को विनय, सुत्त तथा अभिधम्म के तौर पर प्रस्तुत किया। उसने मामुली 'चरिया पीठक' (Chariya Pitaka) नामक किताब को पीठक का दर्जा दिया।

चरिया पीठक में पूर्नजन्म की संकल्पनाओं को घूसेडा गया। जबकि मज्जिम निकाय के चुल दुख खंड सुत्त में स्पष्ट तौर से बुध्द ने कहा है कि सिर्फ एक ही जन्म है और वह मौजूदा जन्म है। चरिया पीठिका की बदौलत जिसमें 34 लघुकथाओं को काव्य रुप दिया गया है जातक कथाओं की तथा अट्टकथाओं की निर्मिति की गई। हर जन्म के लिये परिमिताएं जोडी गई। इसतरह ब्राह्मण भिख्खुओं ने सुत्त पीठकों को ब्राह्मण-धर्म के मुताबिक बदला है।(Original Buddhism And Brahminic Interference Dr. K. Jamanadas, "Shalimar", Main Road, Chandrapur (Maharashtra), 442 402 E-mail: kjdas@rediffmail.com)

ब्राह्मणों ने बुध्द को ब्राह्मण धर्म का एक देवता घोषित किया। अशोक के बाद ब्राह्मणों ने बडे पैमाने पर भिख्खु संघ में घुसपैठ की। कुमारिला भट, नागार्जुन इ. ब्राह्मणों ने भिख्खु बनने के बाद बौध्द धम्म में ब्राह्मण-धर्म का जहर मिलाना शुरु किया। नागार्जुन के ब्राह्मण शिष्यों ने यह प्रचारित किया कि नागार्जून ही असली बुध्द है। मूल बुध्द मात्र उनकी छबी थे, बुध्द ने बताया है कि उन्होने अपने कुछ रहस्य नागों के पास छुपाये है। उनकी मौत के आठ सौ साल बाद दूसरे बुध्द का जन्म होगा। वह नागों से इन रहस्यों को हासिल करेगा। (http://yabaluri.org/Kalidas.htm)

बुध्दघोष बौध्द गया का ब्राह्मण था। वह अपने बचपन से ही वेदों का जानकार था। उसने सारे भारत का भ्रमण किया और पातंजली योग के बारे में व्याख्यान दिये। भिख्खु रेवत ने उसे बौध्द धम्म में शामिल किया और अपने दुष्ट मकसद को पूरा करने के लिये श्रीलंका भेजा। वहां जाकर उसने सबसे पहले 'विसुध्दीमग्गा' लिखकर खुद को प्रस्थापित किया। इसके बाद उसने अट्टकथा लिखना शुरु किया। यह काम बुध्ददत्ता ने शुरु किया था लेकिन वह पूरा नही हो सका था। अट्टकथाओं को महिन्द्रा ने सींहली में भाषांतरित करवाया था। बुध्दघोष ने इसे दोबारा पाली में भाषांतरित किया। ऐसा करते ही उसने महिन्द्रा की मूल अट्टकथाओं को जला डाला ताकि पता न चल सके कि उसने भाषांतर सही किया है या गलत। आश्चर्य की बात यह है कि श्रीलंका के भिख्खुओं ने उसे ऐसा करने दिया। ये अट्टकथाएं अब चमत्कार और अलौकिक कल्पनाओं से भरी है जो बुध्द के मूल विचारों से पूरी तरह से विसंगत है। इन अट्टकथाओं ने जातक कथाओं को जन्म दिया। उन्होने चरित पिठिका के भाष्य (commentaries) लिखते वक्त ऐसा किया। इसतरह बुध्द के पूर्वकाल की कथाएं, नीतिकथाएं, लोककल्पनाएं इ. जिनका बुध्द के जीवन से या विचारों से कोई संबंध नही है को बुध्द के पूर्वजन्मों की कथाओं के रुप में प्रचारित किया। (Original Buddhism And Brahminic Interference Dr. K. Jamanadas, "Shalimar", Main Road, Chandrapur (Maharashtra), 442 402 E-mail: kjdas@rediffmail.com)

येमेलु तथा टेकुल नाम के दो ब्राह्मण बौध्द भिख्खुओं ने बुध्द से विनती की थी कि

उन्हे इजाजत दी जाये कि बुध्द की शिक्षा प्रवचनों को वे संस्कृत में लिख लें। बुध्द ने उनसे स्पष्ट रुप से कहा था कि वे चाहे जिस भाषा में उनकी शिक्षा को लिखे लेकिन संस्कृत जैसी भाषा में बिल्कुल नही क्योंकि यह जनभाषा नही है, यह भाषा सिर्फ ब्राह्मणों की भाषा है। बुध्द ने कहा कि जो भी कोई ऐसा करता है, वह दुख्खीता अपराध (गलत काम के अपराध) का दोषी होगा। इस वाकये का उल्लेख विनय पीठक में है। इसके बावजूद नागार्जुन ने जनभाषा पाली की बजाय संस्कृत में बौध्द साहित्य लिखना शुरु किया ताकि बौध्द धम्म की शिक्षा को विकृत किया जा सके। अश्वघोष ने भी पाली भाषा को त्याग कर संस्कृत को अपना लिया जबकि पाली भाषा को बौध्द धम्म की जनभाषा का स्थान प्राप्त था।(http://yabaluri.org/Kalidas.htm) संस्कृत भाषा का उपयोग करने वाले मथुरा क्षेत्र के भिख्खुओं ने मूल भिख्खु संघ से अलग स्वतंत्र भिख्खु संघ कायम किया। इन ब्राह्मण भिख्खुओं ने खुद को सर्वस्थीवादी, महासंघिका कहलाना शुरु किया। इनमें से अधिकांश भिख्खु पूर्वी क्षेत्र के थे। इन्होने राजगीर, नालंदा तथा वैशाली पर कब्जा कर लिया। वे सिर्फ संस्कृत में लिखते थे। ब्राह्मणों के अलावा संस्कृत कोई नही जानता था इसलिये उन्होने बौध्द धम्म की शिक्षा में मनमाने परिवर्तन किये। उनका मकसद भिख्खु संघ में विभाजन पैदा करना था। जब वे मूल भिख्खु संघ से अलग हुए तो उन्होने न सिर्फ वीनय पीठक में परिवर्तन किया बल्कि बौध्द धम्म की मूल शिक्षा में भी ब्राह्मण-धर्म के अनुकुल परिवर्तन किया। सारीपुत्त ने सुत्त निपात पर 'निद्देश' नामक भाष्य (commentary) लिखकर त्रिपीठक पर भाष्य (commentary) लिखने की नई परंपरा कायम की ताकि हर कोई अपने मन से बुध्द की शिक्षा की व्याख्या कर उसे विकृत कर सके। ब्राह्मणों व्दारा लिखे त्रिपीठकों में ब्राह्मणों का गौरवगाण किया गया है। सारीपुत्त ने दिघ्घ निकाय में 'संगीत परियय सुत्त' (Sangit pariyay Sutta) लिखा। इसमें बुध्द के सम्यक अष्टांग मार्ग की बजाय 'मिथ्या अष्ठरंग मार्ग' लिखा है। इससे रीस डेविस को भ्रम हुआ कि अष्ठांग मार्ग बुध्द की मूल शिक्षा नही है। धमचक्र प्रवर्तन सुत्त में दिया हुआ अष्ठांग मार्ग बुध्द की मूल शिक्षा का आधार है लेकिन सारीपुत्त ने उसी को ध्वस्त करने की कोशिश की है। ब्राह्मणों ने सुत्त पीठक में विकृत शिक्षा को शामिल किया है ताकि ब्राह्मणों के वचर्स्व को कायम किया जा सके। बुध्द के काल में सिर्फ वर्ण थे, जातियां नही थी लेकिन पहली बार 'गौतम धम्म सुत्त' में जातियों का उल्लेख किया गया है।

ब्राह्मण जैन आचार्यो ने भी जैन धर्मग्रंथों को संस्कृत में रुपांतरित करना शुरु किया। उन्होने जैन विचारों को वेदिक ब्राह्मण-धर्म का स्वरुप देने की पूरी पूरी कोशिश की। इसका अनुभव आचार्य जिनसेना के साहित्य से किया जा सकता है। आचार्य जीनसेना वेदीक ब्राह्मण था जिसने दक्षिण भारत के जैन मत को कर्मकांडों वाले जैन ध र्म में बदल दिया। जबकि प्राकृत भाषा में लिखा गया जैन साहित्य मूल जैन विचारधारा को दर्शाता है। संस्कृत में लिखा गया जैन साहित्य ऐसा बिल्कुल नही करता। आचार्य कुंडकुंडा के प्राकृत में लिखे साहित्य की तूलना आचार्य जीनसेना के संस्कृत साहित्य से कर इसे सहज रुप से समझा जा सकता है। यही बात बौध्द साहित्य के बारे में भी हुई है।(http://hubpages.com//Sanskrit Language Facts.htm)

इसवी शताब्दी के शुरु होते ही कनिश्क के काल में अश्वघोष, नागार्जून जैसे महायानी बौध्द भिख्खुओं का प्रभाव बढा। अश्वघोष ने 'बुध्द चरीत' लिखा। अश्वघोष ने सिध्दार्थ को औरतों के बीच रासलीला करते दिखाया। अश्वघोष ने बुध्द के चरित्र को ही ध्वस्त करने की कोशिश की है। इसमें ऐसी अविश्वनीय बातें बताई है कि सिधार्थ को

मौत, बुढापा क्या है इसका पता नही था जबकि सिधार्थ शस्त्रविद्या में प्रशिक्षित था। ऐसे अविश्वसनीय कारणों से सिधार्थ को घर छोडते हुए बताया गया। मूल त्रिपीठक के बुध्द को पूरी तरह भूला दिया गया है। भिख्खु संघ पर संस्कृत अनिवार्य कर दी गई। बुध्द की प्रतिमाएं व मूर्तियां बनाई गई तथा बुध्द की पूजा की जाने लगी। बौध्द धम्म का मूल मकसद निर्वाण की बजाय अलौकिक बुध्दत्व को प्राप्त करना बताया गया। अरहंत संकल्पना की जगह बोधिसत्व संकल्पना लागू की गई। ब्राह्मण भिख्खुओं ने बुध्द को लोकोत्तर दैवी ताकतों से युक्त हमेशा ही समाधी में लीन रहने वाला दैवी व्यक्तित्व घोषित किया। उन्होने कई कई बुध्द होने की कल्पना पेश की और कहा कि लोग भी अलौकिक बुधत्व को प्राप्त कर सकते है। जातक कथाएं लिखकर बौध्द धम्म को अलौकिक ताकतों से युक्त धम्म बनाया तथा बुध्द के सिधे सादे धम्म में कर्मकांड शुरु किये।

ब्राह्मणों ने बौध्द धम्म को तांत्रिक धम्म में बदल दिया। भिख्खुओं के भेस में उन्होने घृणास्पद अपराध किये ताकि बौध्द धम्म को बदनाम किया जा सके।(http://yabaluri.org/Kalidas.htm) कथित तंत्रयान वास्तव में बौध्द धम्म के लिबास में अथर्व वेद के टोने टोटके और जादूई कल्पनाएं है। तंत्रयान में मातृ-देवता तारा की पूजा को शामिल किया गया। तांत्रिक बौध्द धम्म में बुध्द के पूर्नजन्म है। ब्राह्मण-धर्म के लैंगिक कर्मकांडों को शामिल किया गया। तांत्रिक बौध्द धम्म जादू-टोना और लैंगिकता के सिवा कुछ नही है। इस तरह ब्राह्मण-धर्म और बौध्द धम्म के बीच के फर्क को पाट दिया गया। लोगों के लिये बौध्द धम्म और ब्राह्मण-धर्म में कोई फर्क नही बचा।

रीस डेवीस के मुताबिक ब्राह्मण बुध्द के कभी इमानदार शिष्य नही थे। उन्होने कभी मूल बौध्द धम्म की शिक्षा को प्रचारित नही किया। वे बौध्द विहारों में आराम की जींदगी जीते रहे। भंते आनंद, भंते उपाली इ. गैरब्राह्मण भिख्खु वास्तव में बौध्द धम्म के सच्चे प्रचारक थे। कई गैरब्राह्मण भिक्षुणियाँ जैसे कि महाप्रजापति, गोतमी, विशाखा, आम्रपाली इ. ने बौध्द धम्म को प्रचारित किया जो गैरब्राह्मण थी। राजा बिंबिसार की पूर्व पत्नि जो भिक्षुणी खेमा हुई ने कोसल के राजा प्रसेनजीत के साथ बौध्द धम्म पर बहस की थी। गैरब्राह्मण भिक्षुणियों का बौध्द धम्म के प्रसार-प्रचार में बहुत अधिक योगदान रहा है। जब भी कोई गैरब्राह्मण भिख्खु आम लोगों के बीच जाता था तो लोग उनको सतत रुप से आगाह करते थे कि वे अपने भिख्खु संघ में ब्राह्मणों को शामिल ना करें क्योंकि वे बौध्द धम्म को तबाह-बर्बाद कर देंगे। रीस डेविस ने यही मत व्यक्त किया है।

सम्राट कनिष्क ने चौथी बौध्द संगती का आयोजन लगभग ईसवी 100 में जालंधर अथवा कश्मीर में किया था। इस बौध्द संगती में महायान बौध्द धम्म विधिवत मूल थेरावाद बौध्द धम्म से अलग हो गया। इस संगती अथवा काउंसिल में वासुमित्रा के नेतृत्व में 500 भिख्खुओं ने भाग लिया। अभिधम्म पर विस्तुत commentaries लिखी गई। मौजूदा बौध्द के नियमों में परिवर्तन किये गए। काउंसिल में तिन लाख verses तथा 90 लाख विधानों को तैयार किया गया। इस काम को पूरा करने में पूरे 12 वर्ष लगे। इस काउंसिल ने 'महा विभाषा' (Great Exegesis) यानि धर्मग्रंथ का स्पष्टीकरण नामक विशाल भाष्य का निर्माण किया। यह सर्वस्थीवादी अभिधर्मा की किताब है। प्राकृत में लिखे बौध्द धम्म के ग्रंथों का रुपांतरण संस्कृत भाषा में किया गया। महायान बौध्द धम्म के सभी साहित्य को संस्कृत में बदल दिया गया।

थेरावादी बौध्द धम्म ने कभी संस्कृत भाषा का इस्तेमाल नही किया क्योंकि बुध्द के स्पष्ट निर्देश थे कि बौध्द साहित्य का संस्कृत में भाषांतर कतई नही किया जाये।

इसलिये थेरावादी बौध्द धम्म कनिष्क व्दारा आयोजित इस चौथी बौध्द संगती को मान्यता प्रदान नही करता। वह इसे बौध्द धर्म में बिगाड पैदा करने वाले भिख्खुओं की संगति करार देता है। थेरावादी बौध्द धम्म ने अपनी चौथी संगति का आयोजन श्रीलंका में इसके 200 साल पहले किया हुआ था। इसमें पाली धर्मग्रंथों को पहली बार लिखा गया था। इसलिये दो चौथी बौध्द संगतियां है। अंतिम पाली साहित्य का निर्माण श्रीलंका में हुआ।

ब्राह्मण पुष्यमित्र शुंग व्दारा बौध्द सम्राट ब्रहद्रथ की हत्या कर सत्ता काबिज करते ही ब्राह्मणों ने बौध्द विहारों पर कब्जा कर पाली भाषा में लोगों को धम्म समझाने वाले भिख्खुओं का कत्लेआम शुरु किया। पुष्यमित्र शुंग की प्रतिक्रांति के बाद कोई भी पाली भाषा का महत्वपूर्ण भिख्खु कहीं नजर नही आता। पुष्यमित्र शुंग के बाद के काल में हमें पाली भाषा की 'मिलिंद पन्हो' नामक यही इकलौति किताब नजर आती है। इस किताब में ब्राह्मण भिख्खु नागसेन व्दारा राजा मेनांदर से किया हुआ संभाषण दर्ज है। इस किताब के पहले तिन अध्याय बुध्द की शिक्षा के मुताबिक है। बाद में यह किताब ब्राह्मण-धर्म की विचारधारा की ओर मूड जाती है। चमत्कार और अलौकिकता की कल्पनाओं से सराबोर है। चीनी मूल किताब में ऐसे अध्याय नही है। ब्रहद्रथ की हत्या करते ही ब्राह्मण पुष्यमित्र शुंग ने बौध्दों के खिलाफ हिंसक अभियान छेड दिया। ब्राह्मणों के पुराण इ. साहित्य में बौध्द धम्म की कटू आलोचना की गई है। विष्णु पुराण में बौध्दों का संपूर्ण सामाजिक बहिष्कार करने को कहा गया है। उनसे कोई भी संबंध रखने को पाप करार दिया गया है। यहां तक कि बुध्द भिख्खु को देखने भर से ही होने वाले पाप के प्रायश्चित की लंबी विधियां बताई गई है। कहा गया कि बौध्द के साथ खाना खाने वाला व्यक्ति सीधे नर्क जाता है । किसी को सपने में बौध्द का दिखाई देना भी अशुभ संकेत है। पुष्यमित्र शुंग तथा गुप्त साम्राज्य ब्राह्मण-धम्म की बौध्द धम्म पर विजय के रुप में जाना गया है।

ब्राह्मणवादी गुप्त राजा नालंदा इ. विश्वविद्यालयों को उसके अंर्तराष्ट्रीय चरित्र की वजह से खत्म नही कर पाये। नालंदा विश्वविद्यालय को ब्राह्मणवादी गुप्त राजाओं का इसलिये सहयोग मिला ताकि नालंदा विश्वविद्यालय में भारी घुसपैठ कर तंत्रयान को विकसित कर बौध्द धम्म की मूल शिक्षा को खत्म किया जा सके।

भिख्खुओं का बददिमाग पंडों में रुपांतरण !

बुध्द ने आम इन्सानों को, गृहस्थ जीवन तथा परिवार को अत्यंत महत्व दिया। लेकिन भिख्खुओं ने प्रचारित किया कि भिख्खु ही निर्वाण प्राप्त करेंगे। इसलिए आम लोग भिख्खुओं को महत्व देने लगे। आम लोगों ने भिक्षुओं को महत्व देते ही बौध्द ध म्म 'भिख्खु-केन्द्रित'' होते गया। भिख्खु खुद को आम जनता से उच्च स्तर के समझते थे। बौध्द भिख्खुओं ने खुद को मोनेस्ट्रीज में केन्द्रित कर लिया तथा बुध्द की सीधी सादी आसान शिक्षा की बजाय ब्राह्मणवादी तर्क-कुतर्को में उलझ कर रह गए। उनका आम लोगों से संबंध कट गया और वे अमीर लोगों तक सिमित होकर रह गए। उन्ही के हितों की हिफाजत करने लगे। उन्होने बौध्द धम्म को कर्मकांडों के धर्म में बदल दिया।

डॉ. तुलसीदास के अनुसार बुध्द धर्म में ब्राह्मणों ने इतने बडे पैमाने पर शिरकत की कि 90% भिख्खु ब्राह्मण थे। बौध्द धर्म को अंदर से नष्ट करने के बाद वे फिर ब्राह्मण-ध र्म में वापस आ गये। (भारत अश्वघोष, मई-जून, 1998)

गुप्त साम्राज्य आर्य-ब्राह्मणों का सुवर्ण-युग !

[Information for Revival of Brahminism is synthesized from following sources : Pusyamitra Sunga From Thedesipub http://www.wiki-site.com/Pusyamitra Sunga - Thedesipub.htm; http://en.wikipedia.org/Sunga - Wikipedia, the free encyclopedia. htm; http://www.indianetzone.com/Pushyamitra Sunga, King of Sunga Dynasty. htm; http://rivr.sulekha.com/Pushyamitra Sunga _ Sulekha Creative.htm; http:// en.wikipedia.org/Sunga - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://en.wikipedia. org/Sunga Empire - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://www.answers. com//Who are brahmin kings.htm; http://nirmukta.com/Decay of Dharma and Rise of Adharma _ Nirmukta.htm; http://nirmukta.com/Seven Samurai Of The Great Nastik Revolt _ Nirmukta.htm; Religious Rivalries and India‘s Golden Age; The Cultural Revival under the Guptas BY SHISHIR COOMAR MITRA www.yabaluri. or/The Cultural Revival under the Guptas.htm; http://en.wikipedia.org/History of Buddhism in India - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://rupeenews. com//How Adi Shankara destroyed Buddhism and founded ‘Hinduism’ in the 8th century _ Rupee News.htm; http://en.wikipedia.org/Shambuka - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://www.india-seminar.com/608 Romila Thapar, The epic of the Bharatas.htm; http://rupeenews.com/Why did Buddhism disappear from South Asia Brahmin atrocities that destroyed Buddhism in the Subcontinent _ Rupee News.htm; http://www.indianetzone.com//Religious movements in Gupta Period. htm; www.globalsecurity.org/Revival of Brahmanism.htm; http://www.kish.in//The Classical Age of Indian Culture.htm; http://indiansaga.com/History of India.htm; Buddhism in South India by Pandit Hisselle Dhammaratana Mahthera Buddhist Publication Society Kandy • Sri Lanka]

अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने कुटील षडयंत्रों से,
श्रमण परंपरा के मूलनिवासी राज्यों को नष्ट किया !

सम्राट चंद्रगुप्त मौर्य ग्रीक आक्रमण को इसलिये परास्त कर सके क्योंकि उन्होने स्थानीय राजाओं का मजबूत संयुक्त संघ बनाया था। लेकिन ब्राह्मण विचारधारा किसी भी एकता की विरोधी है क्योंकि एकीकृत समाज ब्राह्मण-धर्म और ब्राह्मण-वर्चस्व के लिये सबसे बडा खतरा है। समाज और देश को विभाजित रखकर ही ब्राह्मण-धर्म और अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों का वर्चस्व कायम रह सकता है। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों का इतिहास रहा है कि उन्होने एक राजा को दूसरे राजा से लडाकर ही ताकत हासिल की है। राजाओं को अपने इशारों पर नचाया है। इसलिये {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के वर्चस्व के लिये यह जरुरी था कि कई दुश्मन राजा एक दूसरे के विनाश के लिये तत्पर बैठे रहे। इसलिये पुष्यमित्र शुंग व्दारा मौर्य साम्राज्य का तख्ता पलट देने के बाद कोई भी राज्य कभी एकसंघ नही रह सका। ब्राह्मण राजा भी एक दूसरे के खिलाफ षडयंत्र करते रहे। ब्राह्मण कण्वों ने षडयंत्र कर ब्राह्मण शुंग राजाओं का तख्ता पलट दिया। देश को विदेशी आक्रमण से

बचाने की बात तो दूर अल्पसंख्यक ब्राह्मणों की विभाजन की नीति की बदौलत भारतीय राज्य विदेशी आक्रमणों के आगे ढहते चले गए। अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने हर श्रमण परंपरा के राजा का तख्ता पलटने के लिये विदेशी आक्रमणकारियों का साथ दिया। अलेक्झांडर बुखारा में ही था तो अम्भी ने अलेक्झांडर से वार्तालाप शुरु कर दिया था। तक्षिला से गए संदेशवाहकों ने बताया कि अम्भी अलेक्झांडर की ओर से उन भारतीय राजाओं के खिलाफ युध्द में उतरने के लिये तैयार है जो आत्मसमर्पण नही करना चाहते।(E. R. Bevan:1968:313) इसतरह तक्षिला के अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों के ताकतवर राज्य ने पोरस के खिलाफ लडने के लिये अलेक्झांडर को आमंत्रित किया था।(FOREIGN INVASIONS AND CASTE Foreigners were assimilated by Buddhist ideals and not the Brahmanic) अलेक्झांडर के जाने के बाद राजनीतिक अस्थिरता निर्माण हुई। अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने बौध्द तथा श्रमण संस्कृति के राजाओं का तख्ता पलटने के लिये विदेशी आक्रमण को आमंत्रित किया। उन्होने उन राजाओं की मदद की जो अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों तथा उनके वेदिक ब्राह्मण-धर्म के संरक्षण के लिये राजी है। इसतरह {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने अपनी खोई हुई ताकत दोबारा हासिल करने की कोशिश की। मौर्य साम्राज्य में वे घुसपैठ करो और श्रमण परंपरा के धर्मो को विकृत करो की नीति पर चलते रहे। मौर्य साम्राज्य के पतन के बाद उत्तर-पश्चिमी सीमा विदेशी आक्रमण का रास्ता बन गया। लेकिन {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने आक्रमण के इस रास्ते को रोकने की कोई कोशिश नही की बल्कि {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के वर्चस्व के राज्यों ने ग्रीक, तुर्क, सीथीयन, चीनी, हुन इ. विदेशी ताकतों से सतत संपर्क बनाये रखा ताकि उनका इस्तेमाल श्रमण परंपरा के राज्यों के खिलाफ किया जा सके। जब भी {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को श्रमण संस्कृति के किसी राज्य से खतरा महसूस हुआ तो उन्होने उस राज्य के खिलाफ विदेशी या देशी आक्रमण को आमंत्रित किया।(Swami Dharmatirtha, p. 97-98; FOREIGN INVASIONS AND CASTE Foreigners were assimilated by Buddhist ideals and not the Brahmanic) {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को बौध्द शासकों की जडों पर प्रहार करने के लिये हुण, आरंभिक कुशान, इ. विदेशी आक्रमणकारियों से सहयोग करने में कोई हिचक नही हुई। अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने हुण आक्रमणकारी मिहिरकुल को आमंत्रित कर उसका इस्तेमाल बौध्द धम्म के उन्मूलन के लिये किया। मिहिरकुल ने बौध्द स्थलों का विध्वंस किया और बौध्द भिख्खुओं का जनसंहार किया। (http://shaheed-khalsa.com/shaheedkhalsa.com.htm) जब भी किसी राजा ने बौध्द धम्म का संरक्षण किया उसके खिलाफ बिना किसी अपवाद के ब्राह्मण-धर्म के पैरोकार आक्रमणकारी को देखा गया। किसी राज्य ने ब्राह्मणों की कुटील नीतियों को समझकर बौध्द धम्म को राजाश्रय दिया तो {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने उसका तख्ता पलट दिया। इन षडयंत्रों को पुराण इ. लिखकर सही ठहराया गया।(TECHNIQUES IN CAUSING FALL OF BUDDHISM Decline and fall of Buddhism)

भारत को सदियों से मनुस्मृति कानूनों के मुताबिक चलाया जा रहा है। प्राचीन तथा मध्य-युगीन राजा तथा सम्राटों के हाथों में कानून बनाने का कोई अधिकार नही था। वे सिर्फ {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों व्दारा निर्मित दैविक कानूनों पर अमल करने वाले प्यादे मात्र थे। राजाओं ने {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के इशारों पर जो भी युध्द लडे है वे मनु इ. व्दारा बनाये धर्मशास्त्रों की रक्षा के लिये लडे है। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के धर्मशास्त्रों की रक्षा करना राजाओं का फर्ज माना गया है। इसलिये राम ने चातुवर्ण की रक्षा के लिये ज्ञान प्राप्त करने वाले ओबीसी समाज के शंबुक की हत्या कर दी। तेली समाज के

विव्दानों का मानना है कि शंबुक तेली समाज के थे। राजाओं के हाथों में सिर्फ राज्य के प्रबंधन, टॅक्स इ. से संबंधित कानून बनाने का अधिकार था। यह अधिकार भी निध ारित सीमाओं के भीतर ही था मसलन {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को या तो करों से मुक्त रखना होता था या फिर {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों से नाममात्र का कर लेना होता था। राजा {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के बनाये कानूनों के खिलाफ नही जा सकता था।(http://www.paklinks.com/Investigation Did Muslims drive Buddhists out of India.htm)

कुटील षडयंत्रों से अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों के राज की स्थापना !

मौर्य वंश के आखरी बौध्द सम्राट ब्रहद्रथ की सेना के प्रमुख ब्राह्मण पुष्यमित्र शुंग ने ईसापूर्व 185 वर्ष पहले सम्राट ब्रहद्रथ की हत्या कर {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों का राज कायम किया। अशोकवदना ग्रंथ के मुताबिक उसने बौध्दों के उन्मूलन का अभियान छेड दिया। उसने बौध्द मोनस्टरीज, स्तुपों, विहारों इ.को ध्वस्त कर दिया तथा एक भिख्खु का सिर लाने वाले को 100 सोने के सिक्के देने का ऐलान किया। (Indian Historical Quarterly Vol. XXII, p.81 ff cited in Hars.407, also Divyavadana, p.429-434) उसने सम्राट अशोक के व्दारा निर्मित 84000 बौध्द स्तूपों का विध्वंस किया। नालंदा, बुध्द गया, सारनाथ, मथूरा इ. जगहों में बडी तादाद में बौध्द स्थलों को ब्राह्मण-धर्म के स्थलों में बदला गया। अशोकवदना ग्रंथ के मुताबिक पुष्यमित्र शुंग ने बौध्द धम्म के विध्वंस के लिये चार गुनी सैनिक ताकत बढाई तथा बौध्दों के विनाश के लिये वह कुक्कुतरामा तक गया। पुष्यमित्र ने संघरामा को ध्वस्त किया। बौध्द भिख्खुओं का कत्लेआम करने के बाद ही वहां से लौटा। वह साकाला आया और बौध्द भिख्खु का सिर लाने वाले को सौ सोने के दिनार देने का ऐलान किया। (Ashokavadana, 133, trans. John Strong) सर जॉन मार्शल के मुताबिक संभव है कि सम्राट अशोक व्दारा बनाये गए मूल स्तूप को पुष्यमित्र ने ध्वस्त किया है।(Sir John Marshall, "A Guide to Sanchi", Eastern Book House, 1990, ISBN-10: 8185204322, pg.38) कई बौध्द मोनेस्टरीज तथा स्तुपों पर अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने कब्जा किया ताकि आर्थिक लाभ हासिल कर सके और बुध्द की शिक्षा को विकृत रुप से प्रचारित किया जा सके। इसलिये ऐसे बौध्द स्थल अस्तित्व में दिखाई देते है। सर जॉन मार्शल ने सूचित किया है कि पुष्यमित्र शुंग ने सांची के स्तुप को ध्वस्त किया था जिसे बाद में उसके उत्तराधिकारी अग्निमित्र ने दोबारा बनाया। उसी प्रकार देवकोथार स्तुप जो सांची और भारहट के बीच स्थित है, उसे भी इसी दौरान ध वस्त किया गया।

विन्सेन्ट आर्थर स्मिथ के मुताबिक पुष्यमित्र शुंग इरानी मूल का था क्योंकि सभी शुंग राजा अपने पहले नाम के आखीर में मित्र शब्द जोडते है। मिथ्र / मित्र यह पर्शियन देवता का नाम है। शुंग राजाओं के काल में वेदिक ब्राह्मण-धर्म का जबर्दस्त विकास हुआ। शुंग काल में पातंजली ने महाभाष्य ग्रंथ लिखा। शुंग राजवंश का अंत ईसापूर्व 75 वर्ष पहले हुआ जब आखरी शुंग राजा देवभूति की उसी के ब्राह्मण मंत्री वासुदेव कण्व ने हत्या कर दी और कण्व राजवंश कायम किया। कण्व वंश में चार राजा हुए और उनका कुल कार्यकाल 45 साल रहा। ईसापूर्व 30 वर्ष पहले दक्षिण भारत के सातवहन बौध्द सम्राटों ने शुंग तथा कण्व दोनों का ही सुपडा साफ कर दिया और पूर्वी मालवा क्षेत्र पर अपना कब्जा किया। इन हालातों के चलते अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों की राजनीतिक सत्ता कमजोर बनी रही। ईसवी 320 में ब्राह्मणवादी गुप्त साम्राज्य की स्थापना होते ही

परजीवी अल्पसंख्यक ब्राह्मणों का सुवर्णयुग शुरु हुआ। अल्पसंख्यक ब्राह्मणों का सुवर्णयुग भारत की मूलनिवासी बहुसंख्यंक जनता के लिये इतिहास का सबसे अंधकारमय युग था।

वेदिक यज्ञ प्रथा की पूर्नस्थापना !

अल्पसंख्यंक ब्राह्मण समुदाय ने पूरजोर दावा किया कि वे संपूर्ण कायनात को नियंत्रित करते है। ब्राह्मणों ने तर्क दिया कि देवों के व्दारा इस दुनिया का नियंत्रण होता है। ब्राह्मणों के यज्ञ तथा मंत्र देवों को उनकी इच्छा पूरी करने पर मजबूर करते है। इसलिये अल्पसंख्यंक ब्राह्मण समुदाय संपूर्ण कायनात का नियंत्रण करते है। अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों की बातों का भरोसा कर क्षत्रियों ने यज्ञ में अनाज, घी, तथा जानवरों की आहुति देना शुरु किया ताकि ईश्वर उन्हे सत्ता, दौलत और मरने के बाद स्वर्ग दे सके।(BG: 2:43) ब्राह्मणों ने यज्ञ को राजाओं की प्रतिष्ठा का विषय बना दिया। एक की देखादेखी दूसरे राजा भी प्रतिष्ठा की खातिर उससे भी बडा अश्वमेध यज्ञ, राजासुया यज्ञ तथा वाजपेया यज्ञ कराने लगे और अल्पसंख्यंक ब्राह्मण समुदाय को भारी दान देने लगे।

अल्पसंख्यंक ब्राह्मण समुदाय ही पढने-लिखने वाला समुदाय था इसलिये अल्पसंख्यंक ब्राह्मण नौकरशाही तथा प्रशासन पर काबिज हो गये। ब्राह्मणों को ही धार्मिक विधियां करने का अधिकार था क्योंकि अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने खुद को ईश्वर और आम इन्सानों के बीच का मध्यस्थ करार दिया था। यह भरोसा दिलाया गया था कि ईश्वर सिर्फ अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों की बात मानते है और किसी की नही। इसलिये अल्पसंख्यंक ब्राह्मण ों को अपने आप प्रतिष्ठा और विशेष दर्जा हासिल हुआ। अल्पसंख्यंक ब्राह्मण ही राजाओं का राज्याभिषेक कर सकते थे। औरों व्दारा किये राज्याभिषेक को ईश्वर के यहां मान्यता नही थी। ऐसे राजा पर या उसके राज्य पर संकट आ सकते थे। राज्य या राजा पर संकट लाने का काम भी अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों के षडयंत्रों के तहत ही होता था। इसलिये तमाम राजा अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों के हाथों से कर्मकांड और बेहद खर्चीले यज्ञ करने पर मजबूर थे। ब्राह्मण राजाओं से भारी दान वसूल करते थे। यज्ञों की से अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों का सामाजिक तथा राजनीतिक वर्चस्व कायम था। ब्राह्मण चाहे जितना अमीर क्यों ना हो वह करों से मुक्त था। ब्राह्मणों ने खुद को 'संरक्षित मानव-प्राणी' करार दिया था। अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों की हत्या को कई पीढीयों तक चलने वाला सबसे बडा पाप करार दिया था। अश्वमेध यज्ञ ब्राह्मणों की सर्वोच्च सत्ता का प्रतिक था। अल्पसंख्यंक ब्राह्मण राजाओं की रानियों का बलि दिये गए घोडे से लैंगिक संबंध कायम कर उन्हे अपमानित करते थे।

जब किसी घोडे की गर्दन को फाँस लगाकर मारा जाता है तो स्वाभाविक रुप से उसका लिंग सख्त हो जाता है। इस यज्ञ की विधि को अंजाम देने वाले चार ब्राह्मण पूजारी भी अपनी पत्नियों के साथ लैंगिक संबंध कायम करते है। अश्वमेध यज्ञ के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि महाभारत में अश्वमेध पर्व के नाम से 14 वा पूरा अध्याय है।(http://www.atlan.org//The Horse Sacrifice.htm) अश्वमेध यज्ञ में बडे लंबे मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ का आयोजन करने वाले राजा की रानी के जननेंन्द्रीय में बलि दिये गये घोडे के लिंग को ब्राह्मण पूरोहित प्रवेशित कराते थे। वजस्नेय संहिता के एक मंत्र के अनुसार अश्वमेध यज्ञ के इस हिस्से का भागी बनने के लिये रानियों में प्रतिव्दंदिता पायी जाती थी। अश्वमेध यज्ञ के इस हिस्से का अत्यंत सुक्ष्म वर्णन यर्जुवेद के महिन्द्रा के वर्णन में पढा जा सकता है। (Dr Ambedkar, Vol. 4 , P. 109, 295)

अश्वमेध यज्ञ के कर्मकांड में रानी मारे गये घोडे के मंत्रोच्चाण के साथ फेरे लगाती है। दूसरी रानियां गंदे गदे अश्लिल वाक्य बोलती है। इसके बाद वह रातभर उस घोडे के साथ लैंगिक संबंध कायम करती है।(Ashvamedha - Wikipedia, the free encyclopedia. htm) रामायण में उल्लेख है कि राजा दशरथ ने पूत्र की प्राप्ति के लिये यज्ञ किया था जिसमें विभिन्न जानवरों की बलि दी गई थी। इसके बाद उन्होने अपनी तिन रानियों कौशल्या, सुमित्रा तथा कैकई को तीन पूजारियों को सौंप दिया। इन पूजारियों ने अपनी लैंगिक इच्छा पूरी करने के बाद रानियाँ राजा दशरथ को लौटा दी। इस यज्ञ के परिण ाम स्वरुप राजा दशरथ की बिबियों को राम, लक्ष्मण और भरत नाम के पूत्र हुए।(Bala Kandam, Chapter 14. For more details on yaham, refer to the book "Gnana Surian", published by Kudi Arasu Press) महाभारत में युधीष्ठीर ने अश्वमेध यज्ञ करने का उल्लेख है। (Book 14) वेदीक ब्राह्मण धर्म के ग्रंथों में स्त्रियों व्दारा जानवरों के साथ लैंगिक संबंध बनाने या ऐसी इच्छा उजागर करने के कई उदाहरण है। यर्जुवेद में ऐसे कई उदाहरण है जब यज्ञ का आयोजन करने वाले की मुख्य पत्नि ने घोडे के साथ लैंगिक संबंध बनाया है। मसलन मंत्र जिसमें यज्ञ का आयोजन करने वाले की सभी बिबियां तिन मंत्रों का उच्चारण करते हुए घोडे की परिक्रमा करती है और प्रार्थना करती है कि 'ए घोडे तु अपने अच्छे गुणों की वजह से समुदाय का रक्षक है। तु खुशियों का खजाना है। ए घोडे तु मेरा पति बन जा।' (Yajur Veda 23/19) जब पूजारी घोडे को पवित्र कर देता है तो यज्ञ का आयोजन करने वाले की मुख्य पत्नि घोडे के साथ लेटकर कहती है कि 'ए घोडे मै गर्भाधारण योग्य वीर्य ग्रहण करती हुं तूम गर्भाधारण योग्य वीर्य प्रवाहित करो।'(Yajur Veda 23/20) यज्ञ के आयोजनकर्ता की मुख्य पत्नि और घोडे के पैर फैलाये जाते है। पूजारी इनके इर्दगीर्द पर्दा लगाने को कहता है। इसके बाद यज्ञ के आयोजनकर्ता की मुख्य पत्नि घोडे के लिंग को खिंचकर अपनी योनि में स्थापित करती है और कहती है 'यह घोडा अपना वीर्य मुझमें प्रवाहित करे।'(Yajur Veda 23/20) इसके बाद यज्ञ का आयोजन करने वाला जजमान घोडे से कहता है कि 'ए घोडे मेरी पत्नि के भीतर अपना वीर्य छोडो, अपने लिंग को फैलाओ और उसे उसकी योनि में प्रवेशित करो क्योंकि अंदर प्रवेशित लिंग औरत को सुखी और जींदादिल बनाता है' -23/21(http://mukto-mona.net//Women in Hinduism by Abul Kasem.htm) मौर्य सम्राट ब्रहद्रथ का तख्ता पलटने के बाद ब्राह्मण पुष्यमित्र शुंग ने अश्वमेध यज्ञ किया था। अश्वमेध यज्ञ की स्मृति में समुद्रगुप्त ने सिक्के जारी किये है। इस यज्ञ की समाप्ती के बाद उसने महाराजाधिराज की उपाधी ग्रहण की। राजा कनौज ने भी अश्वमेध यज्ञ करना चाहा जो नाकाम रहा। अश्वमेध यज्ञ का आखरी उदाहरण ईसवी 1716 में जयपूर के अंबर के राजा जयसींह व्दीतीय का है।

गुप्त राजाओं ने अश्वमेध यज्ञ किये। ब्राह्मणवादी चंद्रगुप्त की मथूरा में लिखी इबारत से तथा स्कंदगुप्त के बिहार की इबारत से स्पष्ट है कि उन्होने अश्वमेध यज्ञ किया। समुद्रगुप्त तथा कुमारगुप्त ने भी अश्वमेध यज्ञ किया। यज्ञ की प्रतिष्ठा दक्षिण तक पहुंची और पुलाकेशी प्रथम नामक चालुक्य राजा ने भी अश्वमेध यज्ञ किया। उसके राजवंश के कई राजकुमारों ने भी दिगर यज्ञ किये और अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों को बडी जमीने दी। ब्राह्मण राजा भी अश्वमेध यज्ञ करते थे। ब्राह्मणों की सेवा करने वाले राजाओं को धरती पर ईश्वर का प्रतिनिधि करार दिया गया। वे देवताओं की तरह सम्मानित किये जाने लगे। अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों की राजमंदी से विधिपूर्वक चंद्रगुप्त व्दीतीय ने, कुमारगुप्त ने, तथा स्कंदगुप्त ने खुद को परम भागवत कहा। अपने सिक्कों पर भी यही उपाधी अंकित

की। राजा खुद को परमेश्वर, महाराजाधीराज, परमभट्टरका इ. विशेषण लगाने लगे।

स्थानीय भाषाओं को कुचलकर संस्कृत का पुरस्कार !

ब्राह्मणवादी गुप्त राजाओं ने संस्कृत भाषा और साहित्य के प्रचार-प्रसार में जबर्दस्त योगदान दिया। उन्होने संस्कृत को अपनी राजभाषा बनाया। संस्कृत को न्यायालय तथा दरबार की भाषा बनाया गया। अपने शिलालेख तथा सभी इबारतें संस्कृत में लिखी। पाली प्राकृत इ. भाषाओं को निरुत्साहित किया गया। नाटकों इ. में सभ्य प्रतिष्ठित लोगों को संस्कृत में बोलते हुए जबकि खलनायकों तथा गौण चरित्र के पात्रों को स्थानीय भाषाओं में बोलते हुए बताया गया। संस्कृत में लिखना प्रतिष्ठा की बात जबकि स्थानीय भाषाओं में लिखना अप्रतिष्ठा की बात जताया गया। मजबुरन सभी धर्मो के धर्मग्रंथ भी संस्कृत में भाषांतरित होने शुरु हुए। गुप्त राजाओं के काल में स्थानीय भाषाओं में लिखे धार्मिक, कलात्मक, साहित्यिक तथा तमाम विद्याओं से संबंधित किताबों को अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों की सुविधा के मुताबिक तमाम हेर फेर और ब्राह्मण धर्म की मिलावट करते हुए संस्कृत में भाषांतरित किया गया। बाद में इसे संस्कृत का मूल साहित्य प्रचारित किया गया। भाषांतरकार ही मूल लेखक बन बैठे। गुप्त राजा काल संस्कृत का सुवर्णयुग है।

{अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण समुदाय के कॅलेंडर में शक संवत् और विक्रम संवत जैसी दो कालगणनाएं होने के पीछे का राज ब्राह्मणों व्दारा पाली भाषा और बौध्द धम्म के विध्वंस प्रक्रिया से जुडा है। शक युग की शुरुआत ईसवी 78 से हुई जो बौध्द सम्राट कनिष्क के काल से संबंधित है। कनिश्क के काल में ही ब्राह्मणों ने बौध्द धम्म का हीनयान और महायान धम्म में विभाजन किया और महायान पंथ के ब्राह्मणों ने पाली को त्यागकर संस्कृत को अपना लिया। शक काल बौध्द धम्म के विभाजन और पाली पर संस्कृत की विजय का प्रतिक है। विक्रम काल का संबंध ब्राह्मणवादी गुप्त राजवंश के चंद्रगुप्त विक्रमादित्य से है। गुप्त काल ब्राह्मण-धर्म का सुवर्णयुग माना जाता है। गुप्त राजाओं के शासन काल में संस्कृत को राजभाषा का दर्जा दिया गया। स्थानीय भाषाओं के साहित्य को संस्कृत में भाषांतरित कर स्थानीय भाषाओं के साहित्य को नष्ट किया गया। पाली भाषा को खत्म करने की जो प्रक्रिया शक काल में शुरु हुई वह विक्रम काल में पूरी हुई।(http://brahminterrorism.wordpress.com/How Brahmins Killed Buddhism In India _ Brahmin Terrorism.htm)

ब्राह्मणों को सर्वोच्च बनाने वेद, पुराण इ. धर्म-ग्रंथ दोबारा लिखे गए !

गुप्त काल में रामायण, महाभारत तथा पुराणों में व्यापक परिवर्तन किया गया। ब्राह्मणों का महिमामंडन कर उन्हे सर्वोच्च स्थान पर स्थापित किया गया। धर्मग्रंथों में ऐसे कई वाकये शामिल किये गए जिसमें {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण देवों तक को शाप देकर प्रताडित करते है। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के शाप की वजह से दुनियां में तबाही होती है। गीता में कृष्ण को यह कहते हुए बताया गया है कि तमाम जातियों का निर्माण उसने खुद किया है, हर किसी ने अपने जाति-वर्ण के मुताबिक अपना कर्तव्य करते रहना चाहिये। मनुस्मृति, विष्णुस्मृति, पुराण, ब्राह्मणा इ. धर्मग्रंथों में {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को दिगर वर्णो से श्रेष्ठ स्थापित करने वाले नियम-कानून बनाये गए तथा दूसरे जाति-वर्णो को अपमानित किया गया है।(http://www.dharmawheel.net/Dharma Wheel • View topic - Brahmayana Buddhism.htm) मनुस्मृति के अलावा ब्राह्मण धर्मग्रंथों में अनेक

मनगढंत कहानियां {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों का वर्चस्व कायम करने के लिये गढी गई है :- 1) भ्रीगु नाम के ब्राह्मण ने विष्णु देवता की छाती पर लात मारी। देवता {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के नौकर है इसलिये सभी ने {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के नौकर बनकर रहना चाहिये। 2) परशुराम नाम के ब्राह्मण ने पृथ्वी से 21 बार क्षत्रियों को निक्षत्रिय बनाया। ऐसे अनगिनत उदाहरण {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के धर्मग्रंथों में है। (http://in.answers.yahoo.com/What about false fabricated PURANIC TALES to propagate superiority of caste Brahmins above all(even GOD) - Yahoo! Answers India.htm) महाभारत की किताब अनुसासानिका (Anusasanika) के अध्याय में भिष्म युध्दिस्टीर से कहता है कि राजा का कर्तव्य विव्दान ब्राह्मणों की पूजा करना है। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों की इस तरह से रक्षा करनी चाहिये जैसे कि कोई खुद की या अपने बच्चों की रक्षा करता है। उनका आदर करना चाहिये, उनके आगे सीर झुकाना चाहिये। उनका माता पिता की तरह आदर करना चाहिये। अगर {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण संतुष्ट रहते है तो सारा देश सुरक्षित है। वे असंतुष्ट और गुस्से में है तो सबकुछ ध्वस्त हो जाता है। वे ईश्वर को गैरईश्वर और गैरईश्वर को ईश्वर बना सकते है। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण जिसकी प्रसंशा करते है वह समृध्द बनता है, {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण जिससे नाराज होते है उसकी हालत दयनीय हो जाती है।

गुप्त राजाओं के काल में तमाम धर्मशास्त्र, पुराण, रामायण, महाभारत इ. को दोबारा लिखा गया ताकि बदली हुई हालातों के मुताबिक {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के वर्चस्व को बहुसंख्यक जनता पर पूर्नस्थापित किया जा सके। ये सारे बदलाव मूल लेखकों के नाम पर खपाये गए। ऐसी कोई धार्मिक किताब नही जिसमें काल्पनिक बातें, दंतकथाएं तथा काल्पनिक इतिहास नही घुसाये गये। ऋग्वेद की दसवी किताब का लेखक प्रत्यक्ष ईश्वर बताया गया ताकि किसी को शक तक ना हो कि यह दसवी किताब (मंडल) बाद में लिखी गई है। ब्राह्मण-धर्म के पुर्नरुत्थान के काल में ऐसे नकली शास्त्रों और पुराण ों की बहुतायत है।(Dharma Teertha, p. 124 ff) मनुस्मृति को अंतिम आकार देने का काम गुप्त राजाओं के काल में किया गया। आर. जी. भंडारकर के मुताबिक यज्ञ तथा बलीप्रथा से संबंधित कर्मकांडों के धर्मग्रंथ, भाष्य तथा वेदों के सुत्रों के भाष्य को गुप्त काल में ही लिखना शुरु हुआ। गुप्त काल में वायु पूराण, विष्णु पुराण, लींग पुराण, मत्स्य पुराण तथा मार्केडेय पुराण में भारी परिवर्तन किया गया। जैमिनी के मिमांसा दर्शन पर लंबी बहस सर्वस्वामी व्दारा लिखी गई। सांख्य दर्शन को अपने मुताबिक पेश करते हुए ईश्वरक्रिष्ण ने सांख्य-कारिका नामक किताब लिखी। योग को वैदिक जताकर वेदों को पूर्नप्रतिष्ठित किया गया।(The Cultural Revival under the Guptas BY SHISHIR COOMAR MITRA www.yabaluri.or/The Cultural Revival under the Guptas.htm) रामायण तथा महाभारत में व्यापक परिवर्तन किया गया। यज्नवालक्या ने यज्जवालक्या स्मृति, नारद ने नारदस्मृति, काटयायना ने काटयायनस्मृति, ब्रहस्पति ने ब्रहस्पतिस्मृति, कमंडका इ. लेखकों ने गुप्त नीतिशास्त्र और धर्मशास्त्र लिखे। इसी काल में पाराशर स्मृति लिखी गई। (http://www.kkhsou.in/KKHSOU2.htm) कई दर्शनों को अंतिम रुप दिया गया।

सोलहवी शताब्दी के अंत में तुलसीदास ने रामचरीतमानस लिखकर राम तथा सीता के चरित्र के सभी काले पहलु हटाकर उन्हे दैविक शक्ल दी।(http://www.san.beck.org/Summary and Evaluation of India & Southeast Asia to 1875 by Sanderson Beck.html)

दिगर धर्म-पंथों के व्यक्तित्वों को ब्राह्मण-धर्म में शामिल करने धर्मग्रंथ दोबारा लिखे गये !

दूसरी आध्यात्मिक परंपराओं तथा दर्शनों को ब्राह्मण-धर्म के नाम पर खपाने का अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों का इतिहास रहा है। ए. आर. मजूमदार के मुताबिक इसवी 650 से हिन्दूओं ने {पढीये अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने} सच्चे इतिहास को दबाकर उसकी जगह मनगढंत कहानियां गढ ली।(http://karthiknavayan.wordpress.com/How the Buddhists and Jains were Persecuted in Ancient India. _ ???????? ??????.htm)

अपने दुश्मनों के साहित्य से निपटने के लिये {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने हमेशा 1) दुश्मनों के साहित्य को नष्ट किया है, तथा 2) दुश्मनों के साहित्य में ब्राह्मण-धर्म की मिलावट कर उसे ब्राह्मण-धर्म के अनुकुल बना दिया है। मूल भगवत गीता ब्राह्मणवाद को दुष्ट ताकत मानती थी। ब्राह्मणवाद को उखाड फेंकने के 'भागवत इन्केलाब के घोषणापत्र' को ब्राह्मणों ने अतिसंपादन के माध्यम से 'ब्राह्मणवाद की प्रमाणित अभ्यास-पुस्तिका (Handbook)' में बदल दिया। ब्राह्मण-धर्म के खिलाफ जो लगातार दो इन्केलाब हुए थे उनपर पर्दा डाला गया। ब्राह्मण-धर्म के कर्म सिधान्त, वर्ण-व्यवस्था, यज्ञ व {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों की बहुसंख्यंक जनता पर सर्वोच्चता को मान्यता इ. को भगवत गीता में शामिल किया गया। ब्राह्मण संपादकों ने कृष्ण व्दारा {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों की अत्यंत कठोर आलोचना-भर्सना को निरस्त करने की कोशिश की है। इसके लिये उन्होने इन श्लोकों को सोलहवे अध्याय में 'दैवी तथा दुष्टता के बीच फर्क का योग' (The Yoga of Division Between The Divine and Demonical) जैसे शीर्षक से डाला है। इस अध्याय में क्षत्रियों को कोसा (16:11-20) तथा ब्राह्मणों को (16:21-24) अत्यंत कटू वचनों से लताडा गया है। अध्याय 17 अध्याय 16 के पहले आना चाहिये था क्योंकि इसमें ब्राह्मणों के श्लोक (17:1-4; 7-28) की प्रतिक्रिया है। लेकिन 16 वे अध्याय को 17 वे अध्याय के पहले डाल देने से किसी को पता ही नही चलता कि कृष्ण किसकी भर्सना कर रहा है। वे कौन है जिसको कृष्ण क्रूर नफरत करने वाले, इन्सानों में सबसे बूरे, दुष्ट कहकर उन्हे कृष्ण हमेशा के लिये शैतानों के गर्भ में भेजना चाहता है। ब्राह्मणों ने इसके झूठे स्पष्टीकरण के लिये राक्षसों की कल्पित कहानियां गढ ली जिनको कृष्ण ने मारा बताया गया। इन राक्षसों को मारने के लिये कृष्ण को दुश्मनों के विनाशक (2:4) के नाम से पुकारा गया। अतिसंपादन (Extreme editing) की बदौलत भगवत गीता अनाकलनिय, अतार्किक, भ्रमित करने वाली, विरोधाभासी तथा लगभग अनाकलनिय बन गई। इससे {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को अपनी हेराफेरी छुपाने में और ज्यादा आसानी हुई। उन्होने यह नियम बनाया कि भगवत गीता का अध्ययन बिना गुरु के नही किया जाये। यानि गीता सिर्फ {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के मार्गदर्शन में ही पढी जाये।(http://nirmukta.com/Subterfuge How Brahmins Destroyed The Bhagavata Revolution _ Nirmukta.htm) शंकराचार्य ने गीता के श्लोको को गलत ढंग से पढा, उनका गलत स्पष्टीकरण किया और श्लोकों के इन्केलाबी अर्थ को विकृत किया। ब्राह्मणों ने भक्तियोग से योग हटाकर, उसमें पूजा जो छुपे रुप में यज्ञ था घुसाकर भगवतवाद को भ्रष्ट किया। दसवी शताब्दी में भगवत गीता को ब्राह्मणवाद की प्रमाणित अभ्यास पुस्तिका के रुप में जानी गई। इसका उल्लेख अलबेरुनी ने अपनी किताब किताबुल हिन्द में किया है। (http:// nirmukta.com// Legacy Of Ancient

Religions Of India _ Nirmukta.htm) शंकराचार्य (788-820 A. D.) ने भगवत गीता को 'ब्राह्मणवाद को उखाड फेंकने के घोषणपत्र' को 'ब्राह्मणवाद की प्रमाणित अभ्यास-पुस्तिका (Handbook) में बदल दिया।(http://nirmukta.com//The Great Nastik Revolt _ Nirmukta.htm)

आस्तीक का अर्थ है जो वेदों तथा चातुवर्ण्य पर आस्था रखते है फिर भले ही वो ईश्वर पर भरोसा न भी रखते हो। नास्तिक वह है जो वेदों तथा चातुववर्ण की श्रेष्ठता पर विश्वास नही करते फिर भले ही वे ईश्वर पर भरोसा रखते हो (Will Durant, p.534)। उपरोक्त परिभाषा उपनिषदों के ईश्वर विरोधी रुख को देखते हुये कि गयी है। इसतरह ब्राम्हणों ने ईश्वर को मानने वाले तथा न मानने वाले सभी तरह के लोगों को अंततः ब्राम्हणवाद के शोषणव्युह की गिरफ्त में लाने का कार्य किया है।

ईसाई धर्म से ब्राह्मण-धर्म को बचाने,
अल्पसंख्यंक ब्राह्मण समुदाय ने अपने धर्मग्रंथों में बदलाव किये !

भारत में ईसाई धर्म के परिचय के पहले धर्म के रुप में धार्मिक दर्शन तथा धार्मिक साहित्य सिर्फ बौध्द तथा जैन धर्म के पास ही था। ब्राह्मणों के वेदिक धर्म में सर्वोच्च ईश्वर की संकल्पना नही थी। ईश्वर के प्रतिनिधि ने जन्म लेना, ईश्वर के प्रति पूर्ण समर्पण तथा भक्ति से स्वर्ग की प्राप्ति इ. संकल्पनाएं {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों तथा बहुसंख्यंक मूलनिवासियों के धर्मो के लिये अपरिचित थी। बौध्द तथा जैन धर्म ईश्वर के अस्तित्व पर विश्वास नही करते थे जबकि ब्राह्मण सूर्य, उषा, अग्नि, वरुण इ. प्रत्यक्ष अनुभव होने वाली प्राकृतिक ताकतों को प्रसन्न करने के लिये जानवरों की बलि चढाते थे तथा उनकी प्रसंशा करते थे। ईसाई धर्म का परिचय ईसवी 52 वे वर्ष में किया गया। सेंट थॉमस ने पूरे भारत में ईसा मसीह के नाम से चर्च कायम किये। परमेश्वर तथा महेश्वर यह शब्द {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने पहली ईसवी शताब्दी के बाद इस्तेमाल किये है। इसके पहले संपूर्ण भारतीय उपमहाव्दीप के लिये यह शब्द नये थे। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों में यह परिवर्तन इसलिये हुआ था क्योंकि ईसाई धर्म में सिर्फ इकलौते एक ईश्वर की संकल्पना है। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के वेद, उपनिषद, ब्रह्मसुत्र, भागवत गीता इ. दूसरी शताब्दी के बाद लिखे गए है। उनपर ईसाई धर्म का प्रभाव स्पष्ट रुप से देखा जा सकता है। इसी वजह से वेदिक ब्राह्मणों के इंद्र, वरुण, अग्नि,उषा इ. कुदरति ताकतों ने धीरे ध ीरे देवताओं के रुप में अपना महत्व खो दिया।(Presented at the First International Conference on the History of Early Christianity in India New York, August 2005 Christianity and the Origin of Sanskrit Dr. Alexander Harris appiusforum@alum. MIT.edu)

पहले ईसाई तथा बाद में इस्लाम का मुकाबला करने के लिये ही सर्वोच्च शक्ति की कल्पना की गई। स्वर्ग और नर्क की संकल्पना भी धर्मग्रंथों में शामिल की गई। ध्यान में पडे रहने को महीमामंडित किया गया। जन्म-मृत्यु के दुश्चक्र से खुद को मुक्त कर स्वर्ग में ईश्वर के पास जाना इन्सान का मकसद बताया गया। इन बदलावों से ईसाई तथा इस्लाम को कामयाबी से रोका जा सका। मूलनिवासी श्रमण कपीला, बुध्द, महावीर इ. के दर्शन को विकृत किया गया। इससे भारत के मूलनिवासियों की सोच को वैज्ञानिकता से अतार्किक धार्मिक अंधविश्वासी सोच में बदला गया। इसतरह सच्चा भारत खत्म हुआ।(http://www.indiadivine.org/Scriptures CORRUPTED in 800 Ad.htm)

ईसा मसीह तथा कृष्ण के जीवनक्रम की घटनाओं में कई समानताएं है जबकि उनके जन्म के काल में बहुत ज्यादा फर्क है। कृष्ण तथा ईसा मसीह दोनों ही नोह के वंशज है। दोनों के जन्म का भविष्य पहले ही बताया जा चुका था। ईसा मसीह अब्राहम का वंशज है जबकि कृष्ण ब्रह्मा का पिता माना जाता है। ईसा मसीह कोरेश तथा यहूदी था। कृष्ण भी कुरु, अभीरा तथा यादव वंश का माना जाता है। ईसा मसीह को याह-वेह (Yah-Veh) का अवतार माना जाता है जबकि कृष्ण को विष्णु तथा शिव का अवतार माना जाता है। कृष्ण को वास्तविक पिता नही था बल्कि वासूदेव नाम का संरक्षक था। ईसा मसीह का भी वास्तविक पिता नही था बल्कि उसका पालनपोषण जोसफ नाम के संरक्षक ने किया था। येशु मसीह का पहला नाम येशुआ था। कृष्ण को भी येशु-कृष्ण के नाम से जाना जाता था। राजाओं ने कृष्ण और ईसा मसीह को खतरा मानते हुए हत्या के लिये उनकी खोजबीन की थी। ईसा मसीह की रक्षा के लिये उसकी मां मेरी ने उसे इजिप्त के मतुराई (Maturai) भेजा था जबकि कृष्ण को भारत के मथूरा में भेजा गया था। ईसा मसीह तथा कृष्ण के बारे में भविष्यवाणी थी कि दूसरों के पापों के लिये उनकी हत्या की जाएगी। ईसा मसीह को सलीब पर चढाया गया था। तीन दिन बाद वे जीवित हो गए थे। पेड के तने से सटकर लेटे कृष्ण की एक शिकारी के तीर से मौत हुई। कृष्ण भी बाद में जीवित होकर चला गया। ईसा मसीह को जेरुसलेम में सलीब पर चढाया गया था। कुछ हिन्दू स्कॉलर्स के मुताबिक कृष्ण की भी येरुशलेम में मौत हुई। हिन्दू-ईसाई दोनों इन्कार करते है कि ईसा मसीह और कृष्ण एक-दूसरे से संबंधित है। वे एक-दूसरों पर आरोप लगाते है।(http://mondovista.com//India's God Krishna Was the King of Jerusalem!.htm)

बहुसंख्यंक मूलनिवासियों को शुद्र करार देने,
अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने पुराण इ. धर्मग्रंथों को दोबारा लिखा !

मनुस्मृति में जातियों का स्पष्टीकरण देते वक्त बहुसंख्यंक मूलनिवासी बहुजन जातियों को बुरी तरह से अपमानित किया गया है। मनु के अनुसार वैदेह का समुदाय वैश्य पुरुषों और ब्राह्मण स्त्रियों के संबंधों से अस्तित्व में आया है। शब्द-उत्पत्तिशास्त्र (Etymology) के अनुसार बिहार के प्राचीन विदेह तथा आधुनिक चंपारन तथा दरभंगा में रहने वाले लोग विदेह है। मनु के अनुसार आंध्रा समुदाय वैदेहा पुरुष और करवर स्त्रियों के संबधों से अस्तित्व में आया है। जबकि आंध्रा समुदाय दक्षिण-पूर्व भारत का अत्यंत शक्तिशाली समुदाय है। मनु के अनुसार अभीर समुदाय ब्राह्मण पुरुष और अम्बस्ठी स्त्रियों के संबंध ों से अस्तित्व में आया है जबकि अभीर यह अहिर का अशुध्द रुप है। मनु के अनुसार मगधी (Magadhas) वैश्य पुरुषों तथा क्षत्रिय स्त्रियों की अवैध संताने है जबकि पाणीनी के अनुसार मगध प्रांत के लोग मगधी है। अथर्ववेद में मगधियों का स्वतंत्र जाति के रुप में उल्लेख है। मनुस्मृति के अनुसार निषाद समुदाय ब्राह्मण पुरुष तथा शुद्र स्त्रियों के संबंधों से उत्पन्न हुआ है। जबकि निषाद समुदाय अत्यंत प्राचीन स्वतंत्र समुदाय होकर उनके अपने निषाद राजा थे; रामायण में गुहा नामक निषाद राजाओं का उल्लेख है जिनकी राजधानी श्रींगवेरापूरा थी। मनु के अनुसार ब्राह्मण पुरुष और वैश्य स्त्रियों के संबंधों से अंबस्ठी समुदाय अस्तित्व में आया है। जबकि पातंजली के अनुसार अंबस्ठ देश के रहने वालों को अंबस्ठी कहते है। मनु के अनुसार व्याभिचारिणी ब्राह्मण स्त्रियों और शुद्र पुरुषों के संभोग से नमोशुद्र (चांडाल) जाति अस्तित्व में आई है। यह कोरी बकवास है। नमोशुद्रों की लोकसंख्या इतनी अधिक है की सारी ब्राह्मण स्त्रियाँ विशाल नमोशुद्र

जनसंख्या के सामने कम पडेगी।(Dr Ambedkar, Vol. 4, P.223-224 225) बाल्मीकि जाति अत्यंत पूरातन समाज है जिसका वाल्मीकि रामायण से कोई संबंध नही है। ब्राम्हण वादियों ने वाल्मीकी समाज की पहचान खतम करने के लिए उन्हे वाल्मीकि रामायण से जोड दिया। (आर.पी. हर्ष, दलित व्हाईस, p. 22, 16-31 जनवरी 2002) मनुस्मृति का उद्देश्य चातुवर्ण्य की परिधी से बाहर के विशाल मूलनिवासी (85%) बहुजनों की निर्मिती का किसी तरह से स्पष्टीकरण करके उन्हे ब्राम्हण धर्म की परिघी में लाना है।

नये देवताओं के निर्माण के लिये
पुराण इ. धर्मग्रंथों को दोबारा लिखा गया !

बहुसंख्यक मूलनिवासियों के देवि-देवताओं पर कब्जा जमाने के लिये {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण समुदाय के लिये जरुरी था कि वे उन्हे {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण जाति से संबंधित करें। इसलिये उन्होने पुराणों में कहानियां गढ कर बहुसंख्यंक बहुजनों के देवि-देवताओं को किसी न किसी ब्राह्मण ऋषि की संतान बताया।(www.countercurrents.org/Saffronization,HinduizationOr Brahminization By Dr. K. Jamanadas.htm) 1) व्यास मुनी ब्राह्मण नही था। लेकिन उसे जबरन ब्राह्मण साबित करने के लिये उन्होने एक अश्लील और विचित्र कहानी गढ ली। 2) ब्राह्मणों ने राम के जन्म के संबंध में भी ऐसी ही कहानी गढ ली ताकि {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को बहुसंख्यंक बहुजनों से श्रेष्ठ साबित किया जा सके।(http://in.answers.yahoo.com/What about false fabricated PURANIC TALES to propagate superiority of caste Brahmins above all(even GOD) {रावण इ. क बारे में भी ऐसी ही कहानियां गढी गई है।} शैववाद, शक्तिवाद, वैष्णववाद यह गैरब्राह्मण पंथ थे। इन पंथों के संमिश्रण से पौराणिक हिन्दूधर्म की निर्मिति गुप्त काल में की गई है। मूलनिवासी देवि-देवताओं का ब्राह्मण धर्म के देवताओं से संबंध जोडने के लिये पुराणों में मनगढंत कहानियां गढी गई। कुशानों में युध्द देवता कार्तिकेय का पंथ प्रसिध्द था। इसका पता कुशान प्रमुख हविष्क के सिक्कों से चलता है। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने कहानियां गढ कर कार्तिकेय, गणेश को शिव का बेटा बताया। ईसवी 300 तक गणेश का कहीं भी पता नही था। गुप्त काल में उसे देवता बनाया गया। तांत्रिक पंथ में सृजन की देवता के रुप में मातृ-देवता की पूजा की जाती थी। आरंभ से ही शक्ति की पूजा काली, चामुंडा, और भीमा के रुप में की जाती थी। बाद में दुर्गा को भी शक्ति का ही रुप माना गया। उन्हे शिव की पत्नियां बताया गया। दोनों के संमिश्रित पंथ को शिव-शक्ति नाम दिया गया। शिव के उग्र रुप को रुद्र तथा शक्ति के उग्र रुप को चामुंडा कहा गया। उसके सौम्य रुप को उमा तथा महादेव कहा गया। उमा, हेमवति, दुर्गा, काली, इ. की शिव की पत्नियों के रुप में पूजा की जाने लगी। लक्ष्मी को पहले गज-लक्ष्मी थी। वह एक अविवाहित देवी थी। उसे विष्णु की बिवी और धन की देवी के रुप में प्रचारित किया गया।(http://www.indianetzone.com//Religious movements in Gupta Period.htm) बुध्द की पूजा पर कब्जा करने के लिये उन्हे विष्णु का नौवा अवतार करार दिया।

पुराणों में गैरब्राह्मण पंथों के देवि-देवताओं को शामिल कर देने से इन धर्म-पंथों पर जबरन कब्जा करना {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के लिये बेहद आसान हुआ।(Looking for a Hindu Identity Dwijendra Narayan Jha)

बौध्द जैन इ. के धर्मस्थलों को हडपने के लिये,
अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने पुराण इ. धर्मग्रंथ दोबारा लिखे !

बौध्द स्थलों को किसी न किसी पौराणिक देवि-देवता के स्थल साबित करने के लिये पुराणों को दोबारा लिखा गया। जैसे जैसे बौध्द स्थल हडपे गए वैसे वैसे पुराणों में कई कई बार परिवर्तन किये गये। इस विषय पर जो शोध होने चाहिये थे नही किये गए।(Tirupati Balaji was a Buddhist Shrine by K. Jamanadas, Published by Dalit E Forum) **बौध्द धर्मस्थलों पर जबरन कब्जा कर उन्हे हिन्दू धर्मस्थलों तीर्थो में बदला गया और इसके संबंध में पुराणों में कहानियां भी गढी गई।** (Joshi: 1977: 338)

इतिहास को जागरुक होकर सावधानी से पढने पर कई चौंकाने वाले सत्य नजर आएंगे। वाल्मीकी रामायण में राम बुध्द को 'चोर' कहता है। यह राम की दूसरे धर्मो के प्रति असहिष्णुता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि राम या तो बुध्द का समकालीन था या फिर बाद के काल का था। वाल्मिकी रामायण के सुंदर कांड में रावण के महल की वाटीका का नाम अशोक वाटीका है। यह वाटीका सम्राट अशोक के नाम पर रखी गई है। इस वाटीका में दुर्लभ औषधी जडी बुटियाँ इ. थी। इसका विध्वंस हनुमान ने किया। इससे स्पष्ट है कि राम सम्राट अशोक के बाद के काल का है। अशोक वाटिका के विध वंस के अलावा हनुमान ने कई चैत्य नष्ट किये। रामायण में इनके जो भी नाम बताये गए है वे सभी बौध्द स्थल रहे है। रामायण के माध्यम से {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने बौध्द स्थलों के इतिहास को मिटाने की कोशिश की है। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने बौध्द धम्म को विस्मृत करने के मकसद से रामायण की रचना की है।(The Secrets of the Socalled Sacred Journey of RAMA - Dr. M.S.Jayaprakash; http://www.modernrationalist.com/ THE SECRETS OF THE SOCALLED SACRED JOURNEY OF RAMA - II.htm)

केरला यह शब्द द्रविड-बौध्द शब्द चेरला का संस्कृत अपभ्रंष है। परशुराम के मिथक का मकसद ही केरल के गौरवशाली बौध्द इतिहास को छुपाना है।(http://rupeenews.com/ Why did Buddhism disappear from South Asia Brahmin atrocities that destroyed Buddhism in the Subcontinent _ Rupee News.htm)

बुध्द के खिलाफ नफरत फैलाने के लिये,
अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने पुराण इ. धर्मग्रंथ दोबारा लिखे !

{अल्पसंख्यंक} **ब्राह्मणों ने पुराण इ. ग्रंथों में बुध्द, बौध्द ग्रंथों तथा बौध्दों के प्रति नफरत फैलाई ताकि बौध्दों का हिंसक उन्मूलन किया जा सके। वाल्मिकी रामायण के अयोध्या कांड में बुध्द की तुलना एक चोर से की गई है। उन्हे नास्तीक कहकर कोसा गया है**(Sarga 109; shloka 34)**। यजन्वालक्यास्मृति के मुताबिक बौध्द भिख्खु का स्वप्न तक में दर्शन होना अशुभ लक्षण है।**(Yajnavalkya SmritiI/272-273) **अग्नि पुराण** (18/13-18), **तथा विष्णु पुराण** (18/13-18) **के मुताबिक बुध्द सबसे बडा धोखा** (ma-yamohasvarup) **है जिसने लोगों को भ्रमित कर वेदिक धर्म से दूर किया है। अपने प्रायश्चित मायुखा** (Prayaschit Mayukha) **में मनु के श्लोक को उदघृत करते हुए नीलकांत कहता है कि अगर कोई किसी बौध्द को, पांचुपत लोकायका** (Panchupat, Iokayataka) **के अनुयायी को, नास्तीक को, या महापातकी को छू भी लेता है तो स्नान करने के बाद ही वह पाप से शुध्द हो पाएगा। यही बात अपाराका** (Aparaka) **ने अपनी स्मृति में लिखी है। वृध्दा**

चरित (Vradha charit) घोषित करता है कि बौध्द स्थल में प्रवेश करना पाप है जिसको दूर करने के लिये स्नान करना जरुरी है। ब्रह्मनारदीय पुराण मुसिबत की हालत में भी किसी बौध्द के घर में प्रवेश करने को गंभीर पाप करार देता है। अग्नि पुराण में घोषित किया गया है कि शुध्दोदन के बेटे (बुध्द) ने दैत्यों को मूर्ख बनाकर बौध्द बनाया। पुराण के मुताबिक बुध्द धोखेबाज था जिसने वेदों के सही रास्ते से राक्षसों {यानि मूलनिवासियों} को दूर किया। वायु पुराण बुध्द के बारे में इर्षा व्यक्त करता है। वायू पुराण बुध्द को स्त्री-लंपट (seducer) और राक्षसों {यानि मूलनिवासियों} को बहकाने के लिये इस दुनिया में आया हुआ महा मोह करार देता है। वायू पुराण लोगों को आगाह करता है कि बौध्द भिख्खु से बात तक करने से व्यक्ति नर्क में चला जाता है।

मनुस्मृति सहित {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के पुराण, स्मृति इ. धर्मग्रंथों ने बुध्द और बौध्द धम्म के प्रति बेपनाह नफरत उजागर की है। कुशीनगर यानि हरम्भा (Harramba) एक महत्वपूर्ण बौध्द स्थल था। यहां बुध्द का महापरिनिर्वाण हुआ था। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण हरम्भा के नाम से ही जलभून जाते थे। लोगों को हरम्भा जाने से रोकने के लिये यह कहानी गढी गई कि जिसकी भी हरम्भा में मौत होती है वह नर्क में जाता है। उसका पूर्नजन्म गधे के रुप में होता है। जिसकी मौत काशी में होती है वह सीधे स्वर्ग जाता है। इसलिये जब संत कबीर की सन् 1518 में कुशीनगर के पास माघर में मौत हुई तो कबीर के हिन्दू भक्तों ने उनका पुण्यस्थल वहां बनाने की बजाय उसे काशी में स्थापित किया। {जबकि कबीर ने जानबूझकर माघर में मौत को चुना था} कबीर के मुसलमान अनुयायियों ने कबीर की कब्र माघर में ही बनाई।(http://rupeenews.com// How Adi Shankara destroyed Buddhism and founded 'Hinduism' in the 8th century _ Rupee News.htm)

श्रमण धर्मो के दमन के लिये नये पूजा-कर्मकांडों का निर्माण !

मान. बी. आर. सांपला के मुताबिक ब्राह्मण तुलसी दास ने अशोक धम्म दशमी पर्व के साथ राम का नाम जोडकर बौध्दों के त्यौहार पर डाका डाला है। सम्राट अशोक ने अपने बेटे महेन्द्र को धम्मदान करते हुए बौध्द धम्म के प्रचार के लिए श्रीलंका भेजा। इस महान धम्मदान से यह पर्व अशोक धम्म दशमी यानी धर्म-दशहरा नाम से प्रसिध्द हुवा। सारे भारत में असोज महिने के पहले दिन से दस दिन तक धम्म-दशमी समारोह मनाये जाते थे। यह समारोह 15 वी शताब्दि तक जारी रहे। परंन्तु ब्राह्मण कवि तुलसी दास ने इस समारोह को रामलीला में परिवर्तित कर दिया।(बी.आर. सांपला, p.1138-139) {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण दशहरे को रावण की हत्या के तथा दिवाली में नरकासुर तथा बाली की हत्या को जश्न के रुप में मनाते है। होली मनाने के पीछे का अप्रत्यक्ष मतलब हिरण्यकश्यप की मौत का जश्न मनाना है। होलिका की कथा {अल्पसंख्यक ब्राह्मण ों व्दारा} बहुसंख्यक मूलनिवासी भारतीयों को धोखा देने की कोशिश है। होली जलाने के लिये आग किसी दलित के घर से लाई जाती रही है।(Ghurye: Caste and Race in India, 1969, Popular Prakashan Bombay, p. 26) होली का अंत किसी अछूत को छुकर नहाने से किया जाता था।("Rigvedi": marathi book - "aryaachya sanaancha prachin va arvachin itihas" p. 366, 1979, pradnya patha shala mandal, Wai-dist. Satara, M.S.)

{बहुजनव्देषी} ब्राह्मण तिलक ने गणेश चतुर्थी का उपयोग सन् 1894 में मुहर्रम में गैरमुस्लिमों की उपस्थिति को रोकने तथा मुसलमान और गैरमुसलमानों के बीच सांप्रदायिक दंगे फैलाने के लिये किया। गणेश चतुर्थी के मौके पर गणेश की प्रतिमा स्थापित किये

जाने के बाद ही हिन्दूओं ने मुहर्रम में भाग लेना बंद किया। पूना में सन् 1894 में तथा धुलिया में 1895 में सांप्रदायिक दंगे भडके थे। {बहुजनव्देषी} ब्राह्मण तिलक के अनुयायी इस अर्थ का गीत गाते थे कि :- ओह तुमने क्यों हिन्दू धर्म को त्याग दिया है ? तुम गणपती, शिव और मारुती को क्यों भूल गये ? ताबुत की पूजा करके तुमको क्या मिला है ? अल्लाह ने तुम्हे क्या दिया है जिससे तुम मूसलमान हो गए। विदेशियों के धर्म से मित्रता मत जोडो। अपने धर्म को छोडकर पतित मत बनो। ताबुतों को सम्मान मत दो। गाय हमारी माता है उसे मत भूलो।(http://netunm.blogspot.in/2009/05/lokmanya-bal-gangadhar-tilak.html)

श्रमण धर्मो पर कब्जा करने और
दान वसूलने अल्पसंख्यक ब्राह्मणों ने मूर्तिपूजा शुरु की !

वेदिक ब्राह्मण-धर्म में मूर्तिपूजा नही थी लेकिन गुप्त काल से मंदिरों में मूर्तिपूजा एक सामान्य परंपरा हो गई। मूलनिवासी जाति-समूह कृषि से संबंधित अपने त्योहार शुरु से मनाते थे। इन त्योहारों को धार्मिक रंग देकर उन्हे मनाया जाने लगा। इन त्योहारों के साथ मूर्तिपूजा और कर्मकांड भी जोड देने से न सिर्फ विभिन्न जाति-समूहों को जबरन {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के वर्चस्व में लाया गया बल्कि इससे {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों की खुब कमाई होने लगी। जमीन दान, अन्न दान, धन तथा पशुदान इ. पाकर तथा कर माफ किये जाने से {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण धनवान होते चले गए। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने जो सुविधाएं चाही है उसकी लंबी सूची पांचवी शताब्दी में लिखी गई नारदस्मृति में दी गई है। वेदिक ब्राह्मणों के यज्ञों को लोकप्रियता नही मिलने से {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण ों ने यज्ञ के कर्मकांडों को मूर्तिपूजा में मिला दिये।(http://www.indianetzone.com// Religious movements in Gupta Period.htm) कई मंदिरों में मूर्तियों की बजाय तस्वीरों की पूजा की जाती थी और कर्मकांडों को महत्व दिया जाता था।(http://www.kish.in// The Classical Age of Indian Culture.htm) {ब्राह्मण} शंकराचार्य ने बद्रीनाथ, केदारनाथ इ. हिमालय में स्थित धार्मिक जगहों पर जत्रा आयोजित करनी शुरु की ताकि बौध्द ध म्म को शह दी जा सके। इन दुर्गम धर्मस्थलों के लिये कोई ब्राह्मण उपलब्ध नही था इसलिये उसने केरल से नंबुद्री ब्राह्मण मंगाये जो आज इन तीर्थस्थलों के प्रमुख है। जत्रा से तीर्थस्थलों को आबाद होने में देर नही लगी। महाराष्ट्र से जोशी तथा पंतों का, बंगाल से गैरोला तथा गुजरात से नेगी इ. ब्राह्मणों का आगमन हुआ। श्रध्दालुओं के दान से {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण पूजारी वर्ग, व्यापारी वर्ग धनी बन गया।(http://karthiknavayan. wordpress.com/How the Buddhists and Jains were Persecuted in Ancient India. _ ???????? ??????.htm)

तमाम मंदिर और तीर्थस्थल {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के लिये लिये भारी कमाई का जरीया होने से {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने इन तीर्थस्थलों और मंदिरों को पुराणों में इनके चमत्कारी होने का प्रचार किया। इससे मूर्तियों पर चढावा चढाने, मन्नतें मांगने, {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को दान देने की परंपरा सामान्य परंपरा बन गई। अपनी इच्छा पूर्ति के लिये, खतरों से खुद की हिफाजत के लिये, पुत्र प्राप्ति इ. के लिये लोग मंदिरों में सोना, चांदी, कीमती पत्थर, धन इ. चढाने लगे। इससे मंदिरों में धन के अम्बार इकट्टा होने लगे। उत्तर भारत में मुल्तान, मथूरा, कनौज, थानेश्वर, सोमनाथ इ. जगहों में हजारों की तादाद में मंदिर बनाये गए। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने अपने लिये जमीन, धन, पशु इ. के दान ही नही वसूले बल्कि अंधविश्वासु धनी श्रध्दालुओं तथा राजाओं

को नये मंदिर बनाने पर मजबूर करते रहे। हजारों {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण इन मंदिरों में जोंको की तरह अंधविश्वासों में जकडे श्रध्दालुओं को लूटने लगे।

{अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने बहुसंख्यक मूलनिवासी जाति-समूहों की पूजा परंपराओं को ब्राह्मण धर्म में शामिल किया। शैवपंथी शिक्षक अप्पेर, सुंदर, तीरुजनसंबंधर अपने थेवरम श्लोकों में बौध्दों का उल्लेख बोधीयार यानि बोधी वृक्ष की पूजा करने वालों के तौर पर करते है। वृक्षों की पूजा करने की परंपरा दक्षिण भारत के हिन्दूओं में आज भी है। वे इस बात को नही जानते कि इस पूजा का संबंध उनके बौध्द पुरखों से है।

गुप्त साम्राज्य में अल्पसंख्यक ब्राह्मणों को ताकतवर बनाया गया !

गुप्त साम्राज्य के काल में {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को बडे बडे सरकारी पद देने, जमीनें दान में देने, करों से मुक्त रखने इ. काम सरकारी स्तरों पर किये गए। गुप्त साम्राज्य में ब्राह्मणों को जमीन दान देने के काम को संपन्न करना दुताका (Dutakas) का काम था। गुप्त साम्राज्य में {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों की वसाहतों को ब्रहमादिया (brahmadiyas), अग्रहार (agraharas) इ. नामों से जाना जाता था। उन्हे दी गई जमीन कर मुक्त थी। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को ही वसाहतों के किसानों से टॅक्स वसूलने के लिये अधिकृत किया गया था। इसलिये टॅक्स राजा की बजाय {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को मिलता था। सरकारी प्रतिनिधि इन गांवों में प्रवेश नही कर सकते थे।

मध्य प्रदेश में किसानों की जगह ब्राह्मण जमींदार कायम हुए। एक ही व्यक्ति के हाथों में कई कार्यालय दिये गए तथा इनके पद अनुवांशिक बन गए। राजा को यह हक था कि वे किसानों से जबरन काम कराये। इसलिये किसानों का आर्थिक और सामाजिक स्तर बहुत ही नीचे आ गया। किसानों की उपज पर लगाया गया टॅक्स 25 फीसदी से 17 फीसदी तक था। भारी तादाद में {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को जमीनों का दान दिया गया था इसलिये सरकारी खर्च पूरा करने के लिये किसानों पर तथा अन्य उत्पादक समूहों पर नये नये करों का बोझ डाला गया। (http://theguptaage.blogspot.in/The Gupta Age November 2009.htm) अथर्व वेद (5:17:8-9) के मुताबिक {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण किसी भी वर्ण के व्यक्ति की बिवी को उसका हाथ पकड कर ले जाने का अधिकार रखता है।(Vedas and Upanishads http://www.san.beck.org/index.html)

ब्राह्मणों की रक्षक जातियों को,
अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों ने क्षत्रिय वर्ण प्रदान किया !

दक्षिण भारत में लोगों को शुध्द बनाने तथा क्षत्रिय का दर्जा देने की प्रथा को हिरण्यगर्भसमहादान (Hiranya-garbhsmahadana) तथा क्षत्रिय करार दिये गए राजा को 'हिरण्यगर्भप्रसुता' (Hiranya-garbha-prasuta) कहा जाता था। इस विधि में सोने का अंडा ब्राह्मण पूजारियों को दिया जाता था।(D. C. Sircar, 'The Classical Age', HCIP vol. III, p. 225) इस तरह से क्षत्रिय बनाये गए राजाओं में 1) चेझार्ला (Chezarla) से संबंधित आनंद गोत्र, 2) श्रीसैला (Srisaila) से संबंधित विष्णुकुंडीन 3) चालुक्य, 4) पांडया, 5) राष्ट्रकुट (Rashtrakutas) इ. का समावेश है। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण खास महत्वपूर्ण लोगों को ही राजपूतों के तौर पर शामिल करते थे। बाकी समुहों को मामुली जातियों का दर्जा देते थे।(http://histhink.wordpress.com/Adivasis Were Buddhist Naagas K. Jamanadas _ HISTHINK!.htm) जिन विदेशी समुदायों का व्यवसाय युध्द करना था

{अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने अपने हक में इस्तेमाल कर उन्हे राजपूत क्षत्रिय करार दिया। जो जाति-समुदाय कम लडाकु थे उन्हे {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने कम सामाजिक दर्जा दिया। इन जातियों में गुर्जर, जाट इ. जातियों का समावेश होता है। राजपूत समुदाय जैसे कि चौहान, परिहार, पवार (परमार), सोलंकी (चालुक्य) मुख्यतः विदेशी सिथीयन है। कई मूलनिवासी समुदायों को ब्राह्मणों ने क्षत्रियों का ओहदा दिया। दक्षिण के राष्ट्रकुट, राजपुताना के राठोर, बुंदेलखंड के चंदेल वे मूलनिवासी समुदाय है जिन्हे ब्राह्मणों ने राजपूत क्षत्रिय का दर्जा दिया।

मनुस्मृति के एक अध्याय के मुताबिक कई भारतीय जनजातियां जैसे कि पुन्ड्रक (Pundrakas), द्रविड, यवन, शक तथा पहलव मूलतः क्षत्रिय थे लेकिन ब्राह्मणों को खुद से दूर करने की वजह से तथा धार्मिक कर्मकांड करना बंद करने की वजह से शुद्र बन गये है। शक, यवन, कम्बोज शुद्र बन गए क्योंकि वे {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के कहने के मुताबिक नही चल सके। इससे स्पष्ट है कि जो भी {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के कर्मकांडों से बाहर है वह समुदाय {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों व्दारा शुद्र करार दिया गया है।(http://www.ebooksread.com/Read the ebook A peep into the early history of India from the foundation of the Maurya Dynasty to the downfall of the imperial Gupta Dynasty %3b 322 B.C.-circa 500 A.D. by Ramkrishna Gopal Bhandarkar.htm)

बौध्दों को शह देने गाय-भक्षी वेदिक ब्राह्मण शाकाहारी बनें !

[Information on this chapter is synthesized from the following Sources : http://rupeenews.com//Why Buddhism thrived in Asia but died in India _ Rupee News.htm; http://sunnitigers.blogspot.in/HINDUISM COW EATING.htm; http://www.dawahdesk.com/EATING MEAT ACCORDING TO HINDU SCRIPTURES2.htm; http://creative.sulekha.com/I AM A HINDU AND A BEEF-EATER TOO!!!! _ Sulekha Creative.htm; http://en.wikipedia.org/History of Brahmin diet - Wikipedia, the free encyclopedia.htm; http://www.milligazette.com/Rigveda, Manusmiriti sanction beef-eating, The Milli Gazette, Vol.3 No.16, MG62 (16-31 Aug 02).htm; http://truthabouthinduism.wordpress.com/Meat Consumption in Hinduism « TruthOfHinduism.com.htm; http://www.topix.com/WEIRDEST HINDUISM LORD INDRA LOVE FOR DOG-EATING - Topix.htm; http://www.dawahdesk.com/MORE EVIDENCES FROM HINDU SCRIPTURES AND SCHOLARS FOR PERMISSIBILITY OF EATING BEEF.htm; http://truthabouthinduism.wordpress.com/Meat Consumption in Hinduism « TruthOfHinduism.com.htm]

{अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने जैन धर्म के अहिंसा सिधान्त को हिन्दू धर्म में शामिल किया। बौध्द भिक्षुओं से खुद को श्रेष्ठ दिखाने के लिए {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मण शाकाहारी बनकर गाय की गोमाता कहकर पूजा करने लगे। ब्राह्मणों ने गाय को माता का दर्जा दे दिया। सन् 400 ईसवी में गाय की हत्या को मृत्यु दंड का अपराध बनाया गया।

वेदिक ब्राह्मणों में गोमांस भक्षण का प्रचलन !

ब्राह्मणवादी विवेकानंद का आत्मचरित्र लिखने वाले स्वामी निखिलानंद के मुताबिक

विवेकानंद ने रूढीवादी ब्राह्मणों से बडे उत्साह से कहा कि वेदिक काल में ब्राह्मणों व्दारा गोमांस भक्षण करने का सामान्य प्रचलन था ... सिर्फ पांच ब्राह्मण मिलकर सारी गाय खा जाते थे। (For reference see 'Vivekanand: A Biography', page 96.) पृष्ठ क्रमांक 174 पर स्वामी लिखते है कि भारत में एक समय ऐसा था कि ब्राह्मणों को तबतक ब्राह्मण नही माना जाता था जबतक वह गोमांस का भक्षण न कर ले।

वेदिक साहित्य के स्कॉलर पांडूरंग वामन काणे के मुताबिक 'बजसांक्ययी (Bajsancyi) संहिता गोमांस को उसकी शुध्दता की वजह से धार्मिक अनुमति प्रदान करती है। (Dharmashastra Vichar Marathi, page 180) भारतीय विद्या भवन, मुंबई व्दारा प्रकाशित किताब ''The History and Culture of the Indian People'' का संपादन इतिहासकार आर. सी. मजुमदार (Vol.2, page 578) ने किया है। उनके मुताबिक 'महाभारत के राजा रतीदेव यज्ञ में दो हजार गायों के अलावा दो हजार अन्य जानवरों की बलि रोज देते थे ताकि उनके मांस को ब्राह्मणों में दान किया जा सके। अपनी किताब 'Cow Slaughter – Horns of a Dilemma' के पेज क्रमांक 18 पर मुकुंदीलाल लिखते है कि 'प्राचीन भारत में कुछ त्योहारों पर मांस के लिये गायों की हत्या करना पवित्र कार्य माना जाता था। बलिवेदी के पास लाल बैल के पास बैठना वर-वधु की परंपरा थी।

मनुस्मृति (5:32) के मुताबिक जानवरों का माँस किसी भी समय खाया जा सकता है लेकिन उसका कुछ हिस्सा देवता के नाम पर, या जजमान के पुरखों की आत्मा के नाम पर, या मेहमान के नाम पर चढाना जरुरी है। मनुस्मूति के अध्याय 5 श्लोक 35 में कहा गया है कि 'अगर कोई यज्ञ के कर्मकांडों में विधिवत शामिल है लेकिन वह मांस का सेवन नही करता है तो मरने के बाद वह अगले 21 जन्मों तक बलि का जानवर बनकर बलि चढाया जाता रहेगा।' वशिष्ठ धर्मसुत्र (11/34) में लिखा गया है कि 'अगर कोई ब्राह्मण श्राध्द के समारोह में अथवा पूजा में परोसा गया मांस खाने से मना करता है तो वह नर्क में जाता है। विष्णु धर्मोत्तर पुराण किताब 1 अध्याय 140 श्लोक 49 व 50 में कहा गया है कि जो श्राध्द समारोह में परोसा गया मांस खाने से इनकार करते है वे सिधे नर्क में जाते है। मनुस्मृति अध्याय 5 श्लोक 39 व 40 में कहा गया है कि 'ईश्वर ने खुद ही बलि के लिये जानवर तैयार किये है .. इसलिये बलि विधि में जानवरों की हत्या करना हत्या नही है।' मनुस्मृति भी यज्ञ में जानवरों की बलि चढाने को सर्वोच्च मानती है। इस बात का उल्लेख अध्याय 5 तथा श्लोक 42 में किया गया है। मनुस्मृति के मुताबिक कोई व्दीज जो वेदों के सही अर्थ को समझते है और जानवरों की बलि चढाते है वह खुद को तथा जानवरों को उच्च स्तर के अस्तित्व तक पहुंचाते है।

ब्रहदारण्यक उपनिषद (VI.4.18) में पति-पत्नि को सलाह दी गई है कि वेदों में दक्ष विव्दान बेटा चाहते है तो रोज शाम को अपने भोजन में गोमांस या बछडे के मांस के पुलाव का सेवन करे और गाय और बैल की तरह आपस में लैंगिक संबंध कायम करे।(Robert Trumbull, As I see India, London, 1957, p.241) चरक संहिता के उपचार अध्याय (pages 86-87) में विभिन्न बीमारियों में गोमांस खाने को कहा गया है। अनियमित बुखार तथा शारीरिक कमजोरियों के उपचार के लिये गोमांस तथा जोडों के दर्द के उपचार के लिये गाय की चर्बी खाने को कहा गया है।(http://www.hindugrouponnet.com/The Hindu Beef eating strangulating history.htm) चरक सुश्रुता में चरक गर्भवति महिला को भ्रुण ताकतवर बनाने के लिये गोमांस खाने की सलाह देता है। कोई चाहता है कि उसका होने वाला बच्चा महान वक्ता, वेदों का बडा विव्दान हो, और उसकी आयू 100 साल की हो तो उस पति-पत्नि ने सांड या बैल के मांस को घी में मिलाकर चावल

के साथ खाना चाहिये। वेदिक काल में गाय तथा सुवर का मांस आर्यो के भोजन का सामान्य हिस्सा था वर्ना चरक गोमांस खाने की सलाह कभी नही देता।

शंकराचार्य ने ब्रहदरण्यकोपनिषद पर अपने भाष्य (6/4/18) में लिखा है कि ओदन (चावल) मांस के साथ मिलाने पर मांसोदन (Mansodan) कहलाता है। जब शंकराचार्य से पूछा गया कि कौनसा मांस तो उसने जवाब दिया कि 'उकषा' (Uksha) यानि बैल का मांस जो वीर्य पैदा करने की क्षमता रखता है।

सतपथ ब्राह्मणा (11:7:1:3; cf. 12:8:3:12) के मुताबिक मांस वास्तव में उत्कृष्ट भोजन है। तैतरिया ब्राह्मणा में स्पष्ट रुप से कहा गया है कि 'वास्तव में गाय भोजन है' (atho annam via gauh)। यज्नवालक्या के मुताबिक गाय का नर्म मुलायम मांस खाना चाहिये। ऐसे वाकये बताये गए है कि जहां 500 बैल, 500 जवान पुरुष बछडे, 500 स्त्रीलिंगी बछडे, 500 बकरियां बली चढाने के लिये खंबों से बांधी गयी थी। दिघ्घ निकाय के मुताबिक जब बुध्द मगध में प्रवास कर रहे थे तो उन्होने देखा कि कुटडंटा (Kutadanta) नामक ब्राह्मण 700 बैलों, 700 बकरों तथा 700 भेडों को बलि चढाने ले जा रहा था।

मृतक व्यक्ति के समारोह में (AV, XII.2, 48) मृतक के नाम पर ब्राह्मणों को गाय अथवा बैल का मांस खिलाना परंपरा थी। इसका वर्णन है कि पुरखों के नाम पर किस जानवर के मांस की बलि देने पर पुरखों की आत्मा को कितनी मात्रा में कितनी अवध ी तक संतुष्ठी प्राप्त होगी। गाय के मांस से उन्हे एक साल तक संतुष्ठी प्राप्त होगी। महाभारत के शांतिपर्व (29/179) के मुताबिक श्राध्द में गाय की बलि चढाने से पुरखे कम से कम एक साल के लिये संतुष्ठ रहते है। महाभारत के अनुशासन पर्व अध्याय 88 (मूतक के समारोह) के मुताबिक आपके पुरखे हमेशा के लिये संतुष्ठ रहे इसके लिये उनके नाम पर लाल बकरे का मांस खिलाना चाहिये। धर्मशास्त्रों के मुताबिक बलि चढाई जाने वाली गाय साबुत होनी चाहिये। कोई कान कटा या आंख फुटी हुई नही होनी चाहिये। सिंग भी पूरे साबुत होने चाहिये। ऐसी गाय की बलि देने पर गोमेध यज्ञ करने वाला जजमान स्वर्ग को जाता है और यज्ञ की गाय गोलोक को जाती है। गवमायाना नामक बलि को ब्राह्मण अंजाम देते थे। मांस को समारोहपूर्वक खाया जाता था। कई श्रोतासुत्रों (rautasutras) में गृहमेध (grhamedha) की चर्चा की गई है जिसमें मनमानी तादाद में गायों को काटकर खाया जाता था। पुरातत्वीय सबुत जानवरों को काटे जाने का समर्थन करते है।

रामायण के उत्तर-रामचरित जो कि आखरी अध्याय है में सात (सप्तर्षि) में से दो प्रमुख ऋषियों व्दारा गाय का मांस खाने का उल्लेख है। वाल्मिकी अपने मेहमानों को चविष्ट भोजन खिलाते थे जिनमें गोमांस मुख्य पदार्थ होता था। उनके मेहमानों में वशिष्ठ, विश्वामित्र, जमदग्नी तथा जनक थे। 'महावीर चरित में हम पढते है कि वसीष्ठ क्रोधित जमदग्नी को यह कहकर शांत कर रहे है कि बछडा काटा जा रहा है और उत्कृष्ट घी के साथ खाना पकाया जा रहा है। आईये और समारोह में अपनी उपस्थिति से हम सबको अनुग्रहित करें। ऋग्वेद (10.85.13) के मुताबिक माध के दिनों में सांडों को काटा जाता है, अर्जुरी (Arjuris) में वे लडकियों की शादी करते है। सतपथ ब्राह्मणा (3/1/2/21) में यज्नवालक्या कहते है कि मै गोमांस का भक्षण करता हुं क्योंकि वह बहुत ही नर्म-मुलायम और स्वादिष्ट है। अपस्तंब गृहसुत्रम (1/3/10) के मुताबिक मेहमान आने पर, पूरखों के श्राध्द पर, तथा विवाह के अवसर पर गाय काटनी चाहिये। ऋग्वेद (10/85/13) में घोषित किया गया है कि लडकी के विवाह पर बैल और गायों को काटना चाहिये।

ऋग्वेद (6/17/1) के मुताबिक गाय, बछडे, घोडे तथा भैस के मांस को इंद्र खाता था। ऋग्वेद की दसवी किताब (Hymn 28 verse 3) के मुताबिक 'ओ इंद्र वे तुम्हारे लिये सांड का मांस सजाते है। ऋग्वेद (4/18/13) के मुताबिक इंद्र यह बताता है कि जब उसकी हालत बहुत खराब थी तब उसने कुत्ते की अतडियां पकाकर खाई। ऋग्वेद (RV, V.29.7ab; VI.17.11b; VIII.12.8ab X.27.2c; X. 28. 3c;X.86.14ab) के मुताबिक इंद्र को सांड का मांस सबसे ज्यादा प्रिय था। ऋग्वेद (5.29.8) के मुताबिक जब इंद्र ने तीन सौ भैसों का मांस खाया, और सोमरस के तिन तालाब पी लिये और ड्रेगन का वध किया। सभी देवताओं ने इंद्र की प्रसंशा में जयघोष किया।

(इन्द्र की उक्ति) - मेरे लिये इन्द्राणी के व्दारा प्रेषित याज्ञिक लोग पंद्रह-बीस सांड वा बैल पकाते है। उन्हे खाकर मै मोटा होता हुं। मेरी दोनों कुक्षिओं को याज्ञिक लोग सोम से भरते है। इन्द्र सर्वश्रेष्ठ है। (हिन्दी ऋगवेद पंडित रामगोविन्द त्रिवेदी, p. 1499) ऋग्वेद (10.86.13) के मुताबिक इंद्र तुम्हारे सारे बैल खा जाएगा ... ऋग्वेद (8.43.11) के मुताबिक अग्नी को गाय और बैल के मांस पर पला हुआ बताया गया है जो यह संकेत है कि बलि दिये जानवरों को आग पर भूना जाता था। ऋग्वेद (10.16.7) में मृतक की लाश को जलाने से पहले गाय के मांस से ढंका जाता था। तैतरेय ब्राह्मणा (II.1.11.1) तथा पंचविंश ब्राह्मणा (XXXI.14.5) के मुताबिक अगस्त्य (Agastya) ऋषि ने सौ बैलों की बलि चढाई। सतपथ ब्राह्मणा (III.1.2.21) में यज्नवालक्या जोर देकर कहता है कि गाय भले ही सबके लिये उपयोगी है, हमने गाय के मांस का भक्षण करना चाहिये अगर वह स्वादिष्ठ है। सतपथ ब्राह्मणा (IV.5-2.1) में बिना बछडे वाली गाय को मांस भक्षण के लिये काटा जा सकता है। सतपथ ब्राह्मणा (II.4.2) में सुझाव दिया गया है कि मोटे सांड या बकरे को महत्वपूर्ण मेहमान के स्वागत में काटा जाना चाहिये। इसलिये मेहमान को गोघना (goghna) यानि जिसके लिये गाय काटी जाति है ऐसा व्यक्ति कहा गया है। ऋग्वेद (10.27.2) के मुताबिक जब मै अपने मित्रों को ईश्वरहीन लडाकु लोगों के खिलाफ युध्द में उतारता हुं, उन्हे बलवर्धक बैल का मांस खिलाता हुं और 15 गुना तेज सोमरस पिलाता हुं। महाभारत के शांति पर्व अध्याय 29 के मुताबिक जब रतिदेव के महल में मेहमान ठहरते थे बीस हजार एक सौ गायों को काटा जाता था। दूसरी जगह (III.208.8-9) कहा गया कि राजा रतिदेव के रसोईघर में दो हजार गायों को रोज काटा जाता था तथा उनके मांस को अनाज के साथ ब्राह्मणों में बांटा जाता था।

खोर्डा अवेस्टा (Khorda Avesta 8.16.58) के मुताबिक अहुर मझदा जवाब देते है कि आर्य राष्ट्र ने उनके लिये जानवर का सिर पकाना चाहिये फिर वह जानवर चाहे जिस रंग का हो लेकिन उसका रंग एक समान होना चाहिये। अथर्व वेद (6.71.1) के मुताबिक मै घोडे, बकरों, बैल इ. का मांस खाता हुं ... शुक्ल यर्जुवेद (2.5.5) के मुताबिक पुनम की रात को देवताओं के लिये सोमरस निकाला जाता है और मित्रा तथा वरुण देवता के लिये गाय काटी जाती है। ऋग्वेद (10.91.14-15) अग्नी में घोडे, बैल, सांड, बिना बछडे की गायें, तथा भेडें चढाई जाती है। अथर्व वेद (9.4.18) के मुताबिक सभी देवता उस ब्राह्मण का स्तर बढाते है जो उन्हे सांड की बलि चढाता है। ऋग्वेद (X.14-18) के मुताबिक मूर्दे पर गाय की मोटी चर्बी ओढी जाती थी। अथर्ववेद के मुताबिक (AV, XII.2, 48) मूर्दे के साथ एक बैल को भी जलाया जाता था ताकि वह उसपर चढकर अपना अगला सफर तय कर सके।

गुजरात के चंदूपंडित (late 13th century), तथा आंध्र-प्रदेश तेलंगाना के नरहरी (14th century) व मल्लीनाथ (14th-15th century) जो विद्यानगर के राजा देवराय व्दीतीय से

संबंधित थे ने स्पष्ट रुप से लिखा है कि गायों को धार्मिक विधि में काटकर उसका मांस खाया जाता था। अट्ठरहवी शताब्दी में तंजोर राज्य के मंत्री घनस्याम (Ghanasyama) लिखते है कि मेहमानों के लिये गाय का काटना मेहमान का सम्मान माना जाता था और यह पूरातन नियम था। मेधातिथी (Medhatithi, 9th century) जो शायद एक कश्मीरी ब्राह्मण था के मुताबिक शासक के या किसी सम्माननीय व्यक्ति के सम्मान में एक सांड या बैल को काटा जाना चाहिये। धार्मिक समारोह में गाय का मांस परोसना चाहिये।(http://www.dawahdesk.com/MORE EVIDENCES FROM HINDU SCRIPTURES AND SCHOLARS FOR PERMISSIBILITY OF EATING BEEF.htm) दक्षिण भारत के ब्राह्मण सुत्र काल में उत्तरी भारत के ब्राह्मणों की तरह ही मांस भक्षण करते थे। प्राचीन तामिलनाडू के कपिलार नामक ब्राह्मण कवि (Purananuru, poems 113,119) के मुताबिक मेरे हाथ नर्म और मुलायम है क्योंकि वे चावल और मसाले के साथ (tamarind) पकाये हुए मांस को खाने के अलावा और कोई काम नही जानते।

पितामह ज्योतिराव फुले मुताबिक ब्राह्मण गाय, बैल इ.जानवरों के मुंह में कपडा ठूंस देते थे ताकि वे चिल्ला न सके, फिर उनकी गर्दन पर घुंसे मार कर उनकी जान ली जाती थी। {शायद आर्य-ब्राह्मण इसलिये ऐसा करते थे ताकि जानवरों का रक्त यानि सत्व व्यर्थ ही न बह जाये।(ज्योतिराव फुले, महात्मा फुले समग्र वांग्मय, पांचवी आवृत्ति 1991, महाराष्ट्र राज्य साहित्य और संस्कृति मंडल, मुंबई -32; P. 488) ब्राह्मण सर्वजीव-यज्ञ में इन्सानों से लेकर सभी जानवरों की बलि चढाकर उनका मांस खाते थे। इसलिये घोषित हिन्दुराष्ट्र नेपाल के आर्य ब्राह्मणवादी आज भी गाय को बडी शान से बलि चढाते है।

काठमांडू की काली माता के मंदिर में मनोकामना पूरी करने के लिये लोग गाय को काली माता के सामने बलि चढाते है। मुंबई से निकलने वाले ''बिज'' नामक गुजराती मासिक के अनुसार काठमांडू से दक्षिण में दक्षिण काली माता के मंदिर में पहले तो गाय की पूजा की जाती है, उसके बाद गाय के मूँह पर पानी के छींटे मारे जाते है। अगर गाय ने मुँह हिला दिया तो प्रसाद के लिये मंजूरी का हुक्म समझा जाता है और गाय की बलि चढाई जाती है। गाय ने अगर मुँह नही हिलाया तो तबतक पानी के छींटे मारे जाते है जबतक गाय अपनी मुंडी न हिला दे। गाय के मुंडी हिलाते ही मूर्ति के सामने गाय को ले जाकर तेज धार वाले छूरे से गाय की गर्दन पर पूजारी जोरदार वार इस तरह से करता है कि खून का फव्वारा काली माता की मूर्ति के चरणों में गिरे। यह करने के बाद तडपती हुई गाय का खून अन्य मूर्तियों पर भी चढाया जाता है। गर्दन को पूजारी खुद ले जाता है। यदि बलि चढाने वाला गाय की गर्दन लेना चाहे तो उसे उसके पैसे अदा करने पडते है। गाय का पूरा शरीर मंदिर के पिछे बहने वाली नदी में साफ किया जाता है। (देखिये मान॰ अब्दूल करीम पारेख)

मांस-भक्षण संबंधी ब्राह्मण-धर्म के नियम !

अथर्व वेद (9.4.37-39) के मुताबिक गाय के सबसे रुचकर पदार्थ मांस, दूध इ. को मेहमान के पहले नही खाना चाहिये। मेहमान जो अक्सर विव्दान ब्राह्मण होता है उसके खाना खाने के बाद ही मेजबान ने खाना खाना चाहिये। ऋग्वेद के अैतरेय ब्राह्मणा में बलि चढाये गए जानवर के शरीर के कौनसे हिस्से किसे कितने मिलेंगे इससे संबंधित नियम विस्तार से समझाये गये है। जीभ के साथ दो जबडे की हड्डियां प्रस्तोतर

(Prastotar) को दी जाये, गरुड के आकार वाला सीने का हिस्सा उदगातार (Udgatar) को दिया जाये, गर्दन का हिस्सा प्रतिहर्तार (Pratihartar) को दिया जाये। बलि आयोजन करने वाले जजमान क्षत्रिय को बलि दिये गए जानवर के मांस इ. भोजन को खाने की इजाजत नही है क्योंकि उसके नाम पर ब्राह्मण उस जानवर का मांस खाते है। (http://en.wikipedia.org/History of Brahmin diet - Wikipedia, the free encyclopedia.htm)

वेदिक आर्यो में इन्सानों की बलि चढाने की प्रथा !

यजुर्वेद (VS 30–31) में न सिर्फ अश्वमेध यानि आर्यो व्दारा घोडे की बलि का वर्णन है बल्कि पुरुषमेध यानि आर्यो व्दारा इन्सानों की बलि चढाये जाने का भी उल्लेख है। हर तरह के इन्सानों को खंबे से बांधकर प्रजापति को उसकी बलि चढाई जाती थी।

आर्यो में नरमेध यज्ञ की परंपरा थी। नरमेध यज्ञ का विस्तृत वर्णन यर्जुवेद संहिता, यर्जु वेद बाह्मणा, सांख्यना, और वैतन सुत्रों में पढा जा सकता है। नरमेध यज्ञ अत्यंत महंगा यज्ञ माना जाता था क्योंकि बलि के लिए एक आदमी की कीमत उस वक्त एक हजार गायों के बराबर थी।(Dr,B.R. Ambedkar , Vol. 4 , P. 294, vol. 3, P. 174-175) वेदों के मुताबिक बलि के लिये {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों को छोडकर किसी भी जाति के लोगों की बलि चढाई जा सकती है।(http://www.danielpipes.org/explain that i have seen that video Reader comments at Daniel Pipes.htm)''काली की पूजा में नरबलि दी जाती थी। {अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों ने घोषित किया कि काली सिर्फ {बहुसंख्यक} शुद्रों की बलि स्वीकार करती है। इसतरह मूलनिवासी शुद्रों को बलि चढाना शुरु किया।'' (Will Durant, p. 520)

हिन्दूओं के कुछ खास मंदिरों में इन्सानों की बलि चढाना आज भी जारी है। युनायटेड प्रेस ट्रस्ट ऑफ इंडिया की खबर के मुताबिक पिछले तिन सालों में 2,500 नौजवान लडके तथा लडकियों की बलि काली को चढाई जा चुकी है। दूसरी एक रिपोर्ट (AFP's recent reports) के मुताबिक काली के आगे हर माह जवान लडके तथा लडकियों की बलि चढाई जाती है। रामसेवक नाम के व्यक्ति ने दिल्ली में अपने आठ साल के बेटे को काली को दिन-दहाडे बलि चढा दिया क्योंकि उसके मुताबिक काली ने उसे कहा था कि ऐसा करने पर उसका बेटा दोबारा जिंदा हो जायेगा और उसे भारी धनलाभ भी होगा। दिल्ली के कालीबारी के पूजारी के मुताबिक काली माता को बच्चे की बलि चढाने से उसे बेटा ही पैदा होता है। इसलिये कई लोग बेटा पाने की चाहत में किसी बच्चे की बलि चढाते है। देवताओं को प्रसन्न कर अपनी कामना पूरी करने के लिये भी लोग इन्सानों की बलि देवता पर चढाते है। बिहार के पुलिस प्रमुख जे. सहाय के मुताबिक हमने हर कोशिश कर ली कि इन्सानों की बलि चढाना बंद हो जाये लेकिन हम इसमें नाकामयाब रहे है। तब कोई क्या कर सकता है जब पूरा गांव मां-बाप की मर्जी से उसके बेटे की बलि चढाने पर राजी है ? बिहार के वकील उर्नकांत चतुर्वेदी के मुताबिक इन्सानों की बलि चढाना हत्या है। लेकिन हत्यारा पकडा नही जाता क्योंकि वह स्थानीय पूजारी होता है। स्थानीय पुलिस कोई कार्रवाई नही करती क्योंकि उन्हे देवि-देवता के कुपित होने का भय होता है।

केरल राज्य के सिध्दार्थ और रवि नाम के दो भाईयों ने अपनी 21 साल की बहन शोभा को पास के मंदिर में स्नान कर प्रार्थना करने के लिये कहा। इसके बाद उन्होने मंत्रोच्चारण करते हुए तलवार और लोहे की सलाख से उसकी बलि चढा दी।

` उसके रोने, चीखने-चील्लाने का उनपर कोई असर नही हुआ। बाद में उन्होने उसके टूकडे टूकडे कर दिये और उन्हे जला दिया। उन्होने यह सब गडा खजाना हासिल करने के लिये किया था। इसके पहले उन्होने दूसरी लडकी हासिल करने की कोशिश की थी लेकिन इसमें नाकाम रहने पर अपनी ही बहन की उन्होने बलि चढा दी।(http://www.danielpipes.org/explain that i have seen that video Reader comments at Daniel Pipes.htm)

अल्पसंख्यक ब्राह्मणों के संघ-परिवार व्दारा,
गोभक्षण की सच्चाई को नकारने की कोशिशें !

अतिशी मार्लेना के लेख 'The Politics of Hindutva and the NCERT Textbooks' के मुताबिक कक्षा 11 वी की आर. एस. शर्मा व्दारा लिखी किताब में तथा रोमिला थापर व्दारा लिखी 6 वी कक्षा की किताब में वेदिक काल में गोमांस भक्षण की प्रथा संबंधी हिस्सों को {बिजेपी सरकार के काल में} हटा दिया गया है। जबकि इस सच्चाई को साबित करने के हस्तिनापूर सहीत कई क्षेत्रों के उत्खनन से प्राप्त ढेर सारे पुरातत्वीय सबुत उपलब्ध है कि पहले गोमांस भक्षण किया जाता था। इस सच्चाई को किताबों से हटाकर यह जताया जा रहा है कि पूरातन काल से भारत में शाकाहार चला आ रहा है कोई भी गाय इ. का मांस नही खाता था।(http://www.revolutionarydemocracy.org/The Politics of Hindutva and the NCERT Textbooks.htm) मुसलमान और इसाई गोमांस भक्षण करते है यह दर्शाकर उनके खिलाफ नफरत फैलाने की संघपरिवार की मंशा है।

{अल्पसंख्यंक} ब्राह्मणों के धर्मग्रंथों में वेदिक ब्राह्मणों व्दारा गोमांस भक्षण करने के बेशुमार उदाहरण होने के बावजूद यह तर्क दिया जा रहा है कि गाय पवित्र मानी जाती है इसलिये उसकी हत्या नही की जाती थी। अथर्ववेद में उसे अघन्या (aghnya) कहा गया है। सच्चाई यह है कि सिर्फ ब्राह्मण को दक्षिणा के रुप में मिली हुई गाय को दूसरा कोई बलि नही चढा सकता था। वह ब्राह्मण चाहे तो अपनी गाय की खुद बलि चढा सकता है या उसे मारकर खा सकता है। दूसरा कोई उसकी गाय के साथ ऐसा नही कर सकता। बी वाकर (B.Walker) के मुताबिक दूध देने वाली गाय की बलि के खिलाफ प्रतिबंध है, अन्य गायों तथा बैलों को काटने पर कोई प्रतिबंध नही है। वेदिक आर्य गोमांस का बडे पैमाने पर भक्षण करते थे। कई संशोधकों का मानना है कि गाय को गोमाता करार देने का काम मुख्य रुप से मुस्लिम आक्रमण के बाद ही किया गया ताकि मुस्लिमों के खिलाफ नफरत पैदा की जा सके।(THE MYTHS OF HINDUTVA Dr. J. Kuruvachira)

संत कबीर के मुताबिक ब्राह्मण दक्ष कसाई है। वे बकरे की हत्या करते है और हत्या करने के लिये भैस के पीछे दौडते है। उनके मन में दया, करुणा के लिये कोई जगह नही है। नहा-धोकर, माथे पर तिलक लगाकर वे देवी के आगे तरह तरह के कर्मकांड करते है। वे जीव की तुरंत हत्या कर खून की नदी बहा देते है। इनको अगर ब्राह्मण कहे तो कसाई किसे कहेंगे ?(The Bijak of Kabir, by the Rev. Ahmad Shah, published by the author at Hamirpur in 1917) संतों पांडे निपुण कसाई। बकरा मारी भैसा पर ध ावै, दिल में दर्द न आई।। करी अस्नान तिलक दै बैठे, विधि से देवी पुजाई। आतम मारि पलक में बिनसे, रुधिर की नदी बहाई।। धर्म करै तह जीव बधत है, अकरम करे मोरे भाई। जो तोहरा को ब्राह्मण कहिये, तो काको कहिये कसाई।। (कबीर साहब का बीजक, प्रकाशक बेलवेडियर प्रेस प्रयाग। पहला एडिशन, 1926, p.56)

संत कबीर कहते है ''अश्वमेध, गोमेध, नरमेध यज्ञ अश्वमेध यज्ञ कहे कबीरा अधर्म बताये वेद।'' (संघर्षासाठी मूलनिवासी भारत, 16 जूलाई 2006)

अल्पसंख्यंक ब्राह्मणों के संघ-परिवार व्दारा गो-वध
के नाम पर मुस्लिम इसाईयों के खिलाफ नफरत का प्रचार !

इस देश की जितनी गाएं–भैसे मुसलमानों तथा इसाईयों ने मार कर नही खाई है उससे ज्यादा गायों को प्राचीन ब्राह्मणों ने मार कर खाया है। ब्राह्मण–धर्मग्रंथों के मुताबिक गायों के बँटवारे को लेकर गाय–भैसों की चमडी पर मिल्कियत को लेकर ब्राह्मणों ने आपस में हमेशा युध्द किये है। ब्राह्मणों के देवताओं को प्रसन्न रखने के लिये जो पशु हत्या नही करते थे उन्हे ब्राह्मण–धर्म का अनुयायी नही माना जाता था। (Dr. Ambedkar : Writing and Speeches Vol. 18-III, p.474) गाय के असली हत्यारे खुद ब्राह्मणवादी है जबकि दोष मूलनिवासी मुस्लिमों पर मढा जाता रहा है।

सरकारी आंकडों के अनुसार देशभर में चलाये जा रहे कत्तलखानों से गोमांस की विदेशों में भारी मांग के मद्देनजर इसका भारी मात्रा में निर्यात करके केन्द्र की बीजेपी सरकार भारी आय कमाती रही है। देश भर में बडी-बडी पूंजी से अत्याधुनिक कत्लखाने और गोमांस से तरह तरह की खाद्य-सामग्री तैयार करने के उद्योगों को भी प्रोत्साहन मिलता चला गया। (लोकमत समाचार, 13 अगस्त 2003) पूरे भारत में 3600 कानूनी मान्यता प्राप्त कत्लखानें है। इन कत्लखानों के अलावा कानूनी मान्यता के बगैर चलने वाले कत्लखानों की संख्या 32,000 है। कार्यालयीन आंकडों के अनुसार किये जाने वाले मांस के निर्यात का 80% गाय का तथा बाकी का भैंस का मांस होता है। अधिकांश राज्यों में गोहत्या पर पाबंदी है इसलिये अधिकांश कत्तलखाने केरल तथा पश्चिम बंगाल में है जहां गोहत्या पर पाबंदी नही है।(Frontline, 12 september 2003)

सन 73-74 में मांस का विदेशों में निर्यात 2000 टन था, जबकि सन् 80-81 में यह 80,000 टन पर पहुंच गया। महाराष्ट्र में बॅबकाक विलकॉक एन्ड कंपनी (Babcock Willcock &Co.) के सरकारी परमिट से चलने वाले मशिनी कत्तलखाने में रोज दो हजार बडे जानवर मशिनों से काटकर उनका मांस विदेशों में निर्यात किया जाता है। बंबई देवनार का कत्लखाना विश्व का दूसरे नंबर का तथा एशिया का पहले नंबर का कत्लखाना है। इसमें रोजाना 10,000 जानवरों को काटने की क्षमता है। सन् 1979 में केरल के मुख्यमंत्री ने जानकारी दी थी कि इस साल केरल में चौदह लाख गायें काटी गई। स्टेट ट्रेडींग कार्पोरेशन के चेअरमन श्री बी.के दास गुप्ता ने गोश्त निर्यात करने वाले व्यापारियों की मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि दुनियाँ में सबसे ज्यादा पशुधन भारत में है लेकिन इस हिसाब से मांस निर्यात नही किया जाता, इसलिये मांस निर्यात बढाने की ओर ध्यान देना चाहिये। इधर भारत सरकार ने नये और आधुनिक कत्लखाने और प्लांट स्थापित करने की योजना बनाई है। (अब्दूल करिम पारेख)

मान॰ इंदरसिंह वर्मा (गुडगांव हरियाणा) के अनुसार कृषि मंत्रालय में मांस निर्यात को बढावा देने के लिये जो समिति बनी है उसमें उसके प्रभारी और अध्यक्ष पद पर देश के सबसे बडे मांस निर्यातक व्यापारी है। सतीश सभरवाल ने वाजपेयी सरकार व्दारा स्थापित राष्ट्रीय मांस मंडल को गौमांस के निर्यात में अधिक बढौतरी करने की सिफारीश की थी जिसके फलस्वरुप 1998-99 के गौमांस निर्यात के मुकाबले में 2001-2002 के दौरान 50% की बढौतरी हो चुकी है। भाजपा की वाजपेयी सरकार ने 10 वी पंचवर्षीय

योजना के दौरान देश में विभिन्न स्थानों पर 65 हजार कत्लखाने खोलने के लिए 5137 करोड रुपये की गुंजाईश रखी है। (मान॰ मंजरुल हक अन्सारी जी का पत्र, लोकमत समाचार, 27 जुलाई 2003) मान॰ मंजरुल हक अंसारी, न्यू येरखेडा कामठी नागपूर के अनुसार देश में नए कत्तलखाने खोलने के लिये भाजपा सरकार ने साढे सात हजार करोड रुपये दिये है। (नवभारत, 21 अक्तूबर 2003) मांस व्यापार कूल 10,000 करोड रुपयों का है। इसकी भागीदारी में मांस निर्यात से संबंधित व्यापारियों के अलावा राजनीतिज्ञ, उच्च पुलिस अधिकारीगण, नौकरशाह, यहांतक कि नगर परिषदों के चौकी नाकों के मामूली कर्मचारी तक शामिल है। जो जानवरों को बूचडखानों तक पहुँचाने में हर मुमकिन मदद देने के बदले नगद नारायण की भेंट से लाभ हासिल करते है।(p.68, ''मासिक अल्लाह की पूकार,'' अप्रैल 2003)

कुरआन के आदेशानुसार कोई भी मुसलमान हलाल किये बगैर जानवर का मांस नही खा सकता। मुस्लिम सिर्फ हलाल किया हुआ मांस ही खाते है। हलाल करने के लिये जानवर को पवित्र काबा की ओर मुँह करके लिटाना, उसपर बिस्मिल्लाह अल्लाहु अकबर कहना तथा जानवर को जिबह करने वाले व्यक्ति का मुसलमान होना भी जरुरी है। इसके अलावा कुरान का आदेश है - ''तुम पर हराम कर दिया गया है मरा हुआ जानवर, खून और सुअर का गोश्त भी हराम कर दिया गया है, जिस जानवर पर अल्लाह के अलावा किसी दूसरे का नाम पूकारा गया हो, जो जानवर गला घोंटकर मार दिया जाए, जो चोट लगकर मर गया हो, जो उपर से गिरकर मर गया हो, सींग मारने से मर गया हो, जंगली दरिंदों ने जिस जानवर को फाड खाया हो ये सब जानवर हराम है।''- (5: अल मायदा-3) मशिनी कत्लखाने में इतनी सारी पाबंदियाँ और सावधानियाँ बरतना कतई संभव नही है। इसलिये अरब देशों को जब अंदेशा हुआ कि उन्हे निर्यात किया जा रहा गाय का मांस हलाल किया हुआ मांस नही है तो उन्होने इसे खरीदने से मना कर दिया। आर्डर कॅन्सल होने तथा अरबों व्दारा मांस की डिलीवरी लेने से मना करने से हडकंप मच गया। 8 अगस्त 1983 को युएनआई की रिपोर्ट के अनुसार गाय के मांस के हिन्दु व्यापारियों, निर्यातकों, उनके एजन्टों और गोश्त के दलालों के होश उड गये। वह भारत सरकार के डेप्युटी कामर्स मिनिस्टर के साथ दौडे दौडे अरब देशों को सलामी देने पहुँच गये। बडी चापलूसी और खुशामद से अरबों को समझाया गया कि हम तो हलाल तरीके से जिब्ह किया हुआ गाय का गोश्त ही आपको भेजते है। मजे कि बात यह है कि यही लोग भारतीय जनता को यह बताते है कि हम तो बैल और भैसे का गोश्त बाहर भेजते है, गाय का गोश्त नही जबकि ये व्यापारी मुस्लिम और अरब देशों में सलामी देकर बताते है कि ''हुजूर हलाल गाय का बेहतरीन गोश्त खाईये !'' जब अरबों को लगा की उन्हे मिक्स मांस भेजा जा रहा है तो उन्होने फिर मांस लेने से मना किया तब अगस्त 1983 को भारत सरकार का एक प्रतिनिधि मंडल श्री पी.ए. संगमा की अध्यक्षता में अरबों को मनाने लगा कि मांस मंगाना बंद न करे हम आपको शुध्द व हलाल गाय का गोश्त ही दे रहे है।(अब्दूल करीम पारेख) Meat products India के मॅनेजिंग डायरेक्टर Ani S. Das के अनुसार भारत के मांस का विदेशों में विशेष कर मध्य पूर्व के देशों में तेजी से निर्यात बढा है। (Frontline, 12 september 2003)

शहरों के प्राणी संग्रहालयों (Zoo) में रखे मांसाहारी जानवरों को, सरकारी तथा निजी फाईव्ह स्टार होटलों में तथा हवाई सफर में विदेशी मेहमानों तथा यात्रियों को गाय इ॰ जानवरों का मांस परोसा जाता है। इसतरह भारत के ब्राह्मणवादी सारे विश्व को धडल्ले से गाय का मांस परोसने में लिप्त है।

केरल राज्य के ॲनिमल हसबंडरी डिपार्टमेंट के आंकडों के अनुसार केवल केरल राज्य में ही हर साल 4.83 लाख पशु (भैसे छोडकर) कानून व्दारा मान्यता प्राप्त कत्लखानों में काटी जाती है तथा उनसे 24278 टन गोमांस प्राप्त होता है। सरकारी कत्लखानों में ही 10,000 से अधिक परिवारों को रोजगार मिला हुआ है। वस्तूतः गैरकानूनी कत्लखानों में इससे तीन गुना अधिक गायें काटी जाती है। गोमांस के अलावा चमडा, बोन मिल (Bone Meal), जानवरों के खून से तैयार किये जाने वाले उत्पाद, कॅलशियम तथा जिलेटिन इ॰ चिजों से भी भारी मुनाफा होता है। (Frontline, 12 september 2003)

''गोमाता की संतान ही उसकी हत्यारी बन गई'' शिर्षक से सुधीर कुमार (न्यूज नेटवर्क) का लेख साप्ताहिक बेबाक, मालेगांव (महाराष्ट्र) ने छापा जो निम्न प्रकार से है :- पूरे देश के पैमाने पर गोहत्या का धंदा जारी है उसकी रोशनी में इसके सिवा और कुछ कहना मामले की तीव्रता को कम करने के समान होगा कि गोमाता की संतान ही उसकी हत्यारी बनी हुई है। रिपोर्ट बताती है कि देश के इस कोने से उस कोने तक गोहत्या के कारोबार में आरएसएस, बजरंग दल, विश्व हिंदु परिषद और बीजेपी से जुडे नेता, मंत्री यहांतक कि कुछ राज्यपाल भी लिप्त है। अब यह रिपोर्ट सामने आई है कि स्वँय बजरंगदल, विएचपी, बीजेपी और आरएसएस के बडे बडे बडे नेता भी इस कारोबार में लिप्त है। वे एक ओर जहां देश के गांव गांव से गायों को लूट कर लाते है वहीं उनको ट्रकों में भर कर कलकत्ता और पटना भेज देते है जहां एक ओर तो उनकी हत्या कर मांस निर्यात किया जाता है तो दूसरी ओर इस काम में सबसे आगे वही सरकारी संस्था है जिसे गौमाता की रक्षा के लिये स्थापित किया गया है। यानि, गौमाता की हत्या पर राजनीति करने वालों के हाथ ही गौमाता के खून से रंगे हुए है। संघ परिवार से जुडे बहुत से लोग यहांतक कि गौसेवा कमिशन के कुछ सदस्य भी इस काम में साझेदार है। एक सूचना के अनुसार पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में जब एक ट्रक को पुलिस ने रोकना चाहा तो चालक ने वार्निंग को अनदेखा कर तेज गति से ट्रक चलाना शुरु कर दिया। काफी दौड धुप के बाद अंततः ट्रक पकड में आया। चालक ने बडी शान से उतर कर पुलिस को जब पूरी रामकथा सुनाई तो पुलिस के हाथों के तोते उड गये। यह ट्रक जिसमें 17 गायें और 9 बैल थे, गोसेवा कमिशन के सदस्य तथा आरएसएस के नेता अरविंद राय का था। चालक के पास वह पत्र भी था जिसमें पुलिस को बाकायदा निर्देश दिये गये थे कि वे ट्रक को हाथ न लगाये, और उस को बिना चेक किये निकल जाने दे। उत्तर प्रदेश में आजकल स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों ने भी कुहराम मचा रखा है। वे जब चाहते है विभिन्न चेक पोस्टों पर खडे होकर पशु चालकों पर कहर ढा देते है। परंतु लखनउ में इसी स्वदेशी जागरण मंच के कई पदाधिकारी गौहत्या में लिप्त पाये गये। एक तो भूतपूर्व संसद सदस्य भी है और लाखों का धंदा करता है। इसके चार ट्रक पुलिस ने जब्त किये थे जिन में 82 गायों को ठूंस ठूंस कर भरा गया था। जिन में से कई गायें जख्मी भी हो गई थी, बाद में उनमें से कई गायों ने दम तोड दिया। उस पर से तुर्रा यह कि उस भूतपूर्व संसद सदस्य ने लखनउ के डीएम और चीफ मेडिकल ऑफिसर को पत्र लिख कर गायों से भरे उन ट्रकों को छोडने के लिये भी कहा। आरएसएस और उससे जुडे संगठनों के लठैत पदाधिकारी हमेशा मुसलमानों को गौमाता के हत्यारे ठहराते है। इस विषय पर कई लडाई-झगडे भी हुए पर एक हल्का सा सर्वेक्षण या समिक्षा की जाये तो मालूम होगा कि गौहत्या से लेकर उसके मांस और चमडे की तस्करी तक में सब के सब संघ परिवार से संलग्न लोग ही लिप्त है। उदाहरणतः गौसेवा कमिशन के अनुसार उ.प्र. में कई बडे नेताओं के ''पशु बाजार चल रहे है।

जैसे :- 1) राज्य के शिक्षामंत्री शामसुंदर श्री का मथुरा में पनिपार पशुपेठ, 2) स्वास्थ्य मंत्री अरी वामन सिंह का आगरा में पनियहत, नवगांव जगर और बटेश्वर पशुबाजार, 3) चेरिटी (खैराती) मामलों के राज्यमंत्री योगेश प्रताप सिंह का बहराईच में जरवि पशुबाजार, 4) नागरिक उत्थान के राज्यमंत्री शिवेन्द्र सिंह का महाराज गंज में सिस्वां पशुबाजार, 5) भूतपूर्व मंत्री दिवाकर विक्रम सिंह का सिधार्थ नगर में अदोनी पशुबाजार, 6) भूतपूर्व मंत्री मंडलेश्वर सिंह का आगरा में सैयां पशुबाजार, 7) निर्दलीय विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया का प्रतापगढ़ में कंडा पशुबाजार, 8) विधायक जगप्रताप सिंह का सिधार्थ नगर में रानीगंज विहांसी पशुबाजार, 9) विधायक रामचंद्र गिरी का जे.पी. नगर में चंदेश्वर ढक्का, और जनपूर पशुबाजार तथा 10) एमएलसी राकेश प्रकाश सिंह का रायबरेली में शिवगढ़ पशुबाजार है। 11) इन में फैजाबाद में स्थित भगवतिपूर और भीकमपूर पशुबाजार भाजपा के राज्य अध्यक्ष विनय कटियार के पशुबाजार जाने जाते है। परंतू लायसंस में उसका या उसके किसी रिश्तेदार का नाम नही है। 12) धामपूर (बिजनौर) के विधायक मूलचंद (भाजपा) के पशुबाजार से हाल ही में 103 गायें बरामद हुई है जिन को वध के लिये रायपूर ले जाया जा रहा था। यह एक हलका सा नमूना है। इस समय पूरे देश में दूर्दशा यही है कि भाजपा और संघ परिवार से जुडे हुये लोगों के बडे-बडे पशुबाजार ही नही बल्कि स्लाटर हाउस (कत्लखाने), बडे-बडे कोल्ड स्टोरेज और मांस निर्यात करने वाली कंपनियाँ तक इन्ही की है। इन कंपनियों के नाम इस प्रकार रखे गये है कि यह समझना कठिन हो कि यह हिंदुओं की है। जैसे हैदराबाद की निर्यात कंपनी 'अलकबी' एक गैरमुस्लिम (जैन) की है। ऐसी बहूत सी कंपनियाँ है जिन के नाम के पहले ''अल'' लगा कर भ्रम उत्पन्न करने की कोशिश की गई है। जैसे एक कंपनी का नाम ''अललाना'' है। इन कंपनियों के करता-धरता बडी राजनीतिक पहुँच वाले है। इनमें भाजपा सरकार वाले एक राज्य के राज्यपाल तथा उनकी पत्नी के नाम भी लिये जाते है। क्या अब भी इसमें शंका के लिये कोई जगह है कि स्वँय गौमाता के पूजारी ही उसकी हत्या के कारोबार में लगे हुये है। (साप्ताहिक बेबाक, मालेगांव, महाराष्ट्र, 8 अगस्त 2003)

जानवरों की चर्बी से वनस्पति घी लज्जतदार बनता है तथा वनस्पति तेलों से सस्ता पडता है इसलिए वनस्पति घी में जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया जाता है। गाय की हत्या में साबुन तथा वनस्पति घी बनाने वाले कारखानों का भी बहूत बडा योगदान है। इन कारखानों के मालिक अधिकतर ब्राह्मणवादी ही है। पंजाब में लाखों टन गाय की चरबी पाई गई। पंजाब विधानसभा में यह मामला उठा, हकीकत को छिपाने के लिये गर्मागर्म बहस की आड में गाय की चरबी को भैस की चरबी मशहूर कराकर हुकूमत की जान बचाने की कोशिश की गई। यह दास्तान गढ़ी गई कि वनस्पति घी में चरबी का चोरी-छीपे इस्तेमाल हो रहा था। नई दिल्ली, पंजाब के विभिन्न इलाकों में गाय की चरबी से लदे कई ट्रक पकडे जा चुके है जिसका इस्तेमाल वनस्पति घी बनाने के लिये किया जा रहा था। पंजाब में ऐसे कई लोगों को पकडा भी जा चुका है। मुंबई के बंदरगाह पर भी सैकडों टन चरबी पकडी गई। हिन्दु संगठनों ने भी गाय की चरबी इस्तेमाल करने वालों के विरुध्द मात्र प्रदर्शन करना ही काफी समझा। यह जानते हुये भी कि इस वनस्पति घी का इस्तेमाल गोभक्त हिन्दु करते है इसके बावजूद वनस्पति घी में गाय तथा अन्य जानवरों की चर्बी मिलाना बदस्तूर जारी है। श्री बलराम जाखड ने कहा कि गाय की चर्बी का इस्तेमाल करने वाले मित्तल और जैन निकले। 26 अगस्त 1983 को नागपूर के दैनिक हितवाद ने युएनआई के हवाले से खबर छापी कि

गाजीयाबाद की फर्म ''जैन शुध्द वनस्पति लिमिटेड दिल्ली'' को गाय की चर्बी के इस्तेमाल के संबंध में सरकार ने अपने कानूनी शिकंजे में ले लिया है और आगे की छानबिन के लिये मामले को सीबीआई के हवाले कर दिया गया है। यदि किसी दूसरे समूदाय से संबंध रखने वाला यह हरकत करता तो दंगे भडक उठते। एक अन्य खबर के अनुसार नई दिल्ली लोकदल के सेक्रेटरी श्री रामेश्वरराव सिंह ने आशंका प्रकट की कि वनस्पति घी में गाय की चर्बी के इस्तेमाल के विरुध्द वे देशव्यापी अभियान चला रहे है इसलिये उनकी जान को खतरा है। 22 अगस्त 1983 को एक प्रेस कान्फेस में उन्होने जाहिर किया कि उन्हे अपना यह आन्दोलन बंद करने की धमकियाँ दी जा रही है। श्री सिंह ने अपने बयान को दोहराते हुए कहा है कि देश में वनस्पति घी में इस्तेमाल के उद्देश्य से बडे पैमाने पर गाय की चरबी का आयात किया जा रहा है। उन्होने चुनौति दी कि उनका बयान गलत साबित करने पर वे राज्यसभा की सदस्यता से इस्तिफा दे देंगे। (सेह रोजा दावत, दिल्ली 25 अगस्त 1983, देखिए अब्दूल करीम पारेख)

कभी कभी यह खबरें भी आती रहती है कि दालमोट इ॰ खाद्यपदार्थो जैसी चिजों में भी जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल होता है। ऐसा करने वाले आमतौर से ब्राह्मणवादी व्यापारी होते है। इसलिये इन बातों के सामने आने के बावजूद कोई हंगामा नही हुआ है। जबकि जरा जरा सी बात पर जातीय दंगे भडकाये जाते है। उर्दू साप्ताहिक ''निदाए मिल्लत'' ने मांग की है कि सरकार एक श्वेतपत्र जारी करे कि गाय की चर्बी मिलाने के जुर्म में देश के कौन से कारखाने शामिल है और किन ब्रांडों में गाय की चरबी पायी गई। मुसलमानों के लिये भी यह अहम मसला है क्योंकि वे ऐसे वनस्पति घी का इस्तेमाल नही कर सकते जिस में हराम चरबी की मिलावट हो।(अब्दूल करीम पारेख)

कॉफ लेदर (Calf Leather) जो बछडे का चमडा है भारी कीमत में अमेरिका भेजा जाता है। गाभण गाय जिसके पेट में बच्चा होता है उस जीन्दा गाभण गाय के पेट में औजार मारकर जिन्दा बच्चा निकालकर खौलते पानी में डालकर उसे जिन्दा उबालकर उसका चमडा हासिल कर के कई कई हजार की रकम कमाई जाती है। इस कारोबार में एक भी मुस्लिम नही है। सन् 1965-66 में सत्ताईस करोड इक्किस लाख रुपयों का चमडा विदेशों में निर्यात किया गया। इसकी तुलना में 1979-80 में 425 करोड रुपयों का चमडा विदेशों में निर्यात किया गया।(अब्दूल करीम पारेख)

साबुन तथा वनस्पति घी के अलावा गाय बैलों की चर्बी, खून तथा हड्डियों का उद्योगों में धडल्ले से इस्तेमाल होता है। जानवरों की हड्डीयों से उद्योगों में काम में आने वाले तरह तरह के रसायन, दवाईयां तथा वस्तूएं बनाई जाती है। टूथपेस्ट में जानवरों की हड्डी का पाउडर मिला होता है। समाचार के अनुसार मधुमेह के इलाज में इस्तेमाल की जाने वाली इंसुलिन नामक दवाई मृत जानवरों की चर्बी से बनाई जाती है और उसकी कीमत 200 से 400 रुपये होती है। (लोकमत समाचार, 7 अगस्त 2003) अमेरिका की एक फर्म ने गाय के रक्त से सभी प्रोटिन हटाकर उसके होमोग्लोबिन से 'होमोप्योर' नामक एक ऐसा विलयन बनाया है जो लाल रक्त कणिकाओं की भांती ही कार्य करेगा तथा यह विलयन शरीर के सभी उतकों व अंगों तक आक्सिजन पहुँचाने में सहायक होगा। अफ्रीकी मेडिसंस कंट्रोल काउंसिल ने अनेमिया के रोगियों की सर्जरी के दौरान इसके इस्तेमाल की अनुमति भी प्रदान कर दी है। मनुष्य को चढाये जाने वाले रक्त को अभी तक फ्रिजर में ही केवल 42 दिनों तक ही सुरक्षित रखे जा सकने की व्यवस्था है जबकि होमोप्योर को पूरे दो वर्षो तक कमरे के तापमान पर भी रखा जा सकता है।

(लोकमत समाचार, 22 अगस्त 2003) इसतरह गाय-बैलों के शरीर के हिस्सों से होने वाले उत्पाद का कारोगबार बहूत बडा है, जो गैर-मुस्लिमों के हाथों में है।

एक बडा व्यवसायिक वर्ग निजी मुनाफे के लिए गायों को आक्सिटोसिन नामक इंजेक्शन के सहारे गायों का दूध उतारता है। पंजाब, हरियाणा, उ.प्र जैसे राज्यों से जहां गोहत्या पर प्रतिबंध है हर साल लाखों जवान और हट्टीकट्टी गायें कलकत्ता लाई जाती है और इन गायों को दूध बढाने वाले ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन देकर आठ दस महिनों में इनसे ज्यादा से ज्यादा दूध निकाल लिया जाता है। वे हमेशा के लिये दूध देना बंद कर देती है तो उन्हे कत्लखाने भेज दिया जाता है। इससे न सिर्फ गाएं बांझ हो रही है, तील-तिल कर मर रही है, बछडे कसाईघर जाने को विवश है बल्कि सीधा साधा समाज नपुंसकता, गंजेपन, कँसर जैसी बीमारियों का शिकार हो रहा है। इस क्रूरता के लिए संघ परिवार खामोश है क्योंकि ब्राह्मणवादी मुनाफाखोरों के फायदे के लिए सरकारी संरक्षण में गायों पर जुल्म ढाया जा रहा है। आक्सिटोसिन नामक जो इंजेक्शन बाजार में बिक रहा है उसपर दवा नियंत्रकों ने प्रतिबंध लगा दिए है लेकिन बाजार में सस्ता और अधिक दूध उपलब्ध कराने तथा चमडी और मांस के लिए बछडों को कसाईघर पहुंचाने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग इसे बढावा दे रहा है। यह दवा तैयार करने वाली कंपनी को स्वास्थ्य मंत्रालय की सशर्त इजाजत है, फिर भी वह कंपनी गैरकानूनी धंदा करती है, यह केन्द्र सरकार को अच्छी तरह पता है। फिर भी उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नही होती। भाजपा शासित गुजरात में आक्सिटोसिन खुब बिकता है। एक छापे में सिर्फ अहमदाबाद में तीन लाख पॅकेट बरामद हुए थे इससे अन्दाजा लगाया जा सकता है कि वहां गायों पर कितना अत्याचार हो रहा है। संघ परिवार की सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने मुंबई की जिस कंपनी को लायसन्स दे रखा है उसपर जानबूझकर पाबन्दी आयद नही की जा रही है। संघ परिवार को राजनीति के अलावा गायों से कोई लेना देना नही है इसलिए उन्होने गौरक्षा विधेयक में इन मुनाफाखोर गो-हत्यारों के खिलाफ कठोर कानून बनाने का प्रस्ताव नही रखा।(नवभारत, 25 जुलाई 2003) ब्राह्मणवादियों का गौवंश प्रेम जानवरों के नाम पर पैसे बटोरने और राजनीतिक स्वार्थ के लिए किया जाने वाला ढोंग-पाखंड है।

तथाकथित जानवर-प्रेमी मेनका गांधी के गो-सदन में सन 1997 से जुन 98 तक 1688 जानवर मर चुके थे। मरने वाले जानवरों की संख्या लगातार बढ रही है इसके बावजुद जानवर प्रेम का ढोंग बदस्तुर जारी है। समाचार के अनुसार मेनका गांधी की संस्था सोसायटी 'प्रिवेंशन ऑफ क्रुएल्टी टू एनिमल्स' की देवीपुरा में स्थापित पशु आश्रय गृह की दशा किसी को भी यह सोचने को विवश कर देने वाली है कि मेनका गांधी का पशुप्रेम सिर्फ ढकोसला है। आश्रय गृह में पशुओं पर अत्याचार की पराकाष्ठा है। जब कुछ समाज सेवियों ने इस आश्रयगृह का दौरा किया और पशुओं को भूख प्यास से तडपते हुए पाया। आश्रयगृह में मौजुद सभी पशु भीषण गर्मी में भी धुप में बंधे मिले। आश्रय गृह में तैनात डाक्टर भी नदारत मिला। वह कभी कभार ही आता है। पशुओं को न ही समय से पानी पिलाया जाता है और न ही सही चारा डाला जाता है। जहाँ पशु बांधे जाते है वहाँ से गंदगी भी नही उठाई जाती। भूख, प्यास व बीमारियों से रोजाना पशुओं की मौत हो रही है। मृत जानवरों के शवों को आसपास के खेतों में फेंका जा रहा है जिससे बीमारियाँ फैलने की आशंकाएं पैदा हो रही है।(नवभारत, 18 जुलाई 2002)

गैर-मुस्लिम ही मुक्ष्य रुप से गोभक्षक है।

गाय बैलों का मांस बौध्द, ईसाई, नेपाली, गुरखे, गोंड, भिल्ल, माडिया इ॰ आदिवासी, दलितों की विभिन्न जातियाँ, यहांतक कि दक्षिणी भारत के हिन्दु भी बहूत बडी संख्या में खाते है।

केरल राज्य के राज्य योजना बोर्ड की कृषि डिविजन के प्रमुख डॉ. पी.एन. राजशेखरन के सर्वे के अनुसार केरल राज्य के 97% ग्रामिण लोग तथा शहरों के 85% लोग मांसाहारी है। राज्य की 70% लोकसंख्या गोमांस खाती है। सामान्य लोगों के लिये गोमांस सस्ता पौष्ठीक आहार है।(Frontline, 12 september 2003) नागालँड तथा मेघालय में कोई भी त्यौहार गोमांस के बिना संपन्न नही होता। मेघालय की राजधानी शिलांग में घुसते ही गोमांस की दुकाने नजर आती है। सरकारी आंकडों के अनुसार मेघालय की 23 लाख जनसंख्या में से 15 लाख लोग गोमांस खाते है। सामाजिक कार्यकर्ताओं के अनुसार मेघालय की खासी जनजाती गोमांस के बिना नही रह सकती। उन्हे गोमांस से वंचित करना ऐसा ही है जैसे कि कोई किसी बंगाली को मछली से वंचित करे। केरल में गोमांस की मांग इतनी अधिक है कि वहां के 95% लोग मांसाहारी है। सरकारी आंकडों के अनुसार केरल में सन् 2001-02 में गोमांस का सेवन 2,45000 टन था। तामिलनाडु कर्नाटक तथा अन्य करिबी राज्यों से केरल में लगभग 10 लाख जानवर लाये जाते है ताकि केरल के लोगों की मांसाहार की जरुरतों को पूरा किया जा सके। लोगों के अनुसार गोवधबंदी से उन्हे सस्ता पोषक आहार मिलना बंद हो जायेगा। इसके अलावा सरकार व्दारा गोमांस के निर्यात को बढावा देने के लिये नॅशनल डेअरी डेव्हलपमेंट बोर्ड के साथ चलाया जाने वाला केरल को रोगमुक्त क्षेत्र बनाने का 33 करोड रुपयों का प्रकल्प भी बेकार चला जायेगा। (p.12-14,The Weeek, 24 Aug. 2003) इन सब लोगों की संख्या की तुलना में मांसाहारी मुस्लिमों की संख्या एक प्रतिशत भी नही है।

भाजपा व्दारा गोहत्या प्रतिबंध के विधेयक को संसद में प्रस्तूत करने के प्रयासों से पूर्वोत्तर राज्यों के लोगों में बहूत नाराजगी है। लोगों ने इस विधेयक का विरोध करने का फैसला किया है। नागालैंड के एक भाजपा नेता होकिशे सेमा ने कहा है कि नागालैंड और अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में गोमांस लोगों का प्रमुख आहार है। सरकार को यह तय करने का अधिकार नही है कि लोग क्या खाये और क्या न खाये। मेघालय के मुख्यमंत्री डी.डी. लपांग ने कहा कि सदियों से पूर्वोत्तर के लोग गोमांस खाते रहे है। नागालैंड के एक मंत्री एम. सी. कोनियक ने कहा कि अगर पूर्वोत्तर के राज्यों पर गोहत्या पर प्रतिबंध का फैसला थोंपा गया तो इसके बुरे अंजाम सामने आयेंगे। पूर्वोत्तर के लोग अपने पर्व त्यौहारों पर भी गोमांस परोसते रहे है। मेघालय के एक आदिवासी नेता एम. मार्वनियांग ने कहा कि पूर्वोत्तर राज्यों में यह कानून लागू नही किया जा सकता हम हर हाल में इसका विरोध करेंगे। उनका कहना था कि सरकार मनमानी कर रही है जिसके कारण उनकी परंपरा को खतरा पैदा हो गया है। (भाष्कर, 20 अगस्त 2003) एक ओर ब्राह्मण ावादियों व्दारा अपने लाभ के लिए चमडे, चर्बी तथा मांस निर्यात के लिए गाय, बैल इ॰ की हत्या करवाना तथा दूसरी ओर अपने पोषण के लिए उनके पौष्टिक मांस से मूलनिवासियों को वंचित करना मक्कारी के सिवा क्या है ?

द्रमुक के अध्यक्ष करुणानिधि ने कहा है कि उनकी पार्टी गोवध विरोधी विधेयक का विरोध जारी रखेगी क्योंकि यह मुद्दा गरीब लोगों की रोजी रोटी से जुडा है। इस विधेयक के पारित हो जाने से 15 लाख लोग बेरोजगार हो जायेंगे तथा प्रति वर्ष तीन हजार करोड की विदेशी मुद्रा का घाटा होगा। यदि गोहत्या पशुओं के प्रति क्रूरता है तो मछली तथा सभी जानवरों को मारने पर पाबंदी होनी चाहिये। (लोकमत समाचार,

24 अगस्त 2003) हिन्दु वोटों के लिये कांग्रेस खुद को बीजेपी से बडी हिन्दुत्ववादी (ब्राह्मणवादी) जताने पर तुली हुई है इसलिये सोनिया से लेकर हर कांग्रेसी नेता दिन-रात ब्राह्मणवादी साधू-संतों के यहां मत्था टेकते रहे है। दिग्विजय सिंह की गोवध बंदी की मांग और उनकी चुनौति से तिलमिलायी भाजपा सरकार पर दबाव काम कर गया और खुद को गो-भक्त साबित करके राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से भाजपा को संसद में गोहत्या-बंदी विधेयक लाना पडा।(लोकमत समाचार, 13 अगस्त 2003) वाजपेयी सरकार का उद्देश्य मात्र राजनीतिक होने के कारण उसने अपने घटक दलों को विधेयक पेश करते समय विश्वास में नही लिया, ताकि खुद को गाय की भक्त तथा अन्यों को गाय विरोधी दर्शाया जा सके। काँग्रेस ने खुद को गोभक्त ही नही बल्कि बीजेपी से भी बडी जानवर भक्त दर्शाने के लिये यह मांग की है कि बीजेपी सरकार गोवध के साथ साथ भेड-बकरियों की हत्या को भी रोके। काँग्रेस ने बीजेपी की ''गो-भक्ति'' को चुनौति देते हुए कहा कि बीजेपी गोवा और नागालैंड में गोहत्या पर पाबंदी क्यों नही लगाती जहां उसकी अथवा उसके समर्थन वाली सरकारें है। (भाष्कर, 19 अगस्त 2003, नवभारत, 22 अगस्त 2003) गोवंश हत्या प्रतिबंध का नाटक करने के पिछे ब्राह्मणवादियों के कई नापाक राजनीतिक इरादें है।

1) ब्राह्मणवादियों का पहला मकसद मूलनिवासी मुस्लिमों के प्रति घृणा को बढाना तथा मूलनिवासी गैरमुस्लिमों से उनका संघर्ष कराकर दोनों को हलाक करवाना है।

गोहत्या विरोधी प्रस्तावित कानून में गायों का निर्यात, गोमांस विक्री पर प्रतिबंध, गोहत्या अथवा गाय को चोट पहुँचाने को कॉगनिजिबल (दखलपात्र) तथा गैरजमानती अपराध करार दिया गया है। प्रस्तूत कानून में बैलों तथा भैसों का भी समावेश होता है। जो भी कोई गाय की हत्या करता है या हत्या के लिये प्रेरित करता है उसे दो साल से अधिक तथा अधिकतम सात साल के कठोर कैद का तथा साथ ही 10,000 रुपयों के जुर्माने का प्रावधान है। गाय को चोट पहुँचाने के लिये पांच हजार तक का जुर्माना किया जा सकता है। इस कानून के अनुसार सब इन्सपेक्टर या सरकार व्दारा नियुक्त कोई भी व्यक्ति किसी भी दुकान में प्रवेश कर सकता है, वाहनों की तलाशी ले सकता है तथा किसी वाहन में गाय इ॰ मिलने पर कार्रवाई कर सकता है। ऐसे अधिकारी की कथित ज्यादतियों के खिलाफ कोई केस नही कर पायेगा या उसके खिलाफ शिकायत नही की जा सकेगी। बीजेपी तथा संघ परिवार इन प्रावधानों का इस्तेमाल अल्पसंख्यंकों के खिलाफ करना चाहती है।(Frontline, 12 september 2003) कृषि मंत्रालय के सुत्रों के मुताबिक गोवध के खिलाफ कानून बनने के बाद गाय को चोट पहुंचाने वाले को छह महिने कारावास की सजा हो सकती है। इस कानून को ''प्रिवेंशनऑफ क्रुअल्टी अगेन्स्ट काउस बिल'' के नाम से जाना जायेगा। (नवभारत, 7 अगस्त, 2003) जाहिर है इस कानून का इस्तेमाल गरीब मूसलमानों पर किया जायेगा न की गाय के ब्राह्मण ावादी हत्यारों के खिलाफ।

2) ब्राह्मणवादियों का दूसरा मकसद माँसाहार और विशेषकर सस्ते में उपलब्ध गोवंश मांसाहार को घृणित प्रचारित करके मेहनतकश बहुजन जनता को पौष्ठिक आहार से वंचित करके उनको कमजोर बनाकर रखना है क्योंकि आम मेहनतकश बहूजन मुर्गा, मटन, मछली, झींगे इ॰ का महंगा माँस नही खरीद सकते।

3) ब्राह्मणवादियों ने गोहत्या विधेयक लाने के पिछे का सबसे बडा मकसद किसानों को तबाह बरबाद करके उन्हे अपनी जमीने विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को

औने-पौने दामों पर बेचने पर मजबूर करना है। विदेशी खेत उत्पादों की भारत में भरमार ने वैसे ही किसानों की कमर तोड दी है, ऐसे में दूध न देने वाले जानवरों को पालने की मजबूरी में किसान आर्थिक रुप से टूट जायेंगे और खेती के व्यवसाय पर ब्राह्मणवादियों और उनके आका विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का एकाधिकार हो जायेगा। किसान अपने बैलों से हल इ॰ के काम लेता है तो उसको डर रहेगा कि कहीं उसके खिलाफ कार्रवाई न हो जाये। गरीब किसान ट्रक्टर इ॰ नही खरीद सकता।

स्मिता सिरोही जैसे विशेषज्ञों के अनुसार दूधारु गाय का पालन पोषण करना भी किसानों तथा डेअरी मालिकों के लिये महंगा सौदा है क्योंकि मिलने वाले दूध से चारे का तथा गायों की देखरेख का खर्चा नही निकलता। (Frontline, 12 september 2003) जिस तरह ब्राह्मणवादी पॉलिथिन की थैलियों में बडे पैमाने पर नकली, मिलावटी दूध बेच रहे है उससे दूध का व्यवसाय करने वाले बहुजन परेशान है। दूध न देनेवाले गाय-भैसों को पालने की मजबूरी में तो वे और भी तबाह बरबाद हो जायेंगे और दूध व्यवसाय पर ब्राह्मणवादियों तथा उनके आका विदेशी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का पूर्ण एकाधिकार कायम हो जायेगा। दलित व्हायस के अनुसार ब्राह्मणवादियों ने गोहत्या-बंदी कानून दलितों व यादवों को आर्थिक रुप से बेबस बनाने के लिए बनाया है। यादव समूदाय बडी संख्या में गाय-भैंसों को पालता है तथा उनके दूध का व्यापार करता है। जब गाय दूध देने लायक नही होती है तो वह उसे कसाईयों को बेचता है तथा उस पैसे से नए बछडे खरीदता है। गोवध बंदी कानून के कारण यादवों को दूध न देने वाली गायों को जबरन पालना पडेगा जिससे वे कंगाल हो जाएंगे। (Dalit voice, 16-30 April, p.8-9)

4) उत्तर प्रदेश में ब्राह्मणवादियों को बहादूर चमार जाति के मायावती कांशीराम की राजनीतिक ताकत के आगे लाचार होना पडा है। इससे वे चमारों के खिलाफ प्रतिशोध की आग में जल रहे है। गोवध-बंदी कानून के माध्यम से ब्राह्मणवादी चमडे के उत्पादन में भारी कमी को पैदा करके चमारों को चर्मव्यवसाय से बेदखल करके अपना प्रतिशोध पूरा करना चाहते है। गोवध-बंदी कानून का परिणाम यह होगा कि चमडे की वस्तूओं के उद्योगों पर भी बहुराष्ट्रीय कंपनियों का एकाधिकार कायम हो जायेगा। इससे ब्राह्मण-बनियों की सिंथेटिक चमडों की वस्तुओं की मांग बढेगी। अन्य जानवरों का मांस कहकर ब्राह्मण ावादियों का गो-मांस और चमडे-चर्बी का कारोबार भी जारी रहेगा।

5) ब्राह्मणवादियों का अंतिम घृणित मकसद मांसाहार को हीन दर्शाकर खुद को श्रेष्ठ और मूलनिवासी बहुजनों को नीच दर्शाना है। ब्राह्मणवादी इससे बहुजनों में हीनता की भावना विकसित करना चाहते है ताकि बहुजनों को पूरी तरह से गुलाम बनाया जा सके। विदेशी आर्य-ब्राह्मण मनुवादियों का मकसद हमेशा से यही रहा है।

संसद में विपक्ष के साथ साथ राजग के कुछ घटक दलों के तीव्र विरोध तथा संसद में विधेयक की प्रतियां फाड देने के चलते वाजपेयी सरकार ने गोहत्या विरोधी विधेयक पेश नही करने का फैसला लिया।(भाष्कर, 22 अगस्त 2003)

शाकाहार भी जीव हत्या है क्योंकि पौधों में जान होती है। पीने के पानी में सुक्ष्म कीटाणु होते है। सांस व्दारा ली जाने वाली हवा में भी कीटाणु होते है। हमारे चलने फिरने से कई जीव रोज मरते है। दही के रुप में हम असंख्य जीवों का भक्षण करते है। इसलिये जीव हत्या या मांसाहार से बचा नही जा सकता। खुद ब्राह्मणों का वैदिक धर्म यज्ञ में जानवरों सहित इन्सानों तक की बलि देने को जायज समझता है तब अपनी भूख मिटाने के लिए मांसाहार करने वाले मूलनिवासियों को क्रूर कहना नाइन्साफी है।

तथाकथित शाकाहारी ब्राह्मण बनियों की क्रूरता ने हैवानियत को भी शर्म से पानी पानी कर दिया है। बालिका-भ्रुण की हत्या करना, दहेज के लिये बहुओं को जिन्दा जलाना, सति के नाम पर विधवाओं को जबरन जिन्दा जलाना, वेश्या की जिंदगी जीने के लिए उन्हे तीर्थस्थलों पर छोड देना, देवदासी बनाना, दंगों में हजारों का कत्लेआम करना, दलितों की बहू-बेटियों पर बलात्कार करना, उनके घर जला देना, उन्हे जिन्दा जला देना ये ब्राह्मणवादियों के काम हैवानियत की इन्तेहा है।

ब्राह्मणवादियों की पाखंडी-क्रूरता की इन्तेहा !

एक समय के गो-भक्षी ब्राह्मणवादियों का गाय को माता करार देना ढोंग-पाखंड के अलावा कुछ नही है। ब्राह्मणवादी जब मरी हुई अपनी माँ की लाश को उठाकर स्मशान ले जाते है तो वे मरने के बाद अपनी गो-माताओं की लाश खुद क्यों नही उठाते ? इनकी मरी गोमाताओं को उठाने के लिये इन्हे दलितों की जरुरत क्यों पडती है ? फिर उसी गो माता के चमडे से बने जूते चप्पलें बनवाते हुए तथा पहनते हुए इन्हे शर्म क्यों नही होती ? अधिकतर चमडे की वस्तूएं बनाने के कारखाने ब्राह्मणवादियों के ही है।

आर.एस.एस. के प्रचारक गीरीराज किशोर ने हरियाणा के झज्जर में ब्राह्मणवादी भीड व्दारा मरे गाय का चमडा उतारते पांच दलितों की गाय का हत्यारा कहकर उनकी हत्या करने को सही ठहराया है कि हमारे धर्मगंथों के मुताबिक गाय की जींदगी कितने भी लोगों की जींदगी से कीमती है।(http://www.countercurrents.org/Manu Reloaded ! Brahminism Yesterday, Hindutva Today By Subhash Gatade.htm) भारत में अस्सी फीसदी दूध भैस से प्राप्त होता है। भैसे भारत की मूलनिवासी प्रजाति है इसलिये उसके संरक्षण में ब्राह्मणों ने संविधान में गाय की रक्षा की तरह कोई प्रावधान नही किया है। गाय द्रविडों का जबकि गाय आर्यो का जानवर है। भैस काले रंग की है और द्रविड लोग भी काले रंग के है।(The Rediff Interview/Dr Kancha Ilaiah/'Brahmins do not have the right to call themselves Indians'.htm)

किताब का पहला हिस्सा समाप्त !

मौजूदा वेबसाईट की वेब-होस्टींग कंपनी व्दारा फाईल साईज की अधिकतम सीमा 2 एम.बी. तय की होने से हमें मूल किताब को दो हिस्सों में तोडकर अपलोड करना पडा है। इसलिये पूरी किताब पढने के लिये कृपया दोनों हिस्से डाउनलोड करें!

प्रस्तूत किताब पूरे एक ही हिस्से में हमारी दूसरी वेबसाईट www.bluemarchorg.wordpress.com से आप डाउनलोड कर सकते है। क्योंकि wordpress.com की अधिकतम फाईल सीमा के भीतर हमारी किताब है। असुविधा के लिये खेद है।